पुंप्रकृत्योर्वियोगोऽपि योग इत्युदितो यया॥ (भोजवृत्तिः १।१)।

६ आत्मेन्द्रियमनोऽर्थानां सन्निकर्षात्प्रवर्तते।
सुखदुःखम्, अनारम्भादात्मस्थे मनसि स्थिरे॥
निवर्तते तदुभयं, वशित्वञ्चोपजायते।
सशरीरस्य, योगज्ञास्तद्योगमृषयो विदुः॥ (चरकसं० ४।१।१३६-१३७)।

७ योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। (योगसूत्र १।२)।

८ योगः समाधिः (योगसूत्रभाष्य १।१)।

९ योगः समाधिः (गीता शाङ्क० ५।२१)। योगेन समाधिना। (गीता शाङ्क० १८।३३)।

१० योगो युक्तिः समाधानम् ..। समाधानं योगः। (तैत्ति० उप० शाङ्क० २।४।१)।

११ योगं युञ्जन् मनःसमाधानं कुर्वन्। (गीता शाङ्क० ७।१)।

धान[1] किया है। भारतभावदीप में श्रीनीलकण्ठ ने भी इसी का अनुसरण करते हुए योग का अर्थ मनःसमाधान एवं समाधि किया है[2]। मैत्रायण्युपनिषद् में दिये गये योग के लक्षण में भी इन्द्रियादि की अपने व्यापार से निवृत्ति एवं मन की आत्मनिष्ठा या आत्मा से एकता पर ही बल दिया गया है[3]। योगशिखोपनिषद् में भी ऐक्य पर ही बल देते हुए कहा गया है कि अपान एवं प्राण, रजस् एवं रेतस्, सूर्य एवं चन्द्र और जीवात्मा एवं परमात्मा आदि रूप द्वन्द्वसमूहों के ऐक्य या संयोग को योग कहते हैं[4]। इस परिभाषा में प्रयुक्त रजस्, रेतस्, सूर्य और चन्द्र आदि पद पारिभाषिक हैं।

गीता में मिलने वाली योग की परिभाषाओं में से एक की चर्चा हम अभी कर चुके हैं। दूसरी परिभाषा के अनुसार योग कर्मों में कुशलता को कहते हैं[5]। यह बहुत अधिक उद्धृत की जाने वाली परिभाषा है, किन्तु इसके समझने में कई बार भूल की जाती है। प्रायः इसका अर्थ यह समझा जाता है कि किसी भी कार्य को तद्विषयक विशेषज्ञता एवं निपुणता अर्जित कर इस प्रकार सम्पादित करना कि कर्ता को शीघ्र ही निश्चित रूप से पूर्ण फल प्राप्त हो जाये, यही कर्म की कुशलता है और इसे ही योग कहते हैं। किन्तु गीता के एतदर्थक श्लोक में उल्लिखित कर्मों की कुशलता का तात्पर्य इस प्रकार की विशेषज्ञता से नहीं है। गीतोक्त कर्म-कुशलता का अभिप्राय यह है कि कर्म इस प्रकार किये जायें कि वे बन्धन का कारण न बनें[6]। तृष्णारहित होकर विना फल की कामना के समत्वबुद्धि से किये गये कर्म बन्धन एवं तज्जन्य दुःखों के हेतु नहीं बनते। इसीलिए इस विशिष्ट कौशल से कर्म करना योग है[7] जिसे कर्मयोग और निष्काम कर्मयोग भी कहा जाता है। 'योगः कर्मसु कौशलम्' (गीता २।५०) के उपर्युक्त अर्थ की पुष्टि गीता के

---

१ योगः चित्तसमाधानं, स यस्यास्ति स योगी। (गीता शाङ्क० ६।१)।

२ योगं…मनःसमाधानं यः तत्त्वतो वेत्ति…योगेन…समाधिना युज्यते। (गीता भारत-भावदीप १०।७)।

३ एवं प्राणमथोङ्कारं यस्मात्सर्वमनेकधा।
युनक्ति युञ्जते वापि तस्माद्योग इति स्मृतः॥
एकत्वं प्राणमनसोरिन्द्रियाणां तथैव च।
सर्वभावपरित्यागो योग इत्यभिधीयते॥ (मैत्रायण्युप० ६।२५)।

४ योऽपानप्राणयोरैक्यं स्वरजोरेतसोस्तथा।
सूर्याचन्द्रमसोर्योगो जीवात्मपरमात्मनोः॥
एवं तु द्वन्द्वजालस्य संयोगो योग उच्यते। (योगशिखोप० १।६८-६९)।

५ योगः कर्मसु कौशलम्। (गीता २।५०)।

६ तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्तये।
आयासायापरं कर्म विद्यान्या शिल्पनैपुणम्॥ (विष्णुपु० १।१९।४१)।

७ कर्मसु वर्तमानस्य या सिद्ध्यसिद्ध्योः समत्वबुद्धिः…तत् कौशलम्। तद्धि कौशलं यद् बन्धस्वभावान्यपि कर्माणि समत्वबुद्ध्या स्वभावान्निवर्तन्ते।
(गीता शाङ्क० २।५०)

उन वाक्यों से होती है जिनमें यह कहा गया है कि योगी वही है जो कर्मों को उनके फलों की कामना न रखता हुआ करता है और जिसने फलविषयक सङ्कल्पों का (अर्थात् किये जाने वाले कर्मों के फल की इच्छा का) त्याग न किया हो ऐसा कोई भी कर्म करने वाला व्यक्ति योगी नहीं हो सकता[१]। गीता की एक अन्य उक्ति के अनुसार फल की तृष्णा से रहित होकर किये जाने वाले कर्मों की सिद्धि और असिद्धि में समत्वबुद्धि रखना योग है। कर्म इस योग में स्थित होकर ही करना चाहिए[२]। वस्तुतः यह समत्वबुद्धि योग ही कर्मों में कौशल रूप योग है।

शब्द कोषों एवं विभिन्न शास्त्रों में मिलने वाले योग शब्द के विभिन्न अर्थों[३] में से प्रकृत प्रसङ्ग में (१) उपाय, साधन या मार्ग, (२) संयोग या मेलन तथा (३) ध्यान या समाधि, ये तीन अर्थ विशेष रूप से विवेचनीय हैं।

महाभारत में अनेकशः योग शब्द का प्रयोग उपाय के अर्थ में हुआ है। वहाँ योद्धाओं के वध के लिए धर्मयुद्ध का मार्ग छोड़ कर छल-प्रपञ्चपूर्ण विभिन्न उपायों का अवलम्बन करने को 'योग का आश्रय लेना' कहा गया है। पाण्डवों को द्रोणाचार्य के बाणों के प्रहार से त्रस्त देख कर श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि 'जब तक द्रोणाचार्य के हाथ में धनुष रहेगा इन्द्रसहित सारे देवता भी इन्हें युद्ध करके जीत नहीं सकते, किन्तु यदि ये हथियार रख दें तो मनुष्य भी इन्हें युद्ध में मार डाल सकते हैं, अतः हे पाण्डवो ! युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए धर्म छोड़ कर योग (द्रोणाचार्य के वध के उपाय) का आश्रय लो[४]।' अर्जुन के यह पूछने पर कि 'हमारे हित के लिए आपने किस प्रकार, किन योगों (उपायों) से जरासन्ध आदि राजाओं का वध कराया है[५] ?' श्रीकृष्ण कहते हैं कि 'हे अर्जुन ! जिन योगों (उपायों) से उन राजाओं का वध किया गया है उन्हें मुझसे सुनो।

---

१ अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः।
स संन्यासी च योगी च···॥ (गीता ६।१)।
न ह्यसंन्यस्तसङ्कल्पो योगी भवति कश्चन। (गीता ६।२)।

२ योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा, समत्वं योग उच्यते॥ (गीता २।४८)।

३ योगः संनहनोपायध्यानसङ्गतियुक्तिषु। (अमरकोष ३।३।२२)।
योगोऽपूर्वार्थसम्प्राप्तौ सङ्गतिध्यानयुक्तिषु।
वपुःस्थैर्यप्रयोगे च विष्कम्भादिषु भेषजे॥
विश्रब्धघातके द्रव्योपायसंनहनेष्वपि। कार्मणेऽपि च। (मेदिनीकोष २।१८-१९)।

४ नैष युद्धेन संग्रामे जेतुं शक्यः कथञ्चन।
सधनुर्धन्विनां श्रेष्ठो देवैरपि सवासवैः॥ (महाभा० ७।१९०।१०)।
न्यस्तशस्त्रस्तु संग्रामे शक्यो हन्तुं भवेन्नृभिः।
आस्थीयतां जये योगो धर्ममुत्सृज्य पाण्डवाः॥ (महाभा० ७।१९०।११)।

५ कथमस्मद्धितार्थं ते कैश्च योगैर्जनार्दन।
जरासन्धप्रभृतयो घातिताः पृथिवीश्वराः॥ (महाभा० ७।१८१।१)।

विना योगों का आश्रय लिये युद्ध में इन राजाओं को देवता भी नहीं जीत सकते थे[१]।' कर्ण को अप्रतिम पराक्रम प्रदर्शित करते देख चिन्तित अर्जुन से श्रीकृष्ण ने कहा था कि कर्ण को इस प्रकार घटोत्कच का वध करते और अद्‌भुत शौर्य प्रकट करते देखकर तुम्हें विषण्ण नहीं होना चाहिए। मैं तुम्हें उस उपाय का उपदेश दूंगा जिससे तुम कर्ण का वध कर सकोगे[२]। इसके वध का एक ही योग (उपाय) है और वह यही कि जब इसके रथ का पहिया फँस जाये और यह उसको निकालने में गाफ़िल हो तो सावधानी से इसकी हत्या कर दो[३]। कृष्ण कहते हैं कि इसी प्रकार 'एक-एक कर इन सभी कौरवपक्षीय योद्धाओं को उन-उन योगों अर्थात् उपायों से हमने ही तुम्हारे हित के लिए मरवा डाला है[४]। कृष्ण को योगेश्वर कहने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि विभिन्न योगों (उपायों) द्वारा पाण्डवों के शत्रुओं के वध की योजना को कार्यान्वित करते हुए वे अर्जुन की रक्षा करते रहे और उसे विजय दिलाते रहे[५]। इसीलिए कहा गया है कि जहाँ योगेश्वर कृष्ण और धनुर्धारी अर्जुन होंगे वहाँ विजय एवं श्री की प्राप्ति निश्चित है[६]।

उपनिषदों में योग को तत्त्व की अनुभूति या आत्मदर्शन का उपाय या साधन मानने के प्रसङ्गों का उल्लेख हम ऊपर कर ही चुके हैं। गीता में 'आत्मविशुद्धि' के उपाय के रूप में योग को स्वीकार करते हुए श्रीकृष्ण कहते हैं कि आसन पर बैठकर, मन को एकाग्र कर आत्मशुद्धि के लिए योग का साधन करना चाहिए[७]। श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण के इस कथन से कि 'मैंने मनुष्यों के कल्याण के लिए ज्ञान, कर्म और भक्ति इन तीन योगों (उपायों) का उपदेश दिया है। उनके कल्याण का इन तीन उपायों के अतिरिक्त

---

[१] यौगैरपि हता यैस्ते तन्मे शृणु धनञ्जय।
अजय्या हि विना योगैर्मृधे ते दैवतैरपि॥ (महाभा० ७।१८१।६)।

[२] न विषादस्त्वया कार्यः कर्णं वैकर्तनं प्रति॥ (महाभा० ७।१८१।३०)।
तस्यापि च वधोपायं वक्ष्यामि तव पाण्डव। (महाभा० ७।१८१।३२)।

[३] एको हि योगोऽस्य भवेद्वधायच्छिद्रे ह्येनं स्वप्रमत्तः प्रमत्तम्।
कृच्छ्रं प्राप्तं रथचक्रे विमग्ने हन्याः पूर्वं त्वं तु संज्ञां विचार्य॥
(महाभा० ७।१८०।३१)।

[४] एकैकशो निहताः सर्व एते योगैस्तैस्तैस्त्वद्धितार्थं मयैव।
(महाभा० ७।१८०।३३)।

[५] साश्वध्वजरथः सङ्ख्ये धृतराष्ट्र ! पतेद् भुवि।
विना जनार्दनं पार्थो योगानामीश्वरं प्रभुम्॥ (महाभा० ७।१८२।१४)।
तैस्तैरुपायैर्बहुभी रक्ष्यमाणः स पार्थिव।
जयत्यभिमुखः शत्रून् पार्थः कृष्णेन पालितः॥ महाभा० ७।१८२।१५)।

[६] यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम॥ (गीता १८।७८)।

[७] तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः।
उपविश्यासने युञ्ज्याद् योगमात्मविशुद्धये॥ (गीता ६।१२)।

कोई अन्य उपाय नहीं है[१]।' यह स्पष्ट हो जाता है कि वहाँ कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग पदों में योग शब्द का प्रयोग परम पुरुषार्थ की प्राप्ति के उपाय या मार्ग अर्थात् आध्यात्मिक साधना की पद्धति के अर्थ में हुआ है और इसीलिए इनके लिए कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग शब्दों का भी निर्बाध प्रयोग होता है।

व्याकरण की दृष्टि से संयोग या मेलन अर्थ में योग शब्द की निष्पत्ति रुधादिगणी उभयपदी अनिट् योगार्थक धातु 'युजिर्'[२] से होती है। वैदिक संहिताओं में इस शब्द एवं धातु के इस अर्थ में प्रयोग के स्थलों का उल्लेख हम कर चुके हैं[३]। **'तत्त्वस्य तत्त्वेन समेत्य योगम्'** (श्वेता० ६।३) आदि वाक्यों में योग शब्द इसी अर्थ में प्रयुक्त हुआ प्रतीत होता है। योगशिखोपनिषद् के पूर्वोद्धृत वाक्य में अपान-प्राण, रजस्-रेतस्, सूर्य-चन्द्र तथा जीवात्मा-परमात्मा आदि के संयोग को ही योग कहा गया है[४]। सर्वदर्शनसंग्रह के अनुसार याज्ञवल्क्य 'जीवात्मा एवं परमात्मा के संयोग को योग कहते हैं,' यद्यपि वहाँ उनका एक अन्य वचन उद्धृत करते हुए यह प्रतिपादित किया गया है कि याज्ञवल्क्य के अनुसार योग समाधि को ही कहते हैं[५]।

वेदान्त में योग का अर्थ है परमात्मा और जीवात्मा का संयोग, ब्रह्म एवं जीव की एकता या ब्रह्मात्मैकत्वानुभूति। इस योग का अर्थ, जीव को परमात्मा से दीर्घकाल से वियुक्त मानने वाले[६] वैष्णव वेदान्त में, जीव का परमात्मा से संयोग है और वेदान्त का प्रयोजन आत्मैकत्वप्रतिपत्ति मानने वाले[७] शाङ्कर सम्प्रदाय में जीवात्मा की ब्रह्म से एकता की अनुभूति, ब्रह्मात्मैकत्वानुभूति, 'तत्त्वमसि' 'सोऽहम्' आदि महावाक्यों के अर्थ का अनुभव।

आयुर्वेद में योग को संयोगार्थक मानते हुए इससे उन सभी संयोगों को ग्रहण किया जाता है जो सुख-दुःखात्मक संवेदन के कारण हैं। आत्मा एवं मन, मन एवं इन्द्रिय तथा इन्द्रिय एवं पदार्थ के संयोग या सन्निकर्ष से पदार्थों का संवेदन या अनुभव होता है इस न्याय-वैशेषिक सिद्धान्त के अनुरूप मत प्रतिपादित करते हुए चरकसंहिता में योग शब्द को संयोग या सन्निकर्ष का पर्याय मानकर इसके क्षेत्र को व्यापक बना दिया गया है जिससे इसमें सुखदुःखजनक इन्द्रियार्थसन्निकर्ष का भी समाहार हो जाता है[८]।

---

[१] योगास्त्रयो मया प्रोक्ता नृणां श्रेयोविधित्सया।
ज्ञानं कर्म च भक्तिश्च नोपायोऽन्योऽस्ति कुत्रचित्॥ (भाग० ११।२०।६)।

[२] युजिर् योगे। (धातुपाठ १४६९)।

[३] द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ १९२ टिप्पणी ८।१६ [४] द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ १९६ टिप्पणी ४

[५] उक्तं याज्ञवल्क्येन, 'संयोगो योग इत्युक्तो जीवात्मपरमात्मनोः।' इति।···
नापि याज्ञवल्क्यवचनव्याकोपः, तत्रस्थस्यापि योगशब्दस्य समाध्यर्थत्वात्।
'समाधिः समतावस्था जीवात्मपरमात्मनोः।
ब्रह्मण्येव स्थितिर्या सा समाधिः प्रत्यगात्मनः॥'
इति तेनैव उक्तत्वाच्च। (सर्वदर्शनसङ्ग्रह, पृष्ठ ३४६-३४७)।

[६] सहस्रपरिवत्सरमितकालजातकृष्णवियोगजनिततापक्लेशानन्दतिरोभावोऽहम् ···

[७] आत्मैकत्वविद्याप्रतिपत्तये सर्वे वेदान्ता आरम्यन्ते। (अध्यासभाष्य)

[८] द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ १९५ टिप्पणी ६

समाध्यर्थक योग शब्द की निष्पत्ति व्याकरण शास्त्र की दृष्टि से दिवादिगणी आत्मनेपदी अनिट् समाध्यर्थक धातु 'युज'[१] से होती है। ऋग्वेद एवं यजुर्वेद संहिताओं आदि में अनेकत्र उपलब्ध होने वाले 'युञ्जते मन उत युञ्जते धियो[२]' तथा 'युजे वां ब्रह्म पूर्व्यं नमोभिः[२]' इत्यादि मन्त्रों में प्रयुक्त 'युञ्जते' एवं 'युजे' पदों को कभी-कभी समाध्यर्थक 'युज' धातु से निष्पन्न माना जाता है[३]। विभिन्न उपनिषदों एवं गीता में आये योग शब्द को श्रीशङ्कराचार्य ने अपने भाष्य में कई स्थलों पर समाध्यर्थक 'युज' धातु से निष्पन्न माना है[४]। पातञ्जल योग सूत्रों के अपने भाष्य में व्यासदेव ने 'योग' शब्द का अर्थ 'समाधि' ही किया है[५]। सर्वदर्शनसंग्रह के 'पातञ्जल योगदर्शन' प्रकरण में याज्ञवल्क्य के,

'समाधिः समतावस्था जीवात्मपरमात्मनोः।
ब्रह्मण्येव स्थितिः या सा समाधिः प्रत्यगात्मनः॥'

इस वचन को उद्धृत करते हुए यह प्रतिपादित किया गया है कि याज्ञवल्क्य के अनुसार भी योग समाध्यर्थक ही है[६]।

एकाग्र मन या चित्त का ध्येय पदार्थ से संयोजन या संयोग होने पर ही समाधि सिद्ध हो सकती है इस बात को दृष्टिगत रखने पर योग को संयोगार्थक एवं समाध्यर्थक मानने में कोई विरोध नहीं प्रतीत होता[७]।

महाभारत में योग को सनातन शास्त्र कहा गया है[८]। कहीं-कहीं योग का प्रथम प्रवक्ता हिरण्यगर्भ को बताया गया है[९]। श्रीमद्भागवत में हैरण्यगर्भ योग का उल्लेख है[१०] और विष्णुपुराण के 'हिरण्यगर्भवचनं विचिन्त्येत्थम्' (विष्णु पु० २।१३।४४) इत्यादि वाक्य के आधार पर इसके पूर्ववर्ती दो श्लोक[११] हैरण्यगर्भ योगशास्त्र से उद्धृत माने जाते हैं।

---

[१] युज समाधौ। (धातुपाठ १२०२)।

[२] द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ १९२ टिप्पणी ८ तथा ११

[३] मनो युञ्जते···विषयेभ्यो निवर्त्य समाहितं कुर्वन्ति।
(तैत्ति० आ० सायणभा० ४।२।१)।
युजे वां समादधे ···।(श्वेता० उप० शाङ्क० २।५)।

[४] द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ १९५ टिप्पणी ९-११ तथा पृष्ठ १९६ टिप्पणी १

[५] द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ १९५ टिप्पणी ८ [६] द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ १९९ टिप्पणी ५

[७] योगो युक्तिः समाधानम्। (तैत्ति० उप० शाङ्क० २।४।१)।

[८] साङ्ख्यञ्च योगञ्च सनातने द्वे। (महाभा० १२।३४९।७३)।

[९] हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः।
(बृहद् योगियाज्ञवल्क्यस्मृतिः १२।५)।
हिरण्यगर्भो योगस्य वेत्ता नान्यः पुरातनः। (महाभा० १२।३४९।६५)।

[१०] इदं हि योगेश्वर! योगनैपुणं हिरण्यगर्भो भगवाञ्जगाद यत्।
(भाग० ५।१९।१३)।

[११] सम्मानना परां हानिं योगर्द्धेः कुरुते यतः।
जनेनावमतो योगी योगसिद्धिञ्च विन्दति॥
तस्माच्चरेत वै योगी सतां धर्ममदूषयन्।
जना यथाऽवमन्येरन् गच्छेयुर्नैव सङ्गतिम्॥ (विष्णुपु० २।१३।४२-४३)।

इस शास्त्र के कुछ वचन परवर्ती ग्रन्थों में उद्धृत मिलते हैं। अतः कुछ लोगों की धारणा है कि महर्षि पतञ्जलि से पहले हैरण्यगर्भयोग प्रचलित था[१]। सर्वदर्शनसंग्रहकार 'अथ योगानुशासनम्' (योगसूत्र १।१) इस सूत्र में प्रयुक्त 'अनुशासन' पद के घटक 'अनु' उपसर्ग के प्रयोग का स्वारस्य बताते हुए वृहद्योगियाज्ञवल्क्यस्मृति का वह वाक्य उद्धृत करते हैं जिसमें यह कहा गया है कि योग के प्रवर्तक हिरण्यगर्भ हैं कोई अन्य प्राचीन ऋषि नहीं उनके अनुसार विभिन्न पुराणों में यत्र-तत्र प्रसङ्गानुसार योग के कुछ विषयों का वर्णन मिलता है। विप्रकीर्ण होने के कारण उसे जनसाधारण द्वारा दुर्ग्राह्य समझकर महर्षि पतञ्जलि ने उसे संगृहीत कर उसका अनुशासन किया है[२]। उन्होंने अपने समय में उपलब्ध हैरण्यगर्भ योग एवं अन्य योगविषयक सिद्धान्तों को आत्मसात् कर उन्हें एक सुसम्बद्ध एवं व्यवस्थित सूत्रग्रन्थ के रूप में प्रस्तुत किया। उनकी यह कृति योग का सर्वाधिक प्राचीन और सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध ग्रन्थ है। इसमें प्रतिपादित योग प्रायः राजयोग के नाम से प्रसिद्ध है। उनकी इस कृति को इतनी अधिक प्रतिष्ठा मिली कि साधारणतया योग का अर्थ उनके इस ग्रन्थ में प्रतिपादित अष्टाङ्ग योग ही समझा जाने लगा और उन्हें योग का प्रवर्तक माना जाने लगा[३]।

कर्म, ज्ञान एवं भक्ति योगों का विशद विवेचन भगवद्गीता में उपलब्ध होता है। विशेषतः गीता का तृतीय अध्याय कर्मयोग, सप्तम अध्याय ज्ञान-विज्ञानयोग और बारहवाँ अध्याय भक्तियोग के नाम से प्रसिद्ध है। छठे अध्याय में ध्यानयोग का निरूपण किया गया है।

मन्त्रयोग में ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव आदि के मन्त्र का जप कर वत्सराज आदि के समान सिद्धि प्राप्त की जाती है[४]। योगतत्त्वोपनिषद् में कहा गया है कि मन्त्रयोग की साधना अल्पवुद्धि और अधम कोटि के साधक करते हैं[५]।

---

[१] द्रष्टव्य, डॉ० रामशङ्कर भट्टाचार्य सम्पादित 'पातञ्जल योगदर्शनम्' की 'भूमिका' पृष्ठ २८-२९

[२] ननु, 'हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः' इति याज्ञवल्क्यस्मृतेः पतञ्जलिः कथं योगस्य शासिता इति चेत्? अद्धा। अत एव तत्र तत्र पुराणादौ विशिष्य योगस्य विप्रकीर्णतया दुर्ग्राह्यार्थत्वं मन्यमानेन भगवता कृपासिन्धुना फणिपतिना सारं सञ्जिघृक्षुणा अनुशासनमारब्धं न तु साक्षाच्छासनम्। (सर्वदर्शन स० पृष्ठ ३४३)।

[३] अथ सेश्वरसाङ्ख्यस्य वक्ष्ये पक्षं पतञ्जलेः।
पतञ्जलिरनन्तः स्याद्योगशास्त्रप्रवर्तकः॥ (सर्वदर्शनसिद्धान्तसङ्ग्रह १०।१)।
साम्प्रतं सेश्वरसाङ्ख्यप्रवर्तकपतञ्जलिप्रभृतिमुनिमतमनुवर्तमानानां मतमुपन्यस्यते। (सर्वदर्शनस० पृ० ३३१)।

[४] ब्रह्मविष्णुशिवादीनां मन्त्रं जाप्यं विशारदैः।
साध्यते मन्त्रयोगस्तु वत्सराजादिभिर्यथा॥ (योगराजोप० ३-४)।
मातृकादियुतं मन्त्रं द्वादशाब्दं तु यो जपेत्।
क्रमेण लभते ज्ञानमणिमादिगुणान्वितम्॥ (योगतत्त्वोप० २१-२२)।

[५] अल्पवुद्धिरिमं योगं सेवते साधकाधमः। (योगतत्त्वोप० २२)।

नवचक्रों में लीन होकर कृष्णद्वैपायन आदि की भाँति योग की सिद्धि करना लययोग है[१]। योगतत्त्वोपनिषद् एवं योगशिखोपनिषद् में लययोग का स्वरूप 'चित्तलय' बताया गया है[२]।

हठयोग में शरीरनिग्रह पर बल दिया जाता है। योगतत्त्वोपनिषद् में हठयोग का विस्तार से वर्णन किया गया है। हठयोगप्रदीपिकाकार स्वात्माराम योगीन्द्र ने आसन, प्राणायाम, मुद्रा एवं नादानुसन्धान को हठयोग का प्रमुख अङ्ग मानते हुए राजयोग की सिद्धि होने तक इनका अभ्यास करने का मत प्रतिपादित किया है[३]। उन्होंने विशेषतः मोटे व्यक्तियों के शरीरशोधन के साधन के रूप में विहित[४] षट्कर्मों धौति, बस्ति, नेति, त्राटक, नौलि और कपालभाति[५] का भी निरूपण किया है[६] और यह बताया है कि कुछ योगाचार्य इन्हें अनावश्यक मानते हैं[७]। उनके अनुसार लययोग, हठयोग आदि सभी योग अन्ततः राजयोग की सिद्धि के उपाय या साधन मात्र हैं[८]। हठयोग उन्नत राजयोग की ऊँचाई पर पहुँचने के इच्छुक व्यक्ति के लिए सीढ़ी का काम करता है,[९] किन्तु केवल

---

१ कृष्णद्वैपायनाद्यैस्तु साधितो लयसंज्ञितः।
नवस्वेव हि चक्रेषु लयं कृत्वा महात्मभिः॥ (योगराजोप० ४-५)।

२ लययोगश्चित्तलयः कोटिशः परिकीर्तितः।
गच्छंस्तिष्ठन्स्वपन्भुञ्जन्ध्यायेन्निष्कलमीश्वरम्।
स एव लययोगः स्यात्। (योगतत्त्वोप० २३-२४)।
द्रष्टव्य, योगशिखोपनिषद् १।१३४-१३६

३ हठस्य प्रथमाङ्गत्वादासनं पूर्वमुच्यते। (हठयोग प्र० १।१९)।
आसनं, कुम्भकं चित्रं, मुद्राख्यं करणं तथा॥
अथ नादानुसन्धानमभ्यासानुक्रमो हठे। (हठयोग प्र० १।५८-५९)।
पीठानि, कुम्भकाश्चित्रा, दिव्यानि करणानि च।
सर्वाण्यपि हठाभ्यासे राजयोगफलावधि॥ (हठयोग प्र० १।६९)।

४ कर्मषट्कमिदं गोप्यं घटशोधनकारकम्। (हठयोग प्र० २।२३)।
मेदःश्लेष्माधिकः पूर्वं षट्कर्माणि समाचरेत्।
अन्यस्तु नाचरेत्तानि दोषाणां समभावतः॥ (हठयोग प्र० २।२१)।
षट्कर्मनिर्गतस्थौल्यकफदोषमलादिकः।
प्राणायामं ततः कुर्यादनायासेन सिद्ध्यति॥ (हठयोग प्र० २।३६)

५ धौतिर्बस्तिस्तथा नेतिस्त्राटकं नौलिकं तथा।
कपालभातिश्चैतानि षट् कर्माणि प्रचक्षते॥ (हठयोग प्र० २।२२)।

६ द्रष्टव्य, हठयोगप्रदीपिका २।२४-३५

७ प्राणायामैरेव सर्वे प्रशुष्यन्ति मला इति।
आचार्याणां तु केषाञ्चिदन्यत्कर्म न सम्मतम्॥ (हठयोग प्र० २।३७)।

८ सर्वे हठलयोपाया राजयोगस्य सिद्धये। (हठयोग प्र० ४।१०३)।

९ श्री आदिनाथाय नमोऽस्तु तस्मै येनोपदिष्टा हठयोगविद्या।
विभ्राजते प्रोन्नतराजयोगमारोढुमिच्छोरधिरोहिणीव॥ (हठयोग प्र० १।१)।

हठयोग के अभ्यास में ही जीवन खपा देने वाले राजयोग से अनभिज्ञ व्यक्तियों को योगाभ्यास का फल नहीं मिलता[१]। अतः उन्होंने राजयोग न जानने वाले लोगों के लिए हठयोग प्रदीपिका की रचना की है[२]। हठयोग का उपदेश देने या प्रतिपादन करने में उनका प्रयोजन यही है कि उसके द्वारा साधक राजयोग की उपलब्धि कर सकें[३]।

राजयोग के इस अभिधान का कारण योगशिखोपनिषद् के अनुसार इस योग में रजस् और रेतस् का योग होना है[४]। श्री बी० के० एस्० आयंगर ने 'राजयोग' पद का अनुवाद 'The royal union with the Universal Spirit' किया है। उन्होंने राजयोग के घटक 'राज' पद का अर्थ 'राजा' किया है और इससे मन—जो इन्द्रियों का राजा है—का ग्रहण करते हुए राजयोग को मनोविजय का योग बताया है[५]।

साधारणतया राजयोग शब्द का प्रयोग पातञ्जल योगसूत्रों में प्रतिपादित योग के लिए किया जाता है और इस शब्द का अर्थ 'योगों का राजा या सर्वोत्कृष्ट योग' समझा जाता है। किन्तु इस सम्बन्ध में दो बातें अवधेय हैं। प्रथम तो यह है कि स्वयं पतञ्जलि ने अपने सूत्रों में प्रतिपादित योग को राजयोग कहीं नहीं कहा है और दूसरी यह कि 'योगों का राजा' इस अर्थ में 'योगानां राजा' इस विग्रह वाले समस्त पद का रूप 'योगराज' होता है तथा 'योगराजोपनिषद्' आदि में इस अर्थ में 'योगराज' पद का ही प्रयोग हुआ है। यहाँ यह कहा जा सकता है कि जिस प्रकार 'दन्तानां राजानः' इस विग्रह में 'राजदन्तादिषु परम्' (अष्टा० २।२।३१) इस पाणिनीय सूत्र से 'राजदन्ताः' पद बनता है उसी प्रकार 'योगानां राजा' इस विग्रह में योग की उत्कृष्टतम स्थिति के लिए 'राजयोग' पद का प्रयोग शक्य है। इस सम्बन्ध में अवधेय है कि उपलब्ध गणपाठ में राजदन्तादि गण में 'राजयोग' शब्द नहीं आया है अतः साधारणदृष्टया उपर्युक्त विग्रह में उक्त सूत्र के बल से 'राजयोग' शब्द निष्पन्न नहीं होता। किन्तु महर्षि व्यास ने अपनी भगवद्गीता में 'राजविद्याराजगुह्ययोग' नामक नवम अध्याय में 'राजविद्या' एवं 'राजगुह्य' पदों का प्रयोग किया है जो 'राजयोग' पद के ही समान हैं और राजदन्तादिगण में उपलब्ध नहीं होते। गीता (९।२) के श्रीशङ्कराचार्य, श्रीरामानुजाचार्य, श्रीवल्लभ, गोस्वामी श्रीपुरुषोत्तम, श्रीवेङ्कटनाथ, श्रीनीलकण्ठ एवं श्रीहनुमत् कृत भाष्यों में 'राजविद्या' पद का

---

[१] राजयोगमजानन्तः केवलं हठकर्मिणः।
एतानभ्यासिनो मन्ये प्रयासफलवर्जितान्॥ (हठयोग प्र० ४।७९)।

[२] भ्रान्त्या बहुमतध्वान्ते राजयोगमजानताम्।
हठप्रदीपिकां धत्ते स्वात्मारामः कृपाकरः॥ (हठयोग प्र० १।३)।

[३] प्रणम्य श्रीगुरुं नाथं स्वात्मारामेण योगिना।
केवलं राजयोगाय हठविद्योपदिश्यते॥ (हठयोग प्र० १।२)।

[४] योनिमध्ये महाक्षेत्रे जपाबन्धूकसंनिभम्॥
रजो वसति जन्तूनां देवीतत्त्वं समावृतम्।
रजसो रेतसो योगाद्राजयोग इति स्मृतः॥ (योगशिखोप० १।१३६-१३७)।

[५] 'Light on Yoga', Introduction p. 24.

विग्रह 'विद्यानां राजा' ही उपलब्ध होता है। इसी प्रकार श्रीशङ्कराचार्य, श्रीरामानुजाचार्य, गोस्वामिश्रीपुरुषोत्तम, श्रीवेङ्कटनाथ एवं श्रीनीलकण्ठ ने गीता ९।२ के अपने भाष्यों में 'राजगुह्य' पद का विग्रह 'गुह्यानां राजा' किया है। वेदान्तदेशिक 'राजविद्या' पद का समावेश राजदन्तादिगण में मानते प्रतीत होते हैं[१] और ब्रह्मानन्दगिरिव्याख्या के लेखक श्री वेङ्कटनाथ[२], तत्त्वदीपिकाकार श्रीवल्लभ[३] तथा भारतभावदीपकार श्रीनीलकण्ठ[४] को भी यही अभिप्रत लगता है। श्रीनीलकण्ठ के अनुसार 'राजयोग' पद में उपसर्जन का परनिपात 'राजदन्तादिषु परम्' (अष्टा० २।३।३१) सूत्र से ही हुआ है[४]। अतः आकृतिगण मानकर राजदन्तादि गण में राजयोग पद का समावेश करके 'राजदन्तादिषु परम्' (अष्टा० २।२।३१) सूत्र से 'योगानां राजा' इस विग्रह में 'राजयोग' शब्द की निष्पत्ति मानी जा सकती है और तब 'राजयोग' का अर्थ होगा 'सर्वश्रेष्ठ योग।' इसे योगों में श्रेष्ठ होने के अर्थ में राजयोग कहने का आशय यही प्रतीत होता है कि हठयोगादि अन्य योग अन्ततः इसी में पर्यवसित होते हैं[५]।

पातञ्जल योगसूत्र के अनुसार योग चित्तवृत्तियों के निरोध को कहते हैं[६]। चित्तवृत्ति से तात्पर्य चित्त के विषयाकार में परिणमन से है। चित्तवृत्तियों का विभाजन प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति में किया जाता है[७]। इन वृत्तियों के प्रवाह का अपने कारण चित्त में लीन होकर रुक जाना ही चित्तवृत्तिनिरोध है। इनका निरोध योगसूत्रकार के अनुसार अभ्यास एवं वैराग्य से होता है[८]। गीता में भी कृष्ण ने अर्जुन को प्रमाथी एवं चञ्चल मन को निगृहीत करने के उपाय या साधन के रूप में अभ्यास और वैराग्य का ही उपदेश दिया है[९]। द्रष्टा पुरुष की स्वरूपावस्थिति की प्राप्ति के लिए किया जाने वाला प्रयत्न ही अभ्यास कहलाता है[१०]। पातञ्जल अष्टाङ्गयोग इस अभ्यास की ही व्याख्या है।

---

१ राजदन्तादिषु वा पाठो द्रष्टव्यः (गीता तात्पर्यचन्द्रिका ९।२)।

२ राजदन्तादित्वादुपसर्जनस्य परनिपातः। (गीता ब्रह्मानन्दगिरिकृता व्याख्या ९।२)।

३ राजदन्तादित्वादुपसर्जनस्य परत्वम् (गीतातत्त्वदीपिका ९।२)।

४ 'राजदन्तादिषु परम्' (अष्टा० २।३।३१) इत्युपसर्जनस्य परनिपातः (गीता भारतभावदीपव्याख्या ९।२)।

५ द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ २०२ टिप्पणी ८-९ तथा पृष्ठ २०३ टिप्पणी १-३

६ योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। (योगसूत्र १।२)।

७ योगसूत्र १।५,६

८ अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः। (योगसूत्र १।१२)।

९ चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्॥ (गीता ६।३४)।
असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम्।
अभ्यासेन तु कौन्तेय! वैराग्येण च गृह्यते॥ (गीता ६।३५)।

१० तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्। (योगसूत्र १।३)।
तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः। (योगसूत्र १।१३)।

भाष्यकार व्यास ने प्रथम योगसूत्र के योगभाष्य में कहा है कि चित्तवृत्तिनिरोधरूप योग समाधि को कहते हैं। अवधेय है कि वृत्तिनिरोध चित्त का सभी भूमियों में होने वाला धर्म है[१]। चित्तकी पाँचों भूमियों में वृत्तियों का कुछ न कुछ निरोध अवश्य रहता है। क्षिप्तावस्था में तमोगुण तथा सत्त्वगुण का, मूढावस्था में रजोगुण तथा सत्त्वगुण का, विक्षिप्तावस्था में केवल तमोगुण का, एकाग्रावस्था में केवल चतुर्भुज आदि ध्येयाकार वृत्ति को छोड़कर बाह्य एवं आभ्यन्तर सारी वृत्तियों का निरोध तथा निरुद्ध अवस्था में उक्त ध्येयाकार वृत्ति का भी निरोध और इस प्रकार निखिल वृत्तियों का निरोध होता है।

यद्यपि सभी भूमियों में कुछ न कुछ निरोध होता है, फिर भी योग सभी वृत्तियों में होने वाले चित्तवृत्तिनिरोध को नहीं केवल एकाग्र और निरुद्ध भूमियों में होने वाले चित्तवृत्तिनिरोध को ही कहते हैं। योग का लक्षण 'चित्तवृत्तिनिरोध' है और लक्ष्य 'एकाग्र तथा निरुद्ध अवस्था का निरोध।' यदि सारी चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहें तो यह लक्षण सम्प्रज्ञात समाधि पर लागू न होने से अव्याप्त होगा और यदि आंशिक निरोध को भी योग मान लें तो क्षिप्त, मूढ और विक्षिप्त पर भी लागू होने से लक्षण अतिव्याप्त हो जायेगा। प्रथम सूत्र के भाष्य के अनुसार जो चित्तवृत्तिनिरोध क्लेश, कर्म तथा आशय के नाश का हेतु हो उसे योग कहते हैं[२]। इसी भाष्य के आधार पर वाचस्पति मिश्र ने क्षिप्त, मूढ और विक्षिप्त अवस्थाओं के चित्तवृत्तिनिरोध में अतिव्याप्ति और एकाग्रावस्था के निरोध (सम्प्रज्ञात) में अव्याप्ति का उद्धार किया है।

योगवार्तिककार विज्ञानभिक्षु ने **'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधस्तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्'** इन दोनों सूत्रों की एकवाक्यता मानकर 'जो निरोध द्रष्टा पुरुष की स्वरूपावस्थिति का हेतु हो उसे योग कहते हैं' यह लक्षण करके प्रथम तीन भूमियों में अतिव्याप्ति और एकाग्र में (सम्प्रज्ञात समाधि ध्येयाकारवृत्ति वर्तमान होने के कारण पुरुष की स्वरूपावस्थिति का साक्षात् हेतु न होते हुए भी परम्परया—निरुद्ध अवस्था की असम्प्रज्ञात समाधि द्वारा—स्वरूपावस्थिति का हेतु है) अव्याप्ति का उद्धार किया है। परस्पर अन्वय की योग्यता न होने से पूर्वोक्त दोनों सूत्रों की एकवाक्यता असम्भव है, और हो भी जाये तो एकाग्र में अव्याप्ति दुर्वार है। विज्ञानभिक्षु का समाधान भाष्यविरुद्ध भी है, अतः उपेक्षणीय है।

हम कह चुके हैं कि राजयोग से आजकल उपलब्ध पातञ्जल योग दर्शन का ग्रहण किया जाता है और पातञ्जल योग सूत्र में इसका लक्षण 'चित्तवृत्ति-निरोध' बताया गया है। योगभाष्यकार व्यास ने योग का लक्षण समाधि को बताते हुए दोनों को अभिन्न माना है। योग तथा समाधि को अभिन्न मानने में कभी-कभी यह कहकर सन्देह प्रकट किया जाता है कि योगसूत्रकार योग को अङ्गी अर्थात् साध्य एवं समाधि को उसका अङ्ग अर्थात् साधन मानते हैं और अङ्गी योग तथा उसकी अङ्गभूत समाधि का तादात्म्य सम्भव

---

[१] योगः समाधिः। स च सार्वभौमश्चित्तस्य धर्मः।

[२] यस्त्वेकाग्रे चेतसि सद्भूतमर्थं प्रद्योतयति, क्षिणोति च क्लेशान्, कर्मबन्धनानि श्लथयति, निरोधमभिमुखं करोति, सम्प्रज्ञातो योग इत्याख्यायते।...सर्ववृत्ति-निरोधे त्वसम्प्रज्ञातः समाधिः। (योगसूत्रभाष्य १।१)।

नहीं है। इस प्रकार का सन्देह करने वालों का आशय यह है कि स्वयं योगसूत्रकार एवं योगभाष्यकार योग को अङ्गी या साध्य और समाधि को उसका अङ्ग या साधन कहते हैं तथा योग को अष्टाङ्ग अर्थात् आठ अङ्गों वाला बताते हुए उसके आठवें अङ्ग के रूप में समाधि का निरूपण करते है अतः योग और समाधि शब्दों को परस्पर भिन्न अर्थों का वाचक न मानकर पर्यायवाची या समानार्थक मानने में साध्य और साधन में विद्यमान भेद की उपेक्षा होगी।

इस सम्बन्ध में अवधेय है कि पातञ्जल योगदर्शन में प्रयुक्त योग शब्द 'समाधि' का समानार्थक ही है यद्यपि शास्त्रकारों ने योग और समाधि दोनों शब्दों का प्रयोग कभी भावव्युत्पन्न रूप में और कभी करणव्युत्न्न रूप में किया है। इस प्रकार 'योग' को अङ्गी या साध्य और 'समाधि' को अङ्ग या साधन कहने की अपेक्षा यह कहना अधिक ठीक होगा कि पातञ्जल योगशास्त्र में भावव्युत्पन्न रूप में प्रयुक्त 'योग' या 'समाधि' को अङ्गी या साध्य एवं करणव्युत्पन्न रूप में प्रयुक्त 'योग' या 'समाधि' को अङ्ग या साधन मानकर दोनों शब्दों के समानार्थक होने का सिद्धान्त स्वीकार किया गया है।

भावव्युत्पन्न 'योग' शब्द की निष्पत्ति समाध्यर्थक (दिवादिगणी, आत्मनेपदी, अनिट्) **'युज'** धातु (**'युज' समाधौ धातुपाठ १२०२**) से **'योजनं योगः'** इस विग्रह में **'भावे'** (पाणिनीयसूत्र ३।३।१८) सूत्र से भाव अर्थ में **'घञ्'** प्रत्यय करके होती है और करणव्युत्पन्न 'योग' शब्द की निष्पत्ति उपर्युत 'युज' धातु से ही **'युज्यते चित्तमनेन इति योगः'** इस विग्रह में **'करणाधिकरणयोश्च'** (पाणिनीय सूत्र ३।३।११७) से प्राप्त **'ल्युट्'** का बाहुलक दृष्टि से बाध कर **'अकर्तरि च कारके संज्ञायाम्'** (पाणिनीयसूत्र ३।३।१९) सूत्र से करण अर्थ में **'घञ्'** प्रत्यय करके होती है। इसी प्रकार भावव्युत्पन्न 'समाधि' शब्द की निष्पत्ति **'सम्'** तथा **'आङ'** उपसर्गपूर्वक, धारणार्थक (जुहोत्यादिगणी, उभयपदी, अनिट्) **'धा'** धातु (**'डुधाञ् धारणपोषणयोः'**—धातुपाठ १११७) से **'समाधानं समाधिः'** इस विग्रह में **'उपसर्गे घोः किः'** (पाणिनीयसूत्र ३।३।९२) सूत्र से भाव अर्थ में **'कि'** प्रत्यय करके होती है, और करणव्युत्पन्न समाधि शब्द की निष्पत्ति उपर्युक्त धातुप्रत्ययादि से ही **'समाधीयते चित्तमनेन इति समाधिः'** इस विग्रह में उपर्युक्त प्रकार से ही होती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि योग और समाधि शब्द पर्यायवाची एवं समानार्थक हैं तथा दोनों ही शब्द भावव्युत्पन्न रूप में अङ्गी या साध्य के लिए एवं करणव्युत्पन्न रूप में अङ्ग या साधन के लिए प्रयुक्त होते हैं। उदाहरणार्थ **'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः'** (योगसूत्र १।२) सूत्र में योग शब्द तथा **'तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजः समाधिः'** (योगसूत्र १।५१) सूत्र में **'समाधि'** शब्द का प्रयोग भावव्युत्पन्नरूप में तथा योगसूत्र २।२९ आदि में समाधि शब्द का प्रयोग करण-व्युत्पन्न अर्थ में किया गया है।

विभिन्न दार्शनिक सम्प्रदायों एवं आयुर्वेद में स्वीकृत योग के स्वरूप में साधर्म्य-वैधर्म्य समझने के लिए हमें दर्शन एवं आयुर्वेद शास्त्रों के स्वरूप, प्रयोजन एवं पारस्परिक सम्बन्ध को दृष्टि में रखना होगा। यद्यपि दुःखोपशम को सभी शास्त्रों मे पुरुषार्थ माना

गया है[1] किन्तु दुःखोपशम के स्वरूप को लेकर आयुर्वेद एवं दर्शन शास्त्रों में भेद हो जाता है। आयुर्वेद का प्रमुख लक्ष्य व्याधियों आदि के रूप में प्रकट होने वाले दुःख की सामान्य निवृत्ति है और दर्शन शास्त्र आत्यन्तिक एवं ऐकान्तिक दुःखनिवृत्तिरूप मोक्ष पर बल देता है। यद्यपि कभी-कभी आयुर्वेद को भी मोक्षप्रद कहा जाता है और चरक-संहिता में निरूपित नैष्ठिकी चिकित्सा को मोक्ष का साधन बताते हुए चक्रपाणि ने भी कहा है कि आयुर्वेद मोक्षफलक शास्त्र है[2] तथापि जैसा कि चरक संहिता में आयुर्वेद की उत्पत्ति के प्रसङ्ग में कहा गया है सभी प्राणियों को कष्ट देने वाली व्याधियों के उपशम का उपाय जानने के लिए ऋषियों के प्रतिनिधि के रूप में भरद्वाज इन्द्र के पास गये और उनसे आयुर्वेद सीखा[3]। आयुर्वेद में संसार एवं जीवन को सुख-दुःखमय माना जाता है और रोगों के रूप में होने वाले दुःख के उपशम पर बल दिया जाता है जब कि दर्शन शास्त्र संसार को दुःखरूप मानकर चलता है और भोगारूढ दुःखों के उपशम की चिन्ता करने की अपेक्षा अनागतावस्थ सूक्ष्म दुःख, भावी जीवन में होने वाले, पुनर्जन्म एवं तज्जन्य दुःख से आत्यन्तिक मुक्ति पाने पर अधिक बल देता है[4]। इसीलिए जनसाधारण को आयुर्वेद दर्शन की अपेक्षा अधिक उपयोगी लगता है और उससे जनसाधारण को एवं दार्शनिक को समान रूप से लाभ पहुँचता है। रोगी और निर्बल व्यक्ति न तो योगसाधना कर सकता है और न आत्मज्ञान प्राप्त कर सकता है[5] अतः आयुर्वेद की उपयोगिता निर्विवाद रूप से सभी के लिए है। आज स्वास्थ्यलाभ के लिए यौगिक क्रियाओं के उपयोग की सर्वत्र चर्चा होते देखकर कुछ लोगों को यह भ्रम हो सकता है सम्भवतः योगी स्वास्थ्यलाभ के लिए योगसाधना का आश्रय लेते रहे हैं और साधारण लोग आयुर्वेद का, किन्तु वास्तविकता यह है कि स्वस्थ शरीर योगसाधना की प्रथम आव-

---

१ द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ १८८ टिप्पणी ३-४

२ द्रष्टव्य, ऊपर पृष्ठ १८८ टिप्पणी ४

३ चरकसंहिता १।१।१७-२२

४ यावच्चित्तसत्ता तावदेवानागतदुःखसत्तानुमीयते, तन्निवृत्तिश्च पुरुषार्थः। (सांख्यसूत्रभाष्य १।१)।

स्थूलं दुःखं वर्तमानावस्थं तच्च द्वितीयक्षणादुपरि स्वयमेव नङ्क्ष्यति, अतो न तत्र ज्ञानापेक्षा; अतीतं तु प्रागेव नष्टमिति न तत्र साधनापेक्षा इति परिशेषाद् अनागतावस्थसूक्ष्मदुःखनिवृत्तिरेव पुरुषार्थतया प्रकृते पर्यवस्यति तथा च योगसूत्रम्—'हेयं दुःखमनागतम्' (योगसूत्र २।१६) इति। (सांख्य-सूत्र भाष्य १।१)।

दुःखमतीतमुपभोगेनातिवाहितं न हेयपक्षे वर्तते, वर्तमानं च स्वक्षणे भोगारूढम् इति न तत् क्षणान्तरे हेयतामापद्यते। यदेवानागतं दुःखं तदेवाक्षिपात्रकल्पं योगिनं क्लिश्नाति, नेतरं प्रतिपत्तारं, तदेव हेयतामापद्यते। (योगसूत्र-भाष्य २।१६)।

५ नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः। (मुण्ड० उप० ३।२।४)।

श्यकता है। योगी आयुर्वेद का उपयोग न केवल स्वास्थ्यलाभ के लिए करते रहे हैं अपि तु उन्होंने ओषधियों के प्रयोग से सिद्धियाँ भी प्राप्त की हैं। योगसूत्रों में ओषधियों के प्रयोग से होने वाली सिद्धियों का उल्लेख है[1] और योगभाष्यकार ने भी असुरभवनों में रसायनों के प्रयोग से होने वाली सिद्धियों की चर्चा की है[2]। यद्यपि ये सारी सिद्धियाँ भी अन्ततः योग का लक्ष्य नहीं है। सच्चे योगी की अभिरुचि आत्मदर्शन में होती है आत्मप्रदर्शन या सिद्धिप्रदर्शन में नहीं।

आयुर्वेद एवं दर्शन में उपर्युक्त अन्तर होने के कारण ही जहाँ जीवन को दुःखरूप मानने वाले दर्शनों में योग को दुःखनिवृत्ति का साधन मानते हुए उसका अर्थ मन या चित्त का आत्मनिष्ठ होना, समाहित होना, या जीवात्मा एवं परमात्मा का संयोग आदि माना जाता है वहीं जीवन को सुखदुःखमय मानने वाले आयुर्वेद में योग को दुःखों (एवं सुखों) का जनक मानते हुए उससे इन्द्रियार्थसन्निकर्षसहित उन सभी संयोगों का ग्रहण किया जाता है जो सुखदुःखात्मक संवेदन के कारण हैं। इसीलिए चरकसंहिता में अतिदुर्लभ समयोग को सुख का कारण तथा अनायास सुलभ विषमयोग—जो अतियोग, मिथ्यायोग और हीन-योग (या अयोग) के भेद से त्रिविध है—को दुःखों का कारण कहा गया है[3]। इस प्रकार दर्शन के लिए योग आध्यात्मिक लक्ष्य को प्राप्त करने की साधना-पद्धति, मार्ग या उपाय है और आयुर्वेद के लिए सुख-दुःखात्मक लौकिक संवेदन की सामान्य प्रक्रिया का एक अङ्ग।

दर्शन विभाग, कला संकाय
का० हि० वि० वि०

———

[1] जन्मौषधिमन्त्रतपःसमाधिजाः सिद्धयः। (योगसूत्र ४।१)।

[2] ओषधिभिः असुरभवनेषु रसायनेन इत्येवमादि। (योगसूत्रभाष्य ४।१)।

[3] मिथ्यातिहीनयोगेभ्यो यो व्याधिरुपजायते।...
सुखहेतुः समस्त्वेकः समयोगः सुदुर्लभः।
नेन्द्रियाणि, न चैवार्थाः, सुखदुःखस्य हेतवः।
हेतुस्तु सुखदुःखस्य योगो दृष्टश्चतुर्विधः॥
सन्तीन्द्रियाणि, सन्त्यर्था, योगो न च, न चास्ति रुक्।
न सुखं, कारणं तस्माद्योग एव चतुर्विधः॥ (चरकसंहिता ४।१।१२६-१२९)।

योग में ध्वनि और संगीत

श्रीमती विमला मुसलगाँवकर

योगसाधना भारत की श्रेष्ठतम देन है। मानव देह को ही प्रयोगशाला बनाकर 'चितवृत्तिनिरोध' के माध्यम से जिन सत्यों की उपलब्धियां योगी को हुईं, उनमें से 'नाद और संगीत' की उपलब्धियां महत्त्वपूर्ण हैं। विज्ञान ने जिन सत्यों को जाना और माना है, उसे आज से हजारों वर्ष पूर्व भारतीय योगी ने जान लिया था, तथा उसीको साधन बनाकर 'आत्मसाक्षात्कार' की अपूर्व उपलब्धि से वह जीवन्मुक्त हुआ था।

शब्द की शक्ति और सार्थकता का विचार कर योग के प्रसंग में 'ध्वनि' शब्द से नादात्मक अर्थ का ग्रहण करना ही उचित प्रतीत हो रहा है, क्योंकि युगचेतना शब्दों के माध्यम से ही मौलिक अभिव्यक्ति सदा किया करती है। वैयाकरणों ने जिसे 'स्फोट' शब्द से कहा, साहित्यिकों ने उसे ही 'ध्वनि' शब्द से अभिव्यक्त किया, उसे ही योगियों ने 'नाद' कह कर अभिव्यक्ति को एक नवीन शक्ति और दिशा प्रदान की।

लोकव्यवहार में साधारणतया दो पृथक् वस्तुओं के संयोग को ही 'योग' कहते हैं। जैसे --रवि-चन्द्र का योग। अभावपूर्ति होना भी 'योग' है। जैसे—'धनयोग', यहां भी संयोग के अर्थ में ही योग शब्द आया है। साधारण बोलचाल में तथा शास्त्रीयभाषा में भी 'योग' शब्द का अर्थ 'मेल' ही है। गणितशास्त्र में 'योग' का अर्थ 'जोड़ना' प्रसिद्ध ही है। किन्तु पारिभाषिक भाषा में 'योग' शब्द उस दर्शनशास्त्र के लिये रुढ़ हो गया है, जिसका ध्येय व्यष्टि चेतन का समष्टिचेतन के साथ सम्बन्ध स्थापित करना है। 'योग' वह शक्ति है, जिसके प्रभाव से यह जीवात्मा उस परमात्मा के साथ युक्त होता है।

योगीश्वर याज्ञवल्क्य की स्मृति के अनुसार योगविद्या के आदि आचार्य महर्षि हिरण्यगर्भ हैं।[१] किन्तु आज तो हमें महर्षि पतञ्जलि का प्रामाणिक शास्त्रीयग्रन्थ 'योग-सूत्र' ही उपलब्ध है। इस ग्रन्थ में योगविद्या का सूत्रों के माध्यम से दिग्दर्शनमात्र कराया गया है। योग के चार विभाग—मंत्रयोग, लययोग, हठयोग, तथा राजयोग, के नाम से उपनिषदों में भी उपलब्ध होते हैं।[२] लोकजीवन में 'हठयोग' ही योग के नाम से रूढ़ है। अतः 'राजयोग' की आधारभूमि तथा मंत्र और लययोग के विलयस्थान-रूप 'हठयोग' को ही सामग्री के रूप में ग्रहण किया है। 'राजयोग' का प्रारम्भ 'मन' से और 'हठयोग' का सीधा संबंध 'शरीर' से है। सम्पूर्ण सृष्टि को सूक्ष्मरूप से सहेजे 'नरदेह' का पूर्ण उपयोग तथा दर्शन 'राजयोग' में वैसा नहीं जैसा 'हठयोग' में है।

---

१ 'हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नाऽन्यः पुरातनः।'

२ 'योगो हि बहुधा ब्रह्मन् भिद्यते व्यवहारतः।
मन्त्रयोगो लयश्चैव हठोऽसौ राजयोगकः॥'
यो० त० उ० श्लो० १९, पृ० ३६७]

भारतीय हठयोगी तथा संगीतकार दोनों ने ही जिसे अपने प्रयोग का क्षेत्र चुना वह 'नरशरीर' ही था[1]। जो समग्र ब्रह्माण्ड का ही लघुरूप है। वही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन है। जन्म-जन्मान्तरों के संचित-संस्कारों के भोग का उपाय भी एक मात्र वही 'नरदेह' ही है। उसी देह को साधना की भूमि बनाकर उसमें (अचेतन-शरीर में) 'चेतन' की स्थिति कहाँ और कैसे है ? उसकी खोज करते हुए स्वानुभूतियों के आधार पर जिन अपूर्व तथ्यों को पाया, उन्हें ही सामाजिक जीवन के पोषण तथा उन्नति के हेतु इन योगियों ने दे दिया। उन उपलब्धियों में से 'नाद तथा संगीत' महत्त्व-पूर्ण हैं।

अपने सुदीर्घ आध्यात्मिक अनुभवों से इन योगियों ने 'नादतत्त्व' की शक्ति तथा उसके स्वरूप का सूक्ष्मातिसूक्ष्म और विशद विवेचन किया है। किसी भी पदार्थ का पूर्ण ज्ञान प्रत्यक्षदर्शन से बढ़कर अन्य किसी साधन से नहीं हो सकता। प्रयोगात्मक होने से 'योग' ही एक ऐसा साधन है, जिसके द्वारा 'चक्रभेदन' और कुण्डलिनी जागरण'[2] की प्रक्रियाओं के मध्य साधक-योगी ने शब्द, ध्वनि तथा स्फोट के सूक्ष्मभेदक तत्त्व को आकार-प्रकार, वर्ण, रूप-रंग के साथ देखा है, तभी उसे (शब्द को) एक नई संज्ञा 'नाद' प्रदान की।

प्रकाश से भी अधिक उपयुक्त पथ-प्रदर्शक, अप्रतिहत गतिमान् नादतत्त्व है। अतएव अध्यात्ममार्ग के बीहड़, सकरे, अटपटे, रपटीले अनजान पथ का एकमात्र निर्देशक 'नाद' को

---

[1] 'एवं विधे तु देहे······प्रसाधयन्ति धीमन्तो भुक्ति मुक्तिमुपायतः ॥
संगी० रत्ना० १।२।१६३$\frac{१}{२}$] पृ० ६१

[2] 'मेरुदण्ड' के भीतर 'ब्रह्मनाड़ी' में पिरोये हुए छह (सात, आठ और नौ) कमलों या चक्रों की कल्पना की जाती है, इन्हीं का नाम षट्चक्र है। ये षट्चक्र शरीर के जिन अवयवों के सामने मेरुदण्ड में स्थित हैं, उन्हीं अवयवों के नाम से संबोधित किये जाते हैं। प्रत्येक का अपना रंग, दलसंख्या, स्थान, दल-अक्षर तथा गुणादि कहे गये हैं। इन चक्रों के केन्द्रों से ऊपर के चक्रों के दलों पर जब प्राणवायु अभ्यास के क्षणों में शनैः शनैः क्रमशः स्थिर होती है, तब उसे 'चक्रभेदन' कहते हैं। कुण्डलिनी जागरण—मेरुदण्ड के निचले नुकीले कन्द भाग में महाशक्ति की प्रतिमूर्ति कुण्डलिनी का निवास है। शरीर-स्थित प्रमुख चौदह नाड़ियों में से भी तीन 'इडा, पिङ्गला और सुषुम्ना' प्रमुखतम हैं। मेरुदण्ड के बायीं, दाहिनी और मध्य में स्थित ये नाडियां जीव को जीवत्व देने के लिये सूक्ष्म से सूक्ष्मतर छिद्रों में प्रवेश कर जाती हैं। सुषुम्ना नाड़ी में कदलीस्तम्भ की तरह वज्रा, चित्रिणी तथा ब्रह्म नाड़ी हैं। योग-क्रियाओं द्वारा जागरित कुण्डलिनी-शक्ति, इसी ब्रह्मनाड़ी के द्वारा कपाल में स्थित ब्रह्मरन्ध्र में जाकर पुनः लौट आती है, तब सम्पूर्ण स्नायुमण्डल दिव्य आलोक से जग मगा उठता है। मेरुदण्ड में स्थित यही भास्वर नाड़ी सर्पाकार सी प्रतीत होती है, इसी कारण उसे काव्यमयी भाषा में 'कुण्डलिनी' कहा गया है। कुण्डलिनी-जागरण दो रूपों में दृष्टिगोचर होता है—१. प्राणोत्थान के रूप में और २. अपूर्व प्रकाशमयी तथा क्रियामयी अवस्था के उत्पन्न होने के रूप में। दूसरी अवस्था एक अकल्पनीय, अवर्णनीय अवस्था है।

ही चुना। नादबिन्दूपनिषद्[1] में मन को संयमित करने की अपूर्व शक्ति का नाद में होना बताया गया है। वहीं पर यह भी उल्लेख किया गया है कि नाद में आसक्त हुआ चित्त नाद के अतिरिक्त किसी विषय को नहीं चाहता। अर्थात् नादपाश से बंधा हुआ निरुच्छ्वास चित्त चांचल्यरहित होकर बाहरी भीतरी विषयों को भूलकर स्तब्ध हो जाता है। तब योगी की नादोपासना उसके चित्तरूपी अश्व के लिये परिधा बन जाती है। संसार में गजबल तथा अश्वबल प्रसिद्ध ही हैं। मन की शक्ति का अनुमान लगाया जा सके इसलिये उपनिषद् में ऐसी उपमा देकर उपमेय 'नाद' की लोकोत्तर शक्ति की ओर संकेत किया है। मृग, भुजंग और कुरंग के दृष्टान्त से योगी के चित्त की विरक्ति, तन्मयता और उसके आत्मोत्सर्ग की ओर संकेत किया है। योगशिखोपनिषद्[2] में भी नाद के स्वरूप तथा उत्पत्ति का विवरण बड़ी सुन्दरता के साथ किया है—परब्रह्म की इच्छाशक्ति ही ब्रह्मनाद है, उसे अविनाशी 'शब्द-ब्रह्म' कहते हैं। मूलाधार में स्थित नाद की आधारभूत अव्यक्त शक्ति 'बिन्दु' रूप है। उससे 'नाद' उत्पन्न होता है। उसीको 'पश्यन्ती' के रूप में लोग जानते हैं। योगी लोग उसीसे समस्त विश्व को देखते हैं। 'नास्ति नादात् परो मन्त्रः' अर्थात् नाद से बढ़कर कोई मन्त्र नहीं हैं। नाद की उत्पत्ति के क्रम में 'नाद' ही 'पश्यन्ती' वाक् है ऐंसा कह कर उसकी दर्शन शक्ति की ओर संकेत कर दिया है। उष्णता का दृश्यरूप 'प्रकाश' है। संगीत रत्नाकर में भी 'प्राणाग्निसंयोग' को नादोत्पत्ति का कारण कहा गया है[3]। 'नाद' अपने श्रव्यरूप के साथ गति का दृश्यरूप भी है। उष्णता, नाद और गति परस्पर सापेक्ष हैं। नाद के लियें गति आवश्यक है, और गति के होते ही प्रकाश उत्पन्न होता है। "ब्रह्मप्रणवसन्धाननादोज्योतिर्मयः शिवः[4]" अथवा "ज्योतिर्मयः शिवो नादः[5]" आदि वचनों से उपर्युक्त तथ्य की पुष्टि होती है।

योग में 'नाद' का फल 'परमपद या विदेहकैवल्य' का लाभ बताया गया है। योगियों ने अनादिप्रवाहरूप इस 'नाद' का उपयोग तीन रूपों में किया है—

---

[1] 'मकरन्दं पिबन् भृङ्गो गन्धान् नापेक्षते यथा।
नादासक्तं सदा चित्तं विषयं न हि कांक्षते॥'
नियामनसमर्थोऽयं निनादो निशिताङ्कुशः।
नादोऽन्तरङ्गसारङ्गबन्धने वागुरायते॥
ना० बिं० उ० श्लो० ४२।४५, पृ० २२३-२२४]

[2] 'अक्षरं परमोनादः शब्दब्रह्मेति कथ्यते।
मूलाधारगता शक्तिः स्वाधारा बिन्दुरूपिणी॥
तस्यामुत्पद्यते नादः सूक्ष्मबीजादिवाङ्कुरः।
ताम्पश्यन्तीं विदुर्विश्वं यया पश्यन्ति योगिनः॥ (यो० शि० उ० ३।२-३, पृ० ४३२)

[3] 'नकारं प्राणनामानं दकारमनलं विदुः।
जातः प्राणाग्निसंयोगात्तेन नादोऽभिधीयते॥ सं० रत्ना० १।३।६, पृ० ६४।

[4] ना० बिं० उ० श्लो० २९, पृ० २२० ।२९½, पृ० २२०।

[5] 'ब्रह्मप्रणवसँल्लग्ननादो ज्योतिर्मयात्मकः। ना० बिं० उ० श्लो० ४६, पृ० २२४।

१—प्रकाशकत्व धर्म से युक्त होने के कारण शरीरस्थित अनेक गुह्यतथ्यों का ज्ञान प्राप्त किये योगी ही वेद के उक्त कथनों का विवेचन कर सकते हैं।[१] कुण्डलिनी स्वरूप आदि-शाक्ति के दर्शन, षट्चक्र[२] दर्शन, पञ्चकोषों[३] की स्थिति, उनके व्यापार तथा उनका परस्पर सम्बन्ध, पञ्च महाभूतों[४] के वर्ण, शक्ति और व्यापार, ध्यान, धारणा, बुद्धि आदि का विशिष्टज्ञान करानेवाला 'नाद' ही है। 'निर्विचार या सबीज-समाधि तथा 'असम्प्रज्ञात या निर्बीज-समाधि' के स्वरूप का ज्ञान उसी से हो पाता है।[५]

२—गन्तव्यमार्ग की प्राप्ति के उपाय रूप में 'नाद' का उपयोग किया है।[६]

३—प्रतीक रूप में भी उस नाद को स्वीकार किया है। साधक योगी को स्वात्मोन्नति की विभिन्न अवस्थाओं में जो नाद सुनाई दिया और उसे जिस देश काल तथा व्यक्ति के संदर्भ में रखा गया उसी की कल्पना के लिये उस 'नाद' को देशज प्रतीकों के रूप में उसने कहा। भारतीय योगी ने जिस ध्वनि को घण्टे, भेरी, शंख आदि के तुल्य कहा, उसे पाश्चात्य योगी किसी भिन्न आतोद्य के माध्यम से भी रख सकता है।

वैष्णवी मुद्रा में नादानुसन्धान के लिये अन्तर्मुख हुए योगी ने दाहिने कान से जिन नादों को सुना उसे ही नादविन्दूपनिषद् तथा योगशिखोपनिषद् में क्रम से कहा गया है।[७] प्रारंभिक अवस्था में वह योगी अनेक प्रकार के महान्, गंभीर, घन और तीव्र नाद सुनता है। ज्यों-ज्यों अभ्यास बढ़ता जाता है, त्यों-त्यों वह सूक्ष्म-सूक्ष्मतर नादों को भी सुनने लगता है। इस कथन से यह स्पष्ट है कि योगी ने स्थूलध्वनि से लेकर सूक्ष्म-सूक्ष्मतर ध्वनि तक क्रमशः सुना है। वस्तुतः सृष्टि की रचना में चेतनाशक्ति का अवतरण हुआ। उस समय चेतना

---

[१] 'अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानाम्पूरयोध्या।
तस्यां हिरण्यमयः कोपः स स्वर्गोज्योतिषावृतः॥ अथर्व. १०।२।३१। तथा—
'प्रकाशक्रियास्थितिशीलं भूतेन्द्रियात्मकं भोगापवर्गार्थं दृश्यम्'
(यो० सू० सा० पा० सू० १८)

[२] (१) मूलाधारचक्र, (२) स्वाधिष्ठानचक्र, (३) मणिपूरचक्र (४) अनाहतचक्र, (५) विशुद्धिचक्र, (६) आज्ञाचक्र।

[३] अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, आनन्दमय—पांचकोष हैं।

[४] आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी—पांचमहाभूत हैं।

[५] 'सवितर्क-निर्वितर्क, सविचार-निर्विचार।
'तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्वीजः समाधिः'।
(यो० सू० पा० १ सू० ५१)
'ता एव सबीजः समाधिः'—(यो० सू० पा० १ सू० ५६)

[६] 'मूलाधारात्..............चतुर्द्वारस्य मध्यमे'
(ध्या० विं० उ० श्लो० १०१-३, पृ० २११)
तथा—'घंटादिनादसक्तस्तब्धान्तः..........प्रवीणश्चेत्'॥
(हठयो० प्र० उपदे० ४ श्लो० ९९)

[७] 'सिद्धासनस्थितोयोगी..............सूक्ष्ममुत्सृज्य वा घने॥
(ना० विं० उ० श्लो० ३१-३६३/४, पृ० २२१-२)

शक्ति क्रमशः अधिक से अधिक स्थूल के सम्पर्क में आई और वह विविध, विचित्र, तथा अनेक हो गई, किन्तु इस प्रक्रिया में उसका रसांश अथवा आनन्दांश क्रमशः क्षीण होता गया। समुद्रगर्जन और मेघगर्जन में स्वरव्यंजना नहीं है। भेरी में केवल एक स्वर की अभिव्यक्ति होती है तथापि इनमें क्रम है। अन्य ध्वनियों की अपेक्षा मधुर निर्झर की झर्झरध्वनि को सुनने पर तथा उन ध्वनियों के श्रवणक्रम को पढ़ने पर तुरन्त ही इस तथ्य की ओर ध्यान जाता है कि उन नादों के सुनने में सृष्टि का विलोम अथवा आरोही क्रम ही है। सृष्टि का अनुलोम क्रम अवरोही है, अर्थात् सूक्ष्म का क्रमशः स्थूल में अवतरण है। किन्तु उनके दर्शन के समय स्थूल से सूक्ष्म की ओर जाने से आरोही क्रम रहता है। अवनद्धवाद्य[१] स्थूल-महान् तथा घन-तीव्र नाद के जनक हैं, किन्तु उनमें स्वरवैचित्र्य नहीं है।

इन नादों के अनन्तर आसन पर बैठे हुए योगी ने अभ्यास के मध्य में मर्दल (अवनद्ध) की ध्वनि, उसके बाद घण्टे की टन-टन ध्वनि और तब काहल (सुषिर) की ध्वनि सुनी। इन ध्वनियों के श्रवण में भी स्वर-व्यंजना की दृष्टि से (जो सांगीतिक ध्वनि का प्राण है) वही स्थूल से सूक्ष्मनादों की ओर जानेवाला क्रम है।

अभ्यास के अन्त में योगी जिन नादों को सुनता है, वे नाद क्रमशः किंकिणी (घनवाद्य), वंशी (सुषिर), वीणा (तत) तथा भ्रमर की गुंजार है। यहां पर यह जिज्ञासा हो सकती है कि अन्तिम ध्वनि को जब भ्रमर की गुंजार (नाद) से प्रकट किया है, तब पूर्ववर्ती अन्य सुने हुए नादों को पशु पक्षियों की बोलियों से ही क्यों नहीं कहा? जबकि संगीत के ग्रंथों में पशु-पक्षियों की बोलियों में संगीत के सातों स्वरों का उल्लेख प्राप्त है।[२] इसका समाधान यह हो सकता है कि शरीर के भीतर सुनाई देने वाले नादों में जो रंजकता विविधता तथा मधुरता है, उसकी व्यंजना वाद्यों के द्वारा ही सम्भव हो सकती हो, जो किसी एक पक्षी की बोली में संभव नहीं हो सकती। अन्य एक कारण यह भी संभव है कि पशु-पक्षी की बोली में एक स्वर की तो अभिव्यक्ति हो सकती है, किन्तु प्राणि मात्र के नादों का श्रावण प्रत्यक्ष ही हो सकता है, वाद्यों के नादों की तरह उनका निदर्शन अर्थात् चाक्षुष-प्रत्यक्ष नहीं हो सकता। डॉ० बी० सी० देव का अनुमान है कि 'भ्रमर-गुञ्जन' में आवर्तन की विपुलता है, जो अन्य पक्षियों की बोलियों में नहीं प्राप्त होती। संभवतः इन्हीं सब कारणों से हमारे यहां के योगियों ने स्वानुभव के बल पर भीतरी नाद का सादृश्य, वाद्यों के माध्यम से प्रकट किया हो। पशु पक्षियों के नाद में उसके प्रकाशन की असमर्थता को वे अवश्य जानते होंगे। इस प्रसंग में कतिपय बातों का विश्लेषण करना आवश्यक प्रतीत हो रहा है—

१—शारीरी वीणा में नादानुसन्धान का जो क्रम है, वह स्वर व्यंजना के अवरोही क्रम में है।

---

१ 'चर्मावनद्धवदनमवनद्धम् (सं० रत्ना० श्लो० ५ $\frac{१}{२}$, पृ० २२८)

२ 'मयूर-चातक-च्छाग-क्रौञ्चकोकिलदुर्दुराः।
गजश्चसप्तषड्जादीन् क्रमादुच्चारयन्त्यमी॥

—सं० रत्ना० १।३।४६-$\frac{१}{२}$, पृ० ९१]

२—गात्रवीणा में ही स्वर प्रथमतः प्रकट हुए हैं, पश्चात् वे दारवी वीणा में आये ।[१]

३—गात्रवीणा में देवी देवताओं की स्थिति का उल्लेख योगियों ने किया है ।[२] संभवतः इसी कारण दारवी वीणा के विभिन्न अंगों में भी देवी और देवताओं की कल्पना की गई ह । संगीत रत्नाकर के वाद्याध्याय में एक तंत्री वीणा की निर्माण विधि के अनन्तर कहा है[३]—"प्रकृतिः सर्ववीणानामेषा", 'दण्डः—शंभुः', 'तन्त्री—उमा', 'ककुभः—कमलापतिः; 'पत्रिका—इन्द्रः, 'तुम्बः—ब्रह्मा', 'नाभिः—सरस्वती', 'दोरकः—वासुकिः', 'जीवा—सुधांशुः' 'सारिका—रविः—इस प्रकार सर्वदेवमयी समस्त मंगलों को देनेवाली यह वीणा है ।[४]

भारतीय योगी ने जीवन को समग्रता से देखा है। अतएव उन्होंने एकता में अनेकता का दर्शन किया है। यहाँ कभी भी ऐसी दृष्टि नहीं रही कि पर्वतों, जंगलों अथवा कन्दराओं में ध्वनि सुनी और तब उसी के आधार पर वाद्य-निर्माण किये गये हों। यहाँ का साधक और दार्शनिक तो अपने भीतर से आरंभ करके ही वाहर की ओर चला है।

आज भी संगीत के क्षेत्र में बजाये जाने वाले वाद्यों को देखकर तथा सुनकर इस तथ्य का ज्ञान होता है कि अवनद्ध-वाद्य व्यंजन-ध्वनि प्रधान होते हैं। स्वर-व्यंजना की अभिव्यक्ति के क्रम में 'तत' तथा 'सुषिर' की अपेक्षा से वे अन्तिम पड़ते हैं। स्वरोन्मेष की व्यंजना का श्रेष्ठतम प्रकाशक तन्त्रीवाद्य या वीणा ही है। वीणा और अवनद्ध के मध्य में सुषिर आते हैं। सुषिर-वाद्यों का प्राणवायु से सीधा संबंध रहने पर भी सुषिर-वाद्य वंशी आदि, शरीर के हाथों की अंगुलियों की सहायता से बजता है, इसीलिये उसे मध्य में रखा गया है। भीतरी नाद-श्रवण आज के वाद्यों के विकास और क्रम की रूपरेखा को स्पष्ट करता है। आज के वाद्यों के विकास के मूल में स्वरव्यंजना का वैचित्र्य ही एक मात्र कारण है।

४—नादानुसंधान से समस्त संचित पापों का क्षय हो जाता है और चित्त तथा प्राणवायु निरंजन में विलीन हो जाता है।[५] योग में नादानुसंधान का प्रयोजन तो मोक्ष प्राप्ति ही है। वह एक शक्तिशाली सनातन साधन है, जो मोक्ष प्राप्ति में सहयोग प्रदान करता है। नाद की चर्चा करते हुए योगियों ने उसे अनाहत और आहत के रूप में दो प्रकार का सुना। श्वासोच्छ्वास की गति में जिस 'नाद' का उन्होंने श्रवण किया, वह

---

१ 'पूर्वं शरीरादुद्भूतास्ततो गच्छन्ति दारवीम् ।
ततः पुष्करजञ्चैवमनुयान्ति घनं (ध्वनिं) पुनः (युताः) ॥
—ना० शा० IV अ—३१, पृ० ४१०]

२ षट्चक्र निरूपण पुस्तक में देखिये ।

३ सं० रत्ना० ३।६।५३—५५३, पृ० २३७]

४ 'सर्वदेवमयी तस्माद् वीणेयं सर्वमङ्गला'
—सं रत्ना० वाद्याध्या० VI ५६, पृ० २३७]

५ 'सदानादानुसन्धानात् क्षीयन्ते पापसञ्चयाः ।
निरञ्जने विलीयेते निश्चितं चित्त-मारुतौ ॥
—हठयो० प्रदी० श्लो० १०५, पृ० ७२]

'सोऽहं' था। वह हृदय के स्पन्दन के साथ सम्बद्ध था। इसीलिये उसे 'अनाहत' नाम दिया। उपनिषदों में उसे 'अनाहत' संज्ञा देने में दो हेतु 'हृज्जत्वात् नित्यत्वाद्वा' बताये गये हैं। आजीवन हृदय के स्पन्दन के साथ आवद्ध रहने के कारण ही उसे हृदय से उत्पन्न कहा गया है, किन्तु आत्मा की तरह 'नित्यत्व' तो उसका स्वरूप ही है (योगियों का अनाहत-नाद तो स्पन्दमात्र है)। 'सोऽहम्' इस अनाहत नाद को योगियों ने अर्थोत्पादक कहा है। 'सः'=वह, 'अहम्'=मैं='सोऽहम्'=वह मैं हूँ। किन्तु 'आहतध्वनि' भी अर्थोत्पादक है ऐसा योगियों ने कहीं भी नहीं कहा है। 'सोहं' ध्वनि अव्यक्त रूप से 'आज्ञाचक्र' में मन के द्वारा अनुभूत हुई। उपनिषद् में भी कहा है कि जितने नाद हैं उतने जीव हैं। जब तक नाद है तब तक मन है।[१]

निःश्वास की गति के साथ होने वाले 'सोऽहम्' नाद का नियमन कर योगी दीर्घायु तथा शक्तिमान् होते हैं। उपनिषदों में 'विन्दु' से नाद की उत्पत्ति चतुर्विध 'वाक्' के रूप में बताई गई है। इसके अतिरिक्त अन्य दो अर्थों में भी विन्दु का प्रयोग उपनिषदों में प्राप्त है।

१ – प्रथम सशब्द बीजाक्षर 'प्रणव' के द्वारा जिसका ध्यान किया जाता है वह ध्येय वस्तु ही 'विन्दु' है।[२]

२—'विन्दु' शब्द का दूसरा प्रयोग 'पौरुष' अर्थ में प्राप्त है। यह 'वज्रोली मुद्रा' के गुणवर्णन के प्रसंग में कहा है।[३]

योगसाधना की अन्तिम प्रयोगात्मक परिणति 'तंत्र' है। तन्त्र में तो 'नाद' से 'विन्दु' की उत्पत्ति बताई है। शारदातिलक में सच्चिदानन्द विभव परमेश्वर से शक्ति हुई, उससे 'नाद' और 'नाद' से 'विन्दु' उत्पन्न हुआ।[४] तन्त्र शास्त्र का बिन्दुतत्त्व गणित के बिन्दु 'O' से विलक्षण है। गणित-शास्त्र के बिन्दु के समान परिमाणातीत होता हुआ भी वह स्थानरहित है। यह 'विन्दु', शक्तिकी वह अवस्थाविशेष है, जहाँ से उसकी सृष्टिक्रिया प्रारंभ होती है। तंत्र में 'विन्दुतत्त्व' को ईश्वरतत्त्व के नाम से भी पुकारते हैं। वह अनादि और अनन्त (परिमाणहीन) होता हुआ भी उसका कल्पित अथवा अकल्पित किसी प्रकार का भी स्थान नियत नहीं है।

नादतत्त्व की अभिव्यक्ति के लिए 'पिण्ड' में प्राणतत्त्व सहायक होता है। 'नादाभिव्यक्ति' के लिए उत्पादक, ग्राहक और वाहक तीनों उपकरणों की आवश्यकता होती है

---

१ 'नादो यावन्मनस्तावत्'—नाद-विं० उ०, श्लो० ४८, पृ० २२४]

२ 'बीजाक्षरं परं विन्दु नादं तस्योपरिस्थितम्।
सशब्दश्चाक्षरे क्षीणे निःशब्दं परमं पदम्'॥
(ध्यान-विं० उप० श्लो० २, पृ० १८६)

३ 'एवं संरक्षयेद् विन्दुं मृत्युं जयति योगवित्।
मरणं विन्दुपातेन जीवनं विन्दुधारणात्॥'
(हठयो० प्र० श्लो० ८८, पृ० ४९)

४ कल्याणविशेषाङ्क—यो० अं०

यह संगीत से सिद्ध ही है।[१] प्रकृति ने क्रियारूप इस नाद को 'प्राणरूप वाहन' दिया है, जिस पर आरूढ़ होकर यह अपनी शक्ति की अभिव्यक्ति करता है।

वायुमहाभूत से उत्पन्न यह 'प्राणवायु' भी अपने कारण के समान अदृश्य है। केवल 'स्पर्श' से ही उसका अनुभव होता है। यह 'प्राणवायु', वायुमहाभूत के सात्विक अंश से बना है। शरीरविशेष से मिलकर वह उसी के रूप-रंग और आकार-प्रकार का प्रतीत होता है। शरीर में वह दसभागों में विभक्त रहता है।[२] अपने जीवनदाता पवन के समान वह सदा ही गमनशील है।[३] जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति किसी भी समय उसका व्यापार रुकता नहीं है। वह सदा क्रियाशील रहता है। प्राणिमात्र के जीवन का आधार होने से ही उसे प्राण कहते हैं। 'प्राणयति अथवा जीवयति'—इति प्राणः। प्राणोत्थान-काल में जब वह 'प्राण' विभिन्न चक्रों पर अपना कार्य प्रारंभ कर देता है, उस समय केवल एक आनन्दमय सुखदस्पर्श की ही अनुभूति होती है। चक्रों पर प्राणवायु की गति का दर्शन तो केवल वे ही सौभाग्यशाली योगी कर पाते हैं, जिनकी कुण्डलिनी जागरित हो गई है। कुण्डलिनी-जागरण तो आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान के अनुष्ठान से परिपूत हुए योगी के पिण्ड में ईश्वर के अनुग्रह से घटित होने वाली एक घटनाविशेष है। जागरित हुई कुण्डलिनी अपने दिव्यप्रकाश से समस्त देह के आभ्यन्तर संस्थानों (चक्रों) को तथा अवयवों को जगमगा देती है। इस अपूर्वप्रकाश में देहगत विलक्षण क्रियाओं तथा सूक्ष्मतत्त्वों के यथावत् दर्शन से विशिष्ट विज्ञानों का साक्षात्कार होने लगता है। ध्यानस्थ-योगी गुप्तरहस्यपूर्ण आध्यात्मिक पदार्थों का विज्ञान सहज ही प्राप्त कर लेता है। इसी प्रकार का विशिष्टज्ञान यह 'षट्चक्रदर्शन' या कमलदर्शन भी है।' उसका सर्वप्रथम दर्शन योगियों को ही हुआ है, जिसके फलस्वरूप प्रवृत्तिमूलक तान्त्रिक उपासना पद्धति को एक ठोस आधार प्रदानकर भारतीय-उपासना पद्धति में एक अपूर्व क्रान्ति का उद्भव हुआ।

नाद को ही एकमात्र अपने लक्ष्य (पुरुषार्थ) प्राप्ति का साधन बनाने वालों में योगियों के बाद संगीतसाधक ही आते हैं। अपने युग के सामाजिक जीवन में बिखरे आध्यात्मिक तथा भौतिक तथ्यों की ये लोग उपेक्षा नहीं कर सके। उन स्वानुभूतियों ने संगीतसाधकों की अभिव्यक्ति को बल और विकास के साथ मौलिकता प्रदान की। योग की भाँति 'संगीत' का भी शरीर से ही सीधा संबंध है। उससे ही वह शुरू होता है।

---

[१] सं० रत्ना० १।२।६०–६१

[२] 'अथवर्णास्तु पञ्चानां·········समप्रभः ।।'

(अमृतनादोप०, श्लो० ३५–३७, पृ० २४)

तथा—'प्राणापानौ तथा व्यान·········नाभिकन्दादधः स्थितः ।।'

(सं० रत्ना० I, २।५९–६०।पृ० ४१)

[३] जीव की तीन अवस्थायें—जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति होती हैं। जाग्रत् अवस्था वह है, जिसमें सब व्यवहार चलते रहते हैं। स्वप्न अवस्था वह है, जिसमें असत्य भी सत्य सा प्रतीत होता है। सुषुप्ति अवस्था वह है जिसमें, कोई ज्ञान ही नहीं होता।

नारदीय शिक्षा तथा भरत के नाट्यशास्त्र में 'गात्र' (शरीर) वीणा कही गई है। उसका तात्पर्य यही है कि 'स्वर' सर्वप्रथम शरीर में ही प्रकट हुए, पश्चात् वीणा, वेणु और अवनद्धवाद्यों में आये। नाट्यशास्त्रकार भरत के कथन से भी यही सिद्ध होता है कि 'शरीर' ही संगीत के स्वरों का प्रथम जन्मदाता है।[१]

नाट्यशास्त्र का ध्वन्यर्थक 'शब्द' शब्द 'वाय्वात्मको भवेच्छब्दः' के द्वारा जो बताया गया, वही आगे चलकर मतंगमुनि के 'बृहद्देशी' में 'नाद' हो गया।[२] 'नाद' संज्ञा में जिस विशिष्टता का ज्ञान इन योगियों ने कराया था, उसका पूर्ण लाभ संगीतकारों ने उठाया। मतंगमुति से 'नाद' शब्द संगीत में एक विशिष्ट अर्थ से प्रयुक्त होने लगा। मतंग के परवर्ती सभी संगीत-ग्रन्थों में 'नाद' की स्तुति तथा महिमा गायी जाने लगी। 'संगीत-रत्नाकर' में तो 'नाद' को नादब्रह्म कहकर ही ग्रन्थकार सन्तुष्ट नहीं हुआ। उसने 'नाद' को ब्रह्मा-विष्णु तथा महेश रूप से कहकर सृजन, धारण और विलय तीनों शक्तियां उसे एक साथ प्रदान कर दीं।[३] लीक -- व्यवहार में संपूर्णवाणी के व्यवहार का एकमात्र नियामक 'नाद' है। संगीत के तीन अंग 'गीत, वाद्य तथा नृत्य' नाद के अधीन हैं।[४] मतंगमुनि नें भी बृहद्देशी में 'नाद' की महिमा तथा उसकी लोक-व्यापिनी शक्ति का वर्णन किया है।[५] मतंगमुनि के 'बृहद्देशी' पर योगदर्शन का विशेष प्रभाव है। इसीकारण शास्त्र-

---

१ 'शारीर्यामेव वीणायां स्वराः सप्त प्रकीर्तिताः।
तेभ्यो विनिःसृताश्चैवमातोद्येषु द्विजोत्तमाः॥
पूर्वं शरीरादुद्भूतास्ततोगच्छन्ति दारवीम्।
ततः पुष्करजञ्चैवमनुयान्ति घनं (ध्वनिं) पुनः (युताः)॥
नाο शाο अο ३४।३०-३१)

२ बृहद्दे० नादोत्पत्तिप्रकरण, श्लो० १९½, पृ० ३]

३ 'चैतन्यं सर्वभूतानां विवृत्तं जगदात्मना।
नादब्रह्म तदानन्दमद्वितीयमुपास्माहे ॥१॥
नादोपासनया देवा ब्रह्म-विष्णुमहेश्वराः।
भयन्त्युपासिता नूनं यस्मादेते तदात्मकाः॥२॥
—सं० रत्ना० १।३।१-२, पृ० ६२,६३]

४ गीतं नादात्मकं वाद्यं नादव्यक्त्या प्रशस्यते।
तद्द्वयानुगत्तं नृत्तं नादाधीनमतस्त्रयम् ॥१॥
नादेन व्यज्यते वर्णः पदं वर्णात् पदाद्वचः।
वचसो व्यवहारोऽयं नादाधीनमतो जगत्॥२॥
—सं० रत्ना० १।२।१-२]

५ 'न नादेन विना गीतं, न नादेन विना स्वराः।
न नादेन विना नृत्तं तस्मान्नादात्मकं जगत्॥
नादरूपः स्मृतोब्रह्मा नादरूपो जनार्दनः।
नादरूपा पराशक्तिर्नादरूपो महेश्वरः॥

निरूपण के पूर्व ग्रन्थ के आरम्भ में वे नादतत्त्व की व्याख्या करते हैं।[१] मतंग की बृहद्देशी में ही नहीं 'संगीतरत्नाकर' में भी नादस्थान, नादोत्पत्तिविधि, नादभेद, नादों के नाम तथा श्रुतियों की संख्या बाईस ही होने का कारण जिस शैली से बताया गया है, वह शैली मूलतः 'योग' से ही प्रभावित है।[२] 'संगीतसमयसार' में भी "त्रीणि स्थानानि हृत्कण्ठशिरांसीति समासतः।······द्विगुणः क्रमात्" ॥ बात तो वही है, शब्दावली मात्र भिन्न है। मतंगमुनि ने अपने ग्रन्थ में नादोत्पत्ति के प्रसंग में 'नाद' की जो व्युत्पत्ति तथा निरुक्ति दी है, वह भी 'योग' से प्रभावित है।[३] संगीतरत्नाकर में भी नाद की निरुक्ति ऐसी ही कही गई है।[४]

मोक्षप्राप्ति में 'नाद' सहायक है, उससे उपयुक्त पथप्रदर्शक अन्य कोई नहीं है, क्योंकि उसमें 'रूप और श्रव्यता' दोनों ही हैं। इसीलिए 'संगीत रत्नाकर' में शार्ङ्गदेव ने कहा है कि 'शाश्वताय च धर्माय कीर्त्यै निःश्रेयसाप्तये'[५] अर्थात् शाश्वत धर्म, कीर्ति और

---

[१] यदुक्तं ब्रह्मणः स्थानं ब्रह्मग्रन्थिश्च यः स्मृतः।
तन्मध्ये संस्थितः प्राणः प्राणाद् वह्निसमुद्गमः॥
वह्निमारुतसंयोगान्नादः समुपजायते।
नादादुत्पद्यते बिन्दुर्नादात् सर्वं च वाङ्मयम्॥
कन्दस्थानसमुत्थो हि सच पञ्चविधो भवेत्।
सूक्ष्मश्चैव तिसूक्ष्मश्च समीरः सञ्चरन्नधः॥
ऊर्ध्वं च कुरुते सर्वां न.दपद्धतिमुद्धताम्।
सूक्ष्मश्चैवातिसूक्ष्मश्च व्यक्तोऽव्यक्तश्चकृत्रिमः॥
सूक्ष्मोनादो गुहावासी हृदये चातिसूक्ष्मकः।
कण्ठे मध्ये स्थितो व्यक्तः अव्यक्तस्तालुदेशके॥
कृत्रिमो मुखदेशे तु ज्ञेयः पञ्चविधो बुधै.॥—बृहद्देशी, नादोत्पत्ति—पृ० २-३।

[२] आत्मा विवक्षमाणोऽयं मनः प्रेरयते मनः।
देहस्थं वह्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्॥
ब्रह्मग्रन्थिस्थितः सोऽथक्रमादूर्ध्वपथे चरन्।
नाभिहृत्कण्ठमूर्धास्येष्वाविर्भावयतिध्वनिम्॥
सं० रत्ना० १।३।श्लो० ३-४, पृ० ६४

"एवं कण्ठे तथा शीर्षे श्रुतिर्द्वाविंशतिर्मता॥"
सं० रत्ना० १।३। श्लो० ९½ पृ० ६७

[३] 'नकारः प्राण इत्याहुर्दकारश्चानलो मतः।
नादस्य द्विपदार्थोऽयं समीचीनोमयोदितः॥२२॥
नादोऽयं नदतेर्धातोः स च पञ्चविधो भवेत्॥२२½॥
—बृहद्दे० नादोत्पत्तिप्रकरण-पृ० ३

[४] नकारम्प्राणनामानं दकारमनलं विदुः।
जातः प्राणाग्निसंयोगात्तेन नादोऽभिधीयते॥६॥
—सं० रत्ना० १।३। पृ० ६४

[५] १।१। श्लो० १३½, पृ० ११

मोक्ष तीनों को ध्यान में रखकर ही 'संगीतरत्नाकर' का निर्माण कर रहा हूँ। 'संगीत' की परिभाषा करते हुए 'गीतं वाद्यं तथा नृत्तं त्रयं संगीतमुच्यते'[1] में 'नृत्त' की सार्थकता तथा 'संगीत' के अन्तर्गत तीनों के संगम की पुष्टि, 'योग की उपलब्धियों' के माध्यम से ही हो पाती है।

'गात्रवीणा' में 'अवरोही' और 'दारवीवीणा' में 'आरोही' क्रम क्यों है? इस प्रश्न का समाधान 'योग' ही करता है। योगशास्त्र में यह प्रसिद्ध है कि 'मूलाधार चक्र'—पृथ्वीतत्त्वप्रधान, 'स्वाधिष्ठानचक्र'—जलतत्त्वप्रधान, 'मणिपूरचक्र—अग्नि या तेजस्तत्त्व-प्रधान और 'अनाहतचक्र'—वायुतत्त्वप्रधान, एवं 'विशुद्धिचक्र'—आकाशतत्त्वप्रधान है। यहां यह ज्ञातव्य है कि शरीर के निचले भागों में स्थूलतत्त्वों की प्रधानता है और ऊपरी भागों में सूक्ष्मतत्त्वों की प्रधानता प्रकट हुई है। 'आकाश' शब्द का आधार है। वह पाँचों तत्त्वों में सूक्ष्मतम है। शब्द के उत्पादन और प्रसार में पृथ्वी और जलतत्त्व स्थूल माध्यम हैं, जब कि शब्द के लिये उन दोनों की अपेक्षा वायु को सबसे अधिक उपयुक्त साधन या माध्यम माना गया है। 'सांगीतिक ध्वनि अथवा नाद' अग्नि और प्राणवायु के संयोग से उत्पन्न होता है और शरीर के भीतर 'मणिपूरचक्र' से 'विशुद्धिचक्र' तक यानी नाभि से कण्ठतक ही इसका क्षेत्र है।

आज के विज्ञान ने भी यही सिद्धान्त निकाला है कि शब्द का उत्पादक माध्यम जितना ही स्थूल होगा उतनी ही 'शब्द की तारता' कम होगी। ठीक इसके विपरीत उत्पादक सूक्ष्म द्रव्यों में 'शब्द की तारता' अधिक होगी। यह सिद्धान्त योग की दृष्टि से 'गात्रवीणा' में स्वरों के अवरोही क्रम को स्पष्ट करता है। इस विवेचन से एक अन्य निष्कर्ष यह भी निकलता है कि 'स्वरों की तारता का संबन्ध कम्पित तार की लम्बाई से भी है।' 'तार की लम्बाई जितनी कम होगी उतना ही ऊँचा शब्द होगा'—यह सिद्धान्त भी योगियों ने ही खोज निकाला। 'गात्रवीणा' के झङ्कृत-अवयव यानी उच्चारण यन्त्र की स्थिति शरीर में ऊपर की ओर है। यह गात्रवीणा ऊपर की ओर ही बजाई जाती है, जबकि दारवीवीणा नीचे की ओर छेड़ी जाती है। इसीलिये दारवीवीणा में स्वरों का 'आरोही क्रम' है।

इसके अतिरिक्त 'योगशास्त्र' का दूसरा महत्त्वपूर्ण-प्रभाव, वर्णों में लक्षित होता है। संगीतरत्नाकर के नाद, स्थान, श्रुति, जाति, कुल, देवता, ऋषि, छन्द और रस के प्रकरण में ग्रन्थकार ने स्वरों के वर्ण, रंग, जाति की चर्चा की है,[2] यह योगशास्त्र के प्रभाव से ही वह कर पाया। अभिव्यक्ति का एक प्रभावशाली माध्यम रंग है। अतएव प्राचीन शिक्षा-ग्रंथों में तत्त्वों और स्वरों' के साथ 'रंगों' का वर्णन मिलता है। नारदीयशिक्षा में स्वरों के जो रंग दिये हैं, लगभग वे ही अन्य स्थलों पर भी मिलते हैं। ज्यौतिषशास्त्र भी वर्ण (रंग-जाति) पर बहुत अधिक बल देता ह। मिस्टर C. W. Lead beater ने अपनी थियोसोफिकल पुस्तक 'Thoughtform' में रंगों को भावों (Emotions) से जोड़ा है।

---

[1] १।१।२१, पृ० १३

[2] सं० र० १।१।५३-५४½ पृ० ९६।

जैसे—'क्रोध, राग' आदि का रंग-लाल। 'हरा रंग' सर्वग्राहकता (Adaptability) के लिये होता है। इतना ही नहीं, उसका तो कहना है कि 'रंगों की चमक और गहराई प्रायः भावों की शक्ति और सक्रियता को व्यक्त करती है। 'नाद' में ज्योतिस्तत्त्व है, तभी उसमें रूप या रंग को पा सकते हैं। 'सातस्वरों' से जिन 'सातरंगों को जोड़ा गया है, वे ही रंग न्यायशास्त्र में 'पृथ्वी' के भी बताये गये हैं। 'रूप' अग्नि का गुण है और 'अग्नि' नाद के दो उत्पादक तत्त्वों में से एक है और दूसरा तत्त्व 'वायु' है। प्रत्येक महाभूत में अन्य चार महाभूतों का भी अंश रहता है। 'अग्नि और वायु' ये दोनों शब्द के उत्पादक तत्त्व हैं। अतः यह समझ में आता है कि पृथ्वी में जो रंग कहे हैं, वे स्वरों में भी हो सकते हैं।

कतिपय संज्ञाओं का प्रयोग संगीत के ग्रन्थों में ऐसा हुआ है, जिसका अर्थ समझने के लिये 'योग और तंत्रशास्त्र' का सहारा लेना पड़ता है। जैसे—बिन्दु, कला, मात्रा, काल' प्राण, बीजाक्षर, आदि।[1] शक्ति के प्रतीकात्मक बीजाक्षर, ('अ', और 'इ'), स्वरों के क्रम 'स, रि, ग, म, प, ध, नि, स' में तान्त्रिक प्रभाव को ही अभिव्यक्त करते हैं। 'अ' विष्णु (हरि) का प्रतीक है और 'इ' शक्ति का प्रतीक है। इस सन्दर्भ में यह बताना अप्रासंगिक न होगा कि इन्हीं कारणों से संगीत को ललित कलाओं में सबसे महत्त्व-पूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। आर० सत्यनारायण ने अपने निबन्ध 'गणपति और कर्नाटक म्यूजिक' म स्पष्ट रूप से कहा है कि संगीत की पारिभाषिक-शब्दावलि और ग्रामों पर योग और तन्त्र का विशेष प्रभाव पड़ा है।[2] 'गणपति'—शब्द की व्युत्पत्ति ब्रह्मवैवर्तपुराण में—'ग' विवेक को और 'ण' मोक्ष को बताता है, यह दी गई है। 'अथर्वशीर्षोपनिषद्' में भी 'ग' 'ब्रह्म' का अथवा 'मन' का और 'ण' 'ध्वनि' का द्योतक है। श्री आर० सत्यनारायण ने बताया है कि 'षड्ज' का जन्मस्थान 'मूलाधारचक्र' है, जिसके संचालक 'गणपति' हैं। इस कथन में भी योग का प्रभाव लक्षित होता है।

---

[1] **बिन्दु**—बिन्दु, शक्ति की घनीभूत अवस्था का ही नाम ह। ब्रह्म में 'चित्' रूप से जो शक्ति सत्त्वमयी है, 'नादतत्त्व' के क्रिया रूप में वही शक्ति रजोमयी है, 'बिन्दुतत्त्व' में घनीभूत होने से वही तमोमयी हो जाती है। मतंगमुनि ने नाद से बिन्दु की उत्पत्ति कही है "नादादुत्पद्यते बिन्दुस्ततः सर्वं च वाङ्मयम्।"

कला—कला, शक्ति की एक विशेष विभूति है। (शक्ति की लीला है) यह दो प्रकार की है–बाह्य और अन्तः। बाह्य कला के १६ भेद हैं। शक्ति की १६ वीं कला अमाकला योनिरूपा और पाश (बन्धन) स्वरूपा है। 'कलाविमर्शशक्तिः'

बीजाक्षर—तान्त्रिक पद्धति की एक संज्ञा है। मन्त्रों को एक एक अक्षर में घनीभूत किया जाता है। उन्हीं एक एक अक्षरों को बीजाक्षर यह संज्ञा दी गई है।

[2] Journal of the Indian Musical Society Vol. 5, No. 2, 1974.

सृष्टि के व्यापारों में प्रमुख पाँच गतियां दृष्टिगत होती हैं—उत्क्षेपण' अवक्षेपण, आकुञ्चन, प्रसारण तथा गमन।[१] इनका उपयोग ताल के सन्दर्भ में संगीतकारों ने किया है। भंगीत के विद्वानों ने ताल के प्रसंग में 'निःशब्द' और 'सशब्द' दो क्रियाएँ कही हैं।[२] निःशब्दक्रिया के प्रकारों में 'आवाप, निष्क्राम, विक्षेप तथा प्रवेश' और सशब्दक्रिया के प्रकारों में 'गमनगति' का ताल की आवर्तनगति' (Cyclic) में प्रयोग किया है। तालों में जो 'चतुरस्र' तथा 'त्र्यस्र' की धारणा है, उस पर भी योग दर्शन का प्रभाव लक्षित होता है। प्राणोत्थान की गति, नाद तथा प्रकाश के एक साथ (समवेत) होने वाले व्यापारों का दर्शन 'मूलाधारचक्र' पर ही सर्वप्रथम योगियों ने किया। बहुत सम्भव है कि वहीं से 'चतुरस्र-तालों' की कल्पना आई हो, क्योंकि 'मूलाधारचक्र' कमलाकार और चार दल वाला है, तथा उसमें स्थित 'यन्त्र' भी चारकोण वाला (चतुष्कोण) है। संगीत में 'गति' की यह मूलधारणा है, उसीसे अन्य अनेक तालों को जन्म मिला। 'स्वाधिष्ठान' से आगे नाभि के समीप 'मणिपूर' नाम का जो चक्र है, वह है तो 'दशदलवाला', किन्तु प्राणवायु की गति वहां त्रिकोणरूप में भ्रमण करती है। तालों के मूल में दूसरी 'त्र्यस्र' की धारणा, भी इसीसे प्रभावित प्रतीत होती है।

आरम्भ में नाडियों का शोधन न हाने से 'प्राणवायु की गति' अवरुद्ध तथा मन्द होती है, किन्तु आसन, प्राणायाम, ध्यान, धारणा से शोधित देह में प्राण की गति बड़ी तीव्र होती है। उस समय चक्र चलते हुए दृष्टिगत होते हैं। ताल में गति, लय के प्रकार और स्वरूप के निर्धारण में अवश्य ही योगियों की अनुभूतियों का योगदान रहा होगा।

अवनद्ध और घनवाद्यों की प्रेरणा तो 'मणिपूरचक्र' तक ही मिली। यहां तक ही 'पृथ्वी और जलतत्त्व' की प्रधानता है। उसके ऊपर 'वायुतत्त्व' की प्रधानता होने से 'सुषिर और तत' वाद्यों की उपज संभव है। 'आहत अथवा घातज नाद' के विकास का पूर्णतम स्वरूप हमें आज संगीत के रूप में प्राप्त है। योगियों का मान्य नाद, अनाहत है, जिस अनुभूति में शब्द और प्रकाश की संवेदना एकीभूत होकर आती है। उनकी यह अनुभूति, परोक्ष या अतीन्द्रिय है। इस अनाहतनाद की पूर्णतम परिणति ही 'योग' है। उसी की सामाजिक अनुष्ठान में उपासनाबद्ध क्रियात्मक पूर्णता ही 'तन्त्र' है। चिन्तन, अनुभव और प्रयोग ये तीनों ज्ञानमय अनुभूतियों को शाश्वत सत्यों में परिवर्तित कर देते हैं। योग की अनुभूतियां, जो गूंगे के गुड़ की नाईं व्यष्टि की उन्नति में व्यष्टि तक ही सीमित थीं, वे ही मूलचेतनाएँ संगीत की बहुमुखी अभिव्यक्ति को पाकर गूंज, झनकार, घोष तथा टङ्कार से दिगन्त को स्तब्ध करने की सामर्थ्य पा गईं।

---

१ उत्क्षेपणं ततोऽपक्षेपणमाकुञ्चनं तथा।
प्रसारणं च गमनं कर्माण्येतानि पञ्च च॥
न्या० सि० मु० प्र० खं० का० ६

२ निःशब्द—शब्द हीन क्रिया ही निःशब्द क्रिया है। तथा शब्द युक्त क्रिया सशब्द क्रिया कहलाती है। यथा—ताली बजाना या चुटकी आदि।
सं० र० ३।५।४–१ पृ० ४-५

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि नादतत्त्व के दो विभिन्न भेदों का पूर्णतम विकास हीं योग और संगीत है। अनाहतनाद के न रहने पर आहतनाद की सत्ता का प्रश्न ही नहीं उठता। अतएव 'योग में संगीत और ध्वनि' की इस विशद विवेचना से योग और संगीत में स्थित अनाहत तथा आहत नाद का रहस्य और उसकी उपयोगिता स्पष्ट हो जाती है।

संगीत शास्त्र विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

भारतीय संस्कृति और योग

डॉ० (कु०) विमला कर्णाटक

संस्कृति का अंग्रेजी अनुवाद 'कलचर' है। संस्कृति का अर्थ क्या है, इसकी जानकारी के लिये सर्वप्रथम 'संस्कृति' शब्द का निर्माण कैसे हुआ यह जान लेना आवश्यक होगा। 'संस्कृति' संस्कृत-भाषा का शब्द है। व्याकरण की पद्धति से 'सम्' उपसर्गपूर्वक 'कृ' धातु से भूषण अर्थ में 'सुडागम' पूर्वक 'क्तिन्' प्रत्यय करने से 'संस्कृति' शब्द निष्पन्न होता है। इस प्रकार लौकिक, पारलौकिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, राजनैतिक आदि अभ्युदय के उपयुक्त देहेन्द्रिय (मन, बुद्धि, अहंकारादि) की भूषणभूत सम्यक् चेष्टाएँ एवं हलचलें ही संस्कृति हैं। शब्दान्तर में इसका अर्थ 'संस्कृत' अर्थात् शुद्ध करने की क्रिया है। कहा जाता है कि आचार एवं विचार की रेखाएँ बनती और मिटती रहती हैं। जो बनता है, वह निश्चित मिटता है। किन्तु मिटकर भी जो अमिट रहता है, अपना संस्थान छोड़ जाता है, वह संस्कृति है।

वास्तव में किसी भी राष्ट्र का अस्तित्व उसकी 'संस्कृति' के कारण ही बना रह सकता है। क्योंकि संस्कृति ही किसी राष्ट्र या जाति का आत्मा अर्थात् प्राण है। संस्कृति के उदयास्त से ही राष्ट्र का उदयास्त होता है। इसके द्वारा किसी जाति के उन संस्कारों का बोध होता है, जिनके सहारे वह अपने सामूहिक या सामाजिक जीवन के आदर्शों का निर्माण करता है।

भिन्न-भिन्न देशों की संस्कृतियों का पर्यवेक्षण कर आधुनिक विद्वान् इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि भारतीय संस्कृति को छोड़कर कोई ऐसी दूसरी संस्कृति नहीं है, जो मनुष्य की उत्पत्ति के समय से लेकर आज तक अखण्ड धारा से चलती आई हो। भारत में जिस संस्कृति की अभिव्यक्ति हुई है, जगत् के अन्य किसी देश से उसकी उपमा नहीं है। मिश्र, फिनिशिया पार्थिया, क्रीट, भूमध्यसागर की प्राच्य-प्रान्त-भूमि, ग्रीस, प्राचीन चीन-किसी भी देश की संस्कृति गम्भीरता, व्यापकता, विरोध-समन्वय सामर्थ्य और सर्वतोमुख विकास के विषय में भारतीय संस्कृति के साथ तुलना के योग्य प्रतीत नहीं होती। इतना ही नहीं, यह अखण्डनीय ऐतिहासिक सत्य है कि नानाविध देशों की संस्कृतियाँ भारतीय संस्कृति से ही अनुप्राणित हैं। एक प्रदीप से जैसे सहस्र प्रदीप प्रज्वलित किये जाते हैं, वैसे ही एक भारतीय संस्कृति के प्रभाव से अनेक उपसंस्कृतियों का विकास हुआ है।

तात्त्विक दर्शन भारतीय संस्कृति का अनुपम मणि है। अपने दीर्घ अनुभव, तपः पूतज्ञान और चिन्तन द्वारा भारत के आत्मदर्शी ऋषि इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि आत्मानुभव, आत्मसाक्षात्कार, आत्मदर्शन ही मानव जीवन का परम पुरुषार्थ है। जीवन और जगत् में दो प्रकार के तत्त्व हैं। एक वह जो नित्य परिवर्तनशील है, जो प्रतिक्षण बदल रहा है। दूसरा वह जो इस परिवर्तन के मूल में है, अव्यक्त है या उसी के कारण और उसी को लेकर जगत् के सम्पूर्ण व्यक्त पदार्थों का अस्तित्व है। कहा जाता है कि आत्मलाभ

होने पर और किसी वस्तु की प्राप्ति शेष नहीं रह जाती है। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की चरम अभिलाषा निरतिशय आनन्दलाभ करने की होती है, जो ब्रह्मसाक्षात्कार से परिपूर्ण हो जाती है। भारतीय संस्कृति का अनुभूति के द्वारा साक्षात्कार किया जा सकता है, तर्क के द्वारा उसका चित्र नहीं खींचा जा सकता, दर्शन नहीं कराया जा सकता है। इसी महान् उद्देश्य की पूर्ति के लिये भारतवर्ष में नानाविध दर्शनशास्त्रों का निर्माण हुआ। यद्यपि सभी दर्शनों की प्रणालियों में भिन्नता है, परन्तु उनके प्रतिपादित तथ्यों में भिन्नता कदापि नहीं है। क्योंकि सभी दर्शनों का उद्गम स्थान वेद है। इसीलिये सभी में मौलिक एकता है।

अब हमें यह विचार करना है कि भारतीय संस्कृति के मूलभूत उद्देश्य आत्मसाक्षात्कार के लिये यौगिक-क्रियाएँ कहाँ तक सफल हुई हैं। योगविद्या-अत्यन्त प्राचीन है। वैदिक युग से लेकर आज तक इसकी निरवच्छिन्न धारा चली आ रही है। दर्शनयुग इस विद्या की अभिव्यक्ति, प्रचार एवं प्रसार का स्वर्णयुग रहा है। इस काल में आकर ही योग ने स्वतन्त्र दर्शन का रूप धारण किया। इसका श्रेय महर्षि पतञ्जलि को है। इन्होंने ही सर्वप्रथम शास्त्रान्तरों में विकीर्ण योगसम्बन्धी तत्त्वों को सारगर्भित सूत्रों के चौखटे में समाविष्ट कर चिरानुभूत कमी को दूर किया। यद्यपि पातञ्जल-योग के अतिरिक्त योग की अन्य शाखाएँ भी उपलब्ध होती हैं, जैसे—पाशुपतयोग, माहेश्वर योग, अहोरात्रयोग आदि। इसी प्रकार तन्त्र मार्ग भी है। लेकिन योग की ये सभी शाखाएँ प्रसिद्धि प्राप्त न कर सकीं। इसका कारण यह है कि इनमें योग के सभी पक्षों पर प्रकाश नहीं डाला गया है। ये अपूर्ण प्रतीत होते हैं। दूसरी ओर पातञ्जल योग एक ऐसा महायोग है जिसमें क्रियायोग, चर्यायोग, कर्मयोग, हठयोग, मन्त्रयोग, ज्ञानयोग, अद्वैतयोग, लक्ष्ययोग, ब्रह्मयोग, शिवयोग, सिद्धियोग, वासनायोग, लययोग, ध्यानयोग, और प्रेमभक्तियोग आदि सभी योगों का सम्मिश्रण है।[१] इसी व्यापकता एवं उपादेयता के कारण पातञ्जलयोग पर अनेक टीकाएँ, उपटीकाएँ एवं वृत्तियाँ लिखी गईं।[२]

लोक में 'योग' शब्द अनेक अर्थों में प्रचलित है। उनमें से एक अर्थ 'संयोग' है। किन्तु यहाँ 'योग' शब्द 'संयोग' के विलोम 'वियोग' के अर्थ में परिभाषित है। 'वियोग' का तात्पर्य 'चित्त की वृत्तियों का निरोध' है।[३] अर्थात् विषय-ग्रहण के वियोगपूर्वक चित्त को निर्वृत्तिक बनाने का प्रयास ही योग-साधना का मुख्य उद्देश्य है। ऐसा क्यों? उत्तर है कि योगशास्त्र की मान्यता के अनुसार विषयभोग में संलग्न चित्त योगोपयोगी नहीं होता

---

१. निदिध्यासनञ्चैकतानतादिरूपो राजयोगापरपर्यायः समाधिः तत्साधनं तु क्रियायोगः चर्यायोगः कर्मयोगः हठयोगः, मन्त्रयोगः ज्ञानयोगः अद्वैतयोगः लक्ष्ययोगः ब्रह्मयोगः शिवयोगः सिद्धियोगः वासनायोगः लययोगः ध्यानयोगः प्रेमभक्तियोगश्च नारायणतीर्थकृत योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृ० २।

२. द्रष्टव्य स्वलिखित ग्रन्थ—व्याख्याकारों की दृष्टि से पातञ्जल योग-सूत्र का समीक्षात्मक अध्ययन'।

३. योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः—योगसूत्र १/२

है। वृत्तियाँ चित्त की मल हैं। अतः वृत्तिसंकुल मलिन चित्तदर्पण में प्रतिबिम्बित विषय का स्फुरण यथार्थ एवं सम्पूर्ण (अशेषविशेष) रूप में नहीं हो पाता है। यही कारण है कि चित्त अपने में प्रतिबिम्बित चेतनात्मा से तादात्म्य स्थापित कर लेता है। दूसरी तरफ यही दशा पुरुष की होती है। वह चित्तगत सुख-दुःख से अपने को अभिन्न समझता है।[१] यही भेदाग्रह जीवन के चरम पुरुषार्थ मोक्ष का अवरोधक होता है। फलतः प्राणी जन्म-मरण के चक्र में भ्रमण करता रहता है।

पातञ्जलयोगशास्त्र की उपर्युक्त सारभूत पारिभाषिक शब्दावली से जिज्ञासु को यह जिज्ञासा होना स्वाभाविक है कि चित्त क्या है, उसकी वृत्ति कितनी हैं, वृत्तिनिरोध किसे कहते हैं, कौन सा चित्त योगसाधनोपयोगी है और वह कैसे संस्कृत बनाया जा सकता है? पुरुष क्या है, किस पद्धति से उसे मोक्ष प्राप्त होता है तथा मोक्ष का स्वरूप क्या है? इत्यादि।

चित्त क्या है? यह प्रश्न योगदर्शन की तत्त्व-मीमांसा से सम्बन्धित है। चित्त का दूसरा नाम बुद्धि है। यह अपने सजातीय जड़ प्रकृति से सर्वप्रथम उत्पन्न होता है तथा अहंकार को उत्पन्न करता है। अहंकार से एकादश इन्द्रिय एवं पञ्चतन्मात्राओं की उत्पत्ति होती है। पञ्चतन्मात्राएं पञ्च महाभूतों को उत्पन्न करती हैं। इसके आगे सांख्ययोगशास्त्र में सृष्टि-क्रम नहीं बताया गया है। और जो भूतों से घट, पट आदि उत्पन्न होते हुए दृष्टिगोचर होते हैं, वे उन्हीं के अन्तर्गत हैं। वे तत्त्वान्तर नहीं हैं।[२] उक्त सभी तत्त्व सत्त्व, रजस् तथा तमोगुण से अनुस्यूत हैं। योगशास्त्र की तत्त्वमीमांसा के अन्तर्गत जड़वर्ग के अतिरिक्त एक चेतनवर्ग भी है। इसमें असंख्य पुरुष एवं अद्वितीय पुरुषविशेष ईश्वर[३] आता है। पुरुष को अपना स्वरूपज्ञान होने के लिये अपने विरोधी उक्त समस्त जड़ पदार्थों का ज्ञान अपेक्षित रहता है। यह अपरोक्षात्मक ज्ञान समाधिजन्य है।

योगशास्त्र की उपर्युक्त सर्गोत्पत्ति परिणामवाद पर आधारित है। योग के अनुसार प्रत्येक पदार्थ प्रतिक्षण परिणाम को प्राप्त होता है। चित्त की वृत्ति भी परिणाम के सिद्धान्त पर आधारित है। चित्त का विषय के आकार में परिणत होना ही चित्त की वृत्ति है। चित्त के इस विषयाकार परिणाम में इन्द्रियाँ प्रणालिकया सहायक होती हैं।[४]

---

१ अस्मादेव परस्परप्रतिबिम्बरूपाद्दोषादेकताभ्रमोऽहं कर्त्ता सुखी जानामीत्यादिरूपः
—नागेशभट्टकृत वृहद्योगसूत्रवृत्ति, पृ० २२४।

२ ...गवादयो बीजादयो वा न पृथिव्यादिभ्यस्तत्त्वान्तरम्
—वाचस्पतिमिश्रकृत, सांख्यतत्त्वकौमुदी, पृ० ३७।

३ क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः—योगसूत्र १।२४।

४ इन्द्रियप्रणालिकया चित्तस्य बाह्यवस्तूपरागात् तद्विषया
—व्यासदेवकृत, व्यासभाष्य, पृ० २७।

चित्त के विषयाकार परिणाम का प्रभाव पुरुष पर प्रतिबिम्वविधया पड़ता है। फलस्वरूप पुरुष अपने को तत्तद् विषयों का अनुभविता समझता है।[1]

चित्त का वृत्यात्मक परिणाम-प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा तथा स्मृति रूप से पाँच प्रकार का है।[2] प्रमाणवृत्ति के तीन अवान्तर भेद हैं—प्रत्यक्ष, अनुमान तथा आगम।[3] ये ही पाँच वृत्तियाँ चित्त की नानाविध वृत्तियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। सच पूछा जाय तो इनके अतिरिक्त वृत्ति है ही नहीं। पृथग् दृश्यमान अन्य समस्त वृत्तियाँ इन पांच वृत्तियों के ही अन्तर्गत हैं। चित्त की वे वृत्तियाँ जो क्लेश उत्पन्न करती हैं, 'क्लिष्ट' कही जाती हैं। इसके विपरीत सुखोत्पादक वृत्तियों को 'अक्लिष्ट' कहा गया है। महर्षि पतञ्जलि ने क्लिष्ट वृत्तियों की भाँति अक्लिष्ट वृत्तियों को भी निरोद्धव्य वतलाया है। चित्तरूप समुद्र में वृत्तिरूप उद्दाम तरङ्गों का अभिव्यक्त न होना ही वृत्ति-निरोध है।

किसी एक विषय के ग्रहणकाल में यद्यपि चित्त का अन्य विषयों से सम्पर्क नहीं रहता है तथापि इस प्रकार के सामयिक वृत्तिनिरोध को योगशास्त्र में योग नहीं कहा गया है। अन्यथा सहज प्राप्त उपर्युक्त अवस्था के लिये योगसाधना का उपदेश करना व्यर्थ सिद्ध होगा। चित्त की एकाग्रावस्था से प्रारम्भ होकर निरुद्धभूमि में समाप्त होने वाला वृत्ति-निरोध ही योग की श्रेणी में परिगणित है। चित्त की क्षिप्त, मूढ एवं विक्षिप्त अवस्था का वृत्तिनिरोध योग के साम्राज्य से वहिष्कृत है।[4]

अब विचारणीय यह है कि जन्म-जन्मान्तर से विषय-वाटिका में विचरणशील अभ्यस्त चित्त को किस प्रकार योगसाधना के लिये सक्षम वनाया जा सकता है। चित्त का यह शोधन-व्यापार दुरुह अवश्य है, लेकिन असम्भव नहीं। इसी दुरुहता को दृष्टिपथ में रखते हुए महर्षि पतञ्जलि ने भिन्न-भिन्न स्तर के साधकों के लिये भिन्न-भिन्न मार्ग की साधना प्रशस्त की है। उन्होंने सर्वप्रथम साधकों को तीन कोटियों में विभक्त किया है—मन्द, मध्यम तथा उत्तम।[5] उत्तम साधक वे हैं, जिनकी चित्तभूमि योग के संस्कारों से पूर्णतया आप्लावित है। ये पूर्व जन्म में ही अष्टाङ्गमार्गीय योगसाधना के पाँच अंगों (बहिरङ्ग योग) तक रास्ता तय कर चुकते हैं। अतः यमनियमादिनिष्ठ उत्तम साधकों को वर्तमान जीवन में पुनः यमादि का अभ्यास नहीं करना पड़ता है। अतः पतञ्जलि

---

१ प्रमा चाज्ञातार्थावगाही पौरुषेयो बोधो वृत्तौ प्रतिबिम्बः। तत्रार्थाकारायां वृत्तौ चिदात्मनो यः प्रतिबिम्बः सोऽपि वृत्तिद्वारा अर्थाकारः सन् फलं भवति
—रामानन्दयतिकृत, मणिप्रभा पृ० ५।

२ प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतयः—यो० सू० १।६।

३ प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानि—वहीं १।७।

४ …तत्र विक्षिप्ते चेतसि विक्षेपोपसर्जनीयभूतः समाधिर्न योगपक्षे वर्त्तते—व्यासभाष्य पृ० ८।

५ तत्र मन्दमध्यमोत्तमभेदेन त्रिविधा योगाधिकारिणो भवन्त्यारुरुक्षुयुञ्जानयोगारूढ-रूपाः—योगसारसंग्रह।

मुनि ने योगमार्ग पर समारूढ उत्तम साधकों के लिये 'अभ्यास-वैराग्य'[1] को योगप्राप्ति का मुख्य सोपान निर्धारित किया है। वे वानप्रस्थी, जो वर्तमान जीवन से योगसाधन में रत हैं, मध्यम कोटि के साधक पुकारे जाते हैं। इनके लिये 'क्रियायोग'[2] की साधना उपदिष्ट है। तथा अत्यन्त चंचल स्वभाव वाले गृहस्थाश्रमियों के लिये 'अष्टाङ्गयोग'[3] की साधना कही गई है। क्योंकि विषय-वासनाओं से परिव्याप्त मन्द अधिकारियों का चित्त 'अभ्यास-वैराग्य' एवं 'क्रियायोग' जैसे दुःसाध्य उपायों को सहज ही क्रियात्मक रूप नहीं दे पाता है। जो भी हो प्रत्येक साधक को 'अष्टाङ्गयोग' के मार्ग से चलना ही पड़ता है। अष्टाङ्गयोग की साधना वृत्तिनिरोधार्थ कैसी अचूक औषधि है, इसका आस्वाद इस मार्ग के अवलम्बियों को ही मिल सकता है।

इस प्रकार उपर्युक्त उपाय द्वारा चित्त को एकाग्र बनाने पर ही साधक को समाधि प्राप्त हो सकती है। समाधि का दूसरा नाम 'योग' है। समाधि दो प्रकार की होती है—सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात। सम्प्रज्ञात समाधि के पश्चात् असम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध होती है। सम्प्रज्ञात विषयसाक्षात्कार की अवस्था है। इसमें साधक को योगसम्मत पदार्थों का अपरोक्ष ज्ञान होता है। लेकिन ये पदार्थ साधक को अशेषविशेष के साथ युगपत् स्फुरित नहीं होते, अपितु पदार्थों के साक्षात्कार का एक निश्चित क्रम है। इसी के आधार पर सम्प्रज्ञात के चार भेद हैं—वितर्क, विचार, आनन्द तथा अस्मिता। 'वितर्क' में पञ्च महाभूतों का साक्षात्कार होता है। 'विचार' में भूतों की अपेक्षया सूक्ष्म तन्मात्र, बुद्धि एवं प्रकृति का प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। 'आनन्द' इन्द्रिय विषयक है। 'अस्मिता अहंकारविशिष्ट पुरुषविषयक है। सम्प्रज्ञात की किस दशा में कौन से विषय का साक्षात्कार होता है—इस सम्वन्ध में योग के प्रतिष्ठित व्याख्याकारों के मतभेद का दिग्दर्शन असामयिक है। ज्ञातव्य इतना ही है कि किसी एक विषय में चित्त को एकाग्र कर साधना द्वारा साधक–बीज में निहित वृक्ष की भांति–मूल कारण प्रकृति पर्यन्त समस्त पदार्थों का क्रमशः साक्षात्कार करता है। अभिप्राय यह है कि सम्प्रज्ञात के अवस्था भेद से ध्यान के विषय का भेद नहीं होता है। अन्यथा उपासना में पूर्व-पूर्व विषय के त्याग और उत्तरोत्तर विषय के ग्रहण की आपत्ति आयेगी। अतः साधक को सर्वात्मक एक ही वस्तु में कार्य-कारण की अभेद पद्धति से समस्त पदार्थ भासित होते हैं। विषय साक्षात्कारवती सम्प्रज्ञात समाधि का पौनः पुन्येन अभ्यास करते हुए समाधि के पराकाष्ठा (विजित) काल में साधक में 'विवेकज्ञान' जागरित होता है। इसे 'सत्त्वपुरुषान्यताख्याति' भी कहते हैं। सम्प्रति साधक को जड़वर्गीय बुद्धि आदि से पूर्णतया पृथक् चेतन पुरुष की सत्ता का अवभास होता है। अब वह जागतिक प्रपञ्चों से प्रभावित नहीं होता है। उदीयमान ऋतम्भरा-प्रज्ञा के माहात्म्य से उसे पुरुष की

---

[1] अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः—योगसूत्र १।१२

[2] तपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोगः—योगसूत्र २।१

[3] यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि

—योगसूत्र २।२९

असङ्गता तथा बुद्धि की सङ्गता का पृथक्तया भान होता है। एक समय ऐसा भी आता है जब उसमें वैषयिक वृत्तियों की भांति विवेकात्मक वृत्ति के प्रति भी हेय बुद्धि जागरित होती है और साधक इस विशिष्ट वृत्ति के निरोध के लिये प्रयत्नशील हो जाता है। इस प्रयास के फलस्वरूप साधक की समस्त चित्त-वृत्तियाँ निरुद्ध हो जाती हैं। यही असम्प्रज्ञात समाधि है। चित्त की एकाग्रावस्था में होने वाली सम्प्रज्ञात समाधि से भिन्न यह असम्प्रज्ञात समाधि चित्त के निरुद्धभूमि में प्रतिष्ठित होने पर होती है। असम्प्रज्ञात समाधि के उत्तरकाल में साधक अपने गन्तव्य स्थल पर पहुँच जाता है।

पुरुष का कैवल्य उसके अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित होना है।[१] जिस प्रकार जपाकुसुम के सन्निधान से स्फटिक में लौहित्य प्रतीत होता है, उसी प्रकार संसार दशा में अविद्याग्रस्त पुरुष बुद्धि के धर्म सुख-दुःख से अपने को सुखी-दुःखी समझता है। लेकिन जपाकुसुम के अपसारण से जिस प्रकार स्फटिक अपने श्वेतिम रूप को प्राप्त करता है, उसी प्रकार अविद्या-कृत आवरण के नाशपुरःसर पुरुष को प्रभावितकरने वाली चित्तवृत्तियाँ अपसरित (निरुद्ध) होने पर पुरुष अपने ज्ञानात्मक स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है।

उपर्युक्त विवेचन का सारांश यही है कि योगशास्त्र भारतीय-संस्कृति के मूलभूत उद्देश्य आत्मा का साक्षात्कार कराने में नितान्त समर्थ है। भारतीय संस्कृति के इस चरम उद्देश्य को सिद्ध कराने में ही योगशास्त्र की पूर्णता नहीं है, अपितु वह जीवन के समस्त लौकिक आदर्शों एवं मान्यताओं का भी वाहक है। क्योंकि दर्शन और जीवन वस्तुतः एक ही उद्देश्य के दो परिणाम हैं। दोनों का लक्ष्य इहलोक और परलोक को संवारना है। उसी का सैद्धान्तिक रूप दर्शन है और व्यावहारिक रूप जीवन। योग में कर्मप्रधान, धर्म प्रधान, आदर्श प्रधान, आचार प्रधान, समन्वय प्रधान आदि सभी अवान्तर संस्कृतियाँ सुरक्षित हैं। कर्म-भावना, जो प्रत्येक व्यक्ति को कर्तव्यनिष्ठ होने तथा दायित्व वहन करने की ओर प्रवृत्त करती है, योगशास्त्र में विवेचित है। कर्म पर इतनी दृढ़ आस्था शायद ही विश्व के किसी साहित्य में अभिव्यक्त हुई हो। इसमें शुभाशुभ कर्मजन्य फलोपभोग का कालविभाजन वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत कर पुनर्जन्मवाद की स्थापना की गई है।[२] यह भारतीय संस्कृति का मूलभूत अंग कर्मयोग जन-जीवन की प्रेरणा का स्रोत रहा है। यह कर्मयोग धर्मभावना से अनुस्यूत है। क्योंकि धर्म के धरातल पर ही शुभ कर्म किये जाते हैं। भारतीय संस्कृति रूप माला का एक मणि 'अहिंसा' है। अहिंसा का वास्तविक अर्थ तथा उसका स्वरूप क्या है? इसे पतञ्जलि ने स्पष्ट किया है।[३] अन्तर्राष्ट्रीय-स्तर पर मान्यता प्राप्त भारत का पञ्चशील का सिद्धान्त भी भारतीय संस्कृति के अहिंसा रूप धर्मभावना का उद्घोष कर रहा है। मानव के जो आदर्श, किसी नागरिक

---

१ तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्—योग सूत्र १।३

२ क्लेशमूलः कर्मशयो दृष्टादृष्टजन्मवेदनीयः—योगसूत्र १।१२

३ वितर्का हिंसाऽऽदयः कृतकारितानुमोदिता लोभक्रोधमोहपूर्वका मृदुमध्याधिमात्रा दुःखाज्ञानानन्तफला इति प्रतिपक्षभावनम्—योग सूत्र २।३४

को सुसंस्कृत बनाने में सहायक हो सकते हैं, योगशास्त्र में दृष्टिगोचर होते हैं। महर्षि पतञ्जलि ने सुखी, दुःखी पुण्यात्मा एवं पापी व्यक्ति के प्रति क्रमशः मैत्री, करुणा, मुदिता तथा उपेक्षा भावना को अपनाने का उपदेश देकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व बन्धुत्व (वसुधैव कुटुम्बकम्) की बात कही है।[१] आचारप्रधान संस्कृति मानव के चारित्रिक उत्थान से सम्बन्धित है। आचरण की शुद्धि के लिये पतञ्जलि ने यम-नियम रूप अमृतपान का उपदेश किया है।[२] निष्कर्ष यही है कि योगशास्त्र भारतीय संस्कृति के आदर्शों का प्रयोगात्मक दर्पण है।

प्रवक्ता संस्कृत एवं पालि विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

---

[१] मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदुःखपुण्यापुण्यविषयाणां भावनातश्चित्तप्रसादनम्
—योगसूत्र १।३३

[२] अहिंसासत्यमस्तेयब्रह्मचर्यपरिग्रहा यमाः, शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः—योगसूत्र २।३०, ३२

कुण्डलिनी योग : एक सुगम विवेचन

डॉ० हरिश्चन्द्र शुक्ल

प्रत्येक प्राणी पूर्णतः दुःख रहित एवं सुख युक्त होने की आकांक्षा करता है। सुख की कामना रहते दुःख रहित होने की सम्भावना विचार करने पर असम्भाव्य प्रतीत होती है। कारण, दोनों ही सापेक्ष एवं वेदना अथवा अनुभव (Sensation or experience) रूप हैं तथा अनुभव जनकों के स्वाभाविक अस्थायित्व के कारण ये दोनों भी अस्थायी स्वभाव वाले एवं आपस में एक दूसरे की उत्पत्ति के कारण वनते हैं। ऐसी अवस्था में यह स्वतः स्पष्ट हो जाता है कि सुख की प्राप्ति से दुःख के अभाव की सम्भावना निश्चित रूपेण ही नहीं रहती, क्योंकि अनुभवों के चल स्वभाव के परिणाम स्वरूप, सुख रहित अवास्था में दुखानुभूति अवश्यभावी है। किन्तु यदि सुख हीन अवस्था में दुख से भिन्न किसी अन्य ऐसे अनुभव की प्राप्ति हो सके जिसका कोई अस्थिर कारण न हो तो दुःखानुभूति की सम्भावना नहीं होगी। तब प्रश्न उठता है कि क्या विश्व में कोई ऐसा तत्त्व भी है जो स्वभावतः स्थिर हो और अनुभवोत्पादक हो तथा साथ ही उससे उत्पन्न होने वाला अनुभव चाहे सुख कारक हो या न हो, दुःखजनक कदापि न हो। ऐसे तत्त्व के विषय में भारतीय ऋषि प्रणीत शास्त्रों में स्पष्टतः उल्लेख है और साधारणतः शिक्षित समाजको इसका शाब्दिक परिचय भी है। इसे अनेक नामों से सम्वोधित किया गया है जैसे, आत्मा, पुरुष, परमात्मा, ब्रह्म, शिव, शक्ति इत्यादि। यदि यह तत्त्व अनुभव गम्य हो सके तो तज्जनित अनुभव के भी स्थायी होने की सम्भावना है—यदि अनुभव कर्ता एवं अनुभवजनक दोनों का स्थायी सम्बन्ध स्थापित हो सके तो। हम यहाँ इस विवाद से दूर रहेंगे कि अनुभव कर्ता कौन है ? आत्मा (पुरुष) अथवा अहंकार इत्यादि। जन साधारण को भी अवगत है कि विभिन्न प्रकार के सुख दुःख रूप अनुभव होते हैं और किसी अनुभव कर्ता को होते हैं। इसको समझने के लिए विशेष बुद्धि एवं विशिष्ट शिक्षा की आवश्यकता नहीं है।

प्रश्न उठता है कि क्या यह सम्भव है कि इस स्थिर तत्त्व से वैसा ही सम्बन्ध स्थापित किया जा सकता है जैसा कि साधारण रूप के अनुभव जनक पदार्थों से प्राणियों का होता है। यदि यह सम्भव है तो, जो इस सम्वन्ध को स्थापित करने में सफल होंगे वे, सुख दुःख से भिन्न किसी स्थिर तृतीय प्रकार की वेदना अथवा अनुभव, जो सुख दुख दोनों से भिन्न होगा, को प्राप्त करने में समर्थ होंगे, यह सम्भावना स्पष्ट प्रतीत होती है।

प्राचीन भारतीय विचारधारा के अनुसार इस प्रकार के स्थिर तत्त्व से नित्य सम्वन्ध स्थापित करने की प्रक्रिया एवं प्राप्ति को योग कहा जा सकता है। इस नित्य सम्बन्ध को भारतीय वाङ्मय में अनेक नामों से सम्वोधिता किया गया है। जैसे जीवात्मा और परमात्मा का संयोग, प्राण और अपान का संयोग, चन्द्र और सूर्य का मिलन, शिव और

शक्ति का सामरस्य, चित्त वृत्ति का निरोध, सत्त्वार्थ क्रिया वस्था या बुद्ध की भगवत्ता प्राप्ति उन्मनी अवस्था प्राप्ति, चिदानन्द स्वरूपस्थिति, भगवत् सायुज्य, दुःख संयोग वियोग, समत्व प्राप्ति, पश्यन्ति वाक् प्रवेश पूर्वक परावाक् में स्थिति, षोडशी कलाप्राप्ति, नादातीत अवस्था प्राप्ति, अहंब्रह्मास्मि बोध इत्यादि।

उपर्युक्त नित्य सम्बन्ध मुख्यतः दो प्रकार का हो सकता है (१) सुख दुःख रूप वेदनाओं (Sensations or expriences) से किसी प्रकार मुक्ति प्राप्त करके, नित्य या स्थिर तत्त्व से क्रमशः सम्बन्ध स्थापित किया जाय अथवा (२) नित्य तत्त्व से सीधा इतना गाढ़ सम्बन्ध स्थापित किया जाय कि सुख दुःख रूप वेदनाओं का स्वतः अभाव हो जाय।

उपर्युक्त नित्य सम्बन्ध के महत्त्व को आयुर्वेद के द्रष्टा महर्षि पुनर्वसु आत्रेय ने भी स्वीकार किया है जैसा कि चरक सहिता के निम्नलिखित श्लोक को देखने से स्पष्ट प्रतीत होता है—

योग मोक्षे च सर्वासा वेदनानामवर्तनम्।
मोक्षे निवृत्तिर्निः शेषा योगो मोक्ष, प्रवर्तकः॥ च. शा. ९।१३७

अर्थात् योग और मोक्ष में सभी वेदनाओं का नाश हो जाता है, किन्तु मोक्ष म वेदनाओं का आत्यन्तिक नाश होता है। योग मोक्ष को दिलाने वाला होता है।

कुण्डलिनी शक्ति जागरण रूप प्रक्रिया अथवा योग भी एक, उपरिनिर्दिष्ट स्थिर तत्त्व से सम्बन्ध स्थापित करने का साधन माना गया है। कहना अनुचित न होगा कि चाहे जिस भी पद्धति, प्रक्रिया या प्रणाली, जैसे हठयोग, मन्त्रयोग, लययोग, राजयोग, ज्ञान-योग, भक्तियोग इत्यादि का अवलम्बन लियाजाय, उसके द्वारा प्रथम प्रसुप्त कुण्डलिनी का जागरण होगा तथा जाग्रत कुण्डलिनी के द्वारा ही उस स्थिर तत्त्व से सम्बन्ध की स्थापना होगी। कुण्डलिनी जागरण के बिना अन्य किसी प्रकार से इस सम्बन्ध की स्थिर स्थापना करने की कल्पना मृगमरीचिकावत् ही होगी।

कुण्डलिनी शक्ति स्वरूप :—

जीवित मनुष्य के शरीर में जितने भी शारीरिक एवं मानसिक व्यापार सम्पन्न होते हैं वह सब जिस एक मूल शक्ति की उपस्थिति के कारण प्रवाहित होते हैं एवं आवश्यकता-नुसार जिससे विशिष्ट शक्ति प्राप्त करते हैं, उसे ही कुण्डलिनी शक्ति कहना अनुचित न होगा। स्पष्ट है कि मूल शक्ति एक होते हुए भी आवश्यकतानुसार क्रिया भेद के लिए क्रियानुरूप विभिन्न शक्तियों के रूप में परिवर्तित होने की क्षमता रखती है। वह मूल स्वरूप में नित्य एवं चिदानन्द (चित+आनन्द) स्वरूपणी है, एवं स्वातत्र्य उसका स्वभाव है। इसी स्वातंत्र्य के प्रभाव से वह अपने को ही ज्ञाता एवं ज्ञेय के रूप में विभक्त करने में समर्थ होती है। वह अपने मूलरूप में अनुभव जनक विषयों के उपादान रूप में एवं अनुभवकर्ता के रूप में अवस्थित रहती है तथा अपनी स्वातन्त्र्य शक्ति से इच्छानुरूप विश्व को प्रकट या उत्पन्न करती ह जैसा कि निम्नलिखित शिव सूत्र से स्पष्ट है—

चितिः स्वतंत्रा विश्व सिद्धि हेतुः।
स्वेच्छया स्वभित्तौ विश्व उन्मीलयति ।।

यह प्रत्येक चेतन अथवा अचेतन पदार्थों के केन्द्र विन्दु में मूलशक्ति के रूप में स्थित है। यह सम्पूर्ण वैचित्र्यमय विश्व के रूप में परिवर्तित होने में समर्थ है, निज स्वातन्त्र्य वशात् स्वय अपनी ही इच्छा से अपने ही उपादान से विश्वरूप में परिवर्तित हो जाती है।

कुण्डलिनी की सुषुप्ति एवं जागरण—

इसकी सुषुप्ति वहिर्मुखता जननपूर्वक वैचित्र्यमय जगत् के अनुभव (उत्पत्ति) का कारण होती है तथा इसका जागरण अन्तर्मुखी वृत्ति (जनन), एवं जगत् वैचित्र्य के नाश तथा उसके मूल स्वरूप के परिज्ञान का कारण बनता है। अनुभूत विश्व के मूल स्वरूप के ज्ञान के साथ ही मूल शक्ति कुण्डलिनी निज मूल स्वरूपानुभव की ओर अग्रसर होती है। प्रत्येक विचार कर्ता जानता है कि एक साथ दो अनुभव नहीं होते। एक अनुभव अथवा अनुभव वर्ग से मुक्त हुए विना दूसरे अनुभव का प्रश्न ही नहीं उठता।

ऊपर कुण्डलिनी की सुषुप्ति एवं जागरण की जो वात कही गई है वह समझने समझाने के लिए ही है। अन्यथा कुण्डलिनी शक्ति तो नित्य जाग्रत ही है। यदि वह नित्य जाग्रत न हो तो मनुष्य के किस प्रयास से वह जगाई जा सकेगी? पहले ही कह चुके हैं कि प्राणी के प्रत्येक व्यापार के लिए उसी मूल शक्ति से शक्ति प्राप्त होती है। अथवा यों कहे कि मूल शक्ति स्वयं ही कर्ता, वोद्धा के रूप में समस्त व्यापार भी करती है और उन्हें अनुभय भी करती है। तव फिर यह कुण्डलिनी शक्ति जागरण रूप योग क्या है और इसकी आवश्यकता ही क्या है यह एक स्वाभाविक प्रश्न उठता है। कुण्डलिनी शक्ति के स्वातन्त्र्य के कारण ही स्वेच्छातिरिक्त अन्य किसी उपाय से उसे अपने मूल स्वरूप की विस्मृति हो ही नहीं सकती—क्योंकि वह स्वातन्त्र्य वशात् सर्वशक्ति सम्पन्न भी होनी ही चाहिए।

अथ च स्वेच्छाधीन ही उसकी सुषुप्ति है एवं स्वेच्छाधीन ही उसकी निज मूल स्वरूप ज्ञानेच्छा भी है और जिसे जागरण की प्रथमावस्था कहा जा सकता है। तन्त्रशास्त्र वर्णित विभिन्न चक्रादि स्थूल से सूक्ष्म की ओर प्रवाह मान शक्ति की ही विभिन्न रूपान्तरित अवस्थायें हैं। मूल स्वरूप ज्ञानेच्छा रूप जागरण एवं तज्जनित गति विशेष में क्रम से शास्त्र वर्णित षटचक्रों या शक्त्यवस्थाओं का अनुभव हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है, क्योंकि यह प्रणाली एवं साधन पर आश्रित है। तीव्र गुरु कृपा जनित शक्ति पात के प्रभाव से कुण्डलिनी शक्ति अक्रम से ही पूर्ण स्थूलावस्था से परमसूक्ष्मावस्था जो कि उसका मल नित्य रूप ही है, को प्राप्त कर सकती है।

जहाँ क्रम से अभ्यास होता है वहाँ षट् अथवा उससे भी अधिक शक्ति चक्रों (Energy fields) का अनुभव हो सकता है। शास्त्र में जन साधारण की सुविधा के लिए अनेक चक्रों का वर्गीकरण करके प्रधान वर्गों का ही निर्देश किया है। षट्चक्र ही क्यों है? इसलिए कि मन को लेकर छः ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। नीचे के पाँच चक्र विशुद्ध अनाहत, मणिपुर, स्वाधिष्ठान एवं मलाधार शास्त्रोक्त भूत तन्मात्र शरीरी हैं। मन

त्रिगुणात्मक होते हुए भी शब्द तन्मात्र से सीधा सम्पर्कयुक्त एवं सम्बन्धित है। मन के आधार स्थल भ्रूमध्यस्थित आज्ञाचक्र के ऊपर अथवा बहिरंग भाग में अन्य सूक्ष्मतर शक्ति चक्र (Energy fields) योगियों को प्रकट हैं। साधारण मनुष्य में तो, कहा जा सकता है कि गन्ध तन्मात्र शरीरी मूलाधार चक्र भी सुषुप्त रहता है, अर्थात नहीं ही होता है। क्योंकि जबतक कोई शक्ति जाग्रत होकर बोधम्य न हो तब तक वह नहीं होने के बराबर ही है। प्रक्रिया विशेष से चक्र मुकुलित होते हैं, आयत्त होने पर विशिष्ट गुणाधान, प्राणियों में करते हैं। मूलशक्ति अनन्त विशिष्ट शक्तियों में रूपान्तरित होने की क्षमता युक्त है—इसलिए यह कहना कि, रूपान्तरित होने के पूर्व ही वह अमुक विशिष्ट शक्ति है, असंगत होगा। इसीलिए विभिन्न धर्मों के विभिन्न ग्रन्थों में मत वैचित्र्य दृष्टिगोचर होता है। प्रक्रिया वैभिन्य से शक्ति प्राकट्य विभिन्नता अवश्यम् भावी है। तन्त्र, मनुष्य (असाधारण) संकलित शास्त्र है इसलिए इन्द्रियों की संख्यानुसार चक्रों, भूततन्मात्राओं एवं भूतों की संख्या निर्धारित की गई है। वैसे सांख्य शास्त्रोक्त तत्त्वानुसार चक्र संख्या भी ग्रन्थों में स्पष्ट मिलती है, एवं उनपर ध्यान करने की प्रक्रिया एवं तज्जन्य विशिष्ट अनुभवों का वर्णन भी मिलता है।

शास्त्र ने मूलशक्ति को विचार या शब्द रूपा भी स्वीकार किया है। विचार शब्द रूप में ही प्रकट होते हैं। भाव भी शब्दरूप है एवं शब्द के द्वारा ही व्यक्त होते हैं। शब्द से केवल कानों से सुनाई पड़ने वाले शब्द को ही नहीं समझना चाहिए। शास्त्र में शब्द का प्रयोग गत्यर्थक हुआ है, गतिमात्र शब्द है। चित्त की गति अनुभवजनक है। सृष्टि अनुभवमलक है। इसलिए सृष्टि के विश्लेषण करने का एक ही सरल उपाय है—चित्त की गतियों का विश्लेषण एवं अध्ययन।

प्रक्रिया सिद्धान्त :—सिद्ध योगियों के मत से चित्त की मिश्रित गतियों को पहले षटचक्र क्रम से एक विशिष्ट गति में रूपान्तरित करना चाहिए। जब यह रूपान्तरण पूर्ण रूपेण सिद्ध एवं आपत्त हो जायगा तो प्रतीत होगा कि चित्त भी एक अनुभव का विषय है। क्योंकि सम्पूर्ण चित्त उस समय उस चक्र रूप में रूपान्तरित हो जाता है और अनुभव गम्य हो जाता है। यह अभ्यास निम्न स्थूल चक्र से क्रमशः ऊपर-ऊपर के सूक्ष्म चक्रों में करना चाहिए। एक मूलाधार चक्र की क्रिया सम्यक रूप से सम्पन्न हो जाने से उससे ऊपर के स्वाधिष्ठान चक्र की क्रिया अधिक सुगमतां से सम्पन्न हो जाती है। उसी प्रकार अन्य चक्रों के विषय में भी समझना चाहिए। चक्रों की क्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व कुछ के मत में कुण्डलिनी जागरण होना आवश्यक है। इसी बात को दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि बहिर्मुखी वृत्ति का अन्तर्मुखी होना आवश्यक है। क्योंकि अन्तर्मुखी वृत्ति के बिना ध्यान क्रिया सम्भव ही नहीं होगी। योगी समाज जानता है कि कुण्डलिनी जागरण एवं अन्तर्मुखी वृत्त्युत्पत्ति समानार्थक हैं। यह अनेक प्रकार से हो सकती है और इसके लिए किसी चमत्कारिक क्रिया कौशल की आवश्यकता नहीं है। यह हठयोग की क्रियाओं अथवा अन्य ग्रन्थों में वर्णित इतर क्रियाओं से भी हो सकता है अथवा पूर्ण चैतन्यमय कुण्डलिनी युक्त महापुरुष के सम्पर्क अथवा आशीर्वाद से भी हो सकता है। अपने आप भी परमेश्वर

की इच्छा या कृपा से हो सकता है। इसका अन्य सरल उपाय गुरु प्रदत्त उत्कृष्ट वीर्य, मन्त्र जप भी है। ऐसा भी देखने में आया है कि सिद्ध महापुरुष के मुख से उच्चरित किसी ध्वनि या शब्द विशेष कां ही उस महापुरुष के प्रति हार्दिक श्रद्धा रखते हुए जप करने से तुरन्त कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत हो गई। शांम्भवी मुद्रा के सम्यक् अभ्यास से भी कुण्डलिनी का अत्यल्प समय में जागरण देखा गया है, इत्यादि।

इस अवस्था में चित्त को लाए विना चित्त सत्ता का परिज्ञान तो क्या चित्त के विभिन्न इच्छा, द्वेष, चिन्तन, मननादि कार्य भी निज से पृथक रूपेण नहीं समझे जा सकते। चित्त के मूल रूप के परिज्ञान के प्रारम्भ से ही द्रष्टा दृश्य भेद सम्बन्धी विमर्श करना होता है। काल के परिपाक से किसी भी क्षण दृश्य रूप मूल चित्त सत्ता जो समष्टि अनुभवो का भी मूल अव्यक्त रूप है, चिदानन्द रूप दृष्टा में विलीन हो जाता है। उसी क्षण यह ज्ञान उदय होता है कि दृश्य द्रष्टा से भिन्न नहीं है एवं द्रष्टा ही एकांशेन दृश्य अथवा अनुभव जनक पदार्थों में रूपान्तरित हो जाता है। यही ज्ञान कुण्डलिनीचैतन्य का एक पुष्प है और उसका परिपक्व फल है आत्मतृप्ति। इस प्रकार तृप्त व्यक्ति में समस्त क्रियायें होती रहती हैं। साधारण व्यक्तियों सा व्यवहार करता हुआ भी वह असाधारण क्षमता युक्त होता है। इस पथ में इच्छा दमन की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती—क्योंकि किसी कारणवश तृप्ति भंग कारक इच्छा के उदय होने का अर्थ ही है कि वह पूर्ण हो ही जायगी—चाहे इसके लिए प्रकृति को अपना नियम ही वदलना पड़े।

आचार्य एवं अध्यक्ष, मौलिक सिद्धान्त विभाग
चिकित्सा विज्ञान संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

भारतीयसंस्कृति और योग

श्रीकेदारनाथ त्रिपाठी

भिन्न-भिन्न देश और समाज की संस्कृति अपनी निजी विशेषता लिये हुए रहती है और वह उस देश और समाज की आधिभौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के साथ निखार को प्राप्त करती है। उस संस्कृति का प्रभाव इतना व्यापक होता है कि उसमें जन्मे हुए व्यक्ति अनायास ही उससे प्रभावित होते रहते हैं। इसकी व्यापकता के कारण ही बनी हुई किसी भी संस्कृति के बिगड़ने तथा बिगड़ी हुई संस्कृति के बनने में सदियां लग जातीं हैं। भारतीय संस्कृति इसका ज्वलन्त उदाहरण है, जिसके उन्मूलन के लिये कितने ही दुष्प्रयास निष्फल हुए।

भारतीय संस्कृति के आदिम स्रोत वेद हैं, जो सभी विद्याओं के अक्षय भण्डार हैं। हम इन्हें अनादि मानते हैं। अनादि भी कई अर्थों में। मीमांसक की दृष्टि में महाप्रलय होता ही नहीं और परम्परागत रूप में सृष्टि के साथ ही वेद भी आ रहे हैं। जो नैयायिकादि महाप्रलय होना मानते हैं, उनके अनुसार भी सूर्य और चन्द्र के समान वेद भी मानव कल्याण के लिये सृष्टि के आदि में ईश्वर ने रचे। जो पाश्चात्य विद्वान् इन्हें अनादि नहीं मानते, वे भी यहां तक अवश्य स्वीकार करते हैं कि ये तीसों हजार वर्ष पूर्व के हैं या इनकी रचना का अन्दाज नहीं लगाया जा सकता।

धर्मशब्द के समान संस्कृतिशब्द भी ऐसा शब्द है जिसका अर्थ अङ्गुलिनिर्देश द्वारा नहीं बताया जा सकता है। सच तो यह है कि सभ्यताशब्द के समान धर्मशब्द कुछ स्पष्ट चित्र हमारे सामने उपस्थित करता भी है। किन्तु संस्कृतिशब्द बिलकुल अस्पष्टार्थक है। इसका कारण है कि संस्कृति का सम्बन्ध हमारे आभ्यन्तर से है। जो सभ्यता और धर्मरूपी गङ्गा-यमुना से मिलकर त्रिवेणी का रूप देनेवाली अन्तःसलिला सरस्वती के समान है।

संस्कृतिशब्द सम् उपसर्गपूर्वक कृधातु से भाव में क्तिन्प्रत्यय लगकर बना है। संस्कारशब्द भी सम्पूर्वक कृधातु से ही भाव में घञ् प्रत्यय लग कर बनता है। यौगिकन दृष्टि से इन दोनों शब्दों के अर्थों में कोई अन्तर नहीं है। तथापि संस्कारशब्द न्याय में भावना, वेग एवं स्थितिस्थापक अर्थ में प्रयुक्त किया जाता है, तथा और दर्शनों में वासना के अर्थ में, जो भावना ही है, प्रयुक्त होता है। जैसे खरादने से सुवर्ण में संस्कार पैदा होता है, वैसे ही विभिन्न अनुभूतियों से आत्मा में संस्कार उत्पन्न होते हैं। हिन्दुओं के सोलह संस्कार भी आत्मा को साक्षात् या परम्परया संस्कृत करते हैं। संस्कृति भी इसी तरह की वस्तु है। अन्तर यही है कि व्यष्टिगत रूप से जो संस्कार है, वही सम्पूर्ण देश या समाज की दृष्टि से संस्कृति है। व्यष्टि एवं समष्टि के भेद को स्पष्ट करने के लिए ही संस्कार एवं संस्कृति शब्द के स्वतन्त्र प्रयोग किये जाते है। अब मैं भारतीय संस्कृति में योग की धारणा के सम्बन्ध में कुछ विचार प्रस्तुत करना चाहूंगा।

पातञ्जल योगदर्शन का दूसरा सूत्र है—"योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः"। अर्थात् चित्त की पञ्चविध वृत्तियों का निरोध ही योग है। ये पांच वृत्तियां हैं प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति। हमारे व्यावहारिक जीवन में ये वृत्तियां बड़े ही काम की हैं और अनिवार्य भी हैं। जैसे, प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से ही हमारे सारे ज्ञान उत्पन्न होते हैं। प्रमाणों में दोष आने पर विपर्यय यानी भ्रान्ति होना अनिवार्य है। ऐसे ही 'राहोः शिरः' ऐसे शब्दज्ञान के माहात्म्य से "यह जानते हुए भी कि शिर ही राहु है" हमें 'राहु का शिर' ऐसी भेदबुद्धि होती है। यही विकल्प है। निद्रा भी जीवन की एक आवश्यक वृत्ति है और स्मृतिरूप ज्ञान भी। इन सभी प्रकार की वृत्तियों का निरोध योग है। परन्तु इन वृत्तियों का निरोध होने पर जीवन का सारा व्यवहार ही ठप्प हो जाता है। यहां यह प्रश्न उठता है कि क्या इस प्रकार की अवस्था (असम्प्रज्ञातसमाधि की अवस्था) हमें अभीष्ट है? साधारण रूप से जो जीवन का लक्ष्य जीवन तक ही सीमित मानते हैं, उनके लिए तो यह स्थिति अभीष्ट नहीं ही होगी। किन्तु जो जीवन का लक्ष्य त्रिविध दुःखों की आत्यन्तिक निवृत्ति मानते हैं, उनके लिये तो यह अवस्था अत्यन्त अभीष्ट है और परम पुरुषार्थरूप मोक्ष का साधक है। और हमारी भारतीय संस्कृति निरन्तर इसी ओर उन्मुख है। इस तरह की संस्कृति हमें वेदों और उपनिषदों से प्राप्त है। यद्यपि सांसारिक व्यवहारों में पड़े रहने के कारण यह सर्वगम्य नहीं मालूम देती है तथापि उसके जो स्फुट स्वरूप हैं वे प्रत्येक भारतीय के रग रग में प्रवाहित हो रहे हैं और वे योगाङ्गों के वर्णन प्रसङ्ग में योग दर्शन के सूत्रों द्वारा प्रतिपादित किये गये हैं।

सर्वप्रथम चित्तवृत्तिनिरोधरूप योग की सिद्धि के लिये अभ्यास और वैराग्य को उपाय बताया गया। अनन्तर उनके विकल्प के रूप में "ईश्वरप्रणिधानाद्वा" इस सूत्र द्वारा ईश्वर की उपासना या भक्ति को चित्तवृत्तिनिरोध का सुलभ साधन बताया गया। इस प्रकार की आस्तिक्यभावना भारतीय संस्कृति का सार्वजनीन स्वरूप है, जिसे उक्त योगसूत्र ने इङ्गित किया है। गीता में भी कहा गया है "अभ्यासेऽप्यसमर्थोऽसि मत्कर्मपरमो भव"। इतना ही नहीं, आगे चलकर "यथाभिमतध्यानाद्वा" इस सूत्र द्वारा अपने अपने अभीष्ट देव की उपासना का समर्थन करते हुए परकीय उपासना पद्धति के प्रति सहिष्णुता सूचित की गई है।

जिनकी चित्तवृत्तियां सतत विषयप्रवण होकर उच्छृङ्खल होती हैं, उनकी उन वृत्तियों के दमन के लिये तपश्चरण स्वाध्यायाभ्यास एवं ईश्वरप्रणिधानरूप क्रियायोग का विधान किया गया है। इसी आधार पर हमारे यहां उपवासादि विविध प्रकार के तपोऽनुष्ठान की सार्वत्रिक मान्यता है। अनित्य एवं अपवित्र शरीरादि में नित्यता पवित्रता आदि की बुद्धि को, अहङ्कार, राग, द्वेष और अभिनिवेश अर्थात् मरणभय को योग ने क्लेश की संज्ञा दी है। ये क्लेश ही वासनाद्वारा इस जन्म एवं जन्मान्तर में नाना भोगों के कारण बनते हैं। *भोग में यद्यपि दुःख के साथ सुख भी है तथापि वह सुख भी वस्तुतः दुःख ही

---

* क्लेशमूलः कर्माशयः दृष्टादृष्टजन्मवेदनीयः, परिणाम-ताप-संस्कार-दुःखैर्दुःखमेव सर्वं विवेकिनः (यो० द० पा० ३ सू० १२,१५)

है। इस प्रकार की भावना को विकसित करता हुआ योग रागद्वेष मिथ्याभिमान आदि क्लेशों से बचने का उपदेश देता है, जिसकी स्पष्ट झलक यहां के महापुरुषों में हम पाते हैं, जो भारतींय संस्कृतिके के मूर्त रूप है।

"हेयं दुःखमनागतम्" (३-१६) यह सूत्र अनागत दुःख को ही हेय बताते हुए वर्तमान दुःख अवश्य भोगने होंगे, क्योंकि तदनुरूप कर्म हम कर चुके हैं। जैसे, धनुष से छूटा हुआ बाण वापस नहीं होता। अतः वर्तमान दुःखका हेतु स्वयं अपने आपको समझो किसी अन्य को दोषीं न ठहराओ। और भविष्य में दुःखों की पुनरावृत्ति न हो, एतदर्थ स्वयं सत्प्रवृत्ति अपनाओ। यह भारतीय संस्कृति के लिये योग की वहुत वड़ी देन कही जा सकती है।

अव हम योगाङ्गों पर दृष्टि दें। योग के आठ अङ्ग हैं—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा ध्यान और समाधि। यम पांच हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। तप आदि पूर्वोक्त तीन क्रियायोगों में शौच (पवित्रता) एवं सन्तोष को मिलाकर पाँच नियम हैं। योग के वहिरङ्गों मे ये प्रमुख हैं। भारतीय संस्कृति में इनका महत्त्वपूर्ण स्थान है।

"मा हिंस्यात् सर्वा भूतानि, सत्यं वद, मा गृधः कस्यस्विद्धनम्, ब्रह्मचर्येण देवा मृत्यु-मुपाघ्नत" आदि श्रुति वचन हैं। ये ही देश काल या किसी शर्त के बन्धन से मुक्त होकर सभी स्थान में सभी समय में और सभी परिस्थितियों में सेवन किये जाने पर महाव्रत हो जाते हैं। यमों में पांचवां अपरिग्रह है, जो भोग के साधनों के संग्रह की भावना को वर्जित करता है। यह कितनी बड़ी उदात्त भावना है। इसे व्यक्ति में उद्‌बुद्ध करते हुए पूरे समाज को उपकृत करता हुआ योग हमारे वैदिक समाजवाद को बनाता है।

अहिंसा की भावना समाज में स्नेह प्रेम और श्रद्धा को विकसित करती है। इसे महावीर, बुद्ध और गान्धी ने प्रयोग द्वारा दिखा दिया। सदा सत्य भाषण करना, किसी की कोई भी वस्तु बिना मांगे न लेना, ये भारतीय संस्कृति के मूल्यवान् तत्त्व हैं। ब्रह्मचर्य की महिमा को भारत ने ही समझा। "मातृवत् परदारेषु" यह हमारी संस्कृति है। यह चीज़ और देशों में दुर्लभ है।

शौचका अर्थ है, बाह्य पवित्रता। इसका फल योगसूत्र मे बताया गया है—"शौचात् स्वाङ्गजुगुप्सा परैरसंसर्ग."। अर्थात् शौच से अपने शरीर के प्रति घृणा उत्पन्न होती है और दूसरे के संसर्गदोष से बचा जाता है। अपने शरीर के प्रति घृणा इसलिये कि यह देह स्वतः अपवित्रता का भण्डार है। बार बार जल से पवित्र करने पर भी पुनः अपवित्र बनी रह जाती है। ऐसी भावना शरीर के प्रति अनासक्ति और आत्म तत्त्व के प्रति उन्मुखता को बढ़ावा देती है। जो आत्मतत्त्व स्वतः तो नित्य एवं शुद्ध है और वृत्तियों के कारण उसमें आरोपित अशुद्धि आती है तथा योग द्वारा उसे निर्मल किया जाता है। इस प्रकार जव अपने ही शरीर के प्रति घृणा की भावना उत्पन्न होती है, तब दूसरे से संसर्ग क्यों कर बढ़ायेगा। भारतवर्ष में स्पृश्यास्पृश्य भावना का यही रहस्य है, जो एक उत्तम एवं शाश्वत लक्ष्य को लेकर शास्त्रों में वर्णित है और वह एक साधनमात्र है

साध्य नहीं। भारतीयसंस्कृति में यदि इसने स्थान प्राप्त किया है तो पूर्वोक्त उदात्त लक्ष्य ही इसका मूल है। जिसे आज अभिशाप माना जाने लगा है। इस मान्यता का कारण है, इसके मूल में उदात्त लक्ष्य का न होना। किन्तु योग-दर्शन इसे उदात्त लक्ष्य की दृष्टि से स्पष्ट मान्यता प्रदान करता है।

सन्तोष का योगदर्शन में फल वताया गया है—"सन्तोषादनुत्तमः सुखलाभः।" व्यक्तिगत रूप से सन्तोष वस्तुतः अनुत्तम सुख प्रदान करता है। साथ ही सामाजिक दृष्टि से समाज में अतृप्त भोग की प्रवृत्ति के वढावा को रोकता है। जिससे राष्ट्र भोग के लिये पारस्परिक कलह से उन्मुक्त होकर शान्ति के वातावरण में अपनी उन्नति करता है।

योगदर्शन के विभूतिपाद में धारणा ध्यान और समाधि के प्रभाव से होने वाली अनेक सिद्धियों का वर्णन आया है। कहीं मट्टी आदि के हुए पिण्ड कपाल घट आदि धर्मपरिणाम के संयम से तथा घट की अनागतावस्था से वर्तमानावस्था की प्राप्तिरूप लक्षणपरिणाम के संयम तथा वर्तमानावस्था को प्राप्त घड़े की नवीनता पुराणता आदि अवस्थापरिणाम के संयम से अतीत और अनागत ज्ञान की सिद्धि प्राप्त होती बतायी गयी है। कहीं शब्द अर्थ और उसके ज्ञान के प्रविभाग के संयम से सभी प्राणियों की बोली का अभिप्रायज्ञान होना बनाया गया है। इसी प्रकार विविध संयमों से पूर्वजन्मज्ञान, परचित्तज्ञान, अन्तर्धान, सूक्ष्म व्यवहित और विप्रकृष्टज्ञान, भुवनज्ञान, कायव्यूहज्ञान, क्षुत् पिपासा की निवृत्ति, चित्त का परशरीरप्रवेश, (जैसे, शङ्कराचार्यजी को हुआ था) जल कण्टकादि पर स्वच्छन्द विहरण जैसे पृथिवी पर, आकाशगमन, अणिमा आदि की प्राप्ति आदि सिद्धिओं का होना वर्णित है।

योयदर्शन ने परमलक्ष्य की प्राप्ति के प्रति श्रद्धा उत्पन्न करने की दृष्टि से इन सिद्धियों का प्रतिपादन एवं विस्तृत वर्णन किया है, न कि इन्हें प्राप्त कर अपने को कृतकृत्य मानने के लिये। इसीलिये कहा गया है—"ते समाधावुपसर्गा व्युत्थाने सिद्धयः" (३।३७)। अर्थात् ये व्युत्थान (व्यवहार) की दृष्टि से ही सिद्धियां हैं, समाधि की दृष्टि से तो उपसर्ग अर्थात् विघ्नरूप ही हैं। इसका अभिप्राय है कि योगजन्य सिद्धियों का अहङ्कार आदि न होना चाहिये, क्योंकि इससे परम पुरुषार्थ की प्राप्ति का प्रयास अवरुद्ध हो जाता है। यह है, हमारी भारतीय संस्कृति, जो ऊँची सिद्धियों को परम पुरुषार्थ के समक्ष न्योछावर कर देती है। योगदर्शन के चतुर्थपाद में कैवल्य का वर्णन है, जिसे भारतीय संस्कृति में परमपुरुषार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त है।

अतः इस प्रकार के तत्त्वों से निखरी हुई हमारी भारतीय संस्कृति क्यों न विश्व के लिये गौरवास्पद एवं आदर्श रूप हो, जिसकी निखार में योगदर्शन का महत्त्वपूर्ण योगदान है

दर्शनविभागाध्यक्ष,
प्रा० वि० ध० वि० संकाय,
का० हि० वि० वि०, वाराणसी

योगीनां बलमैश्वरम् (अष्ट-सिद्धियाँ)[1]

डॉ० जनार्दन उपाध्याय

सिद्धि साधना-प्रक्रिया की अनेक रूपता से योगियों की अष्टसिद्धियाँ जनसामान्य को स्पष्ट प्रतिभासित नहीं हो पातीं। अतः स्पष्टीकरण के लिए सिद्धियों के वर्गीकृत रूप एवं प्रकृति को समझना आवश्यक है।

सिद्धिः (सिध्+क्तिन्) का व्युत्पत्तिमूलक अर्थ किसी वस्तु या शक्ति की प्राप्ति का द्योतक है। इस संदर्भ में सभी सिद्धियाँ एक सी प्रतीत होती हैं। पर प्रकृति एवं साधनात्मक प्रक्रिया के आयामों की विभिन्नता के कारण सिद्धियों की दो श्रेणियाँ की जा सकती हैं :—

(१) उदात्त (उत्कृष्ट) सिद्धियाँ :—इसके अन्तर्गत दैवी प्रेरणा प्रदत्त अतिमानवीय शक्ति; योगाभ्यास से प्राप्त अष्टसिद्धियाँ, आदि हैं।

(२) अनुदात्त (निकृष्ट) सिद्धियाँ :— इसमें जादू, टोना, मारण, मोहन, उच्चाटन, आभिचारिक कृत्यों द्वारा चमत्कार प्रदर्शन, आदि आते हैं।

'उदात्त-सिद्धियाँ' योगी की आत्मा के आरोहण अवरोहण की दिव्य यात्रा का प्रतिफलन है। इसकी सभी क्रियाएँ योगी की भौतिक काया से परे अतिसूक्ष्म अदृश्य देह (अस्ट्रॉल बॉडी) की मानस कल्पना का प्रत्यक्षीकृत विम्व है। इसका सम्वन्ध मनुष्य के जड़ विकारों, इन्द्रिय, मन, प्राण, बुद्धि से परे अतीन्द्रिय एवं वायवीय (ईथरीयल) "अति संवेद्य-सूक्ष्म-सत्त्व-तत्त्व" (सुपर सेन्जटीव सवस्टेन्स) से है। इसका अनुशीलन प्रसंगानुकूल आगे किया जायेगा।

'अनुदात्त-सिद्धियाँ' भौतिक देह की ही मानसिक शक्तियों की देन हैं। इन्हें मनोविज्ञान और शरीर रचना विज्ञान के माध्यम से समझा जा सकता है। इस प्रकार की सिद्धियों में व्यक्ति के शरीर के सभी नाड़ी तन्तुओं की क्रियाशीलता बनी रहती है। ये सभी सिद्धियाँ व्यक्ति की विशेष वोधवृत्ति का परिणाम हैं। इस बोध का जागरण कर्मकाण्डीय संस्कारों (रीचुअल्स) अभिचारों, मन्त्रों के प्रयोग द्वारा होता है। इन सांसारिक कृत्यों से व्यक्ति विशेष मानसिक शक्ति से आधानित होकर कुछ चमत्कारिक कार्य करने में समर्थ हो जाता है। कभी-कभी मस्तिष्क के किसी अंग पर तीव्र आघात होने से व्यक्ति इस प्रकार की मानसिक शक्तियों से युक्त होकर अदृश्य बातें बताने लगता है। सामान्य जन के लिए यह सिद्धि हो सकती है, पर यह स्नायविक आघात जन्य मस्तिष्क किसी कोषाणु का उद्वोधन और उल्लास मात्र ही है।

---

[1] चरक १।१४०।४१।

आदिम मानव प्रारम्भ में चमत्कार भरी जादुई क्रियाएँ काम में लाता था, जिसे उसकी सिद्धि कही जा सकती है। पुरावृत्तात्मक चिन्तन (मिथिक कांसेप्ट) में सभी जादुई (मैजिकल) शक्तियों का आधार वाह्य जगत की वास्तविकता को मानवीय इच्छाओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना है। ये सभी क्रियाएँ प्रयोजनवती हैं, जो चिदात्मा को आवेष्टित करने वाले जड़विकार :—इन्द्रिय, मन, प्राण, बुद्धि को तुष्ट करती हैं। 'अनुदात्त-सिद्धियाँ' या तो वाह्य इन्द्रियों की तृप्ति के लिए हैं, या उनसे मन, प्राण, बुद्धि की परितृप्ति होती है।

इन सिद्धियों की पहली अवस्था में स्थूल रूप से जादू, टोना, मारण मोहन, उच्चाटन आदि को ले सकते हैं। दूसरी अवस्था सम्प्रदायगत सिद्धों, पीरों, औलियों, फकीरों के चमत्कारिक कार्य को व्यक्त करती है।

योगसिद्धियाँ वायवीय देह की उच्चस्तरीय वोधवृत्ति हैं। ये सभी प्रयोजनातीत हैं। प्रयोजनातीत सत्वस्थ होकर बना जा सकता है। स्पष्ट है कि आध्यात्मिक यौगिक सिद्धियाँ आदिम अतिमानवीय जादुई शक्तियों की पुरावृत्तात्मक मिथकीय अवधारणा का विकसित शास्त्रीय रूप नहीं है। सभी पुरावृत्तात्मक जादुई शक्तियाँ आध्यात्मिक सिद्धियों से सर्वथा भिन्न हैं। अगर पहली मानव की भौतिक देह की उपज हैं, तो दूसरी अति सम्वेद्य-वायवीय-सत्व-तत्व से निर्मित मानस की दिव्यतम उपलब्धि है।

योगियों की अष्टसिद्धियों की व्याख्या शरीर रचना विज्ञान एवं मनोविज्ञान से परे की वस्तु है। उसकी व्याख्या के लिए "परा-मनोविज्ञान" और "पराफिजियॉलजी" की कल्पना करनी पड़ेगी। उदात्त सिद्धियाँ इस भौतिक देह से परे अतिदिव्य अतीन्द्रियदेह (अस्ट्रॉल बॉडी) की उपज है।[१] उस वायवीय शरीर की संक्षिप्त रचना समझना आवश्यक है। योगदर्शन में इस शरीर के चारों तरफ उसी प्रकार की एक अतिमानवीय एवं वायवीय शरीर की कल्पना है। यह शरीर अपने विधायक तत्वों की अतिसूक्ष्मता के कारण अदृश्य है। इसकी रचना ऐसे ईथरीय तत्त्व से है, जो स्थूल तत्त्वों की अपेक्षा अधिक स्पन्दनशील (वाइब्रेरिंग) है। पदार्थ में अणु-परमाणु का वेग, (वेलासिटी) कम्पन (वाइब्रेशन) और उल्लास (वेरासिटी) होता है। आकाश तत्व से निर्मित यह वायवीय शरीर भी अति संवेदनशील है। इसमें पदार्थीयगुणों-वेग, कम्पन एवं उल्लास के होते हुए भी न तो इसे पूर्णतः पदार्थ कह सकते हैं और न मात्र यह ऊर्जा (एनर्जी) ही है। यह शरीर अत्यन्त सूक्ष्म तत्त्व से बने पदार्थ की अपेक्षा अधिक दृढ़ग्राही है। तत्त्वविज्ञान में इस ब्रह्मस्वरूप शरीर का निर्माण आकाश तत्व से माना गया है, जो "अति संवेद्य सत्व-तत्व" है। यह हर दिकाकाश (स्पेस) और हर मानव शरीर में सहज प्रवेश्य है। यह योग-शरीर ऐसी तात्विक सूक्ष्म देह है, जो काल और आकाश (टाइम और स्पेस) की सीमा से परे है। योगी देश-काल पात्रता की सीमा में सीमित नहीं है। वह अपनी निर्विकल्प समाधि में अपनी आत्मा को ब्रह्मारन्ध्र से मुक्त कर इस ईथरीय देह में प्रवेश कराता है। पुनः आत्मा

---

१ संकेतसूत्र के लिए "मिस्टीरियस-कुंडलिनीः" वसन्त रेले का द्रष्टव्य है।

वहाँ के सूक्ष्म तन्तुओं को अपने साथ लेकर इस भौतिक शरीर में प्रत्यागमन करती है। इस काल में अगर किसी प्रकार की दुर्घटना से तंतुओं का विखंडन हो गया तो अतिवायवीय-शरीर में स्थित आत्मा भौतिक शरीर में पुनः प्रवेश नहीं कर सकती। योगियों का परकायाप्रवेश इसी अवस्था की उपलब्धि है।

योग दर्शन का स्पष्ट उद्घोष है कि इस पिण्ड से बाहर कोई वस्तु नहीं है। देह रूप अणु ही ब्रह्माण्ड रूप विराट की लघुतम उपलब्धि है। जो भी हमें अद्भुत या आश्चर्यजनक प्रतीत हो रहा है, वह हमारी अज्ञानता का फल है। मूलतः सब कुछ सहज है। इसी से संवेदनशील बोध वृत्ति का स्फुरण आवश्यक है। योगी के लिए जगत का रहस्य रहस्य नहीं है "अष्ट सिद्धियों" की स्थिति मानव शरीर के भीतर ही है। साधना के द्वारा उन्हें पहचान कर प्राप्त किया जा सकता है। महत्व की बात यह है कि ये सभी सिद्धियाँ परस्पर विरोधी है। उदाहरण के लिए हम 'अणिमा-महिमा', 'लघिमा-गरिमा' को ले सकते हैं। परस्पर विरोधी गुण से ही जीवन में गति आती है, और संसार की हर वस्तु, हर शब्द, ध्वनि द्वन्द्वात्मक संघर्ष से ही प्रगतिशील है। जहाँ द्वन्द्व नहीं है, वहाँ मृत्यु और अगति है। अगति और स्पन्दन हीनता जीवन सौन्दर्य नहीं है। योगी अपनी ही सुप्त शक्ति का जागरण कर उसमें गतिमयता लाता है। वह गतिशील होकर ही धर्म अधर्म, गति-अगति, नृत्य-अनृत्य, देश-काल, पात्रता से ऊपर उठ जाता है। उसके लिए हर समय, हर स्थान, प्रत्येक व्यक्ति, एक समान स्फुरित हैं।

उदात्त सिद्धियाँ योगियों की ऐश्वर्य शक्ति हैं :—

आवेशश्चेतसो ज्ञानार्थानां छंदतः क्रिया
दृष्टिः श्रोतं स्मृतिः कान्तिरिष्टतश्चाप्यदर्शनम्
इत्यष्टविद्यमाख्यातं योगिनां बलमैश्वरम्
शुद्ध सत्वसमाधानतं सर्वमुपजायते ।[१]

'अष्ट-सिद्धियाँ' योगी के सत्वस्थ मानस की प्राप्ति हैं। समाधिनिष्ठ होकर सत्वस्थ हुआ जा सकता है। समाधि निष्ठता का अर्थ ही है इन्द्रियों से विमुखता और अपनी चेतना शक्ति का अन्तर्मुखी-प्रयाण। योगी को आत्मा की शिथिल समाधि चित्त, वासना और प्राण के कंचुकों से मुक्त नहीं होने देती। कुण्डलिनी शक्ति पर पूर्ण रूपेण नियन्त्रण करने वाले योगी की चैतन्यात्मा चित्त, वासना, प्राण के पाश का खण्डन कर—ब्रह्मरन्ध्र से बाहर निकलने के लिए स्वतन्त्र हो जाती है। ब्रह्मरन्ध्र से बाहर आकर आत्मा मानवीय देह से अतिमानवीय देह में प्रवेश करती है। योगी निर्विकल्प समाधि में अनिर्वचनीय विज्ञान (इन्फीनिट इन्टेलीजेन्स) से तादात्म्य स्थापित करता है। ज्ञान-विज्ञान की इसी अनिर्वचनीय अवस्था में उसे आध्यात्मिक शक्तियों की प्राप्ति होती है, जिन्हें 'अष्ट-सिद्धियाँ' कहते हैं। ये 'अष्टसिद्धियाँ' अधोलिखित है :—

(१) अणिमा (२) महिमा (३) लघिमा (४) गरिमा
(५) प्राप्ति (६) प्राकाम्य (७) वशीत्व (८) ईशत्व

---

१ चरक : १।१४०;४१।

(क) अणिमा :—योगीध्यान, चित्त की एकाग्रता और संयम द्वारा आत्मा के अणुत्व का प्रत्यक्षीकरण करता है। इसके द्वारा वह अपनी ही अदृश्य शक्ति को दूसरे के शरीर में प्रविष्ट करा सकता है। इसी अवस्था में पर काया प्रवेश भी किया जा सकता है। शंकराचार्य का पर काया प्रवेश इस प्रसंग में द्रष्टव्य है।

(ख) महिमा :—दिराटता भी आत्मा का एक महान गुण है। इस सिद्धि में योगी श्वास-प्रश्वास प्रक्रिया द्वारा वायु को अपने अन्दर इतना प्रविष्ट कराता है, जिससे उसका शरीर विराटतम रूप को धारण कर ले। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप का दर्शन इसी योग प्रक्रिया से कराया था।

(ग) लघिमा :—इसमें योगी अपनी काया को पूरक प्राणायाम द्वारा अधिक से अधिक वायु लेकर इतना हल्का कर लेता है, जिससे वह जल तथा वायु में चल तथा उड़ सकता है। इस सिद्धि द्वारा वह सहस्रों मील की यात्रा मिनट या सेकेण्ड में कर सकता है।

(घ) गरिमा :—गुरुत्व आत्मा का चौथा गुण है। योगी अधिक से अधिक वायु खींच कर उसे अपनी नाड़ी तन्तुओं की शून्यता में भरकर दबाता है, जिससे उसका शरीर पूर्वापेक्षा गुरु गम्भीर हो जाता है। कृष्ण ने सत्यभामा के गर्व को चूर करने के लिए शरीर में गुरुता इसी द्वारा लायी थी।

(च) प्राप्ति :—इस सिद्धि से अभीप्सित वस्तु को प्राप्त किया जा सकता है। इससे आध्यात्मिक शक्ति एवं दैवी सक्तियाँ प्राप्त की जा सकती हैं। यह ऐसी सिद्धि है जो योगी को अनेक अज्ञात भाषाओं को समझने, बोलने की शक्ति देती है। इसी के माध्यम से योगी अदृश्य घटनाओं, भविष्य की बातों एवं दूसरों के अव्यक्त विचारों को समझ कर कह सकता है। महाभारत कालीन संजय इस दृष्टि से युक्त थे। जिससे विना देखे ही युद्ध का यथा तथ्य वर्णन धृतराष्ट्र को सुनाते थे।

(छ) प्रकाम्य :—इसके द्वारा कामना से अधिक की प्राप्ति की जा सकती है। साथ ही साथ इसके द्वारा ही योगी अनिश्चित काल तक युवा बना रह सकता है।

(ज) वशीत्व :—इस सिद्धि से सभी के ऊपर नियन्त्रण रखा जा सकता है। जगत के हर प्राणी, हर तत्त्व और सभी क्रियाएँ व्यक्ति की इच्छा के अनुकूल कार्यरत हो सकती हैं। इसी प्रकार की सिद्धि से व्यक्ति सभी को अपने वश में रखता है।

(झ) ईशत्व :—यह इसी शरीर द्वारा दैवी शक्ति (डिवाइन पावर) की प्राप्ति है। इसके द्वारा अणोरणियान महतो महीयान् की अनुभूति होती है। योगी ब्रह्म में लीन होकर इसी शरीर से तादात्म्य स्थापित करता है।

समग्रतः ये सभी सिद्धियाँ अणु से विराट तत्व की ओर उन्मुख हैं। अणु को जानकर ही विराट को पहचाना जा सकता है। विराट की पहिचान ही सर्वव्यापी ऋत का प्रत्यक्षीकरण है। 'ऋत' के विराट रूप 'सत्य' की अनुभूति 'ऋतम्भरा' के विना असम्भव है। क्योंकि 'ऋतम्भरा' ही योगी की 'निर्विकल्प समाधि' की दिव्यतम

उपलब्धि है। वही उसकी वह निर्मल प्रज्ञा है जिससे उसे पदार्थ से ऊर्जा तक की चेतन शक्ति के संचरण का बोध होता है। 'ऋतम्भरा' के रागात्मक साहचर्य से ही योगी जगत के सभी अणु-परमाणुओं के पूर्व स्थापित रागात्मक सम्बन्ध एवं समन्वय की चिरन्तन क्रिया-शीलता की अनुभूति करता है। सिद्धियाँ इसी दिव्यतम ज्योति स्वरूप 'ऋतम्भरा-प्रज्ञा' की हीं देन है। 'ऋतम्भरा-प्रज्ञा' विहीन योगी की साधना निष्फल और तपस्या खंडित है। इसी का संयोग-संभोग योगी को परम विद्या, परम अध्यात्मपद दिला सकता है। सभी दिव्य उदात्त सिद्धियाँ उसी के मनोमय रूप का ही तो प्रतिफलन हैं।

क्या योगी के लिए अपनी शक्तियों एवं विभूतियों का वाह्य प्रकाश एवं प्रदर्शन उचित है। वस्तुतः अहंकार से बचने के लिए योग मार्ग में प्रथम प्रविष्ट पुरुष को वह नहीं करना चाहिए। परन्तु जो योगी अखण्ड सत्ता से नित्य युक्त हो गया है, उसमें अहंकार की सम्भावना नहीं होती। क्योंकि उसके लिए उक्त सिद्धियाँ एवं शक्तियाँ निष्प्रयोजन हैं। योगी तो प्रयोजनातीत प्राणी है। इस संदर्भ में एक प्रश्न और महत्वपूर्ण है। क्या योग मार्ग मे 'शक्ति' का विकास या "सरल विश्वास" आवश्यक है। सामान्यतया दोनो सिद्धान्त उचित हैं। क्योंकि बिना प्रत्यक्ष देखे मनुष्य के चंचल चित्त में शान्ति नहीं आती अतः निष्ठा एवं विश्वास के लिए आवश्यक है कि 'विभूतियों का वाह्य प्रदर्शन हो। विभूतियों में कौन सी विभूति श्रेष्ठ है। इच्छा, ज्ञान, क्रिया शक्ति का त्रिविक्रम ही सर्व श्रेष्ठ है। इच्छा शक्ति सर्वोपरि है। "ज्ञान शक्ति" के प्राप्त होने से अशेष विशेष लाभ 'ज्ञान-लाभ' होता है। परन्तु क्रिया—शक्ति के आगत होने पर सर्व कर्तृत्व की उपलब्धि होती है। यहाँ तो योग शास्त्र मे "विशोका सिद्धि" है जिसका स्वरूप ही 'सर्वज्ञातृत्व' और 'सर्वभावाधिष्ठातृत्व' है। फिर भी इसके ऊपर है 'इच्छा शक्ति'। यह "विशोकासिद्धि" से भी ऊपर है। 'इच्छाशक्ति' की प्राप्ति पर क्रिया और ज्ञान शक्ति की भी प्राप्ति हो जाती है। इसकी प्राप्ति पर प्राकृतिक उपादान से लेकर 'ज्ञान' तथा क्रिया शक्ति काम कर सकती है।

क्या 'इच्छा-शक्ति' और 'इच्छा' में भेद है ? इन दोनों में निश्चित ही भेद है। 'शक्ति' का अर्थ 'चैतन्य' है। जब तक आत्मा अचेतन अवस्था में रहती है, अर्थात् ज्ञान को प्राप्त नहीं करती, तब तक उसकी इच्छा, मात्र 'इच्छा' है, वह 'इच्छा शक्ति' नहीं हो सकता। परन्तु आत्मा की चैतन्यावस्था अर्थात् पूर्णज्ञान प्राप्ति करने पर आत्मा की इच्छा ही 'इच्छा शक्ति' बन जाती है। ज्ञान प्राप्त करने का अर्थ है आत्म साक्षात्कार और ब्रह्मस्वरूप का साक्षात्कार। पर क्या इस साक्षात्कार के बाद भी 'इच्छा' रहती है। "इच्छा" रहती अवश्य है, पर वह "महाइच्छा" के रूप में रहती है। क्योंकि इसके रहने से ब्रह्म का ब्रह्मत्व और ईश्वरत्व साकार होता है। योगीपुरुष "इच्छा-शक्ति" सम्पन्न होता है। वह उसे प्राप्त कर लिया होता है। सामान्य जन केवल इच्छा सम्पन्न हैं। पर जब उस 'इच्छा' पर। 'इच्छा-शक्ति' सम्पन्न योगी का शक्तिपात होगा तो व्यक्ति अपनी इच्छा की वस्तु प्राप्त कर लेगा। एक उदाहरण आवश्यक है। एक व्यक्ति अपनी अभिप्सित वस्तु की इच्छा करके मुट्ठी बन्द कर सकता है। पर कुछ देर बाद वह उसे खोलता है। उसमें उसकी इच्छा की वस्तु उपलब्ध नहीं होती। एक योगी पुरुष इसपर

अपनी इच्छा शक्ति का आधान करता है और पुनः बन्द मुट्ठी खोलने पर व्यक्ति को उसकी इच्छित वस्तु मिल जाती है। यही 'शक्ति' है। व्यक्ति में महाज्ञान का उद्भव होने पर इस शक्ति संचार की आवश्यकता नहीं पड़ती। क्योंकि वह तो स्वयं महाशक्ति से नित्य युक्त हो गया रहता है। यही कारण है कि सिद्ध योगियों के लिए कोई भी वस्तु असम्भव नहीं है। योग शास्त्र का प्रमुख वाक्य है—"सर्वंसर्वात्मक"। रहस्य मयी विपुला प्रकृति एवं सृष्टि प्रक्रिया में सर्वत्र सभी तत्त्व विद्यमान हैं। परन्तु सबके होते हुए भी जिस तत्त्व का आधिक्य होता है उसी पर उसका नामकरण हो जाता है। उस वस्तु की गुण क्रिया भी उसी 'तत्त्व प्राधान्य' के अनुसार ही सम्पादित होती है। उदाहरण के लिए 'गुलाब' पुष्प में 'कमल' है। पर गुलाब के तत्त्व अधिक हैं, उसका प्राधान्य है, अतः वह गुलाब है। पर योगी अपनी शक्ति से "गुलाब" में 'कमल' पुष्प के तत्त्वों का प्राधान्य आधानितकर उसे ही 'कमल' पुष्प बना सकता है। यह उसकी शक्ति है। इसे आप जादू कह लें, मन्तर कह लें, टोना कह लें, सब चल जायेगा योगी के लिए तो कुछ भी असम्भव नहीं है।

योगी का समूचा व्यापार 'इच्छा शक्ति' का ही खेल होता है। फिर भी 'इच्छा-शक्ति' ही चरम नहीं है। बहिर्मुखी शक्तियों में यह सर्वश्रेष्ठ है। पर महायोगी की परमा-वस्था यहीं तक नही है। उसके लिए आवश्यक है कि वह अन्तर्मुख होकर अपनी 'इच्छा शक्ति' को भी श्री भगवान के चरणों में अर्पित कर दें। 'इच्छा शक्ति' के अर्पण होने पर ही आह्लादिनी या परमानन्दास्वरूपा शक्ति का अभ्युदय होता है। योगी 'इच्छा शक्ति' कीं निवृत्ति के बाद महाशक्ति के पूर्णानन्दमय अंक में प्रवेश करता है अनुकूल प्रति-कूल भाव की साम्यावस्था पर 'आनन्द' का भेदन होता हैं। यहीं पर वह 'चैतन्य राज्य में प्रवेश करता है। अन्ततोगत्वा वह शिव शक्ति के अभेद ज्ञान से उसी के साथ अपने स्वरूप का तादात्म्य कर लेता है। इसी 'शिव-शक्ति' एवं योगी के आत्मस्वरूप तादा-त्म्यावस्था में 'स्वातंत्र्य' का उन्मेष होता है। यही पूर्णता है। इसी से योगी का अर्थ ही है अखण्ड सत्ता से नित्ययुक्त होना। वह देश कालावच्छिन्न है। इसी शरीर से वह सर्वत्र एवं सर्व काल में विद्यमान रहता है।

'ऋतम्भरा' मझौली कोठी
अस्सी, वाराणसी

आत्म विज्ञान के सोपान शम और दम

डॉ० स्वामी आत्मानन्द परमहंस,

आत्मजिज्ञासुओं के लिये वेदान्त एक मात्र शरणीकरणीय है।[1] साधनचतुष्टयसम्पन्न अधिकारी ही आत्मज्ञानसम्पादन में सक्षम होता है—इस बात की चर्चा वेदान्तग्रन्थों में बहुधा की गयी है। ये चारों साधन हैं—विवेक, वैराग्य, षट्सम्पत्ति और मुमुक्षुता। छः सम्पत्तियाँ हैं -शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान एवं श्रद्धा। इनमें शम से मनोनिग्रह एवं दम से इन्द्रियनिग्रह अभिप्रेत है। मनोनिग्रह और इन्द्रियनिग्रह में पौर्वापर्य तथा दम की आवश्यकता पर प्रस्तुत लेख में विचार किया गया है।

कुछ लोगों का कथन है कि शमदमोपरतितितिक्षासमाधानश्रद्धा[2], इसी क्रम से छः साधन प्रायः सभी ग्रन्थों में वर्णित हैं। अतः इन साधनों में सफल होने का क्रम भी यही है। अर्थात् पहले मनोनिग्रह होतां है और बाद में इन्द्रियनिग्रह। यह बात अनुभवविरुद्ध प्रतीत होने पर वे लोग यह भी कल्पना करते हैं कि शम के लिये इन्द्रियनिग्रह आवश्यक भले ही हो पर वह कृत्रिम इन्द्रियनिग्रह है। वास्तविक दम तो शम के पश्चात् ही होता है। इसीलिये शम के पश्चात् दम का उल्लेख प्रत्येक ग्रन्थ में है। किन्तु गम्भीरता से विचार करने पर पता यह चलता है कि इन लोगों का विचार भ्रमात्मक है और उसे पुष्ट करने के लिये की गयी कल्पना कोरी कल्पना ही है जैसा कि भगवत्पूज्यपाद श्रीशंकराचार्य जी का वचन[4] है कि—

> पूर्वोत्तरांगसद्भावे शमः सिद्धचति नान्यथा।
> तीव्राविरक्तिः प्राच्यांगमुदीच्यांगं दमादयः॥

अर्थात् शम के पूर्वांग और उत्तरांग सिद्ध हो जाने पर ही शम सिद्ध होता है, अन्यथा नहीं। तीव्र वैराग्य पूर्वांग है एवं दमादि उत्तरांग हैं।

और भी[5]—

> 'बाह्येन्द्रिये साधु निरुध्यमाने बाह्यार्थभोगोमनसा वियुज्यते।'

अर्थात् (किसी विषय से) बाह्येन्द्रिय को निरोध कर लेने पर (संयम द्वारा बलात् हटा लेने पर) मन का (उस) बाह्य विषय से सम्पर्क समाप्त हो जाता है।

---

[1] भट्टपाद जी का वचन है कि 'दृढत्वमेतद्विषयस्तु बोधः प्रयाति वेदान्तनिषेवणेन।' मीमांसाश्लोकवार्तिक में पञ्चमसूत्रगत आत्मवाद का अन्तिम श्लोक पृ० ७२७-७२८।

[2] वेदान्तसार, ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्य एवं पञ्चीकरणादिग्रन्थ द्रष्टव्य हैं। विवेकचूड़ामणि तथा सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रहादि प्रकरण ग्रन्थ भी द्रष्टव्य हैं।

[3] वेदान्तसार पृ० १०। रेवड़ीतालाब वाराणसी-प्रकाशन, दिसम्बर १९५८।

[4] सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रह ॥ १००॥

[5] सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रह ॥ १३२॥

इसीलिये भगवान् ने गीता में कहा है कि—

'इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः[1] ।'

अर्थात् वलवती इन्द्रियाँ हठात् मन को खींच ले जाती हैं। तात्पर्य यह है कि इन्द्रियसंयम नहीं है तो मनः संयम बड़ी दूर की वात है। इसी कारण भगवान् ने आगे[2] कहा है—

'तस्मात्त्वमिन्द्रियाण्यादौ नियम्य भरतर्षभ ।'

[3]मुक्तिकोपनिषद् में भी—

"हस्तं हस्तेन सम्पीड्य दन्तैर्दन्तान् विचूर्ण्य च ।
अङ्गान्यङ्गैः समाक्रम्य जयेदादौ स्वकं मनः ॥"

इस वचन द्वारा इन्द्रियनिग्रह पूर्वक ही मनः संयम होता है—इसे स्पष्ट रूप से बताया गया है।

अनुभव भी है कि किसी पदार्थ से मन और इन्द्रिय दोनों को हटाना हो तो पहले इन्द्रिय से उस पदार्थ को दूर कर देना चाहिए। उदाहरण के लिये धूम्रपान करने वालों को ले लीजिये। पहले देखी देखा शौक से धूम्रपान कर लेते हैं। वाद में आदत पड़ जाने पर उसके लिये व्याकुल होकर इधर-उधर खोजते फिरते हैं। छोड़ने का क्रम भी सामन्यतया यही है कि पहले धूम्रपान वलात् छोड़ देते हैं। कुछ दिनों वाद मन भी उस पर जाना वन्द कर देता है। यही क्रम सभी विषयों के लिये है। अतः दमपूर्वक ही शम सिद्ध होता है—इसमें लेशमात्र भी सन्देह नहीं। इसलिये कहा है कि—

"इन्द्रियेषु[4] निरुद्धेषु त्यक्त्वा वेगं मनः स्वयम् ।
सत्त्वभावमुपादत्ते प्रसादस्तेन जायते ॥"

उपर्युक्त विवेचन का यह तात्पर्य नहीं कि इन्द्रियसंयम पर ही ध्यान देकर मनःसंयम की उपेक्षा की जाय अपितु तात्पर्य यह है कि मनः संयम के लिए इन्द्रियसंयम अनिवार्य सोपान है।

कुछ विचारक यह भी तर्क रखते हैं कि इन्द्रियसंयम के अभाव में भी उत्कृष्टतर कोटि के विषय आने पर सामान्य विषय अपने आप छूट जाते हैं। अतः दिव्य दर्शनस्स्पर्श-रसादि प्राप्त होने पर सामान्य अपने आप छूट जायँगे। पर यह भी कोरी कल्पना ही प्रतीत होती है। विषयों का चिन्तन-सेवन करने से वे छूटेंगे—यह केवल आशामात्र ही है। मनु वचन है कि—

"न[5] जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते ॥"

मानस में भी—

"छूटइ मलकि[6] मलहि के धोये। घृत कि पाव कोउ वारि बिलोये ॥"

---

[1] श्रीमद् भगवद् गीता ॥ २ ॥ ६० ॥, ॥ २।६७ ॥ भी द्रष्टव्य है।
[2] ,, ,, ,, ॥ ३ ॥ ४१ ॥
[3] मुक्तिकोपनिषद् ॥ २।४२ ॥
[4] सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रह ॥ १३१ ॥
[5] मनुस्मृतिः ॥ २।९४ ॥
[6] श्रीरामचरितमानस ॥ ७।४८।५ ॥

और भी—

"सेवत[1] बिषय बिबर्ध जिमि नित नित नूतन मार ॥"

देवताओं को दिव्यभोग तो संकल्प से ही प्राप्त होते हैं—

'यन्न[2] दुःखेन सम्भिन्नं न च ग्रस्तमनन्तरम् ।
अभिलाषोपनीतं तत्सुखं स्वः पदाऽऽस्पदम् ॥'

तथापि मानसकार के शब्दों में—

'इन्द्रिन्ह सुरन्ह न ज्ञान सोहाई ।
विषयभोग पर प्रीति सदाई[3] ।'

इसीलिए मानसकार ने दम की परमावश्यकता देखते हुए यहाँ तक प्रतिपादन किय कि 'दम के विना शम नहीं होता'—इतना ही नहीं अपितु शम के पूर्व कहा हुआ साधन 'वैराग्य' भी दम के आधार पर ही सिद्ध होता है—

'दम[4] अधार रजु सत्य सुबानी ।
तब मथि काढ़ि लेइ नवनीता । बिमल विराग सुभग सुपुनीता ॥'

ऊपर कह चुके हैं कि विवेक चार साधनों में से एक है और प्रथम है । श्रीशंकर-भगवत्पाद का वचन है कि विवेक का विरोधी अविवेक, जो कि बुद्धि का धर्म है, वह दम से निवृत्त हो जाता है—

'ब्रह्मचर्यादिभिर्धर्मैः[5] बुद्धेर्दोषनिवृत्तये ।
दण्डनं दम इत्याहुर्दमशब्दार्थकोविदाः ॥'

इस वचन से तो यह स्पष्टतया प्रतीत होता है कि दम केवल शम या वैराग्य में ही नहीं, अपितु इन सबके मूल 'विवेक' में भी कारण है ।

दम के लिये किन उपायों का अवलम्बन अपेक्षित है इस विषय में आचार्य ने देश काल एवं परिस्थिति के अनुकूल प्राणायाम का निर्देश किया है—

'प्राणायामाद्भवति[6] मनसो निश्चलत्वं प्रसादो
यस्याप्यस्य प्रतिनियतदिग्देशकालाद्यवेक्ष्य ।
सम्यग्दृष्टया क्वचिदपि तया नो दमो हन्यतेत
त्कुर्याद्धीमान् दममनलसश्चित्तशान्त्यै प्रयत्नात् ॥'

---

[1] श्रीरामचरितमानस ॥ ६ ॥ ९२ ॥
[2] सांख्यतत्त्वकौमुदी के अन्तर्गत द्वितीयकारिका के अवतरण में उद्धृत ।
[3] श्रीरामचरितमानस ॥ ७।११७।१५ ॥
[4] श्रीरामचरितमानस ॥ ७।११६।१५-१६ ॥
[5] सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रह ॥ १२८ ॥
[6] „ „ „ ॥ १३५ ॥

इस प्रकार निष्कर्ष यह निकलता है कि आत्मज्ञानसम्पादन के लिए आवश्यक जो साधनचतुष्टय हैं वे प्राणायाम से दमादिनिष्पत्तिपूर्वक साधक को प्राप्त होते हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर न्यायमञ्जरीकार ने कहा[1] है—

'अध्यात्मविदश्च ज्ञानकाण्डौपयिकमेव क्रियाकाण्डमन्यत् ।'

यहाँ अन्यत्क्रियाकाण्ड से प्राणायामादि ही अभिप्रेत[2] हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर आचार्य पाद ने ब्रह्मचिन्तन की इच्छा करने वालों को प्राणायाम का निर्देश किया है —

'प्राणायामेन[3] क्षपितमनोमलस्य चित्तं ब्रह्मणि स्थितं भवतीति प्राणायामो निर्दिश्यते। प्रथमं नाडीशोधनं कर्त्तव्यम् ।'

अपरोक्षानुभूतिग्रन्थ में तो उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जिनका मन परिपक्व है अर्थात् जो निर्मलान्तःकरण हैं उनके लिये केवल ज्ञानमार्ग (भी) सिद्धिदायक है—

'परिपक्वं[4] मनो येषां केवलोऽयं च सिद्धिदः ।'

(किन्तु) जिनका अन्तःकरण कुछ निर्मल (अर्थात् पूर्ण निर्मल नहीं है) उनके लिये हठयोग संवलितज्ञानयोग सिद्धिदायक है—

'किञ्चित्पक्वकषायाणां[5] हठयोगेन संयुतः ।'

आजकल देखा जाता है कि मनःशान्ति तथा आत्मज्ञान की खोज में बहुतेरे लोग है किन्तु दम पर ध्यान दिये बिना ही मनःशान्ति (या शम) को अनेक औपचारिक उपायों से प्राप्त करने की चेष्टा कर रहे हैं। परिणाम भी विपरीत ही दीख रहा है कि कुछ सुविधा जनक पदार्थ भले इकट्ठे कर लिये जाँय तथा बड़े-बड़े संस्थान भले खोल दिये जाँय पर शान्ति दूर भागती चली जाती है।

अतः मनःशान्ति के लिये यह आवश्यक है कि दृढ़निश्चयी होकर प्राणायाम के साहाय्य से दम की साधना में उन्नतिशील बनें—

'दमेन[6] चित्तं निजदोष जातं विसृज्य शान्ति समुपैति शीघ्रम् ॥'

गणित विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

---

[1] न्यायमंजरीप्रमेयप्रकरण पृ० ९१।

[2] न्यायसूत्र ४।२।४६ के भाष्य में कहा है कि—'योगशास्त्राच्चाध्यात्मविधिः प्रतिपत्तव्यः। स पुनस्तपः प्राणायामः प्रत्याहारो ध्यानं धारणेति ।'

[3] श्वेताश्वतरोपनिषद् ॥ २।९ ॥ शांकर भाष्य।

[4] अपरोक्षानुभूति ॥ १४४ ॥

[5] अपरोक्षानुभूति ॥ १४३ ॥

[6] सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रह ॥ १३४ ॥

उद्बोधन

महात्मा गांधी

पूज्य मालवीय जी, सर राधाकृष्णन्, भाइयों और बहनों,

तीर्थ-यात्रा

आप सब जानते हैं कि आजकल मुझमें न तो सफर करने की ताकत ही रही है और न इच्छा ही, लेकिन जब मैंने इस विश्वविद्यालय के 'रजत महोत्सव की वात सुनी और मुझे सर राधाकृष्णन् का निमन्त्रण मिला तो मैं इनकार न कर सका।

आप जानते हैं कि मालवीय जी के साथ मेरा कितना गाढ़ सम्वन्ध है। अगर उनका कोई काम मुझसे हो सकता है तो मुझे उसका अभिमान रहता है, और अगर मैं उसे कर सकूँ तो अपने को कृतार्थ समझता हूँ। इसलिए जब सर राधाकृष्णन् का पत्र मुझे मिला तो मैंने निमन्त्रण स्वीकार कर लिया। यहां आना मेरे लिए तो एक तीर्थ में आने के समान है।

यह विश्वविद्यालय मालवीय जी महाराज का सबसे बड़ा और प्राण प्रिय काय है। उन्होंने हिन्दुस्तान की वहुत-वहुत सेवायें की हैं, इससे आज कोई इनकार नहीं कर सकता। लेकिन मेरा ख़याल यह है कि उनके महान् कार्यों में इस कार्य का महत्व सबसे ज्यादा रहेगा। २५ साल पहले, जब इस विश्वविद्यालय की नींव डाली गई थी, तब भी मालवीय जी महाराज के आग्रह और खिंचाव से मैं आ पहुँचा था। उस समय तो मैं यह सोंच भी न सकता था कि जहां बड़े-बड़े राजा, महाराजा और खुद वाइसराय आने वाले हैं, वहां मुझ जैसे फकीर की क्या जरूरत हो सकती है। तब तो मैं 'महात्मा' भी नहीं वना था। अगर कोई मुझे 'महात्मा के नाम से पुकारते भी थे तो मैं यही सोच लेता था कि महात्मा मुंशीराम जी के वदले भूल से किसी ने पुकार लिया होगा। उनकी कीर्ति तो मैंने दक्षिण अफ्रीका में ही सुन ली थी। हिन्दुस्तान से धन्यवादऔर सहानुभूति का सन्देश भेजने वालों में एक वे भी थे, और मैं जानता था कि हिन्दुस्तान की जनता ने उन्हें उनकी देश सेवाओं के लिए महात्मा की उपाधि दी थी। उस समय भी मालवीय जी महाराज की कृपादृष्टि मुझ पर थी। कहीं भी कोई सेवक हो, वे उसे ढूंढ़ निकालते हैं, और किसी न किसी तरह अपने पास खींच ही लाते हैं। यह उनका सदा का धन्धा है।

"भिक्षां देहि"

लोग मालवीय जी महाराज की वड़ी प्रशंसा करते हैं। आज भी आपने उनकी कुछ प्रशंसा सुनी है, वे सब तरह उसके लायक हैं। मैं जानता हूँ कि हिन्दू विश्वविद्यालय का कितना बड़ा विस्तार है। संसार में मालवीय जी से वढ़कर कोई भिक्षुक नहीं। जो काम उनके सामने आ जाता है, उसके लिए अपने लिए नहीं उनकी भिक्षा की झोली का मुंह हमेशा खुला रहता है, वे हमेशा मांगा ही करते हैं। और परमात्मा की भी उन पर बड़ी दया है कि जहां

विश्वविद्यालय की रजत जयन्ती के अवसर पर महात्मा गांधी का उद्वोधन बसन्त पंचमी, २१ जनवरी १९४२।

विश्व की दो विभूतियाँ—महामना एवं महात्मागांधी

श्रीमती सरोजनी नायडू, महामना एवं महात्मागांधी (गोलमेज सम्मेलन में जाते समय जहाज पर—अगस्त १९३१)

जाते हैं, उन्हें पैसे मिल ही जाते हैं। तिसपर भी उनकी भूख कभी नहीं बुझती। उनका भिक्षा पात्र सदा खाली रहता है। उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए एक करोड़ इकट्ठा करने की प्रतिज्ञा की थी। एक करोड़ की जगह डेढ़ करोड़ दस लाख रुपया इकट्ठा हो गया, मगर उनका पेट नहीं भरा। अभी-अभी उन्होंने मुझसे कान में कहा है कि आज के हमारे सभापति महाराजा साहेब दरभंगा ने उनको एक खासी बड़ी रकम दान में और दी है।

तीर्थस्वरूप मालवीय जी

मैं जानता हूँ कि मालवीय जी महाराज स्वयं किस तरह रहते हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि उनके जीवन का कोई पहलू मुझसे छिपा नहीं। उनकी सादगी, उनकी सरलता, उनकी पवित्रता और उनकी मुहब्बत से मैं भलीभांति परिचित हूँ। उनके इन गुणों में से आप जितना कुछ ले सकें, जरूर लें। विद्यार्थियों के लिए तो उनके जीवन की बहुतेरी बातें सीखने लायक हैं। मगर मुझे डर है, कि उन्होंने जितना सीखना चाहिए, सीखा नहीं है। यह आपका और हमारा दुर्भाग्य है। इसमें उनका कोई कुसूर नहीं। धूप में रह कर भी कोई सूरज का तेज न पा सके तो उसमें सूरज बेचारे का क्या दोष ? वह तो अपनी तरफ से सबको गर्मी पहुँचाता रहता है, पर अगर कोई उसे लेना ही न चाहे, और ठण्ड में रहकर ठिठुरता फिरे तो सूरज भी उसके लिए क्या करे ? मालवीय जी महाराज के इतने निकट रहकर भी अगर आप उनके जीवन से सादगी, त्याग, देशभक्ति, उदारता, और विश्वव्यापी प्रेम आदि सद्‌गुणों का अपने जीवन में अनुकरण न कर सकें, तो कहिये, आपसे बढ़कर अभागा और कौन होगा ?

कैसी गुलामी

अब मैं विद्यार्थियों और अध्यापकों से दो शब्द कहना चाहता हूँ :

मैंने तो सर राधाकृष्णन् से पहले ही कह दिया था कि मुझे क्यों बुलाते हैं ? मैं वहां पहुँचकर क्या कहूँगा ? जब बड़े-बड़े विद्वान मेरे सामने आ जाते हैं, तो मैं हार जाता हूँ, जब से हिन्दुस्तान आया हूँ, मेरा सारा समय कांग्रेस में और गरीबों, किसानों, और मजदूरों वगैरा में बीता है। मैंने उन्हीं का काम किया है। उनके बीच मेरी जबान अपने आप खुल जाती है। मगर विद्वानों के सामने कुछ कहते हुए मुझे बड़ी झिझक मालूम होती है। श्री राधाकृष्णन् ने मुझे लिखा कि मैं अपना लिखा हुआ भाषण उन्हें भेज दूँ। पर मेरे पास उतना समय कहां था। मैंने उन्हें जवाब दिया कि वक्त पर जैसी प्रेरणा मुझे मिल जायगी, उसी के अनुसार मैं कुछ कह दूँगा। मुझे प्रेरणा मिल गई है। मैं जो कुछ कहूँगा, मुमकिन है, वह आपको अच्छा न लगे। उसके लिए आप मुझे माफ कीजिएगा। यहां आकर जो कुछ मैंने देखा, और देखकर मेरे मन में जो चीज पैदा हुई, वह शायद आपको चुभेगी। मेरा ख़याल था कि कम से कम यहां तो सारी कार्रवाई अंग्रेजी में नहीं, बल्कि राष्ट्रभाषा में ही होगी। मैं यहां बैठा यही इन्तजार कर रहा था कि कोई न कोई तो आखिर हिन्दी या उर्दू में कुछ कहेगा। हिन्दी उर्दू न सही, कम-से-कम मराठी या संस्कृत में ही कुछ कहता। लेकिन मेरी सब आशायें निष्फल हुईं।

अंग्रेजों को हम गालियां देते हैं कि उन्होंने हिन्दुस्तान को गुलाम बना रखा है, लेकिन अंग्रेजी के तो हम खुद ही गुलाम बन गए हैं। अंग्रेजों ने हिन्दुस्तान को काफी पामाल किया है।

इसके लिए मैंने उनकी कड़ी-से-कड़ी टीका भी की है। परन्तु अंग्रेजी की अपनी इस गुलामी के लिए मैं उनको जिम्मेदार नहीं समझता। खुद अंग्रेजी सीखने और अपने बच्चों को अंग्रेजी सिखाने के लिए हम कितनी-कितनी मेहनत करते हैं? अगर कोई हमें कह देता है कि हम अंग्रेजों की तरह अंग्रेजी बोल लेते हैं, तो मारे खुशी के फूले नहीं समाते। इससे बढ़कर दयनीय गुलामी और क्या हो सकती है? इसकी वजह से हमारे बच्चों पर कितना जुल्म होता है? अंग्रेजी के प्रति हमारे इस मोह के कारण देश की कितनी शक्ति और कितना श्रम बरबाद होता है? इसका पूरा हिसाब तो हमें तभी मिल सकता है, जब गणित का कोई विद्वान् इसमें दिलचस्पी ले। कोई दूसरी जगह होती, तो शायद यह सब बरदास्त कर लिया जाता, मगर यह तो हिन्दू विश्व-विद्यालय है। जो बातें इसकी तारीफ में अभी कही गई हैं, उनमें सहज ही एक आशा यह भी प्रकट की गई है कि यहां के अध्यापक और विद्यार्थी इस देश की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता के जीते-जागते नमूने होंगे। मालवीय जी ने मुंह-मांगी तनख्वाहें देकर अच्छे-से-अच्छे अध्यापक यहां आप लोगों के लिए जुटा रखे हैं। अब उनका दोष तो कोई कैसे निकाल सकता है? दोष जमाने का है। आज हवा ही कुछ ऐसी बन गई है, कि हमारे लिए उसके असर से बच निकलना मुश्किल हो गया है। लेकिन अब वह जमाना भी नहीं रहा, जब विद्यार्थी जो कुछ मिलता था, उसी में सन्तुष्ट रह लिया करते थे। अब तो वे बड़े-बड़े तूफान भी खड़े कर लिया करते हैं। छोटी-छोटी बातों के लिए भूख हड़ताल तक कर देते हैं। अगर ईश्वर उन्हें बुद्धि दे, तो वे कह सकते हैं, 'हमें अपनी मातृभाषा में पढ़ाओ।' मुझे यह जानकर खुशी हुई कि यहां आन्ध्र के २५० विद्यार्थी हैं। क्यों न वे सर राधाकृष्णन् के पास जायें और उनसे कहें कि यहां हमारे लिए एक आन्ध्र-विभाग खोल दीजिए और तेलुगु में हमारी सारी पढ़ाई का प्रबन्ध करा दीजिए? और अगर वे मेरी अक्ल से काम करें, तब तो उन्हें कहना चाहिए, कि हम हिन्दुस्तानी हैं, हमें ऐसी जबान में पढ़ाइये, जो सारे हिन्दुस्तान में समझी जा सके। और, ऐसी जबान तो हिन्दुस्तानी ही हो सकती है।

कहां जापान, कहां हम?

जापान आज अमेरिका और इंग्लैण्ड से लोहा ले रहा है। लोग इसके लिए उसकी तारीफ करते हैं। मैं नहीं करता। फिर भी जापान की कुछ बातें सचमुच हमारे लिए अनुकरणीय हैं। जापान के लड़कों और लड़कियों ने यूरोप वालों से जो कुछ पाया है, अपनी मातृभाषा जापानी के जरिये ही पाया है, अंग्रेजी के जरिये नहीं। जापानी लिपि बड़ी कठिन है, फिर भी जापनियों ने रोमन लिपि को कभी नहीं अपनाया। उनकी सारी तालीम जापानी लिपि और जापानी जबान के जरिये ही होती है। जो चुने हुए जापानी पश्चिमी देशों में खास किस्म की तालीम के लिये भेजे जाते हैं, वे भी जब आवश्यक ज्ञान पाकर लौटते हैं, तो अपना सारा ज्ञान अपने देशवासियों को जापानी भाषा के जरिये ही देते हैं। अगर वे ऐसा न करते और देश में आकर दूसरे देशों के जैसे स्कूल और कालेज अपने यहां भी बना लेते, और अपनी भाषा को तिलांजलि देकर अंग्रेजी में सब कुछ पढ़ाने लगते तो उससे बढ़कर बेवकूफी और क्या होती? इस तरीके से जापान वाले नई भाषा तो सीखते, लेकिन नया ज्ञान न सीख पाते। हिन्दुस्तान में तो आज हमारी महत्वाकांक्षा

ही यह रहती है कि हमें किसी तरह कोई सरकारी नौकरी मिल जाय, या हम वकील, बैरिस्टर, जज, वगैरह बन जायें। अंग्रेजी सीखने में हम बरसों बिता देते हैं, तो भी सर राधाकृष्णन् या मालवीय जी महाराज के समान अंग्रेजी जानने वाले हमने कितने पैदा किये हैं? आखिर वह एक पराई भाषा ही न है? इतनी कोशिश करने पर भी हम उसे अच्छी तरह सीख नहीं पाते। मेरे पास सैकड़ों खत आते रहते हैं। इनमें कई एम० ए० पास लोगों के भी होते हैं, परन्तु चूंकि वे अपनी जवान में नहीं लिखते, इसलिए अंग्रेजी में अपने खयाल अच्छी तरह जाहिर नहीं कर पाते।

चुनांचे यहां बैठे-बैठे मैंने जो कुछ देखा, उसे देखकर मैं तो हैरान रह गया। जो कार्रवाई अभी यहां हुई, जो कुछ कहा या पढ़ा गया, उसे जनता तो कुछ समझ ही नहीं सकी। फिर भी हमारी जनता में इतनी उदारता और धीरज है कि चुपचाप सभा में बैठी रहती है और खाक समझ में न आने पर भी यह सोचकर सन्तोष कर लेती है कि आखिर हमारे नेता ही न हैं? कुछ अच्छी ही बात कहते होंगे। लेकिन इससे उसे लाभ क्या? वह तो जैसी आई थी, वैसी ही खाली लौट जाती है। अगर आपको शक हो, तो मैं अभी हाथ उठाकर लोगों से पूछूं कि यहां की कार्रवाई में वे कितना कुछ समझे हैं? आप देखियेगा कि वे सब कुछ नहीं, कुछ नहीं, कह उठेंगे। यह तो हुई आम जनता की बात। अब अगर आप यह सोचते हों कि विद्यार्थियों में से हर एक ने हर बात को समझा है, तो वह दूसरी बड़ी गलती है।

आज से पच्चीस साल पहले जब मैं यहाँ आया था, तब भी मैंने यही सब बातें कहीं थीं। आज यहाँ आने पर जो हालत मैंने देखी, उसने उन्हीं चीजों को दोहराने के लिए मुझे मजबूर कर दिया।

शारीरिक ह्रास

दूसरी बात जो मेरे देखने में आई, उसकी तो मुझे जरा भी उम्मीद न थी। आज सुबह मैं मालवीय जी महाराज के दर्शनों को गया था। वसन्त पंचमी का अवसर था, इसलिये सब विद्यार्थी भी वहां उनके दर्शनों को आये थे। मैंने उस वक्त भी देखा कि विद्यार्थियों को जो तालीम मिलनी चाहिए, वह उन्हें नहीं मिलती। जिस सभ्यता, खामोशी और तरतीब के साथ उन्हें चलते आना चाहिए, उस तरह चलना उन्होंने सीखा ही नहीं था। यह कोई मुश्किल काम नहीं, कुछ ही समय में सीखा जा सकता है। सिपाही जब चलते हैं, तो सिर उठाये, सीना ताने, तीर की तरह सीधे चलते हैं, लेकिन विद्यार्थी तो उस वक्त आड़े-टेढ़े, आगे-पीछे, जैसा जिसका दिल चाहता था, चलते थे। उनके उस 'चलने' को चलना कहना भी शायद मुनासिब न हो, मेरी समझ में तो इसका कारण भी यही है कि हमारे विद्यार्थियों पर अंग्रेजी जवान का बोझ इतना पड़ जाता है, कि उन्हें दूसरी तरफ सर उठाकर देखने की फुरसत नहीं मिलती। यही वजह है कि दरअसल उन्हें जो सीखना चाहिए, वे सीख नहीं पाते।

बौद्धिक थकान

एक और बात मैंने देखी। आज सुबह हम श्री शिवप्रसाद गुप्त के घर से लौट रहे थे। रास्ते में विश्वविद्यालय का विशाल प्रवेश द्वार पड़ा। उस पर नजर गई तो देखा,

नागरी लिपि में 'हिन्दू विश्वविद्यालय' इतने छोटे हरुफों में लिखा है कि ऐनक लगाने पर भी नहीं पढ़ पाते पर अंग्रेजी Benares Hindu University ने तीन चौथाई से भी ज्यादा जगह घेर रखी थी। मैं हैरान हुआ कि यह क्या मामला है? इसमें मालवीय जी महाराज का कोई कसूर नहीं। यह तो किसी इन्जीनियर का काम होगा। लेकिन सवाल तो यह है कि अंग्रेजी की वहां जरूरत ही क्या थी? क्या हिन्दी या फारसी में कुछ नहीं लिखा जा सकता था? क्या मालवीय जी, और क्या सर राधाकृष्णन्, सभी हिन्दू-मुस्लिम एकता चाहते हैं। फारसी मुसलमानों की अपनी खास लिपि मानी जाने लगी है। उर्दू का देश में अपना खास स्थान है। इसलिए अगर दरवाजे पर फारसी में, नागरी में या हिन्दुस्तान की दूसरी किसी लिपि में कुछ लिखा जाता, तो मैं उसे समझ सकता था। लेकिन अंग्रेजी में उसका वहाँ लिखा जाना भी हम पर जमे हुए अंग्रेजी जबान के साम्राज्य का एक सबूत है। किसी नई लिपि या जबान को सीखने से हम घबराते हैं, जब कि सच तो यह है कि हिन्दुस्तान की किसी जबान या लिपि को सीखना हमारे लिये बायें हाथ का खेल होना चाहिए। जिसे हिन्दी या हिन्दुस्तानी आती है, उसे मराठी, गुजराती, बंगाली वगैरा सीखने में तकलीफ ही क्या हो सकती है? कन्नड़, तामिल, तैलगू और मलयालम का भी मेरा तो यही तजरबा है। इनमें भी संस्कृत से निकले हुए काफी शब्द भरे पड़े हैं। जब हममें अपनी मादरी जबान या मातृभाषा के लिए सच्ची मुहब्बत पैदा हो जायगी तो हम इन तमाम भाषाओं को बड़ी आसानी से सीख सकेंगे। रही बात उर्दू की, सो वह भी आसानी के साथ सीखी जा सकती है। लेकिन बदकिस्मती से उर्दू के आलिम यानी विद्वान् इधर उसमें अरबी और फारसी के शब्द भर रहे हैं। नतीजा ठूंस-ठूंस कर भरने लगे हैं—उसी तरह, जिस तरह हिन्दी के विद्वान् हिन्दी में संस्कृत शब्द इसका यह होता है कि जब मुझ जैसे आदमी के सामने कोई लखनवी तर्ज की उर्दू बोलने लगता है, तो सिवा बोलने वाले का मुंह ताकने के और कोई चारा नहीं रह जाता।

अपनी विशेषता चाहिए

एक बात और। पश्चिम के हर एक विश्वविद्यालय की अपनी एक न एक विशेषता होती है। केम्ब्रिज और आक्सफोर्ड को ही लीजिये। इन विश्वविद्यालयों को इस बात का नाज है कि इनके हर एक विद्यार्थी पर इनकी अपनी विशेषता की छाप इस तरह लगी रहती है कि वे फौरन पहचाने जा सकते हैं। हमारे देश के विश्वविद्यालयों की अपनी ऐसी कोई विशेषता होती ही नहीं। वे तो पश्चिमी विश्वविद्यालयों की एक निस्तेज और निष्प्राण नकल भर हैं। अगर हम उनको पश्चिमी सभ्यता का सिर्फ सोख्ता या स्याही-सोख कहें, तो शायद बेजा न होगा। आपके इस विश्वविद्यालय के बारे में अकसर यह कहा जाता है कि यहाँ शिल्प-शिक्षा और यंत्र-शिक्षा का इंजीनियरिंग और टेक्नालाजी का देश भर में सबसे ज्यादा विकास हुआ है, और इनकी शिक्षा का अच्छा प्रबन्ध है। लेकिन इसे मैं यहाँ की विशेषता मानने को तैयार नहीं। तो फिर इसकी विशेषता क्या हो? मैं इसकी एक मिसाल आपके सामने रखना चाहता हूं। यहाँ जो इतने हिन्दू विद्यार्थी हैं, उनमें से कितनों ने मुसलमान विद्यार्थियों को अपनाया है? अलीगढ़ के कितने छात्रों को

आप अपनी ओर खींच सके हैं ? दर असल आपके दिल में चाह तो यह पैदा होनी चाहिए कि आप तमाम मुसलमान विद्यार्थियों को यहाँ बुलायेंगे और उन्हें अपनायेंगे ।

हिन्दुस्तान की पुरानी संस्कृति का सन्देश

इसमें शक नहीं कि आपके विद्यालय को काफी धन मिल गया है, और जब तक मालवीय जी महाराज हैं, आगे भी मिलता रहेगा, लेकिन मैंने जो कुछ कहा है, वह रुपये का खेल नहीं । अकेला रुपया सब काम नहीं कर सकता । हिन्दू विश्वविद्यालय से मैं विशेष आशा तो इस बात की रखूंगा कि यहां वाले इस देश में बसे हुए सभी लोगों को हिन्दुस्तानी समझें, और अपने मुसलमान भाइयों को अपनाने में किसी से पीछे न रहें । अगर वे आपके पास न आयें, तो आप उनके पास जाकर उन्हे अपनाइये । अगर इसमें हम नाकामयाब भी हुए तो क्या हुआ ? लोकमान्य तिलक के हिसाब से हमारी सभ्यता दस हजार बरस पुरानी है । बाद के कई पुरातत्वशास्त्रियों ने उसे इससे भी पुरानी बताया है । इस सभ्यता में अहिंसा को परम धर्म माना गया है । चुनांचे इसका कम से कम एक नतीजा तो यह होना चाहिए कि हम किसी को अपना दुश्मन न समझें । वेदों के समय से हमारी यह सभ्यता चली आ रही है । जिस तरह गंगा जी में अनेक नदियां आकर मिली हैं, उसी तरह इस देशी संस्कृति-गंगा में भी अनेक संस्कृतिरुपी सहायक नदियाँ आकर मिली हैं । यदि इन सबका कोई सन्देश या पैगाम हमारे लिए हो सकता है तो यही कि हम सारी दुनियाँ को अपनायें और किसी को अपना दुश्मन न समझें । मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वह हिन्दू विश्वविद्यालय को यह सब करने की शक्ति दे । यही इसकी विशेषता हो सकती है । सिर्फ अंग्रेजी सीखने से यह काम नहीं हो पायेगा । इसके लिए तो हमें अपने प्राचीन ग्रन्थों और धर्मशास्त्रों का श्रद्धापूर्वक यथार्थ अध्ययन करना होगा, और यह अध्ययन हम मूल ग्रन्थों के सहारे ही कर सकते हैं ।

आखिरी बात

अन्त में एक बात मुझे और कहनी है । आप लोग रहते तो महलों में हैं, क्योंकि मालवीय जी महाराज ने आपके लिए ये महलों जैसे छात्रालय वगैरा बनवा दिये हैं, पर इसका यह मतलब नहीं कि आप महलों म रहने के आदी बन जायें । आप मालवीय जी महाराज के घर जाइये और देखिये, वहाँ आपको इनमें से कोई चीज न मिलेगी न ठाठ-बाट होगा, न साजो-सामान और न किसी तरह का कोई दिखावा । उनसे आप सादगी और गरीबी का पाठ सीखिये । आप यह कभी न भूलिये कि हिन्दुस्तान एक गरीब देश है और आप गरीब माँ बाप की सन्तान हैं । उनकी मेहनत का पैसा यों ऐशो आराम में बरबाद करने का आपको क्या हक है ? ईश्वर आपको चिरजीवी करे और सद्बुद्धि दे कि जिससे आप मालवीय जी महाराज की त्याग-शीलता, आध्यात्मिकता और सादगी से अपने जीवन को रंग सकें और आज जो कुछ मैंने आपसे कहा है, उस पर समझदारी के साथ अमल कर सकें ।

आभार

महामना पं० मदनमोहन मालवीय

देवियों और सज्जनो,

मैं अपने भाई गांधी जी का बहुत अनुग्रह मानता हूं कि उन्होंने अनेक कार्यों में व्यस्त रहते हुए भी इस अवसर पर यहां आने का कष्ट उठाया और हमें अपने उपदेशों का लाभ पहुंचाया।

यह भगवान का परम अनुग्रह है कि इस विश्वविद्यालय के स्थापित करने का विचार उठा और उन्हीं की कृपा से इसकी उन्नति हुई। विश्वविद्यालय ने अब तक जो उन्नति की है, उसका कुछ हाल आप सुन चुके हैं। अब तक एक करोड़ साठ लाख रुपया इस विश्व-विद्यालय के लिए इकट्ठा हो चुका है। दूसरा करोड़ भी पूरा होना चाहिए। मैं आशा करता हूं कि वह शीघ्र ही पूरा हो जायेगा। एक अव्वल नम्बर की यूनिवर्सिटी चलाने के लिए कम से कम पांच करोड़ रुपया चाहिए।

मैं उन सब भाइयो का जिन्होंने धन से, अपने विचारों से अथवा अन्य प्रकार से इस विश्वविद्यालय की सहायता की है, धन्यवाद करता हूं। एक-एक का नाम लेकर धन्यवाद देना मेरे लिए संभव नहीं है। मै किन शब्दों में उनका धन्यवाद करुं जिन्होंने इस विश्वविद्यालय की किसी भी तरह की सहायता की है उन सबका परमात्मा भला करे और जैसी इस विश्वविद्यालय की इधर उन्नति हुई है, उससे भी अधिक भविष्य में हो।

मेरे भाई गांधी जी ने आपसे कहा है कि अपनी भाषा द्वारा शिक्षा न मिलने से हमारे देश की कितनी हानि हुई है। कितने साल हमको विदेशी भाषा के माध्यम द्वारा शिक्षा पाने मे बिताने पड़ते हैं, यह हम सबको मालूम है। हिन्दी के द्वारा ऊंची से ऊंची पढ़ाई का प्रबन्ध करना इस विश्वविद्यालय का एक उद्देश्य रहा है। सेठ घनश्यामदास बिड़ला ने ५०,०००) हिन्दी में पुस्तकें तैयार कराने के लिए विश्वविद्यालय को दिया है और हमने कुछ पुस्तकें तैयार भी की हैं। हम में से लगभग सभी यह मानते हैं कि मातृभाषा द्वारा पढ़ाई हो, पर हम पर अंग्रेजी भाषा का ऐसा जादू चढ़ा है कि हमको अपनी भाषा को उसके स्थान पर बैठाने में कुछ समय लगेगा। आज के कन्वोकेशन का यह उपदेश है कि भविष्य में हिन्दुस्तान की उन्नति हिन्दी को अपनाने से ही हो सकती है। मैं गांधी जी को विश्वास दिलाता हूं कि जैसे-जैसे हिन्दी में पुस्तकें तैयार होती जावेंगी, हम हिन्दी को अपनाते जावेंगें।

महात्मा जी ने विद्यार्थियों को सादगी से रहने का उपदेश दिया है। उन्होंने स्वयं खद्दर के प्रयोग और प्रचार से देश भर को सादगी का पाठ पढ़ाया है। हर भाई और बहिन को सादगी से प्रेम होना चाहिए। पर विद्यार्थियों को तो विशेष कर सादा जीवन विताना चाहिए मैं आशा करता हूं कि गांधी जी के इस उपदेश को हमारे विद्यार्थी अपनावेंगे।

अन्त में मैं भगवान् से प्रार्थना करता हूं कि हम सबमें धर्म की भावना दृढ़ रहे। हम में अपने देश का प्रेम बढ़े और जिस प्रकार अब तक विश्वविद्यालय को सहायता मिलती रही है, वैसे ही बराबर मिलती रहे।

महामना का धन्यवाद प्रकाश
वसन्त पंचमी, २१ जनवरी १९४२

महामना का अविस्मरणीय अध्यक्षीय भाषण

मुझको बहुत से लोग जानते हैं कि मैं वाचाल हूं लेकिन मुझको जब काम पड़ता है तब मैं देखता हूं कि मेरी वाँणी रुक जाती है। यही दशा मेरी इस समय हो रही है। प्रथम तो जो अनुग्रह और आदर आप लोगों ने मेरा किया है उसके भार से ही मैं दब रहा हूँ, इसके उपरान्त मेरे प्रिय मित्रों और पूज्य विद्वानों ने जिन शब्दों में मेरे सभापतित्व का प्रस्ताव किया है उसने मेरे थोड़े से सामर्थ्य को भी कम कर दिया है। सज्जनों ! मैं अपने को बहुत बड़भागी समझता यदि मैं उन प्रशंसा वाक्यों के सवें हिस्से का भी अपने को पात्र समझता जो इस समय इन सज्जनों ने मेरे विषय में कहे हैं। हां, एक अंश में मैं बड़भागी अवश्य हूँ। गुण न रहने पर भी मैं आपकी मंडली में गुणी के समान सम्मान पाता हूँ। इसी के साथ मुझको खेद होता है कि इतने योग्य और विद्वानों के रहते हुए भी मैं इस पद के लिए चुना गया। फिर भी मैं आपके इस सम्मान का धन्यवाद करता हूँ, जो आपने मेरा किया है। मेरा चित्त कहता है कि इस स्थान में उपस्थित होने के लिए हमारे हिन्दी संसार में अनेक विद्वान् थे और हैं जिनमें कुछ यहां भी उपस्थित हैं और जिनको यदि आप इस कार्य में संयुक्त करते तो अच्छा होता और कार्य में सफलता और शोभा होती। अस्तु, बड़ों से एक उपदेश सीखा है। वह यह है कि अपनी बुद्धि में जो आवे उसे निवेदन कर देना। मित्रों की आज्ञा, मित्रों की मंडली की आज्ञा पालन करना मैं अपना परम धर्म समझता हूँ। अनुरोध होने पर अन्त में मैंने अपने प्यारे मित्रों से प्रेमपूर्वक निवेदन किया कि साहित्य सम्मेलन जिसका सभापति होने का सौभाग्य मुझे प्रदान किया गया है उसके कर्तव्य का पालन मेरा परम धर्म है। मैं आपसे दूर रहता हूँ। सो भी मैं कदाचित् निर्भय कह सकता हूँ कि हिन्दी साहित्य का रस पान करने में मुझको अन्य मित्रों की अपेक्षा कम स्वाद नहीं मिलता। उसके स्वाद लेने में मैं अपने किसी मित्र से पीछे नहीं। किन्तु अनेक कामों में रुका रहने के कारण मैं आपके बाहरी कामों का करने वाला सेवक हूँ। इस काम के लिए मैं अपने को कदापि योग्य नहीं समझता हूँ और इस अवसर में जिसमें आपको पूर्व उन्नति के दृश्यों को देखना चाहिए था, जिनमें हिन्दी की भावी उन्नति का पथ प्रशस्त करना चाहिए था, किसी और ही मनुष्य को स स्थान में बैठना चाहिए था, इसके योग्य मैं किसी प्रकार नहीं। अब यदि मैं इस स्थान में आकर आपकी आज्ञा पालन करने का यत्न न करूं तो उससे अपराध होता है। केवल इसी कारण मैं इस सम्मान का धन्यवाद देता हूँ और इस समय इस स्थान में आप लोगों की सेवा करने को तैयार हुआ हूँ।

प्रथम हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति पद से दिया गया महामना पंडित मदनमोहन मालवीय जी का भाषण।

हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के विषय में जो मतभेद हो रहा है, जैसा कि मेरे प्रथम वक्ता महाशय ने कहा, इसमें कोई सन्देह नहीं, उसे स्वीकार करना चाहिए। हठधर्मी अच्छी नहीं। अनेक विद्वानों के मत से यह समय सम्मेलन के लिये उपयुक्त नहीं। नवरात्र दुर्गा देवी के पूजन का समय है, नवरात्र में सरस्वती शयन करती हैं। प्राचीन रीति के अनुसार तीन दिन सरस्वती शयन के दिन हैं। यह नियम आर्य जाति ने इसलिए रखा कि तीन सौ सत्तावन दिन संसार के व्यवहार करो, अपने मस्तिष्क को पीड़ा दे लो, किन्तु जाति की रक्षा के लिए उन तीन दिनों में लेखनी मत उठाओ, पत्रा मत पढ़ो, इन दिनों सरस्वती शयन करती ह। ऐसे समय में मेरे मित्रों ने आप महाशयों को इधर उधर से खींचकर बुलाया है और इसके लिए मेरी बुद्धि में आता है कि मुझको आपके सामने उनकी ओर से उत्तर देना चाहिए। इसमें मैं इतना ही कहूंगा कि जितना मतभेद हो उसे आपको स्वीकार करना चाहिए। और जिन लोगों का मत नहीं मिलता उनके मत का आदर करके उनसे यही कहना चाहिए कि अब से यह समय उन्नति का होगा। इसके विचार में यह मेरी बुद्धि में आता है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन के लिए यह समय बहुत ही उपयुक्त है। हिन्दी की दशा इस समय शोचनीय हो रही ह। हिन्दी साहित्य के इस शयन की अवस्था में सरस्वती शयन कैसा ? इस ध्यान से हमारे हिन्दी प्रेमियों में बहुत से लोगों का यदि यह विचार है कि सरस्वती शयन कर रही हैं तो इससे क्या होता है ? हम लोग इस सम्मेलन में उपयुक्त यत्न कर सरस्वती को जगाएं। बात भी ऐसी ही है। जहां रात होती है वहीं सूर्यनारायण की लालिमा दिखाई देती है। रात के अंधकार के पश्चात् प्रातःकाल होता है तो उसको देखना अच्छा लगता है। ऐसी अवस्था में इस सरस्वती शयन का समय मुझको आशा देता है कि हिन्दी भाषा के शयन के समय में जब साहित्य सम्मेलन होता है तब इस सरस्वती शयन के समय के उपरान्त जैसे विजयादशमी का दिन आता है वैसे ही, मुझको विश्वास है कि सोई हिन्दी भाषा, हिन्दी साहित्य के जागने का समय निकट है। प्राचीन समय से लोग दुर्गा अष्टमी में विद्या की वृद्धि के लिए देवी की उपासना करते आते हैं। जिस तरह पहले उसी तरह आज भी हिन्दुस्तान में हिमालय के ऊंचे शिखर और लंका के छोर तक सहस्रों करोड़ों हमारे भाई इस नवरात्र में दुर्गा जी की स्तुति करते हैं। एक ही विद्या है, एक ही भाव है, केवल भाषा इसे पृथक् करती है। तो इससे क्या हो सकता है जब हम अपनी भाषा के साहित्य की उन्नति के दुःख में पड़े हुए हैं तब हमें क्या उचित नहीं कि इसकी उन्नति के लिए सब तरह के यत्न करें और उनके फल उपलब्ध कर उनका प्रकाश करें ? (हर्षनाद) मुझे आशा और विश्वास है कि आपके चित्त में मेरी बातें आ गई होंगी। और बातों में यह बात भी निवेदन करना है कि इसके उपरान्त विजयादशमी का दिन आता है। यह विजयादशमी वही विजयादशमी है जिसमें भगवान् रामचन्द्र जी ने राक्षसों का नाश करके देश में फिर से सुखशांति की मंदाकिनी बहाई थी। यह वही विजयादशमी है जिसकी गूंज आज भी हिन्दुस्तान के एक सिरे से दूसरे सिरे तक सुनाई पड़ती है, जिसकी प्रतिमा का अनुकरण आज भी हिन्दुस्तान के नगर में लीलाओं द्वारा किया जाता है। देशी राज्यों में उसका अनुकरण किया जाता है जो कुछ पहले होता था, वही आज भी हो रहा है। पुराने समय में भगवान् जी ने किया, अब वह देशी राज्यों में होता है। वहीं

मारु बाजा बजता है, वही आर्यों के राजा महाराजाओं के विजय का डंका बजता है। अब विजय नहीं है, उसका शब्द है उसे तो सुन लीजिये। आज भी केसरिया जामा पहिन राजे महाराजे अपने गढ़ों से निकलते हैं। शक्ति के बढ़ाने में आज भी इस समय की प्रतिमा आपको दिखाई देती है। शक्ति ही ने यह बातें कीं और मेरे दुर्बल शरीर और चित्त में बल का संचार किया। मैं आशा करता हूं कि मेरे और भाइयों के चित्त में भी इसी तरह बल का संचार हुआ होगा। ऐसी दशा में हम लोग मिले हैं। मैं आशा करता हूं कि जो विरोध इस समय के ठन जाने का हुआ है उसको अब इसी वक्तृता के साथ समाप्त कर दीजिये। हम सब यही आशा करते हैं कि संकट के समय में बडे कार्य हो जाते हैं और इस दृष्टि से जो कुछ भूल चूक हुई हो उसको भुलाकर एक स्वर से एक उद्देश्य से, हिन्दी की उन्नति के विचार से सम्मेलन होना चाहिए।

सम्मेलन हुआ है सम्मेलन के लिए। इसमें विजयादशमी का उत्सव मनाने का कुछ प्रयोजन नहीं। इन दिनों जितनी लीलाएँ होती हैं, उनका उद्देश्य यही है कि एक दिन भारतवर्ष में ऐसा था कि विजय का डंका बजता था। इस दशहरे में इस सम्मेलन का भी यही उद्देश्य है और बहुत कुछ संभावना इस बात की होती है कि कोई रोग इस देश में यदि आ गया हो तो सब एकत्र हो उसे मिटाने का प्रयत्न करें। गाँव-गाँव और जिले-जिले के बाहर लोग एक स्थान में बैठकर परामर्श करें कि किस प्रकार ऐसी बला टल सकती है। दूसरा सम्मेलन इस श्रेणी का होता है कि काम चल रहा है लेकिन अच्छी तरह नहीं चल रहा है इसलिए यद्यपि कुछ सन्तोष का विषय है तथापि विशेष रूप से एकत्र होकर इस बात का विचार किया जाता है कि कार्य कैसे चले। मेरी बुद्धि में तो हिन्दी का ऐसा सौभाग्य नहीं है। हमलोग वर्तमान समय में जो मिले हैं वह इस दूसरी श्रेणी का सम्मेलन है। कुछ लोगों के मत में हमारी उन्नति कुछ भी सन्तोषजनक नहीं है। अन्य लोगों के विचार ऐसे हैं कि यह कहना ठीक-ठीक है। फिर भी प्रत्येक दशा में यह सम्मेलन आवश्यक हो गया है अब इस सम्मेलन में यदि हम मिले हैं तो दूसरी या तीसरी कक्षा, जिसको ले लीजिये, उसी के अनुसार पहले यह विचार कीजिये कि हमारी अवस्था क्या है। जब कोई वैद्य बुलाया जाता है तब निर्दिष्ट स्थान में पहुँचकर पहले वह यह जानना चाहता है कि रोगी की दशा क्या है, रोग कहाँ तक बढ़ा है, कितनी आशा है, कितना घटा है, रोगी में कितना बल आया है। यह आवश्यक है कि हम पहले हिन्दी की दशा विचारें। किन्तु इससे पहले कि हम इस बात का विचार करें हमारे एक मित्र ने प्रश्न किया है कि पहले यह तो बतलाइए कि हिन्दी है क्या? यह बड़ा टेढ़ा प्रश्न उठा है कि हिन्दी क्या है। ऐसी दशा में पहले मैं इसी को लेता हूँ। मुझको दुःख है कि मैं न संस्कृत का ऐसा विद्वान् हूँ कि इस विषय में प्रमाण के साथ कह सकूँ, न भाषा का ऐसा विद्वान् हूँ कि इस विषय की चर्चा चलाऊँ। किन्तु मैं आपके सम्मुख निवेदन करता हूँ कि जब प्रमाण की रीति से कोई कुछ न कह सके तो उसका धर्म है कि वह अपने विचारों को उपस्थित करके जो प्रमाण दे सकता हो उन्हीं को दे। हिन्दी के विषय में बहुत सा विवाद है। हिन्दी के सम्बन्ध में हमारे देश के लिखने वालों में जो हुए वह तो हुए ही, हमारे यूरोपियन लिखने वालों में विलायत के डाक्टर ग्रियर्सन एक बड़े शिरोमणि हैं (हर्षध्वनि) आपने हिन्दी की

बड़ी सेवा की है और हिन्दी की उन्नति में बड़ा यत्न किया है आपने एक स्थान में लिखा है कि हिन्दी यूरोपियन सन् १८०३ ई० के लगभग लल्लूलाल जी से लिखवाई गई। और भी लोगों ने इसी प्रकार की बात कही है। जो विदेशी हिन्दी के विद्वान् हैं, वह तो यही कहते आए हैं कि हिन्दी कोई भाषा नहीं है। इस भाषा का नाम उर्दू है। इसी का नाम हिन्दुस्तानी है। यह लोग यह सब कहेंगे, किन्तु यह न कहेंगे कि यह भाषा हिन्दी है (लज्जा)। लज्जा तो कुछ नहीं है, विचार की बात है सज्जनों! ऊँचे पद पर प्रतिष्ठित कितने ही अंगरेजी अफ़सरों ने मुझसे पूछा था कि हिन्दी क्या है? इस प्रान्त की भाषा तो हिन्दुस्तानी है। मैं यह प्रश्न सुन दंग रह गया। समझाने से जब उन्होंने स्वीकार नहीं किया तब मैंने कहा कि जिस भाषा को आप हिन्दुस्तानी कहते हैं, वही हिन्दी है। अब आप कहेंगे कि इसका अर्थ क्या हुआ? इसका अर्थ यह है कि न हमारी कही आप मानें, न उनकी कही। इसमें न्यायपूर्वक विचार कीजिए। डाक्टर ग्रियर्सन का क्या कहना है। मैं उनका सम्मान करता हूँ किन्तु उनकी बात पर न जाकर हमें यह देखना चाहिए कि यथार्थ तत्त्व क्या है? यहाँ इस मंडली में बड़े-बड़े विद्वान् और विचारवान् पुरुष हैं, वह इसे अच्छी रीति से कह सकेंगे। इसके विचारने में हमको अपने विचारों का दिग्दर्शन करना चाहिए। इसमें बहुत कुछ अन्तर हो सकता है। किन्तु मूल में कोई अन्तर हो नहीं सकता। हिन्दी भाषा के सम्बन्ध में विचार करते हुए सबसे पहले संस्कृत की आकृति एक बार ध्यान में लाइए, हिन्दी भाषा की आकृति को ध्यान में लाइए। इसके पीछे आप विचारिए कि हिन्दी कौन भाषा है और उसकी उत्पत्ति कहाँ से है। संस्कृत की जितनी बेटियाँ हैं इनमें कौन सी बड़ी बेटी है। संस्कृत की बेटियों में हिन्दी का कौन सा पद है। इसका संस्कृत से क्या सम्बन्ध है। संस्कृत, जैसा कि शब्द कहता है, नियमों से बाँध दी गई है। जो व्यर्थ बातें थीं, वह निकाली गईं, अच्छी-अच्छी बातें रखी गईं, नियमों और सूत्रों से बँधे शब्द रखे गए, जो शब्द नियमविरुद्ध थे उनके लिए कह दिया गया कि यह नियम से बाहर है। नियमबद्ध शब्दों का व्याकरण में उल्लेख हो गया। आप जानते हैं कि संस्कृत से प्राकृत हुई। जो लोग यह कहते हैं कि संस्कृत कभी बोली नहीं जाती थी, वह संस्कृत को नहीं जानते। वे थोड़ी, प्राकृत पढ़ें तो उनको मालूम हो जायगा कि प्राकृत तो बोली जा नहीं सकती। सस्कृत के बोले जाने में कोई सन्देह नहीं। संस्कृत से प्राकृत हुई। उसके पीछे सौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री। कदाचित् आपके ध्यान में होगा कि दंडी ८वीं शताब्दी में थे। अपने समय में उन्होंने यह लिखा था कि भारत में चार भाषाएँ हैं, महाराष्ट्री, सौरसेनी, मागधी और भाषा। यही चार भाषाएँ चली आई हैं।

अब आपको मालूम हो गया होगा कि जो महाराष्ट्री भाषा थी, मागधी भाषा थी, इनके बीच में बहुत भेद था। मेरे शब्दों पर ध्यान दीजिए इन भाषाओं में संस्कृत भाषा के शब्दों के रूप का अनुरूप आपको मिलता है। यह जितना हिन्दी भाषा में मिलता है, उतना दूसरो किसी भाषा में नहीं मिलता। संस्कृत के शब्दों को ले लीजिए। अब देखिए कि हिन्दी में यह बात कहाँ से आई। संस्कृत से इन भाषाओं का क्या सम्बन्ध था। शकुंतला में 'तुक मणि दबे बलीयममणाणि' कहाँ से आया होगा। एक शब्द को आप

लीजिए। उसको देखिए कि प्राकृत में उसका क्या रूप है और भाषा में क्या हुआ। इस प्राकृत को देखने से आपको मालूम होगा कि संस्कृत शब्दों का प्राकृत रूप क्या से क्या हो गया। भाषा के कितने ही रूप आपको मिल सकते हैं। परन्तु यह वात मेरे कहने से न मानिए। मेरे सामने इस समय चंद कवि के रासों में वहुत से रूप ऐसे हैं जिनको इस मंडली में पंडित सुधाकर जी और दो तीन को छोड़कर वहुत कम लोग जानते हैं। मैं तो इसका चौथाई भी समझ नहीं सकता। मैं जो देखता हूँ वह आपके सामने उपस्थित करता हूँ। आप हो देखकर यह कहें कि कौन ठीक है। संस्कृत से पाली, पाली से प्राकृत और प्राकृत से तीसरा रूप हिन्दी दिखाई दिया। अव आप थोड़े से शब्दों पर विचार करें। अग्नि का आग और योग का याग हो गया। चंद के काव्य में तुलसीदास की एक चौपाई को वीच में यदि मैं रख दूँ तो वहुत सज्जनों को यह न मालूम होगा कि दोनों के बीच कितना अन्तर है। संवत् ११२५ में चंद कवि ने इसको लिखा। उनकी भाषा में जितने रूप देखते हैं वह रूप इस भारतवर्ष की किसी दूसरी भाषा के रूप से नहीं मिलते। मिलते हैं, हिन्दी से और उतने ही जितनी आज की अंगरेजी चौसर की अंगरेजी से मिलती है। ऐसी दशा में यह कहना कि हिन्दी भाषा क्या है, इसका उत्तर यह है कि हिन्दी भाषा वह है जिसमें चंद कवि से लेकर आज तक हिन्दी के ग्रन्थ लिखे गये। यह सही है कि पहले इसका नाम भाषा था, हिन्दी भाषा या सूरसेनी।

क्या आप भाषा की उत्पत्ति पूछते हैं। कितने ही लोगों को अपनी मां का नाम नहीं मालूम। वहुत सी औरतें ऐसी हैं जिनको अपने लड़कों का नाम नहीं मालूम। प्रयाग और वनारस के कितने ही वालकों का नाम सिर्फ वच्चा है। पिता और दादा के नाम का पता लगाना और भी कठिन है। नाम रखते हैं किंतु उसको याद नहीं रखते। अस्तु, देखना चाहिए कि चंद के समय से जो भाषा लिखी जाती है वह एक है, उसी को हम हिन्दी भाषा कहते हैं। कभी-कभी लोग उसका नाम वदल देते हैं। भीष्म को लीजिए देवव्रत उनका नाम था। जव उन्होंने पिता की प्रसन्नता के लिए राज्यत्याग किया, ब्रह्मचर्य अंगीकार कर कहा कि हम विवाह न करेंगे, केवल इसलिए कि पिता प्रसन्न होंगे, तव उस दिन से उनका नाम भीष्म हुआ, छठी के समय नहीं हुआ था। इसी तरह भाषा का भी नाम वदलता है। पहले कुछ था, अब कुछ है। भाषा का नाम पहले और था पर अव तो हिन्दी कह के इसे पूजते हैं प्रेम करते हैं। इस हिन्दी भाषा का दूसरा प्रश्न यह उपस्थित होगा कि हिन्दी भाषा की और भाषाओं के साथ तुलना करने से क्या पता लगता है। इसमें भी मैं इतना कहूँगा कि हिन्दी सव वहनों में मां की वड़ी और सुघर बेटी है। संस्कृत के वंश की बेटियों के २२ करोड़ वोलने वाले हैं, उनमें पांच या छः करोड़ मद्रास में तामिल और तेलगू वोलते हैं। उनकी भाषा में संस्कृत का भांडार भरा हुआ है। उनके वाक्यों में सस्कृत की लड़ी की लड़ी आती है। फलतः संस्कृत की महिमा इस देश में गूँज रही है और बहुत दिन तक गूँजेगी। अव रहा कि इन वहनों में कौन वड़ी और कौन छोटी है। यह पक्षपात है कि हमारी भाषा हिन्दी है और हम हिन्दू हैं, हिन्दी का पक्ष करें या हमारा यह विचार है कि (छोटे मुँह वड़ी बात होती है, मगर चित्त में जो कुछ है कह देंगे) दंडी कवि ने भी उसमें पक्षपात किया है। किन्तु हिन्दी भाषा को यदि मैं आप के सामने यह कहूँ कि यही सब

बहनों में मां की अच्छी पहली पुत्री है, अपने पिता और माता की होनहार मूर्ति है, तो अत्युक्ति न होगी। सौरसेनी में शब्द बंधे हुए हैं, फलते नहीं, महाराष्ट्री में उखड़ते पुखड़ते नाचते-कूदते जाते हैं। आपको अनेक शब्द हिन्दी भाषा मे मिलते हैं जिनके सात-सात रूप हैं। भारतीय सभी भाषाओं में हिन्दी शब्दों की न्यूनाधिक झोली की झोली भरी पड़ी है। हां, यह मानना पड़ेगा कि इनके रूप में बड़ा परिवर्तन है। जैसे कि बनारस से नीचे बंगाल में चलिये तो आगे चलकर बिहार में बिहारी मिलेगी, बंगाल में जाइए तो लकारों का संगीत पाया जाता है। हरिद्वार से जब गंगा चलीं और उनके संग में जो पत्थर के टुकड़ बहते हुए चले तो हरिद्वार से काशी आते-आते रगड़ते झगड़ते कोमल और चिकने हो गए। इसी प्रकार यह बिहार में गाजीपुर और बनारस से नीचे रगड़कर प्रिय कोमल स्वरों के हो गए। जब आप बंगाल में पहुँचे तब आपको कोमलता का घर मिला। वहाँ आपकी भाषा भी अधिक कोमल दिखाई दी। यहां की भाषा का रूप देख हमारे यूरोपियन विद्वान् और देशी विद्वान् भी भ्रम में पड़ गए हैं कि क्या हिन्दी महाराष्ट्री और सोरसेनी, पंजाबी और बंगला, सब वस्तुतः एक हैं। हमें भी स्वीकार कर लेना चाहिए कि इनके बीच बड़ा अंतर हो गया है। संस्कृत शब्दों का हिन्दी ही में कितना परिवर्तन हो गया है। जो कर्ण था वह कान, नासिका थी वह नाक है, जो हस्त था वह हाथ है। पानीय का पानी है। यह परिवर्तन सभी जगह दिखाई देता है। लक्ष्मी को भाषावालों ने लिखा लच्छमी या लक्खी। लच्छमी कहने में जो प्रेम आया वह लक्ष्मी कहने में नहीं। जैसे-जैसे भाषा बंगाल की ओर बढ़ी वैसे-वैसे कहा गया कि इसमें जितना कर्कशपन है उसे काट दो। अब बेटियों में बड़ा रूपांतर हुआ। यहाँ तक यह कह दिया कि भाषा की उत्पत्ति क्या है। सिवाय इसके यह निवेदन करता हूँ कि जितने और प्रमाण हैं जिनसे भाषा की अवस्था को जान सकते हैं, अब उसको जांचना चाहिए। भाषा के रूप की शब्दमाला क्या है? इन दोनों के विचारों से हिन्दी भाषा ही प्राचीन है। डाक्टर ग्रियर्सन ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि हिन्दी संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि है। आप कहेंगे कि इसमें कौन फूहड़ मालूम होती है। यह मेरा कहना आवश्यक भी नहीं है। यह समझा जा सकता है कि मैं हिन्दू हूँ और पक्षपात से कहता हूँ।

आज मैं अपने बंगाली, हिन्दुस्तानी, गुजराती भाइयों से पुकार कर कहता हूँ कि भाषा एक चली आई और संस्कृत भी एक है। जब प्राकृत हुई तब अंग की प्राकृत हो गई किंतु मूल में एक ही रही। जितनी भाषाएं हैं, हमारी हैं। बंगाली हमारी भाषा, पंजाबी हमारी भाषा और गुजराती हमारी भाषा है। अब इसके विचार से कौन किसको कहे कि कौन बुरी है।

हिन्दी अपनी बहनों में सबसे प्राचीनतम और बड़ी बहन है और माता की रूप आकृति इससे बहुत मिलती-जुलती है। यह सब जो बड़ी छोटी बातें मैं आपसे निवेदन करता हूँ इसका दूसरा प्रमाण मिलना चाहिए। शब्दमाला, शब्दों की रचना यह तो हो गया। दूसरा प्रमाण है ग्रन्थमाला। अधिक हिन्दी ग्रन्थमाला का, भाषाओं की ग्रंथमाला का शिवसिंह जी ने जैसा कि मालूम होगा, इन बातों को दिखाया है। प्रथम हिन्दी भाषा का काव्य ७७० में हुआ। भाषा के ग्रन्थों में राजा मान की सहायता और आदेश से

दूसरा जो हमें मिलता है, वह पूज्य कवि ८०२ में हुआ और तीसरा लेख जो मिलता है, वह राव खुमान सिंह ने एक ग्रन्थ हिन्दी में लिखा। ९०० में खुमानरासो, पृथ्वीराजरासो प्रसिद्ध किया। चौथा ग्रन्थ, जैसा कि मैं अभी आपसे निवेदन कर चुका हूं, चंद कवि कृत रासो है। जो भाषा के विद्वान् हैं और जो भाषा की रूप रचना जानते हैं, वह विना शंका के यही कह देगें कि जिस भाषा में चंद कवि ने ग्रन्थ लिखा है वह भाषा वहुत पहले से हुई है। यह नहीं हो सकता कि जिसकी भाषा प्रिय होने लगी उसी में ग्रन्थ लिख डाला। चंद कवि से पहले अनेक कवि हो चुके थे। उन्होंने उर्दू में लिखा, हिन्दी में नहीं। हिन्दुओं में ब्राह्मण और कायस्थ उर्दू अधिक पढ़ने वाले थे। पर हमारे क्षत्रिय भाइयों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उनमें पढ़ने का प्रचार कम हुआ। वह इसके वदले जमींदारी और खेतीवारी में रहे और उसी से प्रेम रहा और विद्या को कम पढ़ा। वैश्य जो हमारे भाई हैं उन्होंने कहा, कि जिसको नौकरी करना हो वह पढ़ने जाय, उन्हें इतनी फुरसत कहाँ। वह दूसरी ओर उन्नति करते रहे। आपको उर्दू के ज्ञाता मिलेंगे—ब्राह्मण और कायस्थ। ब्राह्मणों में काश्मीरी ब्राह्मण वुद्धि में प्रखर, भाषा के विशेप योग्य थे। इनका प्रेम उर्दू की ओर बढ़ गया और वे इसी तरफ झुके। कायस्थ भाइयों का भी यही हाल हुआ कि सरकारी दफ्तरों में उर्दू गाज रही थी, हिन्दी सभ्य भाषा भी नहीं समझी जाती थी। हमारे पंडित मथुराप्रसाद, राजा शिव प्रसाद कह गए हैं कि हिन्दी भापा को यह कहना कि हिन्दी कोई भाषा ही नहीं अनुचित है। यह दशा थी। इसी कारण से हिन्दी की उन्नति न हुई। अव क्या होता है। इसी वीच में और प्रान्तों में उन्नति हुई। बंगाल में जैसा कि मैं आपसे निवेदन कर चुका हूं भाषा का वड़ा सुधार हुआ। एक अंश में सर माइकल मधुसूदन की लीजिए। हेमचन्द्र, वंकिमचन्द्र इत्यादि बंगाली वड़े-बड़े कवि हुए हैं। उन्होंने उपन्यास, इतिहास, और काव्य से अपनी भाषा को वनाया, सजाया। इसके उपरान्त कवीरदास हुए, १५४० में मलिक मुहम्मद जायसी हुए। गोस्वामी तुलसीदास जी, श्री केशवदास जी, दादूदयाल जी, गुरु गोविंदसिंह जी, विहारी लाल को ही देखिए। हर एक की भाषा में हिन्दी के पुष्ट रूप दिखलाई पड़ रहे हैं। यह सिद्ध है कि भाषाओं में मरहटी भाषा में, जो सबसे पुष्ट है, नामदेव १३ वीं सदी में थे। वंगला भाषा में, जिसे आज देखकर आनंदित होते हैं और यदि सच कहूं तो ईर्ष्या भी होती है, चंडीदास जी वड़े प्रसिद्ध १४ वीं सदी में हुए। चंद के समय तक मराठी में, न बंगला में, न गुजराती, में तीनों में इतना वड़ा काव्य नहीं था जितना वड़ा काव्य चंद कवि का हिन्दी में मिलता है। इस प्रकार से हिन्दी भाषा आरम्भ हुई। यदि यह जानना चाहते हैं कि किसका भण्डार किसका रुप और कौन अधिक थी, तो इसके देखने के लिए मैं आपके सम्मुख कुछ बातें उपस्थित करता हूँ। यह जो सन् १८५७ ई० में विप्लव हुआ, उस समय से भाषाओं की ओर उन्नति हुई। १८३५ ई० में वंगाल में, पंजाब में फारसी भाषा दफ्तरों में थी। अंगरेजी गवर्मेन्ट ने इसको मिटाकर मराठी, गुजराती, वंगाली और उर्दू को इनके स्थान में किया। वहीं से देशी भाषाओं को उन्नति की रेखा वँधी। अब इस वात का विचार कीजिए कि सन् १८३५ के पूर्व और १८५८ के उपरांत इन सब भाषाओं का कैसा भंडार था, इनमें

ग्रन्थमाला कैसी थी ? ७७० से लेकर आप केवल बड़े-बड़े कवियों को लीजिए। उनके ग्रन्थ आज तक हिन्दी भाषा का भंडार भर रहे हैं। चंद कवि के रासों को ले लीजिए। लल्ल जो, कबीरदास, गुरुनानक जी, मलिक मुहम्मद जायसी, भीमदेव, तुलसीदास, सूरदास, अष्टछाप, केशवदास, दादूदास, गुरु गोविन्द सिंह जी, विहारीलाल, किस किसके नाम गिनाऊँ। मुझे सब गिनाना भी नहीं। विहारीलाल को ले लीजिए। इन्होंने १६५० के लगभग ग्रन्थ लिखा है। बहुत वृक्ष वाटिकाओं में उगते हैं, कितने ही आपसे आप उगते हैं, उसका झाड़ भी बड़ा फैला हुआ होता है। जैसे-जैसे वे ऊपर उठते हैं वैसे-वैसे उनकी छाया अधिक होती जाती है। कुछ ऐसे होते हैं, जिनको आप काटकर मिट्टी बनाकर किसी स्थान में लगाते हैं और अपनी वाटिकाओं में उगाते हैं। इसी तरह भाषा में जो बहुत शब्द हैं, जैसे कर्ण से कान, हस्त से हाथ संस्कृत से उत्पन्न हुए हैं वे प्राकृत रुप में अपने से आप उपजे। जो शब्द संस्कृत के उठाकर रख दिए हैं, वह वैसे ही हैं जैसे कि गुच्छा, कितने ही वृक्ष थोड़े समय में सूख जायेंगे, फिर उनमें शक्ति नहीं कि वह दूसरे फल उत्पन्न करें। जहाँ यह मुरझाए, फिर उन्हें हटाना ही पड़ेगा। इसी प्रकार से हिन्दी भाषा के तद्भव शब्द जो हैं वह निज की संपत्ति हैं, उसके निज के अवयव पुष्ट हैं, वह फूले फलेंगे और अपने आप बढ़ते चले जायेंगे। यह सब प्रबल और पुष्ट होते हैं। किन्तु जिन शब्दों में किसी का पैवंद लगा दिया जाता है, वह बनने को बन जाते हैं किन्तु पुष्ट नहीं होते। जो लिए हुए शब्द हैं, उनमें भाषा की शक्ति नहीं। बच्चा माता के दूध से जितना पुष्ट होता है, ऊपरी दूध से उतना पुष्ट नहीं होता, जो बच्चा धीरे-धीरे माता का दूध पीता है वह पुष्ट होता जाता है और अंत में संसार में काम करने योग्य होता है। फिर भी हरेक भाषा में हर एक तरह के शब्द मिलेंगे ही, जसे भोजन में दाल भात रोटी इत्यादि। और संस्कृत की जितनी बेटियाँ हैं, वह सब भी मां के गहनों का पहनेगी, चाहे वह अच्छा हो चाहे बुरा, सब मां का गहना है। उनमें एक गहना दो गहना चार गहना मां का है। मां के गहने से बड़ा प्रेम होता है। उस समय उनको धारण करने में विशेष आनंद होता है। किन्तु जो सब गहने मां के ही हों तो सब कहेंगे कि यह सब मां की संपत्ति है। इसलिए हिन्दी भाषा का यह सौभाग्य है कि उसके जो शब्द हैं वह सब माता के ही प्रसाद हैं। किन्तु माता ने कहा, हे बेटी ! यह तेरे हैं, तू इसका व्यवहार करना। बिहार में बंगाल में विद्यापति जी ने हिन्दी भंडार से फूल पत्ते ले जाकर अपने काव्य ग्रंथ को भरा है। इस प्रकार आप देखेंगे कि दक्षिण में मराठी में भी जो शब्द का मेल है, उसमें जो कुछ तद्भव शब्द व्यवहार में लाए जाते हैं वह यहीं के हैं। हम आप, 'मुझे, तुझे' कहते हैं मराठी में 'मुझा तुझा' कहते हैं। हाँ यह मानना पड़ेगा कि इन शब्दों का उच्चारण बंगाल में और है, महाराष्ट्र में और। हमें इस बात की ईर्ष्या नहीं है, अगर वह सबकी मां नहीं तो मौसी है। हम तो सबके बालक हैं। सबके पैरों पर लोटेंगे। माँ ने भोजन दे दिया तो ले लेंगे, मौसी ने दे दिया तो ले लेंगे। वह हमारी, हम उनके हैं। आप देखेंगे कि हिन्दी भाषा में शब्दों का अधिक भंडार है, यह बड़ा प्रबल है और हिन्दी की यह बड़ी संपत्ति है। इस प्रकार से आपकी ग्रन्थमाला की शब्दावली का भंडार भरा हुआ है। सन् १८३५ से १८५८ तक महाभारत का प्रथम अनुवाद हुआ। इसके उपरान्त एक विशेष दशा आई।

आप जानते हैं कि रीति जो पड़ जाती है, वह छोड़े नहीं छूटती। जव-जव जिस-जिस स्थान में आप देखेंगे, लता वृक्ष के सहारे फैलती पायेंगे। सवसे बड़ा सहारा प्रत्येक भाषा का राजा ही होता है। विहारी ने जयपुर के महाराज के यहाँ जाकर अपनी कविता शक्ति का चमत्कार दिखाया। शिवाजी महाराज के आश्रय में भूषण कवि ने अपनी कविता शक्ति का परिचय दिया। एक ओर युद्ध में तलवार नाचती थी, दूसरी ओर उनकी कविता नाचती थी। राजा का आश्रय दो प्रकार का होता है। एक तो प्रत्यक्ष, दूसरा गुप्त। इन दोनों की आवश्यकता है, किन्तु इस समय में प्रत्यक्ष ही लूंगा। जव अंगरेजी गवर्मेन्ट इस देश में आई, तव उसने वड़ी ही सुव्यवस्था की जिसके लिए उसे सच्चे हृदय से धन्यवाद देना चाहिए। इसने इस देश में ऐसा नियम स्थापित किया जिससे आज इतना वड़ा समारोह हो रहा है। याद रहे कि कोई व्यक्ति चाहे वह ऊँचे घर का वालक ही क्यों न हो, जव गिरता है, तव बुरा लगता है। यह पवित्र आर्यजाति जो अपनी प्राचीन महिमा से गिरी तो ऐसी गिरी कि फिर से उसका पुनरुद्धार न हुआ। इस आर्यजाति के पतन के कारण इससे महाराष्ट्रों और सिक्खों का अलगवा हुआ। जव से अंगरेजी गवर्मेन्ट आई तव से आप देखते हैं कि विद्या की चर्चा वढ़ गई। यंत्रालय आया, साथ ही साथ वड़ी भारी शिक्षा आई। आपने देखा होगा कि अंगरेज लोग अपनी भाष की कैसी उन्नति करते हैं अंगरेजी गवर्नमेन्ट ने यहां आ अंगरेजी विद्या के प्रचार का उपाय किया, साथ-साथ आपकी संस्कृत भाषा की उन्नति का भी पथ प्रशस्त किया। इस काशीपुरी में सवसे पहले क्वींस कालेज और संस्कृत कालेज स्थापित हुआ, जिससे हिन्दुओं की भाषा की रक्षा हुई। गवर्नमेंट के उत्तम कार्यों का धन्यवाद हम हिन्दू किसी प्रकार कर नही सकते और आज जो आपके भारतवर्ष में कुछ जनों में संस्कृत का प्रचार देख पड़ता है, इस काशी में ही धुरंधर पंडित मिलते हैं जिनका सम्मान वड़े वड़े लोग करते हैं, उसका अन्यतम कारण अंगरेज सरकार का संस्कृत प्रचार है। मैंने आपसे इसको सुनकर नहीं कहा है। डा० वालेंटाइन जव प्रिंसिपल थे तब उन्होंने लेख लिखा था कि हमको केवल संस्कृत के ग्रन्थों का अनुवाद करके हिन्दी भाषा में प्रचार करना चाहिए, सो उन्होंने अपने समय में जो आवश्यक था वह कर डाला। किन्तु खेद की वात है कि इतना अवसर पाने पर भी हम जगाए जानें से भी आपसे आप नही जागे। गवर्नमेंट की सहायता से भी नहीं जागे। इस प्रांत में भाषा की उन्नति का वीज सवसे पहले वोया गया था, किन्तु आज भी उसी प्रांत की हिन्दी भाषा अपनी और वहनों के सामने मुंह मोडे खड़ी है। अव १८३५ के लगभग आ जाइए। उस समय गवर्नमेन्ट के सरकारी दफ्तरों में फारसी में काम होता था। गवर्नमेन्ट ने १८३५ में यह आज्ञा दी कि हिन्दुस्तान की भाषाएँ भी काम में लाई जायँ। इस आज्ञा के फल से इस प्रांत में उर्दू जारी हो गई, हिन्दी जारी नहीं हुई, इसका फल यह हुआ कि हिन्दी की वड़ी अवनति हुई। यह सत्य है कि सन् १८४४ ई० में जव टामसन साहव लेफ्टिनेन्ट गवर्नर थे, सरकार ने हिन्दी भाषा का पढ़ना-पढ़ाना आरंभ किया। यदि यह न हुआ होता तो आज आपको हिन्दी के जानने वाले इतने भी न मिलते जिनसे लोगों को पढ़ाने का अवसर मिलता। फिर भी अदालतों में हिन्दी के प्रवेश न करने से हिन्दी की उतनी उन्नति नहीं हुई। उर्दू सरकारी दफ्तरों में जारी थी उसी का प्रचार था। फिर भी उर्दू का वैसा

प्रचार नहीं हुआ जैसा होना चाहिए था। उर्दू पुस्तकों की उतनी उन्नति नहीं हुई जितनी बंगाली, महाराष्ट्री और गुजराती की। मैं जानता हूँ कि मुसलमान अब आगे हैं, किन्तु पचास साठ वर्ष तक उन्होंने उर्दू की वैसी उन्नति नहीं की जैसी करनी चाहिए थीं। उर्दू की उन्नति में बाधा पड़ने का एक कारण यह है कि उर्दू, विशेष करके वह उर्दू जिसे अधिकतर उर्दू के प्रेमी लिखते हैं, अरबी और फारसी शब्दों से भरी होती है, जिसके जानने वाले लोग कम हैं और जिसके लिखने वाले लोग भी कम हैं। सन् १८५८ में जब गवर्नमेन्ट ने विद्या के विभाग के नियम बनाए, उन्हीं दिनों स्कूल के लिए हिन्दी पुस्तकें छपवाईं और बहुतेरे विद्वानों की संमति ली। गवर्नमेन्ट आफ इंडिया ने १८७३ के लगभग २३१ पुस्तकों का संचय किया। गवर्नमेन्ट की सहायता से आदित्यराम जी ने एक दो अनुवाद अंग्रेजी पुस्तकों के किए, राजा शिव प्रसाद जी से संपत्ति ली गई। लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए कि हिन्दू मुसलमान दोनों की तरफ से जहाँ तक मुझको मालूम हुआ है, इन पुस्तकों के पढ़ने वाले अधिक नहीं थे, इसीलिए दोनों की उन्नति नहीं हुई। और प्रांतवालों ने जिन्होंने अँग्रेजी पढ़ी, उनकी दूसरीं भाषा मातृभाषा थी, बंगालियों ने अंग्रेजी पढ़ी उनकी दूसरी भाषा बंगला थी। बंगालियों को ले लीजिए, चार विद्वानों ने बंगाली भाषा को जन्म दिया। पचास वर्ष में बंगला ने ऐसी उन्नति की कि उसको देखकर न केवल संतोष ही होता है बल्कि ईर्ष्या भी होती है। मराठी में ऐसा ही हुआ कि जिन्होंने अंग्रेजी पढ़ी उन्होंने साथ-साथ अपनी भाषा भी पढ़ी। गुजरात में वर्नाक्यूलर सोसाइटी बनी। संस्कृत से अनुवाद करना आरंभ किया गया, उनकी भाषा की पुस्तकें जितनी बिकने लगीं, वह सभी को मालूम है। अनुवाद का अंत नहीं। आज ऐसा होता है कि अंग्रेजी भाषा में जो अच्छी पुस्तकें छपती हैं, उनका अनुवाद हो जाता है। इधर हिन्दू, मुसलमान, काश्मीरी, कायस्थ हमारे सब भाइयों ने सिर्फ उर्दू लिखना आरंभ किया। 'गुलजारे नसीम' पंडित दयाशंकर नसीम ने लिखी। हिन्दुओं को यह तो शौक हुआ कि वह लिख लेकिन हिन्दी में लिखने का शौक नहीं हुआ। पंडित रतन नाथ सरशार ने 'फिसानये आजाद' लिखकर उर्दू भाषा को अनमोल हार पहना दिया। पर हिन्दी जानने वालों को उस हार का पता नहीं कि वह कैसा है, मूंज का हार है या किसका। यह सत्य है कि मुसलमान कवियों ने हिन्दी भाषा की भी सेवा की है। मलिक मुहम्मद ज़ायसी ने पद्मावत लिखा है, जब तक हिन्दी भाषा रहेगी उनका नाम रहेगा। किन्तु मैं आपको यह दशा दिखलाता हूँ कि काश्मीरी भाइयों ने जो लिखा वह उर्दू में। हमारे हिन्दू भाइयों में कायस्थ भाइयों ने बहुत समय से बहुत कुछ लिखा किन्तु वह भी उर्दू में। उन्होंने विज्ञान काव्य की कितनी ही पुस्तकें लिखीं। हिन्दू मुसलमानों द्वारा उर्दू की उन्नति का यत्न किया गया सही, किन्तु हमें तो बंगला की उन्नति और वृद्धि से संतोष होता है। मराठी गुजराती से भी ऐसा ही होता है। वहां विद्या सरस्वती आप ही आप चली आई। इधर हिन्दी के लिए काम करने वाले नहीं। यह दशा आपकी है। १८३५ और ५८ से पहले आपकी हिन्दी भाषा अपनी माँ की सुन्दर छवि को लिए हुए अपने भंडार को भरे आनन्द के साथ बैठी हुई आपको देखती है। १८३५ और ५८ के बाद इसकी और बहनें आगे बढ़ गईं, यह जहाँ की तहाँ रह गई। कहते हुए दुःख होता है कि जिस हिन्दी के लिखने वालों में चंद कवि, तुलसीदास, सूरदास, बिहारीलाल

हो गए हैं, बबुआ हरिश्चन्द्र हो गए हैं, वह हिन्दी आज अपनी बहिनों के सामने आँखें नीची किए खड़ी है। हिन्दी के प्रेमियों! तुम्हारे और हमारे लिए यह बड़ी ही लज्जा की बात है। यह सच है कि अंगरेजी कार्यालयों में हिन्दी का प्रचार अधिक नहीं। १८५८ में जब राजा शिवप्रसाद विद्यमान थे, उस समय अनेक सज्जनों ने इस बात को कहा था कि सरकारी दफ्तरों में हिन्दी भाषा का प्रवेश हो, किन्तु उस समय यह बात बातों ही में रह गई।

अंत में सर एंटनी मेकडानल का भला हो, उन्होंने यह आज्ञा दी कि कचहरियों में जो दरख्वास्तें दी जाव वह हिन्दी उर्दू दोनों में लिखी जावें। उस समय से हम लोग हिन्दी भाषा की विशेष उन्नति करने लगे हैं। जब रोगी दुर्बल हो सन्निपात की दशा को पहुँच जाता है, तब पहले उसका ज्वर छुड़ाया जाता है, फिर उसका आहार आदि ठीक किया जाता है, अंत में यह पहाड़ हट गया। किन्तु बड़े धिक्कार और बड़े लज्जा की बात है कि यद्यपि यह पहाड़ हमारे मार्ग से काटकर हटा दिया गया, तो भी हम लोगों ने आज तक इससे पूरा लाभ न उठाया। हम वकील, हम मुख्तार, हम व्यवहार करने वाले महाजन और वह लोग जो कचहरी में वकालत करते हैं और अपने हिन्दू भाइयों के मुकदमें में उनका धन व्यय कराते हैं, वह लोग भी हिन्दी भाषा की ओर से उदासीन हैं। कितने लोग हैं, जो जाति का उपकार करते हैं। कहते हैं कि जाति विना भाषा जीवित नहीं रह सकती, जैसे कि नाल के विना बालक नहीं जीवित रह सकता। किन्तु क्या यह बात सत्य है? जरा बंगाली मराठी आदि को देखिए। हिन्दी भाषा के कितने लोग हैं जिनको इस बात से दुःख और लज्जा होती है कि यह आर्यावर्त देश, जहाँ कि आप देखेंगे कि लाखों लोग ऐसे हैं जो अपनी माँ की बोली से परिचय नहीं रखते। सब आशा उन्नति को छोड़ दीजिए। उन्नति करने वालों के सामने खड़ा होना छोड़ दीजिए। जब तक आप इस लज्जा को न मिटायें, अपनी माँ की बोली न सीखें तब तक आप मुँह न दिखावें। मातृभाषा के सीखने में कौन लज्जा करता है? अब आप लोग अपने हृदय में आज से इस बात का प्रण कर लें कि जब तक आप मातृभाषा को सीख न लेंगे तब तक आप मस्तक ऊँचा न करेंगे। कोई अंगरेज जो अंगरेजी भाषा से परिचित न हो या कोई और देश का पुरुष जो अपने देश की भाषा न जानता हो, क्या कभी गौरवान्वित हो सकता है? जब हमारी यह दशा है तब क्यों न इस भाषा की दुर्दशा होगी और क्यों न हमको औरों के सामने दुर्बलता स्वीकार करनी पड़ेगी? यह सत्य है कि कुछ लोग अपनी मातृभाषा का काम करते हैं, किन्तु ऐसे लोग कितने हैं? मेरा यह प्रस्ताव नहीं है मेरा यह निवेदन है कि सरकारी दफ्तरों से जो नकलें दी जाती हैं, उनको आप हिन्दी में लें, जो डिगरियाँ तजवीजें आदि मिलती हैं, उनको आप हिन्दी में लें। यह सब आपके लिए आवश्यक है। गवर्नमेन्ट ने आपको जो अवसर दिया है, उसे आप काम में नहीं लाते। इसके उपरांत यह भी सत्य है कि आज तक इस कारण से आपके अंगरेजी पढ़नेवालों में केवल उर्दू का अधिक प्रचार है। अब मैं यह आशा करता हूँ और सोचता हूँ कि जब तक यह प्रचार रहेगा, तब तक हिन्दी भाषा की उन्नति में बड़ी रुकावट रहेगी। उर्दू भाषा रहे, कोई बुद्धिमान पुरुष यह नहीं कह सकता कि उर्दू मिट जाय। यह अवश्य रहे और इसके मिटाने का विचार वैसा ही होगा, जैसा हिन्दी भाषा के मिटाने का। दोनों भाषाएँ अमिट हैं, दोनों रहेगी। उर्दू भाषा के प्रेमी करोड़ों

हैं और इस पचास वर्ष में उन्होंने बहुत कुछ उन्नति की है। मौलवी जकाउल्लह साहब, मुहम्मद हुसेन आजाद और देहली के नजीर अहमद को लीजिए, उस शब्दकोष को लीजिए, जो निजाम हैदराबाद से छपकर तैयार हो गया है। हैदराबाद में मुसलमान भाई २५ वर्ष से उर्दू की उन्नति का बड़ा यत्न कर रहे हैं। हमको संतोष और सुख होता है कि मौलवी शिवली के काम से उसकी उन्नति में अधिकता हुई है और उसकी उन्नति हमारे देश की उन्नति है। हम इसकी भलाई चाहते हैं, किन्तु इसी के साथ-साथ हमें यह भी कहना चाहिए कि हिन्दी जानने वाले इस प्रांत में बहुत हैं। पिछली मनुष्यगणना से जान पड़ा है कि एक उर्दू जानने वाला है, तो चार हिन्दी जाननेवाले। हमारे मुसलमान भाई जिनको इसका प्रेम है और जो देशभक्त हैं जिनसे हमारे देश की सब तरह की उन्नति है, वह उर्दू की उन्नति का यत्न करें और हिन्दी जानने वाले हिन्दी की उन्नति का। इस देश में हिन्दी भाषा जानने वालों की कमी नहीं, कोई दस बारह करोड़ हैं। इनकी हिन्दी भाषा की उन्नति करने के लिए हमें क्या उपाय करना चाहिए? जितना अब विचार हो चुका है, उससे आपने यह देख लिया कि भाषाओं की अवस्था में कैसा उलट फेर हुआ और हिन्दी ज्यों की त्यों रही। यह दशा जो हमारी है, उसमें क्या करने की आवश्यकता है? इस बात के विचारने में मैंने आपसे कहा कि राजा के सहारे से बड़ा सहारा होता है। यदि आपको जैसा कि नागरीप्रचारिणी सभा के लिए गवर्नमेन्ट सहारा देती चली आई है, राजसाहाय्य मिले तो काम बहुत कुछ बन जा सकता है। किन्तु बड़े दुःख की बात यह है कि अंगरेजी गवर्नमेन्ट ने इसका जितना प्रचार करना चाहा था, हमारी उपेक्षा से उसका उतना प्रचार नहीं हुआ। हम लोगों को जितना करना चाहिए था, उसका सिर्फ कुछ अंश हमने किया। अब यह सम्मेलन ही विचार करे कि इसकी उन्नति का क्या उपाय होना चाहिए।

हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन का यह अधिवेशन सभा के तत्त्वावधान में १०, ११, १२ अक्टूबर १९१० को सम्पन्न हुआ था।

दीक्षान्त भाषण

डा० जयप्रकाश नारायण

आदरणीय कुलाधिपति महोदय, आदरणीय कुलपति महोदय, उपस्थित विद्वत्जन, स्नातक बन्धु, भगिनियों, देवियों एवं सज्जनों।

सर्वप्रथम मैं आपके सुप्रतिष्ठित कुलपति, मित्रवर डा० श्रीमाली जी का अत्यन्त आभार मानता हूँ कि उन्होंने इस सुविख्यात विश्वविद्यालय के ५२ वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर भाषण देने के लिए मुझे आमन्त्रित किया। अपनी अयोग्यताओं का ध्यान करके बड़े संकोच के साथ आपके समक्ष उपस्थित हुआ हूं और यह केवल इसलिए कि डा० श्रीमाली जी के स्नेह की अवज्ञा न कर सका।

इस अवसर पर मेरे संकोच का एक अन्य कारण भी है। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि दीक्षांत भाषण अब केवल एक कर्मकांड वन कर रह गया है, जिसकी ओर किसी का भी ध्यान जाता नहीं, विशेषकर उनका जो परम्परावश उसे सुनने को वाध्य होते हैं। जैसा भी हो, अब तो इस रस्म को निभाना ही पड़ेगा। हां! यह कोशिश जरूर करूंगा कि आपको श्रवण कष्ट अधिक न दूं।

इस विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय तथा विद्वत्परिषद् का एक बार पुनः अत्यन्त नम्र भाव से आभार मानता हूं कि उन्होंने (Doctor of Laws) की उपाधि से मुझे सम्मानित किया है। इस सम्मान के लिए अपनी अपात्रता का स्मरण करके इस अवसर पर ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि ऐसा न होने पाये कि मेरे कारण इस उपाधि का अवमूल्यन हो।

अब सर्वप्रथम उन सभी स्नातकों को हृदय से वधाई देता हूं जिन्होंने अपनी उपाधियां अभी प्राप्त की हैं। मेरा विश्वास है कि आप सब इस बात पर किंचित गर्व अनुभव कर रहे होंगे कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय जैसे प्रख्यात विद्यापीठ के आप विद्यार्थी रहे हैं और उसकी उपाधियों से विभूषित हुए हैं। यह सही है कि पिछले कुछ वर्षों में इस विश्वविद्यालय के प्रांगण में कतिपय ऐसे कृत्य हुए जिनसे इसका धवल नाम कुछ कलुषित हुआ। परन्तु अच्छाई के साथ-साथ बुराई कहां नहीं पाई जाती ? और यह मानना होगा कि जहां तक इस विश्वविद्यालय का प्रश्न है, इसकी अच्छाइयों का पलड़ा बुराइयों के पलड़े से कहीं ज्यादा भारी पाया जायेगा। इसलिए आप अवश्य महसूस कर रहे होंगें कि आज एक अत्यन्त गौरवपूर्ण अतीत की स्मृति लेकर आप जा रहे हैं। और लेकर जा रहे हैं पूजनीय महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के निर्मल, उदात्त जीवन की स्मृति और उनका मंगल संदेश। यह गौरवमय समृद्ध परम्परा, जिसके उत्तराधिकारी आज आप घोषित हुए हैं, आपके जीवन को सदा आलोकित और प्रेरित करती रहे यही परमात्मा से मेरी प्रार्थना है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के बावनवें समावर्तनोत्सव के अवसर पर डा० जयप्रकाश नारायण का अध्यक्षीय भाषण (१८ फरवरी १९७०)

इतना कह लेने के वाद दीक्षांत वक्ता का मेरा कर्त्तव्य पूरा हो जाना चाहिए था, परन्तु परम्परा इसकी अनुमति नहीं देती। इस शताब्दी के एक नये दशक के प्रारम्भ में आप विश्वविद्यालय के सुरक्षित सरोवर से निकल कर सांसारिक जीवन के अनजाने मार्ग में प्रवेश करने जा रहे हैं। इसलिए इस दशक की सम्भावनाओं तथा चुनौतियों के संबंध में दो शब्द निवेदन कर दूं तो स्यात् वह आपके लिए कुछ प्रयोजनीय सिद्ध हो। यह तो स्पष्ट है कि १९७०–८० के भारत का भविष्य, जैसे कि आपका अपना भविष्य, इस बात पर भी निर्भर करेगा कि आप स्वयं इन सम्भावनाओं का क्या उपयोग करते हैं तथा इन चुनौतियों का किस प्रकार मुकाविला करते हैं।

पिछला दशक कुल मिला के असंतोषजनक रहा है, यद्यपि उसी दशक में 'हरित क्रान्ति' का भी प्रादुर्भाव हुआ तथा ग्रामदान आन्दोलन तेजी से आगे वढ़ा। उस दशक में हमने अपने दो प्रिय प्रधान मंत्रियों को खोया, दो युद्धों से गुजरे, दो भयंकर दुष्काल झेले। उसी दशक में राजनीतिक अस्तव्यस्तता तथा विघटन फैले, कांग्रेस का सत्ता एकाधिकार (Power Monopoly) खंण्डित हुआ, शासकीय अस्थिरता फैली, कांग्रेस का अपना घर फूटा, राजनीतिक आचरण का घोर नैतिक पतन हुआ, दलवदल का रोग संक्रामक बना, राजनीतिक अनुशासनहीनता वढ़ी, व्यक्तिगत स्वार्थ, पदलोलुपता आदि का वोलवाला हुआ, विधायकों की खरीद-विक्री का वाजार. गर्म हुआ, मतदाओं (ideologies) का अवमूल्यन हुआ। उसी दशक में आर्थिक विकास की गति, जो पहले ही धीमी थी, और भी धीमी पड़ी, और कहीं-कहीं तो रुक गई या पीछे की ओर मुड़ी। १९५०–६० के दशक में जहां प्रति व्यक्ति आय १.५ प्रतिशत वढ़ी थी वहां पिछले दशक मे वह घटकर मात्र आधा प्रतिशत प्रतिवर्ष रह गई। तथापि जैसा कि पहले कहा है, पिछले दशक में कृषि ने एक आशाजनक मोड़ लिया, यद्यपि यह मोड़ ग्रामीण समाज के पूर्वावस्थित ध्रुवीकरण पर सान चढ़ाने का भी काम कर रहा है। स्पष्ट है कि "हरित क्रान्ति" का योग्य लाभ यदि छोटे किसानों, रैयतों तथा भूमिहीन खेतिहरों को शीघ्र प्राप्त नहीं कराया गया तो असंतोष की ज्वाला हजारों गाँवों से फूट पड़ेगी। वर्तमान दशक की यह एक बड़ी से बड़ी चुनौती होगी। पिछले दशक में यद्यपि औद्योगिक प्रतिसरण (recession) हुआ, तथापि दशक के अन्त होते-होते औद्योगिक विकास-रेखा ऊपर उठने लगी। यदि राजनीतिक अयोग्यताओं ने इस उत्थान को रोक या नीचे की ओर मोड़ नहीं दिया तो ऐसा मानना पड़ेगा कि पिछला निराशा भरा दशक प्रस्तुत दशक के आरोहण के लिए एक सीढ़ी वन गया।

परन्तु राजनीति ही तो इस दशक का सवसे वड़ा प्रश्न चिह्न वन गयी है। इसकी कुछ प्रवृत्तियां (trends) स्पष्ट दीखती हैं। राजनीतिक विघटन जारी रहेगा। दलों के सैद्धान्तिक ध्रुवीकरण के वदले स्वार्थ-प्रेरित अपखंडन चालू रहेगा। मतवादों का अवमूल्यन कायम रहेगा। जातीय भावना एवं निजी स्वार्थ के अभिप्राय से दल-बदल, विधायकों की खरीद-विक्री, दलों की आन्तरिक अनुशासन हीनता, सिद्धान्त विहीन संविदों का अवसरवादी गठन, शासकीय अस्थिरता—यह सव कायम रहेंगे।

यह परिस्थिति आप सवके लिए, देश के हम सब नागरिकों के लिये एक चुनौती है और एक सम्भावना भी। यदि हम सव किसी चमत्कार की अपेक्षा में वैठे रहेंगे कि कोई

प्रतिभावन नेता आकर हमारा उद्धार कर देगा, कोई अधिनायक या नया राजनीतिक दल जन्म लेकर यह सब कूड़ा कचरा साफ कर देगा, तो मैं नम्रतापूर्वक यही निवेदन करूंगा कि हम सबने अपनी बुद्धि ताख पर रख दी है और अपने नागरिक धर्म को तिलांजलि दे दी है।

तब प्रश्न है कि हमें क्या करना चाहिए। उत्तर स्पष्ट है। एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के नागरिकों का जो कर्तव्य है उसे हमें समझना तथा निभाना चाहिए। आज राजनीतिक नेता, विधायक, मंत्री आदि निरंकुश बन रहे हैं। जनमत का उन्हें भय नहीं। अपने मतदाताओं का भय नहीं क्योंकि वे प्रवुद्ध तथा संगठित नहीं। राजनीतिक दल अपना-अपना प्रचार अवश्य करते हैं, पर उससे स्वस्थ, निष्पक्ष जनमत नहीं बन पाता—ऐसा जनमत जो दल से ऊपर उठकर अच्छे बुरे के सम्बन्ध म, नीति-अनीति के सम्बन्ध में, न्याय-अन्याय के सम्बन्ध में प्रभावकारी रूप से प्रकट हो सके। ऐसे स्वस्थ जनमत का निर्माण करना हम सबका परम राष्ट्रीय कर्त्तव्य हैं। दुर्भाग्य से विद्वत् समुदाय पिछले वर्षों मे इस कर्तव्य से विमुख रहा है, यद्यपि कुछ शिक्षक तथा विद्यार्थी दलगत राजनीत में भाग लेते रहते हैं। वैसा करना जिसको रूचेगा वह तो करेगें ही, परन्तु उससे दल निरपेक्ष एक ऐसे जनमत का निर्माण नहीं होगा जिसका प्रभाव सभी दलों पर पड़े। दलमत तथा जनमत के महत्वपूर्ण भेद को हमें समझना और समझाना पड़ेगा। इस हेतु नगर-नगर में लोकतंत्र रक्षण सभाएं (Societies for the Defence of Democracy) कायम की जा सकती हैं।

इस सन्दर्भ में दूसरा कार्य, जो कुछ माने में पूर्वोक्त कार्य से भी अधिक महत्व रखता है, यह होगा कि मतदाताओं से व्यापक सम्पर्क तथा उनका उद्बोधन किया जाय। लोकतंत्र में मतदाता भाग्यविधाता माने गये है, परन्तु व्यवहार में मतप्रार्थी ही उनके भाग्य-विधाता बन गये हैं व्यापक अशिक्षा मतदाताओं की प्रबुद्धता में बाधक अवश्य हो रही है, परन्तु इसके माने यह नहीं कि जब तक वह शिक्षित नहीं हो जायेंगे तब तक वह विचार-पूर्वक मतदान कर ही नहीं पायेंगे। भारत में श्रवण से ज्ञानों पार्जन की परम्परा रही है, इसलिए अशिक्षित भारतीय जनता मे अप्रत्याशित रूप से बौद्धित प्रौढ़ता पायी जाती है। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें जाग्रत किया जाय, मतदान के अपने अमूल्य अधिकार का उचित उपयोग बताया जाय। यह प्रशिक्षण इस प्रचार से कहीं अधिक महत्व का है कि किस दल या उम्मीदवार को मत दिया जाय। मतदाता रुपयों के लिए वोट न दें, जाति के नाम पर, किसी प्रकार के प्रलोभन अथवा दवाव के वश होकर वोट न दें। उम्मीदवारों में जो चरित्रवान हों, जिन्होंने दल बदल न किया हो, जो शराबी न हों, जो जातिवादी या सम्प्रदायवादी न हों, जो बेदखली आदि करके गरीबों को सताते न हों तथा जिनके कार्यक्रम और नीति (Programme and policy) उन्हें उपयुक्त लगे ऐसे उम्मीदवारों को मतदाता अपना मतदान करें। परन्तु हम सभी जानते हैं कि आज वस्तु-स्थिति इससे बिल्कुल भिन्न है। इस दशक में यदि यह कार्य हम नहीं करेंगे तो हमारे देश तथा लोकतंत्र का भविष्य अन्धकारमय बन जायेगा।

इतना ही नहीं। मतदान सूची की जांच करनी होगी और उसकी अशुद्धियों को दुरूस्त कराना होगा। निर्वाचन के समय मतदान कक्ष पर नागरिकों के जत्थे, जिनमें प्रौढ़ विद्यार्थी भी हों, जाने चाहिए जिनका यह दायित्व हो कि वहां किसी प्रकार का अनैतिक

कृत्य कोई न करने पाये, जैसे बल प्रयोग, बोगस वोट आदि। जाहिर है कि यह सब वही नागरिक कर सकते हैं जो निष्पक्षता तथा प्रामाणिकता का निर्वाह कर सकते हों। अब जब कि आम चुनाव एक-एक दो-दो दिन में होने लगे तब न (Presiding officer) न उनके सहायक (agent) इस दर्जे के मिल पाते हैं, न पुलिस की चौकसी ही ऐसी हो पाती है कि चुनाव उचित रीति से सम्पन्न हो सके। चुनाव के समय झूठ का बाजार गर्म हो जाता है और गाली गलौज आम बात हो जाती है। दलों की चुनाव घोषणाओं' 'तथा उम्मीदवारों की कृतिओं की प्रामाणिक जानकारी मतदाताओं को देना आवश्यक होता है। यदि विश्वविद्यालयों तथा अन्य विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी निष्पक्ष भाव से यह सब कार्य अपने हाथों में लें और सामान्य नागरिकों का सहयोग उन्हें प्राप्त हो तो वर्तमान राजनीति में जो दुर्बलता, अस्थिरता, अवसरवादिता, स्वार्थपरता आदि दोष पैदा हो गये हैं उनको दूर किया जा सकता है। क्या इस देश के शैक्षिक समाज से इतनी सेवा अपेक्षित नहीं है? इस कार्य को यदि (दलगत) राजनीति में भाग लेना माना जाय तो वह अन्याय होगा। यह तो लोकशिक्षण का एक उत्तम कार्यक्रम होगा।

इस सिलसिले में एक और बात कह दूं। जहां आजकल राजनीतिक गिरावट और भ्रष्टाचार की इतनी चर्चा है कि वहां क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि किसी निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं ने इकट्ठे होकर अपने प्रतिनिधि के भ्रष्टाचार की निन्दा नहीं की है; विधायकों पर अंतिम अंकुश तो मतदाताओं का मत प्रकाशन ही हो सकता है। इसके लिए भी आवश्यक है कि निष्पक्ष नागरिक मतदाताओं को जाग्रत और उद्यत करें। इन महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मतदाता उद्‌बोधन सभाएं (Voters' Education Societies) व्यापक रूप से देश भर में बनाई जा सकती है।

अन्त में स्वयं राजनीतिक दलों का हाल देखिए। पार्टियां कतिपय राजनीतिक खिलाड़ियों का अखाड़ा बनी हुई हैं। आम तौर पर उनके पीछे सदस्यों अथवा वर्गों या जनसमूहों का कोई उपार्पित (Committed) बल नहीं है जो उनको सीधे मार्ग पर चला सके। इसलिए पार्टियां थोड़े से लोगों के स्वार्थ सेवन का माध्यम बनी हुई है। पार्टियों को समुचित विचाराधारित संगठन करना हमारे आपके हाथों में नहीं है। परन्तु हमारे पास यह शक्ति अवश्य है कि मतदाता उद्‌बोधन-संगठन तथा गणतंत्र रक्षण कार्यक्रमों तथा संस्थाओं के द्वारा उन्हें हम सही मार्ग पर चलने को बाध्य कर सकें।

अब तक इस दशक की राजनीतिक चुनौतियों एवं संभावनाओं तथा उनके प्रति आप तथा सर्वसाधारण के उत्तरदायित्वों की चर्चा करता रहा। मुझे विश्वास है कि यदि हम सबने इन दायित्वों का भलीभाति निर्वाह किया तो यह दशक भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे सृजनात्मक एवं युगान्तरकारी अध्याय सिद्ध होगा।

एक और विधायक वार्ता। आप जानते हैं कि प्रारम्भ से ही अन्य पिछड़े देशों की भांति इस देश की दो समस्याएं हैं: परिवर्तन एवं विकास (Change and development) इन दोनों समस्याओं के संबंध में आरम्भ से ही एक बड़ी भूल हुई चली आती है। उस भूल को गांधी जी ने सुधारने का प्रयत्न किया था, परन्तु उन्हें यथेष्ट समय नहीं मिला।

भूल यह थी, और है, कि परिवर्तन एवं विकास दोनों ही राज्यशक्ति के द्वारा सम्पादित हो सकते हैं। केवल गांधी जी राज्यशक्ति की मर्यादाएं जानते थे, इसलिए उसमें जनशक्ति का पुट डालना चाहते थे। साथ-साथ वह यह भी जानते थे कि इस देश की जनता का परम्परागत सहज अभिक्रम ब्रिटिश काल में सोच बूझ कर नष्ट कर दिया गया था जिसके फलस्वरूप स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी जाग्रत, संगठित विधायक जनशक्ति का देश में अभाव बना रहा, जनमानस में आत्मविश्वास और स्वावलंबन के भावों के बदले 'सरकार मां बाप' का परावलम्बी भाव भरा था। उसके पूर्व के भारत में हजारों वरस पुरानी ग्राम संस्थाएं थीं, नगरों में व्यापारियों तथा कारीगरों की श्रेष्ठियां थीं, जाति पंचायतें थीं, शासन से स्वतंत्र जनाश्रित ऋषिकुल, गुरुकुल, विहार थे, साधु-संत भिक्षुओं की परम्परा थी। इन सबके चलते राजनीतिक उथल-पुथल के वावजूद राष्ट्र जीवन का विविध प्रवाह सदा बहता रहा। ब्रिटिश काल में यह संस्थाएं, परम्पराएं या तो तोड़ दी गईं या निर्वीर्य बना दी गईं। यह सब गांधी जी के ध्यान में था, इसलिए जनशक्ति को जाग्रत संगठित करने की योजना वह कर रहे थे। राष्ट्रनिर्माण के लिए कुल भारतीय जनता को संचालित करने के उपाय सोच रहे थे। परन्तु वह सब उनके साथ चला गया। उनको गये २२ वर्ष बीते। विनोवाजी ने उनकी इंगित दिशा में कुछ कार्य किया है। परन्तु अभी तो वहुत कुछ करना है।

प्रश्न उठ सकता है कि परिवर्तन और विकास के सन्दर्भ में राज्य सत्ता की क्या मर्यादाएं हैं? एक तो यह कि केवल हुक्म से, कानून से, पैसों से परिवर्तन नहीं हो सकता। उसके लिए लोगों को समझाकर उनका मानस परिवर्तन करना आवश्यक है। अस्पृश्यता, शराब वंदी, तिलक दहेज, भूमि सुधार, अधिकतम ब्याज, न्यूनतम मजदूरी, आयकर, मूल्य नियंत्रण, कंट्रोल आदि विषयक अनेक कानून वने पड़े हैं। परन्तु उनका कितना भाग कार्यान्वित हुआ है? पूंजीवाद साधारणजन के मानस में बैठा है। समाजवाद केवल कानून से नहीं स्थापित हो सकता। वह एक जीवन पद्धति है, एक मूल्य प्रणाली (Value system) है जो कानून के दवाव से नहीं परन्तु एक व्यापक शैक्षिक प्रयास (Educative effort) से ही प्रस्थापित हो सकते हैं। यह तो स्वैच्छिक सेवक और संस्थाएं ही कर सकती हैं।

विकास के संवंध में भी यही स्थिति है और इसे तो सत्ता वाले भी मान्य करते हैं। यानी वह कहते हैं कि जन सहयोग के अभाव में विकास योजनाएं उतना सफल नहीं हुई जितना अपेक्षित था। वात वास्तव में जन सहयोग की नहीं वल्कि जनता के अभिक्रम को जगाने की है। यदि वह हो जाय तो जनता स्वयं सम्मिलित हो अपना कार्य करने लगेगी और प्रश्न जन सहयोग का न होकर जनता के साथ सत्ता के सहयोग का बन जायेगा। परन्तु जनता का अभिक्रम हुक्म और हाकिम, ऊपर की बनी योजनाओं और ऊपर के पैसों के द्वारा नहीं जगाया जा सकता। इसका सबूत तो सामुदायिक विकास योजनाओं ने स्वयं किया जब कि उनके कारण गांवों का रहा सहा पारम्परिक सहयोग भी लुप्त हो गया। यह कार्य भी स्वैच्छिक सेवक ही जनता के बीच जाकर उनकी सेवाकर, उनकी बातें समझ कर और उन्हें समझाकर कर सकते हैं।

इस प्रकार परिवर्तन तथा विकास दोनों ही के लिए हजारों लाखों स्वैच्छिक सेवकों की आवश्यकता है। परन्तु कहाँ से ऐसे युवक, ऐसे नागरिक जो अपना खाली समय भी राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाये ? राजनीति का वीभत्स नग्न रूप सामने है, परन्तु उसी का अधिक आकर्षण है, उसी की चर्चा है, उसी की धूम है जैसे देश का भविष्य उसी पर अवलंबित है। मित्रो ! स्नातकों ! क्या मैं आशा करूँ कि आप लोग कुछ नये ढंग से सोचेंगे, कुछ नया और ठोस काम करेंगे ? प्रस्तुत दशक प्रारम्भ में ही यह चेतावनी दे रहा है कि परिवर्तन तथा विकास की गति तीव्रतर और पुनः तीव्रतर नहीं हुई तो यह देश उठ न पायेगा। ५४ करोड़ की वर्तमान जनसंख्या १९८० में ६६ करोड़ ५० लाख हो जायेगी, और वह भी यदि परिवार नियोजन का काम सफलता से चलता रहा। १ करोड़ ३० लाख जो बेकारों की वर्तमान संख्या है वह चतुर्थ पंचवार्षिक योजना की समाप्ति पर दूना से भी अधिक बढ़कर २ करोड़ ७० लाख हो जायेगी। इतने ही आँकड़े यह चेतावनी देने के लिए काफी हैं कि अब समय नहीं है कि शासनकर्ताओं की ओर अपनी जिम्मेदारी टाल कर हम राष्ट्र ऋण से मुक्त हो जाँय। इस राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के स्नातक के नाते आप से अपेक्षा है कि भारत जननी का ऋण आप अवश्य उतारेंगे।

इस दशक की राजनीतिक सम्भावनाओं तथा चुनौतियों के सन्दर्भ में दो शब्द राजनीतिक नेताओं तथा सत्ताधारियों से निवेदन करना चाहता हूँ। १९६७ में लोकसभा ने एक प्रस्ताव के द्वारा केन्द्रीय शासन को आदेश दिया था कि दल बदल के रोग का इलाज ढूढ़ने के लिए एक सर्वदलीय समिति नियुक्त की जाय। जैसा आपको विदित होगा वह समिति श्री यशवंतराव चह्वाण के नेतृत्व में गठित हुई और पिछले वर्ष के पूर्वार्द्ध में उसने अपना प्रतिवेदन भी समर्पित कर दिया। उस समिति के एक सदस्य तथा नागरिक के नाते मेरा आग्रह है कि उस प्रतिवेदन के आधार पर भारत सरकार लोक सभा के अगले सत्र में विधेयक अवश्य उपस्थित करे।

वर्तमान जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (Peoples' Representation Act) में कुछ संशोधन आवश्यकीय मालूम होते हैं। चुनाव बहुत खर्चीला हो गया है और अधिकतर खर्चीला होता जा रहा है। इसकी चर्चा बराबर होती रहती है, परन्तु कोई उपाय नहीं किया जाता। बहुत वर्ष पूर्व ही स्वर्गीय राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद जी ने इसकी ओर पंडित जवाहरलाल जी का ध्यान खींचा था। चुनाव के दर्म्यान जो अनीतियाँ होती हैं वह भी बढ़ती जा रही हैं। पार्टियों की संख्या में भी वृद्धि होती जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप अन्य दुर्गुणों के साथ-साथ यह भी, यदि सामान्यतः नहीं तो अक्सर, हो रहा है कि विधान सभाओं के प्रतिनिधि कुल मत-पत्रों के बहुत थोड़े शतांश के आधार पर निर्वाचित हो जाते हैं। अन्य भी दोष निर्वाचन पद्धति में प्रकट हुए हैं। यह समुचित नहीं होगा कि इन दोषों के उपाय यहाँ सुझायें जाँय। परन्तु यह सुझाव अवश्य रखना चाहता हूँ कि लोक सभा अथवा भारत सरकार एक उच्च स्तरीय समिति वर्तमान अधिनियम के संशोधन के लिए अविलम्ब नियुक्त करे। अच्छा हो कि यह समिति अपना प्रतिवेदन शीघ्र दे ताकि अगले आम चुनाव के पहले अधिनियम में संशोधन किया जा सके।

एक और भी समस्या है जो दिन पर दिन स्पष्टतः सामने आ रही है, और जिसके समाधान के लिए संविधान में संशोधन लाजमी लगता है। आधे से अधिक राज्यों में राजनैतिक अस्थिरता की मैं बात कर चुका हूँ। यही समस्या कांग्रेस के दो खंडों में बटने से अब केन्द्र की सरकार अभी-अभी टूटने वाली नहीं है। पर निकट भविष्य में ऐसी भी समस्या इस देश में सामने आ सकती है इस तथ्य से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। अगर अभी से इस प्रकार की आपत्तिकालीन समस्या के लिए संविधान में वैधानिक एवं संस्थात्मक व्यवस्था न की गई तो, राज्यों की व्यापक अस्थिरता के साथ-साथ केन्द्रीय अस्थिरता के परिणाम राजनीति एवं आर्थिक दृष्टि से भयंकर हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति शासन की व्यवस्था है, परन्तु केन्द्र में इस शासन का क्या स्वरूप हो इसकी स्पष्टता संविधान में नहीं है। १९६७ के आम चुनावों से उत्पन्न परिस्थिति के संदर्भ में एक सर्व दलीय परिषद् का आयोजन हुआ था (Council for national conventions) जिसमें स्वतंत्र पार्टी को छोड़कर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सहयोग था। अन्य सुझावों के साथ-साथ परिषद् ने यह भी सुझाव दिया था कि केन्द्रीय स्तर पर एक परामर्शदात्री परिषद् का गठन होना चाहिए। जिसे (President's Council) कहा गया है। ऐसी परिषद् के कार्य क्षेत्र दर्शाने का भी प्रयास किया गया था जैसे (१) राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू करना, (२) राज्य विधान मण्डलों को भंग करना, (३) राज्यपालों की नियुक्ति इत्यादि पेचीदे तथा महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्रपति को परामर्श देना। यह स्पष्ट कर दिया गया था कि इस परामर्शदात्री परिषद् का उद्देश्य किसी प्रकार केन्द्रीय सरकार के अधिकारों को सीमित करना नहीं है परन्तु जनमानस में उत्पन्न शंकाओं तथा संशयों का समाधान करना है कि केन्द्र में सत्तारूढ़ राजनैतिक दल राज्यापालों को अपने पक्षीय हित की दृष्टि से, परोक्ष रूप में ही सही, उपयोग कर सकता है।

इस परिषद् के गठन के विषय में भी कुछ सुझाव रखे गये थे—इनमें कहा गयां था कि उपराष्ट्रपति इसके संयोजक (Convener) हों और इनके सदस्य हों—प्रधान मंत्री या उनकी अनुपस्थिति में उनके मनोनीत व्यक्ति एक भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश और पांच अन्य व्यक्ति जो अपनी निष्ठा एवं समदृष्टि से जाने-माने हों। इन पांच व्यक्तियों का मनोनयन या तो लोक सभा के अध्यक्ष के सभापतित्व में गठित राज्य विधान सभाओं के अध्यक्ष-गणों का निर्वाचक मण्डल करे या राष्ट्रपति, केन्द्रीय संसद में विभिन्न दलों के नेताओं के परामर्श पर (सर्वसम्मति के आधार पर) इनका मनोनयन करें। मुझे ऐसा लगता है, और यह जाहिर भी हो गया है कि आज की राजनैतिक परिस्थिति में इस प्रकार की व्यवस्था जरूरी हो गई है। जिस सुझाव का मैंने अभी तक जिक्र किया वह अपने में सम्पूर्ण या अन्तिम नहीं है। यह तो एक सुझाव मात्र है जो इस समस्या की ओर इंगित करता है। जब यह सुझाव रखा गया था, तब की और आज की राजनैतिक परिस्थिति में दो वर्षों के बीच ही अनापेक्षित उतार आए हैं अतः इस दिशा में शीघ्र ही निश्चित कदम उठाने चाहिए। इस बात पर बार-बार बल देना मैं जरूरी नहीं समझता।

आगे चलकर मैंने भारतीय संविधान की धारा संख्या २६३ को संशोधित कर केन्द्र और राज्य के बीच के विवादों पर निर्णय लेने के लिए एक संवैधानिक परिषद् की भी बात कही है। इन दोनों का भेद मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ। संवैधानिक परिषद् के निर्णय उच्च न्यायालयों के निर्णयों की भांति बाध्य होंगे और वह विवादास्पद मामलों पर निर्णय करेगी। राष्ट्रपति परिषद् एक परामर्शदात्री परिषद् होगी। हाँ मैं सोचता हूँ कि उसे सबल बनाने के लिए यह जरूरी होगा कि उसे समय-समय पर जो भी परामर्श यह राष्ट्रपति को दे उन्हें लाजमीं तौर पर जनसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किया जाय।

प्रस्तुत संदर्भ में मेरे तीन अन्य छोटे-छोटे सुझाव हैं, यद्यपि मुझे वह महत्वपूर्ण लगते हैं। एक तो प्रशासनिक सुधार के विषय में है। स्वराज्य के प्रारम्भ से अगरेजों की विरासत के रूप में जो प्रशासन व्यवस्था हमें प्राप्त हुई उसकी कटु आलोचना जवाहर लाल जी से लेकर इन्दिरा जी तक सबने की है। उसके विषय में "out datied" विशेषण का प्रयोग तो अति सामान्य है। परन्तु विस्मय इस बात पर होता है कि यद्यपि इस व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कई समितियों ने सुझाव दिए हैं, यह आत्मा की तरह अपरिवर्तनीय है। जब कभी यह प्रश्न उठाया जाता है, एक समिति गठित कर दी जाती है, वह विद्वतापूर्ण प्रतिवेदन यथा समय पेश कर देती है और वह प्रतिवेदन वैताल की तरह पीपल के डाल पर फिर जा लटकता है। कल ही आकाशवाणी सुनी कि एक नूतनतम मुख्यमंत्री ने घोषित किया है कि वह गम्भीरतापूर्वक सोच रहे हैं कि अपने प्रदेश में एक प्रशासनिक जांच समिति शीघ्र नियुक्त करें। यदि यह महोदय समिति की रिपोर्ट आने तक अपने पद पर कायम भी रहते हैं तो भी मुझे सन्देह नहीं कि उसकी अनुशंसाओं का भी वही हाल होगा जो ऐपलवी कमेटी से लेकर आजतक की कमिटियों की सिफारिशों का हुआ है। आवश्यकता इस बात की नहीं है कि इस विषय का बार-बार अध्ययन किया जाय, बल्कि इस बात की है कि अब तक के अनुभवों तथा अध्ययनों के आधार पर साहस के साथ आवश्यक मूलगामी सुधार अविलम्ब किये जांय। एक लोक सेवक की हैसियत से अपने अनुभवों के आधार पर यह निःसंकोच कह सकता हूँ कि यदि ऐसा शीघ्र नहीं किया गया तो देश का विकास, अच्छी से अच्छी सरकारी नीतियों का कार्यान्वयन, लोक कल्याण के कार्य, सब मन्द पड़े रह जायेंगे।

दूसरा सुझाव है कि राज्यों के परस्पर विवादों तथा राज्य और केन्द्र के बीच के विवादों के विषय में। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में, जिसके विश्लेषण की पुनः आवश्यकता नहीं, यह राष्ट्रहित में अत्यन्त अवांछनीय होगा कि इन विवादों के फैसले दलगत राजनीति के अवसरवादी हाथों में छोड़े जांय। इसके लिए उत्तम यह होगा कि भारतीय संविधान की धारा २६३ को संशोधित करके एक संवैधानिक परिषद् गठित कर दी जाय जो इन सभी विवादों पर विचार कर निर्णय दिया करे जो उसी प्रकार मान्य हों जिस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय। यदि ऐसा नहीं किया गया तो राष्ट्र की एकता राजनीति के दल-दल में डूब जा सकती है।

मेरा अंतिम सुझाव है विकास कार्यों को राजनीतिक उलटफेर से अलग रखने के संबंध में। मेरा निजी अनुभव है कि मंत्रिमण्डलों के बार-बार टूटने और बनने के कारण विकास के कार्य कुंठित हो जाते हैं। बिहार में सन् १९६६-६७ के भयंकर दुष्काल के कारण वहाँ के 'किसानों में जो जागृति हुई थी उसका लाभ प्रदेश को इसलिए नहीं मिल सका कि शासन बार-बार बदलता रहा। इस कारण से प्रशासन ठप पड़ गया, नीतियाँ अनिश्चित हो गईं। यही हाल औद्योगिक विकास का, शिक्षा आदि का हुआ। मुझे लगता है, जैसा पहले कह चुका हूँ, कि यह शासकीय अस्थिरता घटने के बजाय बढ़ने वाली है। इसलिए मेरा सुझाव है कि हर प्रदेश में एक-एक औद्योगिक विकास और कृषि विकास निगम कायम किये जांय जो ईमानदारी से स्वायत शासित (autonomous) हों। इस प्रकार के निगम आज भी कुछ प्रदेशों में कायम हैं परन्तु उनका स्वायत्त शासनाधिकार एक बहाना मात्र है। इनसे कोई लाभ नहीं सिवा इसके कि अफसरों के लिए कुछ और ऊँचे पद उपलब्ध हो जाते हैं और मंत्रियों के लिए कृपा भाजन बनाने (patronage) के अवसर। यदि राजनीतिक नेता और ऊँचे पदाधिकारी सच्चाई से अपना अधिकार छोड़ने को तैयार हों तो ऐसे स्वायत्तशासित निगम गठित करना कठिन नहीं होगा जो सरकारी विभाग की तरह नहीं बल्कि स्वतंत्र व्यवसायी संस्थाओं की तरह काम करें।

संकल्प किया था कि श्रवण कष्ट कम दूंगा, परन्तु आपको कष्ट तो बहुत दिया। इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं।

दीक्षान्त भाषण

डा० कर्णसिंह

कुलपति महोदय, श्री काशीनरेश, उपस्थित महानुभाव तथा मेरे युवा मित्रों !

महामना का साकार स्वप्न काशी हिन्दू विश्वविद्यालय आज अपने जीवन के ५० वर्ष पूरे कर स्वर्ण जयन्ती मना रहा है और विश्वनाथ की रंग भरी राजधानी काशी अपने अनन्त इतिहास के इस आधुनिक सृजन को अभिमान से निहार रही है। निर्मला गंगा भाव विभोर हो इसके चरण धोती है, जिसने सत्य की अंतिम कसौटी पर परखकर हरिश्चन्द्र को सदा के लिये आदर्श बना दिया, जिस धरती पर तथागत का धर्म-चक्र सर्वप्रथम चला, जिसे तांडव में रमे शंकर की सती को स्पर्श करने का सौभाग्य मिला, उसी उत्तराधिकार के रुपहले संगम वाराणसी को मेरे सादर नमन।

इस स्वर्ण जयन्ती के ऐतिहासिक अवसर पर मैं आपको हार्दिक वधाई देता हूँ, न केवल उन विद्यार्थियों, अध्यापकों और कर्मचारियों को जो इस समय यहाँ उपस्थित हैं वरन् उन सवको जिनका पिछले ५० वर्ष में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से संवध रहा है। मैं इसे अपना सौभाग्य समझता हूँ कि मेरा परिवार तीन पीढ़ियों से इस महान विद्या-केन्द्र से संबंध रखता चला आ रहा है।

आप सरस्वती के उपासक हैं, ज्ञानोदय की आराधना आपका ध्येय है। आज अब वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शारदापीठ काश्मीर की सारस्वत परम्पराओं का वहुरंगी आकर्षक गजरा आपको भेंट करता हूँ। आप वरण करें काश्मीर का, माँ सरस्वती के उपासक गले मिलें और एक ऐसी कंचना भाव-भूमि की रचना करें जिसके वातावरण में राष्ट्र का अभ्युदय हो और सर्जना हो महामना की मूर्त कल्पना की।

वह कल्पना क्या थी ? वे कौन से रत्न थे जिन्हें भारतीय संस्कृति से बटोरकर उन्होंने हमारे चरित्रों में जड़ना चाहा और रचना चाहा एक ऐसा भव्य विद्या-भवन जिसमें कर्मठ राष्ट्र निर्माता ढाले जा सकें ? कौन थे वे आदर्श जिनसे प्रेरित हो उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की ? धर्म का कौन सा स्वरूप उन्हें प्रोत्साहित कर रहा था ? आइये हम मिलकर आज मालवीय जी के इस क्रान्तिदर्शी सृजन को नवीन परिप्रेक्ष्य से देखें।

इसी विश्वविद्यालय के वारहवें दीक्षांत समारोह में बोलते हुए उन्होंने छात्रों से कहा था :

> "सत्य कहो, सत्य पर आचरण करो……
> और सत्य को ही अपने मानस में उतारो।"

कुलाधिपति डा० कर्णसिंह का काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती समावर्तन समारोह के अवसर पर दिया गया दीक्षान्त भाषण, मंगलवार, १४ फरवरी १९६७ ई०।

सर्वव्यापक सत्य ही पूर्ण प्रकाश है। समय अथवा स्थान की सीमाएँ इसे कभी नहीं बाँध पाईं। आदर्श बदल सकते हैं, सिद्धान्त ढल सकते हैं, मान्यताएँ परिवर्तित हो सकती हैं परन्तु विश्व नापने वाला सत्य उस विराट मनोहर के अस्तित्व में लीन हो केवल वही होकर रह जाता है। सत्य पर किसी विशेष मत या संप्रदाय का एकाधिकार नहीं। यह तो "वह ज्योति पुंज है जिसका यश गान उपनिषदों में मुखर है :

"तमेव भान्त मनुभाति सर्व
तस्य भाषा सर्वमिदं विभाति ॥

यही कारण है कि हमारी संस्कृति में सत्य के विभिन्न स्वरूपों को मान्यता प्रदान की गई है। इसी प्रेरणा से अभिभूत हो ऋग्वेद ने पुकारा :

'आ नो भद्राः क्रत्वो यन्तु विश्वतः'

और हमें हर दिशा से आने वाले उत्तम विचारों की अभ्यर्थना करने को प्रेरित किया। इसे इष्ट मान यहाँ समय-समय पर महान आत्माएँ अवतरित हुईं और भारतीय चिंतन को वरदायी मोड़ दे नए-नए चिरन्तन सत्यों के केन्द्र विन्दु का उद्घाटन हुआ। यह सत्य हमें शिव की ओर ले गया, शिव हमें सुन्दर की ओर ले गया और सुन्दर ले गया एक त्रिमुखी आधारभूत की ओर जिसने हमारी धार्मिक परम्परा को जन्म दिया।

महामना भारत की नेतृत्व प्रतिभा को पहिचानते थे। एक सुनहले भविष्य की रूपरेखा उनकी कल्पना में उभर चुकी थी जिसे साकार करने के लिए समाज के सर्वाधिक क्रियाशील अंग के सहयोग की आवश्यकता थी। उन्होंने अनुभव किया कि आदर्श चरित्रों के अधिकारी युवक-युवतियाँ ही भविष्य का सामना कर सकते हैं, परन्तु उन्हें ऐसी शिक्षा के माध्यम से तैयार करना होगा जो आधुनिक होने के साथ-साथ धर्म और नीति पर भी पर्याप्त बल दे। स्वराष्ट्र को शक्तिशाली वनाने के लिये, अंतर्राष्ट्रीय सद्भाव की वृद्धि के लिए और निखिल मानवता को आध्यात्मिक गंगा में नहलाने के लिये ही मालवीय जी ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी।

आज अंतरराष्ट्रीय ख्याति का यह विद्या केन्द्र उस पुण्यात्मा का जीवित स्मारक है जिसने इसके माध्यम से भारत माँ को स्वतंत्र कराने का स्वप्न देखा था। महामना के ही शब्दों में :

"यह तुम्हारा अपना देश है—औरों से न्यारा सवसे बढ़ चढ़ कर—तुम्हारा सर्वस्व इसे समर्पित हो—तुम्हारा जीवन इसकी सांस्कृतिक एकता की रक्षा करने में काम आए—तुम सार्वजनिक कल्याण के लिये उत्सर्ग हो—तुम तन से, मन से, धन से राष्ट्र को स्वाधीनता की ओर अग्रसर करो।"

पिछले ५० वर्ष प्रमाण हैं कि यह विश्वविद्यालय अपने संस्थापक की अपेक्षाओं को पूरा करने में सफल रहा है। देश के स्वतंत्रता संग्राम में आपने जो महान् योगदान दिया वह इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा जायेगा। हमारे आदरणीय राष्ट्रपति डा० सर्वपल्ली राधाकृष्णन् ने इस विश्वविद्यालय के कुलपति पद को सुशोभित किया तथा इनके अतिरिक्त अन्य कई महापुरुष भी इससे संबंधित रहे।

आपकी तरुणाई ने देश को झंकार ही नहीं दी वरन् शिक्षा के क्षेत्र में भी नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। दूरदर्शी महामना ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को धार्मिक आधारों पर स्थापित करते हुए वैज्ञानिक और टेक्निकल शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दिया जो अतीत को वर्तमान से जोड़ने का महनीय प्रयास था। वह इस तथ्य से भली प्रकार परिचित थे कि बीसवीं शताब्दी में भारत की विकास संभावनाएँ तभी साकार हो सकती हैं जब हमारी युवा पीढ़ी का मानसिक रुझान वैज्ञानिक रूप से परिष्कृत हो और हम नई परम्पराओं में भी उतने ही दक्ष हों जितने सुनहले पुरातन में। वास्तव में नए भारत के निर्माण में दर्शन की गंगा और विज्ञान की जमुना का संगम ही कल्याणकारी सिद्ध हो सकता है। दोनों की मनहर आभा से निखरा व्यक्तित्व ही आज की आवश्यकता है, जिस पर हमारे भविष्य का संतुलित संचालन निर्भर है। मेरा विश्वास है कि इस विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ इस दृष्टि से पूर्णतया संपन्न हो देश को नेतृत्व देने की अपनी भव्य परम्परा जारी रखेंगें।

प्रतियोगिता के आधुनिक युग में आपको हर चरण पर अपनी परिपक्वता का प्रमाण देना है। भविष्य को अपने अनुकूल बनाने के लिए हमें अपनी हर निर्बलता को जड़-मूल से निकाल फेंकना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियाँ हमारे योगदान का मूल्यांकन करते समय गौरव का अनुभव करें। इस संदर्भ में देश में फैलती उच्छृंखलता एक गंभीर रोग का लक्षण है। युवा रक्त का वह गर्म उफान जिसे नए भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए था पारस्परिक झगड़ों में सूख रहा है। कैसी विडंबना है यह ? अपने मूल्यों में इतनी रचनात्मक शक्ति होते हुए भी अपनी ही निर्बलता से हम व्यवस्थित लोकतंत्री जीवन को भंग करने पर तुल से गए हैं। परन्तु केवल निन्दा ही पर्याप्त नहीं। इस झुंझलाहट और अनुशासन हीनता के कारण हमें अपने अन्दर तलाशने होंगे। वे युवक जिन्हें भारत के रचनात्मक नव-निर्माण म नींव के पत्थर बनना है, जिन्हें आदर्शवाद और समर्पण का ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत करना है, जिन्हें भविष्य का निर्माण करना है उनकी रचनात्मक शक्तियों में यह कैसी विकृति।

स्पष्ट ही इस समस्या के दो प्रमुख कारण हैं। प्रथम राजनैतिक दलों का छात्र जीवन में हस्तक्षेप जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थी प्रायः शतरंज के मोहरे मात्र बनकर रह जाते हैं। परतंत्र भारत में छात्रों द्वारा राजनीति में भाग लेने का जो भी औचित्य रहा हो, आज की हमारी आवश्यकता कुछ और ही है। राष्ट्र का सर्वांगीण विकास आज का लक्ष्य है और उसके लिये हमें प्रश्रय देना होगा प्रथम श्रेणी के प्रशासकों और नेताओं को। यह तभी सभव है जब देश का छात्र वर्ग राजनीति की सक्रिय सदस्यता में अपनी शक्ति का अपव्यय न कर अध्ययन द्वारा अपने सर्वतोमुखी विकास में व्यस्त रहे। इसका यह अर्थ नहीं कि वे अपने चारों ओर घटने वाली सामयिकी से आँखें मूंद लें। वे देखें सब कुछ, उसका अध्ययन करें और तैयार करें अपने आपको भविष्य में उनके व्यवहारिक पक्ष से जूझने के लिये।

विद्यार्थी समस्या का दूसरा कारण समाज की जर्जरता है। जिन विकारों का पोषण आधुनिक समाज कर रहा है, वही प्रतिबिंब के रूप में शिक्षण संस्थाओं में लक्षित हो

रहे हैं। क्या यह सत्य नहीं कि हमारा राष्ट्र उत्तरोत्तर अनुशासनहीनता से त्रस्त होता जा रहा है ? आचार और व्यवहार में एकता का अभाव ही समाज में छाए भ्रष्टाचार का अभिशाप है। छात्र अपने चारो ओर जो देख रहा है, वही सीख रहा है और उसी का प्रदर्शन कर रहा है। यह होते हुए भी मुझे भारत की युवा पीढ़ी में पूरा विश्वास है। मैं तो यह चाहूँगा कि यदि समाज आपका सही पथ-प्रदर्शन नहीं करता तो आप स्वयं आगे आकर समाज को नया रास्ता दिखलाइये।

चुनौतियों के असंख्य अम्बार युवा बुद्धिजीवियों को ललकार रहे हैं। 'जन गण मन' का सुरम्य देश आशा से आपको निहार रहा है। हम भारत माता की जय का उद्घोष तो कर रहे हैं परन्तु इसको यथार्थ रूप देने के लिए प्रयास भी करने होंगे। जागृति की इस उषा वेला में हमें सावधान होना होगा। इतिहास कहीं अपने को पुनः न दुहराए। जो बहारें हमसे रूठ गईं उनकी चिन्ता नहीं परन्तु आनेवाला कल हमारा हो। राजनीतिक अखंडता, आर्थिक संपन्नता, विकासोन्मुख समाज और आध्यात्मिक चेतना से सज्जित भारत ही हमारा लक्ष्य है। इन चारों पक्षों का सामुदायिक विकास ही समय की पुकार का सही उत्तर हो सकता है।

और वह उत्तर देगी भारत की नई युवा पीढ़ी। आपका उत्तरदायित्व गंभीर है। नए भारत के निर्माण में आपका सक्रिय सहयोग ही देश की विभिन्न धार्मिक और भाषाई इकाईयों को भावात्मक एकता के सूत्र में पिरो सकता है। आपको शक्ति और नवल उत्साह का अपना सारा कोष देश पर न्योछावर करना होगा, विभिन्न मतों को एक सूत्र में बाँधने वाले सत्यमय धर्म का आविष्कार करना होगा। आज इस स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर हम सब शपथ लें राष्ट्रीय व्यक्तित्व में विलय होने की—यही महामना को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी, यही वीणावादिनी सरस्वती की सच्ची आराधना।

———

ऐतिहासिक विवरण
एवं
उपलब्धि खण्ड

पूज्य महामना

हिताय सर्वलोकानां निग्रहाय च दुष्कृतां
धर्मसंस्थापनार्थाय प्रणम्य परमेश्वरम् ।
प्रसादाद्विश्वनाथस्य काश्यां भागीरथीतटे
विश्वविद्यालयः श्रेष्ठः हिन्दूनां मानवर्धनः ॥
हिन्दूराज्याधिपतिभिर्धनिकैर्धार्मिकैस्तथा
मिलित्वा स्थापितः सद्भिर्विद्याधर्मविवृद्धये ॥

जन्म :—वि० सं० १९१८ पौषकृष्ण ८ (२५-१२-१८६१)

देहावसान :—वि० सं० २००३ मार्गशीर्षकृष्ण ४ (१२-११-१९४६)

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का अभ्युदय

४ फरवरी १९१६ को एक विशेष समारोह के रूप में इस पवित्र विद्या मन्दिर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की आधार शिला रखने का पुनीत कार्य सम्पन्न हुआ, । यह वह दिन था जब कि कई देश-भक्तों को अनेक वर्षों की कठिन तपस्या, कर्तव्यनिष्ठा, दौड़-धूप, कठोर श्रम, सुनियोजन तथा अंग्रेज शासकों के प्रतिनिधियों से औपचारिक वार्ता के बाद 'माँ-सरस्वती' ने महामना पं० मदन मोहन मालवीय जी का स्वप्न साकार करके, उन्हें इसके संस्थापक होने का श्रेय प्रदान किया । इस सुअवसर पर उपस्थित असंख्य जनसमुदाय द्वारा 'माँ-सरस्वती' की आराधना की गई । महामना के इस लक्ष्य की वास्तविक प्राप्ति हेतु इस लम्बे तथा कंटकाकीर्ण मार्ग के पांच प्रमुख आधार स्तंम्भ इस प्रकार थे : १९०४ में बनारस (अब वाराणसी) के 'मिण्ट हाउस' में निर्धारित एक समिति में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श, १९११ में हिन्दू विश्वविद्यालय संघ (सोसाइटी) का गठन तथा उसका पंजीकरण, १९१२ में अध्यापन एवं आवासीय विश्वविद्यालय बनाने के आदर्श विचार की भारत के तत्कालीन ब्रिटिश सेक्रेटरी आफ स्टेट द्वारा स्वीकृति, १९१५ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का विधेयक पारित होना तथा १९१६ में इस नवीन विश्व-विद्यालय में सेण्ट्रल हिन्दू कालेज के विलीन करने की स्वीकारोक्ति ।

भारतवर्ष में उस समय कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, लाहौर तथा इलाहाबाद नामक केवल पाँच विश्वविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय-स्तरीय परीक्षा का प्राविधान था । ऐसे समय में शिक्षा के क्षेत्र में एक नए प्रयोग के रूप में इस आवासीय विश्वविद्यालय का अभ्युदय होना संस्थापकों की विशेष सूझ-बूझ एवं सामयिक आवश्यकता का ज्वलंत उदाहरण है जिससे शिक्षा में रुचि रखने वाले लोगों का केवल व्यक्तिगत लाभ न होकर, यह संस्था सम्पूर्ण समाज के लिए एक वरदान सिद्ध हो । उन्होंने पहले से ही इस तथ्य का आभास कर लिया था कि ऐसे संस्थान की स्थापना से हिन्दू धर्म की अमूल्य निधियों की रक्षा होकर, हिन्दू संस्कृति एवं सभ्यता के निखार के साथ अपने देश कीप्राकृतिक मिट्टी में आधुनिक विज्ञान एवं कला का समावेश होगा ।

उक्त कार्य के लिए एक ऐसे उपयुक्त स्थान का चयन करना जिसमें विश्वविद्यालय प्रारम्भ करके, भविष्य में होने वाले प्रसार तथा आधुनिक जीवन की विभिन्न प्रकार की अनगिनत माँगों एवं आवश्यकताओं का ध्यान रखना संस्थापकों के लिए एक विशेष चुनौती का विषय था । विश्वविद्यालय की रजत-जयंती के अवसर पर अपने दीक्षांत भाषण में स्व० डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन् ने इस स्थान तथा इसके संस्थापक के बारे में व्यक्त किए गए विचारों में कहा था कि "शिलान्यास का यह पाषाण; केवल संगमरमर पत्थर का एक टुकड़ा मात्र न होकर, भविष्य में होने वाले सम्पूर्ण नयन गोचर प्रक्षेत्र का द्योतक है । प्रकृति यदि अपनी गोद में जीवन एवं स्मृति का संचय करने की क्षमता रखती है तो काशी के ये पाषाण वेदव्यास के शब्दों, उपनिषद् के वाक्यों, भगवान बुद्ध के उपदेशों, गीता के कथानकों तथा इस पवित्र स्थान के समीपवर्ती अनेक साधु एवं गुरुजनों की कहावतों को मूर्त

रूप देने में सक्षम होंगे। हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना एवं विकास के लिए क्या हमलोग इससे अधिक, अच्छे एवं उपयुक्त स्थान की मीमांसा कर सकते हैं? और क्या पण्डित मदन-मोहन मालवीय जैसे दूरदर्शी, विनम्र, दृढ़प्रतिज्ञ तथा पर्वतीय वायु की तरह निर्मल विचार-धारा एवं लगन वाले व्यक्तित्व के साथ एक अच्छे पथ-प्रदर्शक, रक्षक तथा समस्त क्रिया-कलापों के निदेशक के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को भी इतना उत्कृष्ट सोच सकते हैं? उन्होंने यहाँ एक ऐसी ज्योति जगाई है जिसका प्रकाश, भगवान की कृपा से, जब तक धरा पर सभ्यता कायम है, जल, स्थल तथा अम्बर तक को समय-समय पर देदीप्यमान करता रहेगा। यहाँ पर यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण न होगा कि जहाँ मनुष्य प्रयासरत हों और देवता उनके सहायक हों, वहाँ विश्वविद्यालय के लिए इससे अधिक अच्छे स्थान तथा संस्थापक की कल्पना करना भी दुरूह होगा।"

प्रत्यक्ष रूप से संगमरमर के टुकड़े के रूप में दिखाई देने वाला विश्वविद्यालय के शिलान्यास का यह भव्य पाषाण; इसके ऐतिहासिक विकास, विलक्षण प्रेरणा शक्ति तथा भारतवर्ष के उन इने-गिने महान् सपूतों के प्रभाव को इंगित करता है जिन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त इस विशाल विश्वविद्यालय की संरचना में अनेक कठिनाइयों के बाद भी अपना बहुमूल्य योगदान किया है।

भारत के तत्कालीन वायसराय द्वारा स्थापित आधार-शिला पर संस्कृत एवं अंग्रेजी अभिलेख इस प्रकार हैं :

ॐ

काशीविश्वविद्यालयः।

माघे शुक्ले प्रतिपदि तिथौ शुक्रवारे शिलाया न्यासं कार्यं ह्यगनवमहीसम्मिते विक्रमाब्दे। प्राञ्चं धर्मं परिफलयितुं विश्वविद्यालयस्याकार्षीत् सम्राट् प्रतिनिधिवरो लार्डहार्डिङ्ग सुकीर्तिः॥

ॐ

BENARES HINDU UNIVERSITY
THIS FOUNDATION–STONE WAS LAID BY
H. E. THE RIGHT HONORABLE CHARLES
BARON HARDINGE OF PENSHURST,
P.C., G.C.B., G.M.S.I., G.C.M.G., G.M.I.E., G.C.V.O., I.S.O.
VICEROY & GOVERNOR–GENERAL OF INDIA
FEBRUARY 4. 1916

In a cavity, under the marble stone, was laid a copper box containing current coins of the British Government and of various Indian States, copies of the Reports of the H. U. S., that day's issue of "The Leader" and "The Pioneer" and a large copper plate with the following Sanskrit inscription :

काशीविश्वविद्यालयस्य ताम्रपत्रलेखः ।

ॐ

धर्मं सनातनं वीक्ष्य कालवेगेन पीडितम् ।
भूतले दुर्व्यवस्थं च व्याकुलं मानवं कुलम् ॥
कलेः पञ्चसहस्राब्दे गते भारतभूमिषु ।
आरोपयितुमुद्धारबीजमस्य पुनर्नवम् ॥
काशीक्षेत्रे पवित्रेऽत्र गङ्गातीरे महोदया ।
शुभेच्छा पुण्यसंपन्ना संजाता जगदात्मनः ॥
संगमय्याथ पाश्चात्याः प्राच्याश्चापि प्रजा निजाः ।
तच्छ्रेष्ठानां विद्यायैकत्वं सुमति-लक्षणम् ॥
विश्वनाथपुरे विश्वजनीनो विश्वभावनः ।
विश्वात्माऽऽकारयद् विश्वविद्यापीठव्यवस्थितिम् ॥
निमित्तमात्रमत्राभूत् समीहायाः परेशितुः ।
मालवीयो देशभक्तो विप्रो मदनमोहनः ॥
निधाय वाङ्मयं तेजस्तस्मिन्नुद्बोध्य भारतम् ।
प्रह्वीकृत्यापि तच्छास्तॄनस्मिन्नर्थे व्यधात् प्रभुः ॥
अन्ये चापि निमित्तानि प्राभवन्नन्तरात्मनः ।
बीकानेरनृपो वीरो गङ्गासिंहो महामनाः ॥
श्रीरामेश्वरसिंहश्च दरभंगामहीपतिः ।
प्रधानः कार्यकारिण्याः सभाया मानवर्धनः ॥
सुधीः सुन्दरलालश्च मन्त्री कोषाभिरक्षकः ।
गुरुदासादित्यरामौ वासंती वाग्मिमनी तथा ॥
तथा रासविहारी च वृद्धा ये देशवत्सलाः ।
दासा अन्ये भगवतो यथाशक्यं सिषेविरे ॥
विक्टोरियामहाराज्याः पौत्रे एड्वर्डदेहजे ।
सम्राजि पञ्चमे ज्यार्जे भारतं परिशासति ॥
मेवार-काशि-काश्मीर - मयसूरालवराधिपान् ।
कोटा - जयपुरेन्दौर - जोधपुरादि - भूमिपान् ॥
तथा कपूर्थला - नाभाग्वालेरादिनरेश्वरान् ।
ईरयित्वा सहायार्थं सज्जनानपरांस्तथा ॥
गर्भस्य सर्वधर्माणां रक्षायै प्रचयाय च ।
प्रसाराय स्वलीलानां स एवैकः परः प्रभुः ॥
लार्डहार्डिङ्गः सुविख्यातं सम्राट्प्रतिनिधिं वरम् ।
वीरं वीरं प्रजाबन्धुं जनानां हृदयंगमम् ॥
विश्वविद्यालयस्यास्य शिलान्यासे न्ययोजयत् ॥

संप्राप्ते नेत्र-भूभृद्-ग्रह-धरणिमिते वैक्रमेऽब्दे च मासे
माघे पक्षे च शुक्ले प्रतिपदि च तिथावह्नि शुक्रे क्षणेऽच्छे।
श्रीकाश्यां श्रीलसम्राट्प्रतिनिधिकरतो यच्छिलान्यास आसीद्
यावच्चन्द्रार्कतारं विलसतु स महाविश्वविद्यालयोऽयम् ।।
सरस्वती श्रुतिमहती महीयतां ततः स्नुता ज्ञानसुधा निपीयताम् ।
सदा मतिः शुभचरिते विधीयतां रतिः परा परमगुरौ प्रचीयताम् ।।

काशी विश्वविद्यालय के ताम्रपत्र लेख का हिन्दी अनुवाद

समय के वेग द्वारा (भारत के) सनातन धर्म को पीड़ित तथा पृथ्वीतल पर दुर्व्यवस्था और मानवकुल को दुखी और व्याकुल देखकर, कलियुग के पाँच हजार वर्ष के व्यतीत हो जाने पर भारत भूमि में इसके उद्धार के लिए नये वीज को आरोपित करने के लिए पवित्र काशीक्षेत्र में गंगातीर पर पुण्यशाली शुभेच्छासंपन्न संसार की मंगलकामनावाले, पाश्चात्य और प्राच्य महापुरुष सुविचारित रूप से एकमत होकर एकत्रित हुए। विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में विश्वजनीन विश्वमानव और विश्वात्मा भगवान् विश्वनाथ ने विश्वविद्यापीठ की स्थापना करवाई। भगवान् की इस इच्छा के निमित्त देशभक्त मालवीय ब्राह्मण मदनमोहन थे। इन महामना पं० मदनमोहन मालवीय को जगन्नियन्ता भगवान् ने वाक्शक्ति प्रदान की और उनकी वाणी के माध्यम से, देश के नेतृवर्ग और शासकों को इस उद्देश्य के लिए प्रेरित किया। अन्तरात्मा भगवान् ने इस महान् कार्य के लिए और लोगों को भी निमित्त वनाया, जिनमें वीर और मनस्वी वीकानेरनरेश गंगासिंह और दरभंगानरेश रामेश्वर सिंह इसकी कार्यकारिणी सभा के सम्मानित अध्यक्ष थे। इसके मंत्री कोषाध्यक्ष पं० सुन्दरलाल थे और श्री गुरुदास, पं० आदित्यराम, कुशल वक्त्री वासन्ती, श्री रासबिहारी जैसे वृद्ध देशभक्त भी थे जिन भगवद्भक्तों ने इस कार्य में यथाशक्ति सेवापूर्ण योग दिया है।

महारानी विक्टोरिया के पौत्र तथा एडवर्ड सप्तम के पुत्र सम्राट् जार्ज पंचम के भारत का शासन करते समय मेवाड़, काशी, काश्मीर, मैसूर, अलवर, कोटा, जयपुर, इन्दौर तथा जोधपुर आदि रियासतों के राजाओं तथा कपूरथला, नाभा, ग्वालियर आदि रियासतों के नरेशों को तथा अन्य दूसरे सज्जनों को सहायता के लिए प्रेरित कर समस्त धर्मों के वीजभूत तत्त्व की रक्षा और अभिवृद्धि के लिए और अपनी लीलाओं के प्रसार के लिए उस परम पुरुष भगवान् ने ब्रिटिश सम्राट् के प्रतिनिधि लार्ड हार्डिंग को जो धीर तथा वीर पुरुष हैं, और प्रजाओं के प्रतिपालक हैं, इस विश्वविद्यालय के शिलान्यास के लिए नियुक्त किया। विक्रम सम्वत् १९७२ की माघ कृष्ण प्रतिपदा शुक्रवार के पवित्र क्षण में वायसराय द्वारा यह शिलान्यास किया गया। यह महाविश्वविद्यालय पृथ्वीतल पर तवतक सुशोभित रहे जवतक सूर्य और चन्द्रमा विद्यमान हैं।

ज्ञान से महनीय सरस्वती विकसित हो, उसके वक्षस्थल से प्रवाहित होता ज्ञानामृत ज्ञानार्थियों द्वारा पान किया जाय। लोगों की बुद्धि सत्कार्य में लगे और परम गुरु भगवान् के प्रति भक्ति अभिवृद्ध हो।

प्राच्यविद्या-धर्मविज्ञान-संकाय

प्रोफेसर सीताराम शास्त्री

"वेदवाङमय-महागिरि से प्रादुर्भूत भारतीय-सम्यता-संस्कृति-पोषिका आर्षज्ञान की यह निर्मलधारा भारतवर्ष में यावच्चन्द्र-दिवाकर अविच्छिन्न रूपेण प्रवाहित होती हुई एतद्देश-प्रसूतजनों के अंतः करणों को सदा पवित्र करती रहे" इस उदात्त भावना से प्रेरित हो, भूतभावन भगवान् श्री विश्वनाथ की त्रैलोक्य न्यारी ज्ञानखानि नगरी काशी में पुण्य सलिला भगवती भागीरथी के सुरम्य तट पर एक विशाल विश्वविद्यालय की स्थापना का महनीय संकल्प लेकर महामना श्रीमालवीयजी ने तत्कालीन धर्मानुरागी राजाओं, महाराजों, एवं श्रेष्ठिजनों को अपने शिवसंकल्पविषयीभूत विश्वविद्यालय के संस्थापनरूप पवित्र ज्ञानमहायज्ञ में मुक्त हस्त से विपुल धन प्रदान कर मनसा वाचा कर्मणा सर्वविध हार्दिक सक्रिय सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सम्पूर्ण भारतवर्ष की परिक्रमा की।

अपने इस सदुद्देश्य की पूर्ति हेतु धन संग्रहार्थ जहाँ भी महामनाजी जाते थे, उनका प्रथम उपदेश यही होता था कि "आपके दिये हुए धन से संस्थापित इस विश्वविद्यालय में आपकी ही दी हुई छात्रवृत्ति को प्राप्त कर विद्याभ्यासतप में संलग्न संस्कृताध्येता दशसहस्र छात्रगण प्रातः काल ब्राह्ममुहूर्त में पतितपावनी गंगा की निर्मल धारा म यथाविधि स्नान कर संध्यावंदन-सूर्य्योपस्थान करते हुए वेद मन्त्रों का उच्चारण करेंगे तो वह कैसा मंगलमय दृश्य होगा' जरा आपलोग इसकी कल्पना करें। अनन्त पुण्यप्रद इस श्लाघ्योदात्त कार्य में दिये हुए आपके धन एवं क्रियात्मक सहयोग का आपको क्या प्रतिफल प्राप्त होगा इसे भी शास्त्र दृष्टि से अवश्य विचारें। नश्वर धन को अक्षय पुण्य एवं स्थिर यश से बदल लेना ही बुद्धिमानी है। महामना जी की तपः पूत वाणी में विचित्र ओज, अलौकिक आकर्षण एवं विलक्षण माधुर्य होता था, जिसके कारण आकृष्ट होकर धार्मिकजन अहमहमिकया मुक्त हस्त से धन प्रदान कर इस 'लोकोत्तर भिखारी' की झोली भर देने में अपना परम सौभाग्य समझने लगे।

फलतः महर्षिकल्प महामनाजी का सत्संकल्प शीघ्र ही साकार हुआ। आज से प्रायः साठ वर्ष पूर्व सन् १९१६ में वर्द्धमान योग एवं शुभ मुहूर्त के मंगलमय अवसर पर वसंत-पंचमी को, मन्त्रब्राह्मणात्मक वेद एवं तदङ्गभूत सकल संस्कृत-वाङमय के साङ्गोपाङ्ग अध्यापन के साथ ही साथ अन्य लौकिक विद्याओं का भी परिपूर्ण ज्ञान जिसके द्वारा कराया जा सके, ऐसी प्राची प्रतीची के सुन्दर मेलवाली सर्व विद्या की राजधानी इस "काशी हिन्दू विश्वविद्यालय" का शिलान्यास वेदघोष के साथ सम्पन्न हुआ।

संस्कृत महाविद्यालय (प्राच्यविद्या धर्म विज्ञान संकाय)

'प्राञ्चं धर्मं प्रतिफलयितुम्' अपने इस प्रतिज्ञान को ध्यान में रखते हुए भारतीय-सकल संस्कृत-वाङमय का प्राचीन परिपाटी से प्रत्यक्षर प्रतिपंक्ति सम्प्रदायानुसार अध्ययन के सम्पादनार्थ महामनाजी ने इस विश्वविद्यालय के बीजभूत 'संस्कृत-महाविद्यालय' की स्थापना

की, जिसमें सन् १९१८ से पूर्ण रूपेण अध्ययनाध्यापन प्रारम्भ हुआ तथा जो वर्तमान समय में 'प्राच्यविद्या धर्मविज्ञान-संकाय' इस नाम से विख्यात है।

धार्मिक जनता ने मुख्यतया संस्कृत शास्त्रों एवं वैदिक साहित्य की शिक्षा के प्रचार-प्रसारार्थ ही महामनाजी को विपुल धनराशि प्रदान की थी। स्वयं महामनाजी भी आर्ष-परम्परा के अनन्य उपासक थे। अतः संस्कृत महाविद्यालय के प्रति उनका विशिष्ट प्रेम होना स्वाभाविक ही था। फलतः वे इस संस्कृत महाविद्यालय के संरक्षण-संवर्धन के लिए सर्वथा व सर्वदा सचेष्ट रहते थे। इस संकाय में योग्यतम उच्चकोटि के विद्वानों की नियुक्ति के लिए वे स्वयं यत्र तत्र ख्यातनामा पण्डितों का अन्वेषण करते रहते थे। जहाँ भी उन्हें योग्य विद्वान् श्रुतिगोचर या दृष्टिगोचर होते, वे उन्हें अपने इस प्राणप्रिय संकाय में ले आने के लिए लालायित हो उठते, तथा तदर्थ सभी सम्भव एवं उचित उपायों के समाश्रयण में पीछे नहीं रहते थे। महामनाजी के इस सत्प्रयत्न के कारण ही महामहोपाध्याय श्री रामावतार शर्मा, म० म० श्री प्रमथनाथ तर्कभूषण, म० म० श्री चिन्न स्वामी शास्त्री, म० म० श्री प्रभुदत्त शास्त्री गौड़, म० म० श्री विद्याधर शास्त्री गौड़, म० म० श्री जयदेव मिश्र एवं म० म० श्री बालकृष्ण मिश्र सरीखे उद्भट महाविद्वानों ने इस संकाय के प्रमुख पदों को यथासमय सुशोभित किया था।

साङ्गवेदाध्यापन-व्यवस्था

'तस्मात् साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते' इस शिक्षोक्ति के अनुसार इस संकाय में मन्त्रब्राह्मणात्मक वेद तथा वेद के छहों अंग (१) व्याकरण (२) शिक्षा, (३) ज्योतिष (४) निरुक्त (५) कल्प (६) छन्द, एवं धर्मशास्त्र, पूर्वमीमांसा, उत्तरमीमांसा, आस्तिक तथा नास्तिक दर्शन, साहित्य, कर्मकाण्ड, पौरोहित्य आदि संस्कृत वाङ्मय की सभी शाखाओं का निःशुल्क अध्यापन अपने विषय के मूर्धन्य एवं ख्यातनामा विद्वानों द्वारा सम्पन्न होता है। वर्तमान समय में इस संकाय में तीन प्रोफेसर, बारह रीडर, सोलह लेक्चरार, दो पार्ट-टाईम-लेक्चरार एवं दो शोध सहायक तथा एक यू० ज़ी० सी० प्रोफेसर, इस प्रकार कुल ३५ पद स्वीकृत हैं, तथा विद्वत्परिषद द्वारा प्रायः ३०० छात्रों के प्रवेश की अनुमति प्राप्त है।

छात्रवृत्ति व छात्रावास

संकाय के परिश्रमशील मेधावी छात्रों को विपुलधन-छात्रवृत्ति प्रदान कर उन्हें संस्कृताध्ययनार्थ प्रोत्साहित किया जाता है तथा विश्वविद्यालय के इस सुरम्य परिसर में निःशुल्क उत्तम निवास सुविधा प्रदान की जाती है। छात्रों के शारीरिक विकास, स्वास्थ्य एवं मनोरंजन के लिए विविध व्यायाम, योगक्रिया, आसन एवं आधुनिक क्रीड़ाओं की विश्वविद्यालय स्तर पर सुन्दर व्यवस्था है।

परीक्षा व उपाधि

संकाय का पूर्वमध्यमा, उत्तरमध्यमा, शास्त्री, आचार्य परीक्षा सम्बन्धी विभिन्न-विषयक पाठचक्रम (२+२+३+२=९) कुल नौ वर्ष का है। चार वर्ष में सम्पन्न होने वाली पूर्वोत्तरमध्यमा परीक्षा में प्रतिवर्ष ६ प्रश्नपत्र होते हैं। छात्रों को वेद, व्याकरण, दर्शन, साहित्य, ज्योतिष इन वैकलिपक एक मुख्य विषय के साथ हिन्दी-अंग्रेजी, गणित आदि

प्राच्यविद्या एवं धर्म विज्ञान संकाय

महिला महाविद्यालय

आधुनिक विषय भी पाठ्यक्रमानुसार पढ़ने होते हैं। इसी प्रकार तीन वर्ष के 'शास्त्री' उपाधि के पाठ्यक्रम में भी बी० ए० स्तर की हिन्दी एवं अंग्रेजी के साथ अन्य आधुनिक विषय भी समाविष्ट हैं। आचार्य उपाधि का पाठ्यक्रम दो वर्ष का है। प्रतिवर्ष पाँच प्रश्न पत्रों में परीक्षा देनी होती है। अन्तिम वर्ष में छात्र को मौखिक परीक्षा में भी भाग लेना पड़ता है। वेद, व्याकरण, मीमांसा-धर्मशास्त्र, वेदान्त, न्याय वैशेषिक, सांख्ययोग, पुराणेतिहास, जैन-दर्शन, बौद्ध-दर्शन, साहित्य, ज्योतिष (फलित एवं गणित) इन विषयों में दो वर्ष के पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को वेदाचार्य, व्याकरण-शास्त्राचार्य आदि स्नातकोत्तर आचार्य उपाधि प्रदान की जाती है। 'शास्त्री' उपाधि बी० ए० स्तर की एवं 'वेदाचार्य', 'शास्त्राचार्य' उपाधि एम० ए० स्तर की है।

चक्रवर्ती, वाचस्पति (शोध उपाधि)

आचार्योपाधि प्राप्त स्नातकों के लिए उपर्युक्त सभी संस्कृत विषयों में शोध सम्पादन कराने की भी इस संकाय में सर्वोत्तम व्यवस्था है। अनुसन्धान रुचि छात्रों के उत्साहवृध्यर्थ उत्तम छात्रवृत्ति एवं निवासार्थ, निःशुल्क छात्रावास प्रदान किया जाता है। शोध छात्रों को अपना शोध-प्रबन्ध संस्कृतभाषा में लिखना होता है। यथाविधि परीक्षणानन्तर स्वीकृत शोध-प्रबन्ध के आधार पर छात्र योग्यतानुसार चक्रवर्ती एवं वाचस्पति उपाधि से विभूषित किये जाते हैं। यहाँ की चक्रवर्ती उपाधि पी-एच० डी० स्तर की एवं वाचस्पति उपाधि डी० लिट्० स्तर की होती है।

संकाय के विभाग

प्राच्यविद्या-धर्मविज्ञान-संकाय में पूर्ण विकसित ६ विभाग हैं। यथा (१) वेद विभाग (२) मीमांसा-धर्मशास्त्र विभाग (३) व्याकरण विभाग (४) दर्शन विभाग (५) साहित्य विभाग (६) ज्योतिष विभाग, तथा इनके अतिरिक्त एक 'धर्मशिक्षा' नामक सप्तम विभाग भी है, जिसका पूर्ण विकास आवश्यक है।

वेद विभाग

वेद विभाग में चारों वेदों के मूल-संहिता भाष्य, निघन्टु आदि सभी वैदिक साहित्य के आवश्यक अंशों के वैदुष्यपूर्ण आलोचनात्मक अध्यापन की उत्तम व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त क्रियारूपेण ज्ञान प्रदानार्थं कर्मकाण्ड तथा पौरोहित्य कार्य कीं भी शिक्षा इस विभाग द्वारा सम्पादित होती है। प्राचीन यज्ञ, याग, 'मख' इष्टि आदि यज्ञों के स्वरूप-परिचयार्थ आवश्यक उपकरणों एवं यज्ञ पत्रों का भी यहाँ संग्रह है। इस विभाग में एक रीडर तीन लेक्चरार तथा एक पार्टटाइम लेक्चरार कुल पाँच पदस्वीकृत हैं।

मीमांसा-धर्मशास्त्र विभाग

वेदार्थ-निर्णय के लिए जैमिनी महर्षि द्वारा उपक्रान्त पूर्व मीमांसा गन्थों एवं धर्मशास्त्र-ग्रन्थों के गहन तत्वों के सरल एवं सरस विवेचन द्वारा विषय को बुद्धिगम्य कराने में इस

विभाग की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान समय में इस विभाग में दो रीडर, तथा दो लेक्चरार कुल चार् पद स्वीकृत हैं।

व्याकरण विभाग

"मुखं व्याकरणं स्मृत‌म्" इस अभियुक्तोक्ति के अनुसार व्याकरणशास्त्र भारतीय सभ्यता एव संस्कृति के मूलभूत मन्त्रब्राह्मणात्मक वेद महापुरुष का 'मुख' रूप प्रधान अंग है। इस रूपक का तात्पर्य यह है कि जैसे मुख के विना मनुष्य बोल नहीं सकता उसी प्रकार व्याकरण शास्त्र के अध्ययन के विना वैदिक मन्त्रों का, श्लोकों का शुद्ध व सस्वर उच्चारण सम्भव नहीं है। महाभाष्यकार श्री पतंजलि ने भी व्याकरण शास्त्र के अध्ययन को प्राथमिकता दी है। अतः व्याकरण विभाग संकाय का एक प्रमुख एवं आवश्यक विभाग है जो कि संस्कृताध्येताओं को शुद्ध उच्चारण एवं साधु शब्द प्रयोग की विधि के ज्ञान के साथ ही साथ शुद्ध शब्दों के निर्माण के प्रकार का भी उपदेश करता है।

इस व्याकरण विभाग में योग्य विद्वानों द्वारा व्याकरण शास्त्र के महाभाष्यान्त आकर-ग्रन्थों का आलोचनात्मक शैली से तुलनात्मक अध्ययन कराया जाता है। छात्रों में भाषण-शक्ति शास्त्रार्थ कला के विकास हेतु प्रति त्रयोदशी को विभाग में पाक्षिक-सभा का आयोजन किया जाता है, जिसमें छात्रगण विभिन्न निर्धारित विषयों पर संस्कृत भाषा में व्याख्यान देकर एवं शास्त्रार्थ, सूत्रान्त्याक्षरी, श्लोकान्त्याक्षरी आदि प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी योग्यता वृद्धि का प्रदर्शन करते हैं।

इस विभाग में एक प्रोफेसर, दो रीडर, एक लेक्चरार तथा एक पार्टटाईम-लेक्चरार कुल पांच अध्यापक पद स्वीकृत हैं, जिनमें से दो रिक्त रीडर पदों पर अस्थांयी लेक्चरार कार्य कर रहे हैं।

दर्शन विभाग

न्याय वैशेषिक, वेदान्त, सांख्ययोग, पुराणेतिहास, बौद्ध-दर्शन एवं जैन-दर्शन, इन छः उपविभागों से सुसमृद्ध यह दर्शन विभाग विषय बाहुल्य एवं अध्यापक संख्या की दृष्टि से इस संकाय का सबसे बड़ा विभाग है। प्राच्य-पाश्चात्य, आस्तिक-नास्तिक आदि सभी दर्शनों का गम्भीर विवेचन, तुलनात्मक-व्याख्यान, तलस्पर्शी एवं हृदयग्राही अध्यापन इस विभाग की अपनी विशेषता है। इस विभाग में अपने-अपने विषय के पारंगत दस विद्वान (पाँच रीडर एवं पाँच लेक्चरार) छात्रों की दर्शन विषयक ज्ञान पिपासा को शांत करने के लिए सर्वदा सन्नद्ध रहते हैं। इस विभाग में यू० जी० सी० द्वारा सम्मानित एक विद्वान भी कार्य कर रहे हैं।

साहित्य विभाग

संस्कृत-साहित्य, हिन्दी-साहित्य एवं अंग्रेजी-साहित्य इन त्रिविध-साहित्य-ज्ञानधारा से विभूषित तीर्थराज प्रयाग के समान अज्ञान-महाकल्मशनाशक यह साहित्य विभाग इस संकाय का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस विभाग के कविवत्वशक्तिसम्पन्नमनीषी सभी विद्वान अध्ययनपरायण अपने छात्रों को गद्य-पद्य-रचना, नाटकाभिनय आदि सुललित-विद्या-कलाओं

से परिचित कराते हुए संस्कृत वाङ्मय के विशिष्ट विवेचक, उत्तम वाचक एवं पारदृश्वा सुधी बनाने एवं उनमें तलस्पर्शी वैदुष्याधान हेतु निरंतर क्रियाशील रहते हैं।

ज्योतिष विभाग

"ज्योतिषामयनं चक्षुः" ज्योतिष-विद्या वेद-महापुरुष के नेत्र हैं। इस सूक्ति के आधार पर त्रिस्कन्ध-ज्योतिष-विद्या की सर्वाङ्गीण सेवा में संलग्न यह ज्योतिष विभाग इस संकाय का भी नेत्र है, यह कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी। शरीर में नेत्र का क्या महत्व है यह सर्वविदित है।

अपने अद्भुत भविष्य वक्ता विभागाध्यक्ष के निर्देशन में यह विभाग उन्नति पथ पर निरन्तर अग्रसर हो रहा है। गणित एवं फलित इन दोनों शाखाओं में विशिष्ट गम्भीर-ज्ञान प्राप्त कर यहाँ के छात्र भारतवर्ष में यत्र-तत्र सर्वत्र विपुल धन अर्जन कर सुखी जीवन बिता रहे हैं। ज्योतिष-विद्या अर्थकारी एवं प्रत्यक्ष विज्ञान विद्या है। इसके अध्येता कभी परमुखापेक्षी नहीं होते हैं। 'पंचाङ्ग-उपविभाग' से प्रकाशित होने वाला 'विश्व पंचाङ्ग' इसी विभाग की अन्यतम महत्त्वपूर्ण कृति है। 'पंचाङ्ग-विभाग' इसी ज्योतिष विभाग का एक महत्वपूर्ण अंग है।

एक प्रोफेसर एक रीडर, एक लेक्चरार तथा दो शोध सहायक—इन पाँच विद्वानों द्वारा सेवित यह ज्योतिष विभाग अपने भविष्य वक्तव्यों के कारण अध्ययनशील छात्र एवं जनता का आकर्षण केन्द्र बना हुआ है।

उपर्युक्त इन पूर्ण विकसित छः विभागों के अतिरिक्त एक सप्तम विभाग 'धर्मशिक्षा-विभाग' भी है। महामनाजी का यह दृढ़मत था कि धार्मिक शिक्षा के बिना युवक एवं युवतियों के चरित्र का निर्माण सम्भव नहीं है। बिना चरित्र के राष्ट्र सबल एवं उन्नत नहीं हो सकता। अतः धर्मशिक्षा सभी संकाय के छात्रों के लिए आवश्यक मान कर यहाँ धर्मशिक्षा विभाग की स्थापना की गई। इस विभाग के विद्वान कला संकाय, महिला विद्यालय, विज्ञान संकाय आदि विभिन्न संकायों में जाकर छात्र एवं छात्राओं को धर्मशिक्षा प्रदान करते हुए उन्हें कर्तव्याकर्तव्य का बोध कराते हैं। इस विभाग का पुनर्गठन एवं उन्नयन आवश्यक हैं। वर्तमान समय में एक रीडर व एक प्रवक्ता इस विभाग की सेवा कर रहे हैं।

उपर्युक्त इन सात विभागों से समृद्ध सकल-संस्कृत-वाङ्मय-ज्ञानागार इस प्राच्यविद्या-धर्मविज्ञान-संकाय में अध्ययन कर शास्त्राचार्य आदि उच्चतम उपाधियाँ प्राप्त कर अनेकों ख्यातनामा विद्वान वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय-वाराणसी किं वा अन्यत्र देश भर में उच्चतम स्थानों पर नियुक्त होकर देश सेवा करते हुए इस संकाय की गौरव गाथा को दिगन्त व्यापी बना रहे हैं। इस अवसर पर हम इस संकाय के स्नातक के रूप में डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी, डा० गोपाल त्रिपाठी, डा० राजबली पाण्डेय आदि महामनीषियों का नाम स्मरण करते हुए गौरव का अनुभव करते हैं।

इस संकाय के शास्त्राचार्य उपाधि धारी योग्य विद्वानों के अतिरिक्त विभिन्न विषयों में शोध उपाधि प्राप्त कर्ताओं की भी पर्याप्त संख्या है।

यहाँ के अध्यवसायी विद्वान अध्यापक छात्राध्यापन के अतिरिक्त अवशिष्ट समय में अपने-अपने विषय के उत्कृष्ट एवं मान्य ग्रन्थों को लिखकर संस्कृतवाङ्मय के भण्डार को सुसमृद्ध करते हुए अपने यशः शरीर को अमर बनाने में सर्वदा दत्तचित्त रहते हैं।

महामना मालवीय जी की तपोभूमि का यह प्राचीन एवं विशाल संस्कृत-संकाय-वटवृक्ष अज्ञान-घर्मार्त-छात्र-पथिकों को निर्मलाध्यात्म-विद्या-ज्ञान-सुखद-शीतल-छाया द्वारा अनन्त काल तक आप्यायित करता हुआ अपने शाखा-प्रशाखा-स्कन्ध-वितानों को सुपुष्ट एवं विश्वव्यापी बनाए, यही भूतभावन भगवान श्री विश्वनाथ से प्रार्थना है।

संस्थापितः प्रथममेव महामहिम्ना,
विद्यालयः सुरगिरः सुधियामुपास्यः।
शश्वत् समुन्नतिगिरेः शिखराधिरूढो,
जीयाच्चिरं समुदयं विदधन्नराणाम्॥

संकाय प्रमुख,एवं व्याकरणविभागाध्यक्ष,
प्राच्यविद्या एवं धर्मविज्ञान संकाय,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

कला संकाय

श्री के० पी० मुखर्जी एवं डॉ० राम कीर्ति शुक्ल

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का कला संकाय अपने वर्तमान स्वरूप में १९७१ में आया जब सामाजिक विज्ञान विभागों को पुराने कला संकाय से अलग कर एक स्वतंत्र सामाजिक विज्ञान संकाय की स्थापना की गई। तभी से उन सारे विभागों को जो उदार शिक्षा और मानवीय शास्त्रों के अध्ययन अध्यापन से सम्वद्ध थे मिलाकर कला संकाय बनाया गया। इसके कदाचित नवीन स्वरूप के बावजूद इस संकाय के गौरव पूर्ण अतीत को विस्मृत नहीं किया जा सकता।

इस संकाय के साथ अत्यन्त समृद्ध, शक्तिदायी और स्फूर्तिदायक स्मृतियाँ जुड़ी हुई हैं। राष्ट्रीय शिक्षा के उच्चतम आदर्शों की ओर अपनी प्रगति यात्रा में इसकी गौरवशाली प्राचीन परंपरायें इसके लिए आज भी प्रेरणा स्रोत हैं। पीछे मुड़ कर देखने पर हमें स्मरण होता है कि इस संकाय वृक्ष की जड़ें पुण्य स्मरणीया श्रीमती एनी वेसेन्ट द्वारा सन् १८९८ में स्थापित केन्द्रीय हिन्दू कालेज में वर्तमान हैं। विश्व की प्राचीनतम और पवित्रतम नगरी काशी में इस संस्था की स्थापना करते समय वे ज्ञान और प्रकाश की प्राचीन भारतीय परंपरा के पुनरउन्नयन से प्रेरित हुईं थीं। उनका विश्वास था कि प्राचीन भारतीय परंपरा और आधुनिक योरोपीय विकास की सर्वोत्तम परंपराओं का सम्यक संश्लेषण संभव है और विस्तृत आचार युक्त राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली के क्षेत्र में इस प्रयोग के लिए यदि कोई उपयुक्त स्थान हो सकता है तो वह काशी है—काशी जो एक भौगोलिक इकाई मात्र न होकर संस्कृति एवं सभ्यता के उदात्त मूल्यों का विश्व का प्राचीनतम प्राण केन्द्र है और साथ ही जो अनादिकाल से भारतीय मनीषा और आध्यात्म विद्या का पीठ रहा है। जिस प्रकार सीपी से मोती जैसा अनमोल रत्न निकलता है उसी प्रकार सेन्ट्रल हिन्दू कालेज से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का जन्म हुआ और विश्वविद्यालय के प्रगति रथ के चक्र के रूप में अद्यतन सेन्ट्रल हिन्दू कालेज अपनी अविस्मरणीय भूमिका निभाते हुए अपने महत्व और महानता में उत्तरोत्तर वृद्धि करता रहा है।

वेद के द्रष्टा ऋषि अविद्या से मुक्ति का आवाहन करते हैं और मनवचन, कर्म से उस विद्या की प्राप्ति का निर्देश करते हैं जो वास्तव में आत्मा के पूर्ण वैभव युक्त प्रकाश का ही पर्याय है। निषेध अथवा अकर्मण्यता पतन का मार्ग है जबकि कर्मचेतना पूर्णत्व की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। यदि शिक्षा का उद्देश्य उस पूर्णता को प्राप्त करना है जिसकी संभावनायें मनुष्य की चेतना में सुसुप्तावस्था में विद्यमान रहती हैं तो यही नहीं आवश्यक है किहमारी शिक्षा का धरातल विस्तृत हो अपितु यह भी कि उसमें उन तत्वों का भी समावेश हो जो चरित्र और व्यक्तित्व के मूल गुणों को उत्प्रेरित एवं सम्वर्द्धित कर सकें। इस प्रकार कीशिक्षा आत्मोन्नति एवं इस जीवन में भौतिक लाभों की संकुचित सीमा का अतिक्रमण करती है। वास्तविक शिक्षा जिसका प्रकाश हमारे प्राचीन महर्षियों ने प्राप्त किया था अपने विस्तार में उन सभी तत्त्वों का समाहार कर लेती है जो मनुष्य के व्यतिक्तत्व के वहुमुखी विकास के लिए आवश्यक होते हैं तथा जो हमें असत्य से सत्य की ओर उन्मुख करते हैं। मानव जीवन में उदात गुणों को सम्वर्द्धित

करने वाले सारे तत्वों का हमारे शैक्षणिक आदर्श में समाहार होना चाहिए। जिस व्यक्ति ने इन गुणों को पा लिया है वही विकास पथ पर चलने का अधिकारी होता है। भारतीय चिंतन में इन गुणों को अभय, अहिंसा और असंग कहा गया है। इन्हीं गुणों का विकास कर और अपने व्यक्तित्व में इन्हें आत्मसात् करने के पश्चात् ही हम ज्ञानार्जन के अधिकारी बन सकते हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अमर संस्थापक महामना मदनमोहन मालवीय और श्रीमती बेसेन्ट दोनों ने भारतीय परंपरा के इन आधार भूत तत्वों को समझा था। उनकी दूरदर्शिनी कल्पना, देश प्रेम की भावना, कर्म योगियों की सतत् कर्मठता, अपूर्व उत्साह और साहस के कारण ही सर्व विद्या की राजधानी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय जैसे महान ज्ञानपीठ का जन्म हो सका। वर्तमान विश्वविद्यालय की बीज संस्था केन्द्रीय हिन्दू महाविद्यालय इन दोनों विभूतियों के लिए विशेष महत्व रखता था और प्रत्येक वर्ष इस विद्या विटप से फूटने वाली अनेक शाखायें और उपशाखायें उसी के प्रकाश से मण्डित हैं।

कलासंकाय को अपनी विरासत पर गर्व है और वह इस विशाल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सांस्कृतिक जीवन में अपनी भूमिका के प्रति सचेष्ट भी है। इसे इस तथ्य का ज्ञान है कि इसकी स्थापना एकतप-स्थली के रूप में हुई थी जिसके निर्माण में देश के महान सपूतों की साधना और कल्पना का योगदान है जिन्होंने इसके उत्तरोत्तर विकास के लिए बड़ी निष्ठा और पवित्र भावना से कार्य किया था। १९६५ के उपरान्त जब विश्वविद्यालय ने केन्द्रीय हिन्दू महाविद्यालय को संकाय का नाम दिया तब से लेकर आज तक इसका निरंतर विकास होता आया है और कई क्षेत्रों में इसने आश्चर्यजनक उपलब्धियां अर्जित की हैं। लेकिन केन्द्रीय हिन्दू विद्यालय ने अपनी प्राचीन और पवित्र स्मृतियों की उपेक्षा नहीं की है। स्थानाभाव के कारण इस संक्षिप्त लेख में केवल अपेक्षाकृत नवीन उपलब्धियों का ही उल्लेख किया जा रहा है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, कला संकाय १९६४ में अस्तित्व में आया। इसके अन्तर्गत वे सभी विभाग और उपविभाग आ गए जो पहले केन्द्रीय हिन्दू महाविद्यालय के संघटक अंग थे। १९६८ में भारती महाविद्यालय को समाप्त कर दिया गया और इसके सभी विभाग कला संकाय में शामिल कर लिये गए। १९७१ में एक नये संकाय की स्थापना के फलस्वरूप सामाजिक विज्ञान के विषयों के विभाग समाज विज्ञान संकाय में स्थानांतरित हो गए। इस समय कला संकाय के अन्तर्गत आने वाले विभाग हैं—(१) अरबी (२) उर्दू (३) फारसी (४) अंग्रेजी (५) दर्शनशास्त्र (६) बंगाली, (७) भारतीय भाषा (८) विदेशी भाषा (९) संस्कृत एवं पालि (१०) हिन्दी (११) पत्रकारिता (१२) कला इतिहास (१३) पुस्तकालय विज्ञान और (१४) शरीर शिक्षा। इन विभागों के अतिरिक्त प्राचीन कलाकृतियों के अपने अनूठे संग्रह के लिए विख्यात भारत कला भवन भी इसी संकाय में आ जाता है जो संग्रह शास्त्र में स्नातकोत्तरीय डिप्लोमा भी प्रदान करता है। भाषा विज्ञान, चीनी, नेपाली और सिंहली भाषा के उपविभागों का भी नियंत्रण कला संकाय द्वारा ही होता है। भाषा विज्ञान उपविभाग भाषा विज्ञान में स्नातकोत्तरीय डिप्लोमा के लिए अध्ययन की सुविधा भी प्रदान करता है। चीनी, नेपाली और सिंहली भाषाओं के अध्ययन के लिए अलग उपविभाग हैं जिनमें स्नातक पूर्व पाठ्यक्रम का अध्ययन होता है। उपरोक्त शैक्षणिक विभागों के अतिरिक्त शारीरिक शिक्षा विभाग एक वर्षीय पाठ्यक्रम चलाता है जो उस विषय में स्नातक

कलासंकाय का प्राचीन भवन (निर्माण १९२१)

बिरला छात्रावास

उपाधि के लिए विद्यार्थियों को तैयार करता है। यद्यपि पत्रकारिता विभाग का जन्म अभी हाल ही में हुआ है फ़िर भी इस विभाग ने काफी प्रगति की है और पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान यह विभाग स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधियों के लिए अध्ययन की सुविधा प्रदान करने लगेगा। भारतीय भाषा विभाग में तमिल, तेलगू, कन्नड़ और मराठी भाषाओं के अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। विदेशी भाषा विभाग में विभिन्न उपविभाग हैं जिनमें जर्मन, फ्रेंच, और रुसी भाषाओं तथा उनके साहित्य में स्नातकोत्तर स्तर तक के अध्ययन की व्यवस्था है। अन्य सभी विभागों में स्नातकोत्तर अध्ययन तथा शोध कार्यों के लिए व्यापक सुविधायें उपलब्ध हैं। सभी विभागों के अलग-अलग विवरण इस लेख में दिये जा रहे हैं जो संकाय की शैक्षणिक गतिविधियों और योजनाओं पर पर्याप्त प्रकाश डालते हैं।

संकाय की वर्तमान छात्र संख्या का अनुमान निम्नलिखित तालिका से लग जायेगा जिसमें १९७६–७७ सत्र को आधार माना गया है--

१—स्नातकोत्तर (एम०ए० कक्षायें)--	
पुरुष छात्र	५०६
महिला छात्र	२६३
२—स्नातक पूर्व (बी०ए० कक्षायें)—	
पुरुष छात्र	८३२
महिला छात्र	१
३—शोध छात्र	
पुरुष	१६९
महिला	९७
४—शरीर शिक्षा विभाग (स्नातक)	
पुरुष	३१
महिला	०
५—पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	
पुरुष	१०
महिला	३
६—ग्रंथालय विज्ञान विभाग (स्नातक पूर्व)	
पुरुष	२६
महिला	१०
७—ग्रंथालय विज्ञान विभाग (स्नातकोत्तर)	
पुरुष	६
महिला	१
अन्य स्नातक पूर्व डिप्लोमा पाठ्यक्रम	
कुल	२८१

संकाय में अध्यापकों की वर्तमान संख्या १५० है जिसमें १२४ पुरुष और २६ महिलायें हैं। विभिन्न श्रेणियों में अध्यापकों का वर्गीकरण इस प्रकार है—प्रोफेसर–१२, रीडर—३५,

लेक्चरर—१००, डिमान्स्ट्रेटर—१, पार्ट टाइम लेक्चरर—२। संकाय परिवार में ४८ तृतीय श्रेणी और ४४ चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी सम्मिलित हैं।

कला संकाय इस दृष्टि से भाग्यशाली रहा है कि इसके प्रमुखों में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के अनेक विद्वान रहे हैं जिनके संरक्षण में शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में संकाय ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। हमारे वर्तमान प्रमुख प्रो० लल्लन जी गोपाल ने जहां एक ओर अपने वैदुष्य से संकाय के प्राध्यापकों के समक्ष एक अनुकरणीय व्यक्तित्व उपस्थित किया है वहीं दूसरी ओर संकाय के प्रशासन को पूर्वापेक्षा अधिक सक्षम और गतिशील बनाया है।

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति तथा पुरातत्त्व विभाग

उन्होंने संकाय परिवार के वरिष्ठ सदस्य की हैसियत से ऐसी अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों का शुभारंभ किया है जिनसे संकाय की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है और शैक्षणिक वातावरण में एक नई स्फूर्ति का संचार हुआ है। प्रारंभ से लेकर आज तक निम्नलिखित विद्वानों ने संकाय प्रमुख के पद को गौरवान्वित किया है—

(१) प्रो० एन० के० देवराज, प्रोफेसर, दर्शन शास्त्र

(२) प्रो० ए० के० नारायण, प्रोफेसर, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व

(३) प्रो० एस० भटाचार्य, प्रोफेसर, संस्कृत एवं पाली,

(४) प्रो० विजयपाल सिंह, प्रोफेसर, हिन्दी

(५) प्रो० लल्लनजी गोपाल, प्रोफेसर, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व

संकाय के निरंतर विस्तार और संकाय में छात्रों की संख्या में निरन्तर वृद्धि के कारण संकाय के सामने स्थाभाव की समस्या गम्भीर होती जा रही है। प्रायः सभी विभाग अध्यापन कक्षों की कमी महसूस कर रहे हैं। प्राचीन केन्द्रीय हिन्दू महाविद्यालय भवन में वाणिज्य संकाय

और स्नातकोत्तर भवन में सामाजिक विज्ञान संकाय की साझेदारी में काम चलाना पड़ रहा है। नवनिर्मित विशाल हिन्दी भवन और भारत कला भवन के परिसर में विस्तार संकाय के लिए वरदान सिद्ध हुए हैं।

संकाय में विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर संतोषजनक रहा है। शोध के लिए विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं में वृद्धि हुई है। महिला छात्रों की संख्या में वृद्धि एक उत्साह जनक लक्षण है। संकाय के प्राध्यापक अपनी भूमिका के प्रति सचेष्ट हैं और उनका यह विश्वास है कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को संतुलित रखने के लिए उन्हें भी कठिन श्रम करना पड़ेगा। संकाय के अधिकांश अध्यापक शोध एवं उच्च स्तरीय अध्ययन में लगे हुए हैं। अनेक प्राध्यापक ऐसे हैं जो अपनी योग्यताओं के लिए देश-विदेश में सम्मानित हो चुके हैं।

विद्यार्थियों के अध्ययन को अधिक सुविधापूर्ण बनाने और उनके नैतिक और बौद्धिक स्तर को ऊँचा करने के लिए संकाय द्वारा किये गए अनेक प्रयासों में दो का उल्लेख यहां अवश्य किया जाना चाहिए। प्रथम है स्नातक पूर्व ग्रंथालय और पुस्तक कोष की स्थापना जिनसे पर्याप्त संख्या में योग्य विद्यार्थी अपनी पाठ्य पुस्तकें प्राप्त करते हैं। उन्हें वह सारी सामग्री भी मिल जाती है जिससे वे अपने बौद्धिक क्षितिज को और अधिक विस्तृत कर सकें। दूसरा है विचार गोष्ठियों, व्याख्यानों और विचार-विनिमय के साधनों को उपलब्ध कराना जिसमें संकाय के अध्यापकों और अन्य विश्वविद्यालयों के विद्वानों को, अतिथि वक्ताओं के रूप में आमंत्रित किया जाता है।

संकाय में सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संबंधी गतिविधियों को व्यापक स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए भी सतत् प्रयास किया जा रहा है। वाद विवाद और नाट्य संस्थाओं की स्थापना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इनकी क्रियाशीलता उत्तरोत्तर बढ़ रही है और अधिकाधिक संख्या में छात्र-छात्रायें इसमें शामिल हो रहे हैं।

गत कुछ वर्षों के दौरान संकाय के छात्र क्रीड़ा के क्षेत्र में विशेष रुचि ले रहे हैं और इस क्षेत्र में उन्होंने सम्मान अर्जित कर संकाय का मान बढ़ाया है।

रचनात्मक राष्ट्रीय कार्यों में कला संकाय के छात्र सम्पूर्ण विश्वविद्यालय में सदैव अग्रिम पंक्ति में रहे हैं और इस समय भी अनेक छात्र-छात्रायें ऐसे कार्यक्रमों से सम्बद्ध हैं।

अखिल भारतीय सेवाओं की ओर पिछले कुछ वर्षों में कला संकाय के छात्रों ने अपेक्षाकृत अधिक ध्यान देना आरंभ किया है और इस क्षेत्र में सफल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या उत्तरोत्तर बढ़ रही है।

कला संकाय के समस्त विद्यार्थियों का लगभग पचास प्रतिशत छात्रावासों में निवास करता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए संकाय ने छात्रावासों में भोजन तथा अन्य सुविधाओं में सुधार करने की कई योजनाएँ बनाई हैं जिनके क्रियान्वयन के फलस्वरूप छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को काफी लाभ हुआ है।

संकाय के भावी विकास के लिए हमारे पास कई योजनाएँ हैं। संकाय के सभी विभागों में एम०फिल० पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की दिशा में पर्याप्त कार्य किया जा चुका है। इस

पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की इस विचार धारा के आधार पर लागू किया जा रहा है कि एम०ए० और पी-एच०डी० के बीच एक उच्चस्तरीय पाठ्यक्रम अवश्य होना चाहिए। हमें आशा है कि आगामी सत्र से एम०फिल० पाठ्यक्रम प्रारंभ हो जायगा।

संकाय के शैक्षणिक कार्यक्रमों के भावी विकास एवं विस्तार की दिशा में प्रस्तावित भाषा संस्थान (स्कूल आफ लैंग्वेज) एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह संस्थान पेरिस और हारवर्ड के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के भाषा संस्थानों के अनुरूप होगा। इस दिशा में प्रारंभिक प्रयासों का श्रीगणेश हो चुका है और ऐसी आशा है कि वह दिन दूर नहीं जब काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का कला संकाय राष्ट्र को भाषा और साहित्य के क्षेत्र में अध्ययन और शोध का एक ऐसा केन्द्र देगा जो विश्व के चोटी के केन्द्रों में होगा।

संकाय ने इस बात का भरसक प्रयास किया है कि विद्यार्थियों को संकाय की नीति निर्धारण प्रक्रिया में शामिल किया जाय। विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की समिति में छात्र-प्रतिनिधियों ने अपने उत्तरदायित्व एवं रचनात्मक चिंतन का उत्साहजनक परिचय दिया है। इससे यह आशा बंधती है कि हमारे विद्यार्थी संकाय की समस्याओं और उपलब्धियों के प्रति जागरूक हैं और इसके भावी विकास एवं उन्नयन में अपनी भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं।

विश्वविद्यालय के हीरक जयन्ती वर्ष के दौरान कला संकाय को अपनी उपलब्धियों एवं सफलताओं पर गर्व है और विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देने और अपने अमर संस्थापक के आदर्शों और मूल्यों को अग्रसर करने के लिए वह एक बार पुनः अपनी प्रतिबद्धता दुहराता है। संकाय परिवार के सभी सदस्य विद्यार्थी, अध्यापक, अधिकारी और कर्मचारी—अपने इस संकल्प को जानते हैं कि विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए परिश्रम, त्याग और एकाग्र सेवा की भावना की आवश्यकता है। हमारा अतीत गौरवशाली है, हमारा वर्तमान उपलब्धियों और सफलताओं से भरा है और भविष्य के प्रति हमारी आस्था है। विश्वविद्यालय की मान रक्षा और प्रतिष्ठा वृद्धि ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। कला संकाय और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय महान तपस्वी पंडित मदन मोहन मालवीय के स्वप्न का मूर्तरूप है। हम उस महान् विभूति के प्रति श्रद्धानत होते हुए यह प्रतिज्ञा करते हैं कि राष्ट्र जीवन के सभी क्षेत्रों में हम नये कीर्तिमान बनायेंगे और तभी हम उस महान विरासत के सुयोग्य उत्तराधिकारी बन पायेंगे जो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के रूप में हमें प्राप्त हुई है।

अंग्रेजी विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

विज्ञान संकाय

प्रो० एस० के० अग्रवाल

सेन्ट्रल हिन्दू कालेज के विज्ञान विभागों की तीव्र प्रगति एवं विस्तार के फलस्वरूप एक पृथक विज्ञान महाविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता प्रतीत हुई। इस महाविद्यालय का उद्‌घाटन समारोह विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति पं० मदन मोहन मालवीय द्वारा १२ सितम्बर, सन् १९३५ को सम्पन्न हुआ। इस महाविद्यालय के प्रथम प्राचार्य स्वर्गीय प्रो० कृष्ण कुमार माथुर थे। उनके असामयिक निधन से विश्वविद्यालय ने एक ऐसे असाधारण आस्थावान एवं सच्चे कार्यकर्ता को खो दिया जो वास्तव में सबका प्रेरणास्रोत था।

तत्कालीन महाविद्यालय में भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, जीव विज्ञान, भौमिकी, औद्योगिक रसायन, तथा भेषज रसायन विभाग थे। सन् १९३८ में औद्योगिक रसायन भेषज तथा ग्लास एवं सिरेमिक विभाग, प्रौद्यौगिक महाविद्यालय में स्थानान्तरित हो गये। भौमिकी विभाग के अन्तर्गत सन् १९४४ से भूगोल का शिक्षण प्रारम्भ किया गया तथा पृथक भूगोल विभाग का गठन सन् १९४६ में हुआ। स्नातकोत्तर स्तर पर भूभौतिकी का अध्ययन भी भौमिकी विभाग के ही अन्तर्गत सन् १९४९ से प्रारम्भ कर दिया गया था तथा एक पृथक् विभाग फरवरी सन् १९६७ से अस्तित्व में आया। चालूसत्र (१९७६-७७) से भूभौतिकी में द्विवर्षीय कोर्स के स्थान पर एक त्रिवर्षीय एम० एस-सी० (टेक) कोर्स का समावेश किया गया है। स्पेक्ट्रोस्कोपी के एक अलग विभाग की स्थापना सन् १९५३ में हुई किन्तु पुनः उसका विलय सन् १९७०-७१ में भौतिकी विभाग में कर दिया गया। गणित विभाग (सांख्यिकी से संलग्न) का १९६७ में संकाय के अन्तर्गत स्थानान्तरण हुआ। महिला शिक्षार्थियों का स्नातक स्तर पर शिक्षण महिला महाविद्यालय में होता है तथा स्नातकोत्तर स्तर पर संकाय के तदर्थ विभागों में होता है। इस संकाय के अन्तर्गत गृह विज्ञान विभाग की भी स्थापना की गई है। मनोविज्ञान को बी० एस-सी० स्तर पर एक शैक्षणिक विषय के रूप में (भौतिकी, गणित एवं मनोविज्ञान ग्रुप) सत्र १९६८-६९ से मान्यता दी गई। एम० एस-सी० मनोविज्ञान का शिक्षण मनोविज्ञान विभाग में होता है। जैव रसायन में एम० एस-सी० का शिक्षण विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के सहयोग से सन् १९६६-६७ में प्रारम्भ हुआ। संकाय के प्रायः सभी विभागों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के अतिरिक्त उच्चतम शोध कार्य की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

इस विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य पद को प्रो० कृष्ण कुमार माथुर, प्रो० पी० दत्ता, प्रो० एस० एस० जोशी, प्रो० अवध विहारी मिश्र, प्रो० राजनाथ तथा प्रो० रामलोचन सिंह जैसे ख्यातिलब्ध विद्वान एवं कर्मठ वैज्ञानिकों ने सुशोभित किया है। उनके श्रेष्ठ निर्देशन में महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं शोध-कार्य फला फूला।

तत्कालीन विज्ञान महाविद्यालय सन् १९६८ में विज्ञान संकाय में बदल गया तथा इसके प्रथम संकाय प्रमुख प्रो० रामलोचन सिंह हुए। तदन्तर प्रो० रामदेव मिश्र, प्रो० गुरुबख्श सिंह,

प्रो० रत्नशंकर मिश्र तथा प्रो० हुकुम सिंह राठौर क्रमशः संकाय प्रमुख रहे। संकाय में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध-छात्रों की संख्या प्रायः २५०० है।

जीव विज्ञान बिभाग

जीव विज्ञान की नींव प्राणि-विज्ञान विभाग की एक ईकाई के रूप में सन् १९१८ ई० में पड़ी। इसकी कक्षाएँ सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल कमच्छा में कुछ वर्षों तक चलीं तथा कालान्तर में यह विभाग, वनस्पतिविज्ञान विभाग से सन् १९२१ ई० में विलग हुआ और विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थानान्तरित हुआ। प्रो० अवध विहारी मिश्र सन् १९२६ में जीव विज्ञान के अध्यक्ष हुए। इन्होंने लगभग ३४ वर्ष की अवधि के पश्चात १ अप्रैल सन् १९६० को अवकाश ग्रहण किया। इस अवधि में शोध के मुख्य क्षेत्र थे—कीट विज्ञान, कोशिका विज्ञान, मत्स्यआकार तथा पक्षिप्रजनन।

प्रो० मिश्र के अवकाश ग्रहण के पश्चात प्रो० एस० पी० राय चौधरी सन् १९६० में विभागाध्यक्ष हुए। इनके ११ वर्ष के कार्यकाल में शिक्षण एवं अनेक शोध कार्य प्रगति पथ पर अग्रसर हुए तथा पाठ्यक्रम को नवीन रूप प्रदान किया गया।

प्रो० राय चौधरी नें ८ जुलाई १९७१ को अवकाश ग्रहण किया। तदुपरान्त प्रो० जे० पी० थपलियाल सितम्बर १९७४ तक इसके अध्यक्ष रहे। तत्पश्चात् प्रो० एम० एस० कानूनगो सितम्बर १९७४ से ३१-८-१९७६ तक विभागाध्यक्ष रहे। प्रो० कानूनगो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त नेशनल फेलो के रूप में इसी विभाग में कार्यरत रहे। सम्प्रति प्रो० सी० जे० डामनिक विभागाध्यक्ष हैं।

इस विभाग में विशेष रूप से जैव रसायन, फिजियोलॉजी, एन्ड्रोक्राइनोलॉजी, हिस्टोलॉजी, हिस्टोकेमेस्ट्री, एक्सपेरिमेन्टल एम्ब्रोयालॉजी, इकोलॉजी, पैरासाइटोलॉजी, साइटोजेनेसिस, इवोल्यूशन, फील्ड वायालॉजी, सिस्टमेटिक्स, एन्टोमोलॉजी, फिशवायोलॉजी इत्यादि में शिक्षण कार्य एवं शोध कार्य होते हैं। साइटोजेनेसिस में ड्रोसोफिला पर विशेष ध्यान दिया जाता है। रिप्रोडक्टिव फीजियोलॉजी तथा एन्ड्रोक्राइनोलॉजी के क्षेत्र में स्तनपायी पक्षीगण, एवं सर्पजाति के प्राणियों पर विशेष वल दिया जाता है। ज़ननिक नियंत्रण' अध्ययन पर पिछले कई वर्षों से जोर दिया जा रहा है। गोनाड एवं एड्रीनल ग्लैंड, स्टीरॉयड पर विशेष ध्यान पूर्वक अध्ययन किया जाता है। इनके अतिरिक्त श्वसन अंग, घाव की पूर्ति पर भी कार्य होता है। कीट विज्ञान में एनाटॉमी, प्रजनन अंग, कोशिका कार्यिकी, वाह्यअकार्यकीय आदि पर विशेष वल दिया जाता है तथा एन्ड्रोक्राइन नियन्त्रण (वाइटेलोजेनेसिस) तितली में, विशेष खोज की जा रही है।

वनस्पति एवं प्राणि-विज्ञान विभागों के संयोजन में पिछले कई वर्षों में 'समर इन्स्टीट्यूट' का आयोजन हुआ। सन् १९६७ में मेधावी विद्यार्थियों हेतु ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई थी। १९७४ ई० में जन्तु-कार्यिकी पर भी विशेष 'समर इन्स्टीट्यूट' का आयोजन किया गया। तुलनात्मक एण्डोक्राइनोलाजी में १९६७ ई० में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। १९६४ ई०

में एन्डोक्राइनोलाजी एवं एम्ब्रेयोलाजी (सर्प जाति के प्राणियों में) एक गोष्ठी हुई जो फ्रांसीसी सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्वाधान में सम्पन्न हुई।

इस विभाग को राकेफेलर फाउन्डेशन, फोर्डफाउन्डेशन, संयुक्त राज्य अमरीका का पाप्यूलेशन परिषद फील्ड फाउन्डेशन, से काफी आर्थिक सहायता प्राप्त होती रही। इनके अतिरिक्त पी० एल० ४८० के तत्वाववान में वार्धक्य के शोध कार्यहेतु विशेष आर्थिक सहायता मिली। भारत सरकार की सभी संस्थाएँ जैसे वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, अणुशक्ति विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् इत्यादि द्वारा समय-समय पर शोध कार्य सम्पादन हेतु सहायता प्राप्त होती रही हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यह विभाग, 'विशेष सहायता कार्यक्रम' के अन्तर्गत मानित है तथा इसे पिछले ५ वर्षों से विशेष सहायता मिल रही है।

विज्ञान संकाय

विभाग के प्रो० एम० एस० कानूनगो को १९७१ में प्रो० शान्तिस्वरूप भटनागर पुरस्कार मिला तथा १९७३ में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी का फेलो चुना गया। साथ ही ये ३ अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं के सम्पादक मंडल में भी हैं। डा० शमीम हैदर को १९७५ में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी का 'युवावैज्ञानिक' शोध पुरस्कार प्राप्त हुआ।

विभाग के अनेक सदस्य अनेक विदेशी गोष्ठियों में निमन्त्रित किये गये। विदेशों से अनेक जीव वैज्ञानिकों को भी विभाग में व्याख्यान हेतु आमन्त्रण दिया गया।

भूगोल विभाग

इस विभाग का शुभारम्भ सन् १९४६ ई० में हुआ। इसके प्रथम अध्यक्ष थे स्व० प्रो० एच० एल० छिब्बर, जिन्होंने अपने दो सहयोगियों के साथ इस वृक्ष को पल्लवित, पुष्पित किया। उनके समय में भू-आकृति विज्ञान का विकास हुआ तथा राष्ट्रीय भूगोल परिषद् ने २१ शोध पत्र (Bulletin) प्रकाशित किये।

सन् १९५५ ई० में प्रो० रामलोचन सिंह ने अध्यक्ष पद ग्रहण किया। उनके निर्देशन में इस विभाग ने बहुत उन्नति की। प्रादेशिक, आर्थिक, मानव एवं नगरीय भूगोल का अभ्युदय हुआ तथा विभिन्न नये क्षेत्रों में अध्ययन एवं शोध-कार्य पूर्ण हुए।

इस विभाग में मृदा प्रयोगशाला, हवाई छायाचित्र प्रयोगशाला तथा आँकड़ा प्रक्रियात्मक प्रयोगशाला की भी स्थापना की गई है। मानचित्र पुस्तकालय स्थापना की दिशा में पर्याप्त मात्रा में विश्व स्तर पर मानचित्रों का संकलन किया गया है।

यह विभाग निम्नलिखित क्षेत्रों में विशेषरूप से अध्ययन एवं शोध करवाता है :— (१) क्षेत्रीय अध्ययन, (२) अधिवासीय (नगरीय एवं ग्रामीण) अध्ययन, (५) जनसंख्या एवं संसाधन, (४) भूमि उपयोग, (५) भू-आकृति विज्ञान, (६) जलवायुशास्त्र एवं जल, (७) ऐतिहासिक भूगोल (८) समन्वित क्षेत्रीय विकास नियोजन। इस विभाग में दो डिप्लोमा कोर्स भी हैं (१) मान चित्रण कला विज्ञान तथा (२) संसाधन परिस्थैतिकी, जो संकाय के अन्य विभागों की सहायता से संचालित होते हैं।

सुरक्षा मंत्रालय के शोध एवं विकास विभाग के सहयोग से धरातलीय विश्लेषण का अध्ययन कार्य सम्पादित किया गया। वाडिया इन्स्टिट्यूट के सहयोग से भू-आकृति अध्ययन, विश्वविद्यालय भू-विज्ञान विभाग द्वारा एवं कुछ अन्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से डक्कन ट्रैप (Deccan Trap) पर अध्ययन कार्य चल रहा है।

इस विभाग में तीन अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठियों का आयोजन हो चुका है। (१) विकासशील देशों का नगरीय भूगोल, १९६८ में (२) दक्षिण पूर्व एशिया की ग्रामीण बस्तियाँ १९७१ म, एवं (३) अन्तर्राष्ट्रीय भौगोलिक संघ के तत्वावधान में 'मानसून संसार की ग्रामीण बस्तियाँ १९७५ में।

भारतीय राष्ट्रीय भूगोल परिषद् का मुख्य कार्यालय इसी विभाग में स्थापित है। इस परिषद् द्वारा प्रकाशित पत्रिका National Geographical Journal of India, इस समय विश्वविश्रुत पत्रिका है। इसका प्रकाशन सन् १९५५ ई० से प्रारम्भ हुआ है। तब से यह लगातार नियमित रूप से शोध कार्यों का प्रकाशन करती चली आ रही है। नेशनल जियोग्राफिकल सोसाइटी आफ इंडिया और भूगोल विभाग के रजत जयन्ती के अवसर पर सोसाइटी द्वारा India. A Regional Geography, Morphology of Indian Cities, Dholary Village Survey. आदि मौलिक पुस्तकों का प्रकाशन हुआ। इसके अतिरिक्त ११ अन्य पुस्तकें एवं शोध प्रबन्ध भी प्रकाशित हो चुके हैं।

सम्प्रति, भारतवर्ष में यह विभाग अग्रणी है तथा संसार के विश्वविद्यालय की सूची में प्रमुख स्थान रखता है। संसार के अन्य विश्वविद्यालयों से शोधकार्य में सहयोग प्राप्त हो रहा है।

भूभौतिकी विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सन् १९४९ में भौमिकी विभाग के अन्तर्गत भूभौतिकी विभाग की स्थापना हुई जो सन् १९६७ से एक पृथक् विभाग के रूप में कार्य कर रहा है। इस

विभाग के प्रथम अध्यक्ष प्रो० एच० एस० राठौर थे। इनके ३० नवम्बर १९७६ तक के कार्य काल में अन्वेषण (एक्सप्लोरेशन) भूभौतिकी में विशेष विकास हुआ। साथ ही साइसोमोलाजी, मीटीरियोलाजी इत्यादि विषयों में भी। यह विभाग भारतीय भूविज्ञान विभाग, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग तथा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से भी सहयोग प्राप्त करता है। सम्प्रति विभाग में, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा संचालित ओजोन यूनिट, मौसम वेधशाला तथा भूकम्प वेधशाला कार्यरत हैं।

सन् १९७६–७७ के सत्र से विभाग में एक त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम एम०एस-सी० (टेक) भूभौतिकी प्रारम्भ किया गया है।

विभाग के अन्तर्गत सभी प्रकार के आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला है। गत ५ वर्षों में १७ शोध प्रबंध प्रस्तुत किये गये। लगभग ५० शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।

विभाग के अनेक प्राचीन छात्र देश के अनेक शैक्षणिक एवं सरकारी संस्थानों में उच्च पदों पर आसीन हैं।

भौमिकी विभाग

इस विश्वविद्यालय में भौमिकी का शिक्षण १९२०–२१ से ही प्रारम्भ हुआ। तथा स्वतंत्र रूप में एक भौमिकी विभाग की स्थापना सन् १९२३ में हुई जिसके प्रथम अध्यक्ष थे स्व० प्रो० कृष्ण कुमार माथुर। विश्वविद्यालय के जनक की भावनाओं से प्लावित प्रो० माथुर ने भौमिकी के शिक्षण तथा शोध की प्रमुख प्रशाखाओं को समान गुरुत्व (महत्व) प्रदान किया। उन्होंने क्षेत्रीय अध्ययन को उचित महत्व प्रदान कर देश के सुदूर दुर्गम एवं अभेद्य स्थानों जैसे सास्टरेंज (सम्प्रति पाकिस्तान में) कच्छ, जम्मू, तथा कश्मीर में स्वयं क्षेत्रीय टीमों का नेतृत्व किया। पराधीन भारत के उन दशकों में जब कि शैक्षणिक क्षेत्र में भी विचार स्वातंत्र्य निरंकुश नहीं था, प्रो० माथुर ने इस विभाग में विचार स्वातंत्र्य को बढ़ावा दिया और एक 'भौमिकी मत पद्धति' (जियालोजी स्कूल) की पुष्ट नींव डाली।

सन् १९३६ में प्रो० माथुर के असामयिक एवं दुखद निधन के पश्चात् विभाग का भार उनके शिष्य स्वर्गीय प्रो० राजनाथ पर आ पड़ा जिन्होंने अपने गुरु द्वारा प्रतिस्थापित आदर्शों एवं परम्पराओं का पालन किया। शिक्षण एवं शोध की सभी प्रधान शाखाओं को ठोस एवं पुष्ट करने के साथ-साथ उन्होंने उनके अनुप्रयुक्त महत्व पर बल दिया। फलस्वरूप इन्जीनियरिंग जियोलाजी, हाइड्रोजियोलाजी और ड्रेसिंग (अयस्क प्रसाधन), माइक्रोपेलिथोन्टालाजी तथा सेडिमेन्टरी जियोलाजी का समावेश स्नातकोत्तर स्तर पर हो गया।

प्रो० राजनाथ के सन् १९६७ में अवकाश ग्रहण के पश्चात् उन्हीं के एक शिष्य के रूप में प्रो० एस० के० अग्रवाल ने विभागाध्यक्ष का पद सँभाला। तत्काल ही देश की आवश्यकताओं के संभरण हेतु पाठ्यक्रम का परिमार्जन किया गया। शिक्षण के साथ-साथ शोध कार्य भी पर्याप्त गहन (तीव्र) हुआ है। १९७१–७६ के मध्य २१ शोध प्रबंध प्रस्तुत

किये गये। इनमें से एक राष्ट्र भाषा हिन्दी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जो कि हमारे देश में भौमिकी के क्षेत्र में प्रथम प्रयास था।

प्रारम्भ से ही विभाग का आदर्श भौमिकी की सभी शाखाओं का सार्वभौमिक विकास रहा है। तदनुरूप भौमिकी के सभी विषयों का प्रशिक्षण एवं शोध कार्य प्रगति पर है यथा आग्नेय एवं कार्यान्तरित शैलिकी, अवसादनी, संरचनात्मक भौमिकी, भूरसायन, पुराजैविकी, सूक्ष्म पुराजैविकी, आर्थिक भौमिकी आदि. . .। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् विज्ञान एवं प्रौद्योगिक राष्ट्रीय परिषद् (एन० सी० एस० टी०) की सहायता से कई शोध स्कीमों पर कार्य प्रगति पर है। इस हीरक जयंती वर्ष में सूक्ष्म पुराजैविकी एवं स्तर शास्त्र की छठी भारतीय संगोष्ठी आयोजित की गई।

विभाग ने, राष्ट्र की अमूल्य सेवा की है। इसके अनेक प्राचीन छात्र, विभिन्न विश्वविद्यालयों, सरकारी संगठनों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक कार्यरत रहे हैं, एवं हैं। विभाग के बारह प्राचीन विशिष्ट छात्रों ने भारतीय विज्ञान कांग्रेस की भौमिकी एवं भूगोल शाखा के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया है।

भौमिकी विभाग ने कई नए विभागों को भी जन्म दिया है, यथा सिरेमिक तथा ग्लास टेक्नालाजी (सम्प्रति सिरेमिक इन्जीनियरिंग), भूगोल तथा भूभौतिकी। भौमिकी विभाग में जन्मे एवं पोषित हुए ये विभाग कालान्तर में पृथक् विभाग के रूप में स्थापित हुए।

सम्प्रति विभाग में बीस शिक्षक हैं जो विभिन्न प्राशाखाओं में विशेषज्ञ हैं इनमें से बहुतों ने विदेशों में शोध कार्य कर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस समय विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अनेक शोध प्रयोजनाएँ चल रही हैं। कितने ही अध्यापकों एवं शोध छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेसों तथा गोष्ठियों में भाग लेकर देश तथा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है।

रसायन विभाग

सन् १९१७ में रसायन विभाग की स्थापना सेन्ट्रल हिन्दू कालेज के एक विभाग के रूप में हुई थी तब से ही यह विभाग उन्नति के पथ पर अग्रसर रहा और आज विज्ञान संकाय का एक महत्वपूर्ण विभाग है। इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में १००० से अधिक छात्रों को रसायन की शिक्षा दी जाती है।

विभाग स्नातकोत्तर स्तर पर कार्बनिक, अकार्बनिक, भौतिक एवं विश्लेषण (एनेलेटिकल) रसायन में विशेष योग्यता की सुविधा प्रदान करता है। इसके साथ-साथ आधुनिक विषय जैसे न्यूक्लीय और रेडियो-रसायन, सैद्धान्तिक रसायन, यांत्रिक तकनीक, जैविक रसायन आदि को भी पाठ्यक्रम में समाविष्ट किया गया है। विभाग में जीव रसायन में एक द्विवर्षीय कोर्स की भी व्यवस्था है, जिसके संचालन में विज्ञान संकाय के वनस्पति विज्ञान एवं जीव विज्ञान विभाग तथा इन्सीटीट्यूट आफ मेडिकल साइंस के कुछ विभागों से सहायता प्राप्त होती है।

विभाग की प्रयोगशालाओं में शोध कार्य की पर्याप्त सुविधाएँ उपलब्ध हैं। एक शीततापनियंत्रित प्रयोगशाला भी है जिसमें एन०एम०आर०, आई०आर०, यू०वी०,स्पेक्ट्रोग्राफ,

गैस क्रोमेटोग्राफ आदि मूल्यवान यंत्र सुसज्जित है। विभाग के काँच धमनी सेक्शन में आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के उपकरण बनाने की भी सुविधा है और द्रव वायु और द्रव नाइट्रोजन उत्पादन के उपकरण भी।

विभाग के सदस्यों ने कोलाइडी रसायन, चुम्बक रसायन, वैद्युत रसायन, गैसों में से वैद्युत विसर्जन, (जोशी प्रभाव) ठोस अवस्था रसायन, उत्प्रेरण (कैटेलेसिस), एन्जाइमोलोजी, पृष्ठ रसायन, सैद्धान्तिक रसायन, स्पेक्ट्रोस्कोपी आदि क्षेत्रों में उच्च कोटि का शोध कार्य किया है।

सम्प्रति ७५ शोध छात्र शोध कार्य में लगे हैं। शोध छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च तथा भारत सरकार के अणु शक्ति विभाग तथा सुरक्षा मंत्रालय से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है।

वनस्पति विज्ञान विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान का अध्यापन माध्यमिक स्तर पर १९१५ से, बी० एससी० स्तर पर १९१८ से तथा एम०एससी० स्तर पर १९१९ से आरंभ हुआ। उस समय प्रो० बीरबल साहनी इस विभाग के अध्यक्ष थे, तदुपरान्त १९२० में प्रो० इनामदार ने यह पद भार ग्रहण किया जिनके नेतृत्व में प्लांट फिजियालॉजी का विकास हुआ और इसी से आगे चल कर कृषि संकाय का विकास हुआ। प्रो० इनामदार को १९३१ में लम्बी अस्वस्थता के कारण अवकाश लेना पड़ा।

सन् १९३३ में प्रोफेसर वाई० भारद्वाज विभागाध्यक्ष बने। उनके समय (१९३३–५५) में शैवाल विज्ञान (Algology) के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य हुआ तथा उनके कार्यकाल में ही डा० ए० सी० जोसी०, श्री एन० के० तिवारी द्वारा एन्जीयोस्पर्म में, डा० आर० मिश्र द्वारा परिस्थिति विज्ञान (Ecology) डा० के० आर० मेहता द्वारा पुरावनस्पति (Palaeo-botany) में, तथा डा० आर० वाई० राय द्वारा कवक विज्ञान (Mycology) में महत्वपूर्ण शोध कार्य हुआ।

प्रोफेसर आर० मिश्र के १९५५ से १९७१ तक के कार्यकाल में विभाग में परिस्थिति विज्ञान विभाग तथा कवक विज्ञान के क्षेत्र में भी शोध कार्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा।

प्रो० मिश्र के अवकाश प्राप्त होने पर सन् १९७१ में प्रोफेसर आर० एन० सिंह विभागाध्यक्ष हुए, जिन्होंने सन् १९७६ तक इस पद को सुशोभित किया। इस काल में ब्लू ग्रीन ऐलगी पर किये गये शोध कार्य को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई।

सम्प्रति प्रो० वाई० एस० आर० के० शर्मा विभागाध्यक्ष हैं जो कि देश के जाने माने शैवाल कोशिका विज्ञानी हैं। कोशिका विज्ञान, कोशिका वर्गिकी, कोशिकानुवंशिकी, कायकीय एवं ऐल्गी के जैव रसायन क्षेत्रों में विभाग में प्रशंसनीय कार्य हो रहा है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से विभाग के सराहनीय कार्यों को बढ़ावा देने हेतु सम्प्रति १० लाख रुपये तथा अन्य सहयोग मिल रहा है। पी० एल० ४८० के अन्तर्गत दो मुख्य योजनाओं के पूर्ण होने के अतिरिक्त देश के वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों द्वारा विभिन्न प्रकार की सहायता प्राप्त योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है।

विभाग 'मानव एवं जीव मंडल कार्यक्रम' के अन्तर्गत दो योजनाएँ चला रहा है तथा 'ट्रापिकल इकोलोजी' नामक पत्रिका यहाँ स्थित ISTE के मुख्यालय द्वारा प्रकाशित होती है।

विभाग के छात्रों अध्यापकों द्वारा १४ पुस्तकें, २५० से अधिक शोध पत्र तथा ७५ शोध प्रबन्ध गत वर्षों में प्रस्तुत हुए। हिन्दी ग्रंथ अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा हिन्दी में लिखी दो वैज्ञानिक पुस्तकों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष भौमिकी विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

शिक्षा शास्त्र संकाय

डॉ० राजेश्वर उपाध्याय

मालवीय जी की दृष्टि में अध्यापक प्रशिक्षण शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग था। उस समय सम्पूर्ण देश में केवल चार नगरों (लाहौर, कलकत्ता, मद्रास और इलाहाबाद) में माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण महाविद्यालय थे। सन् १९१८ के प्रारंभ में मालवीय जी ने अध्यापक प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस की। १३ अगस्त १९१८ को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना हुई। प्रधानाचार्य समेत तीन मुख्य शिक्षक और चौदह छात्राध्यापकों से प्रशिक्षण का कार्य प्रारम्भ हुआ। इसमें सन् १९१८ से १९२८ तक एस०टी० की उपाख्या दी गई। १९२८ में एल०टी० को बी०टी० में परिवर्तित किया गया। १९४९ में बी०टी० की उपाधि को बी०एड० में बदल दिया गया। इसी वर्ष एम०एड० की कक्षा के साथ ही शोधकार्य प्रारम्भ हुआ।

बी०एड० के प्रशिक्षणार्थियों की सहायता के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने आवर्तक अनुदान की स्वीकृति दी। महाविद्यालय विकास के पथ पर अग्रसर होता गया। प्रशिक्षणार्थियों की संख्या में वृद्धि होती गयी। पाठ्यक्रम विस्तृत और व्यावहारिक बनाये गए। शोध कार्य में प्रगति होने लगी।

अप्रैल १९६८ में शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय शिक्षा संकाय के रूप में परिवर्तित हुआ। शिक्षा-विभाग एवं शारीरिक शिक्षा विभाग को शिक्षा संकाय के अन्तर्गत रखा गया। डाक्टर प्रताप नारायण राजदान प्रथम संकायाध्यक्ष बनाये गये। डा० राजदान के अवकाश ग्रहण करने पर जुलाई १९६८ में डा० कुमारी सरोजिनी वार्ष्णेय प्रभारी संकायाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हुईं। प्रसिद्ध शिक्षाविद् डा० सुबोध अदावल सितम्बर १९७१ में संकायाध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए। किन्तु मार्च १९७२ तक ही संकाय को उनका संरक्षण मिला। इस अवधि में डा०.अदावल ने विभाग की उन्नति एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। श्री राम कुंवर यादव १९७३ से प्रोफेसर एवं संकाय प्रमुख हैं। संकाय की नीतिगत आकांक्षा गुणात्मक बन गई है। अनुशासन को बल मिला है। आत्मालोचन की भावना बढ़ी है।

अध्यापक-प्रशिक्षण कार्य कमच्छा में तीन कमरों वाले भवन में शुरू हुआ। १९२१ में सेन्ट्रल हिन्दू कालेज के विश्वविद्यालय परिसर में स्थानान्तरण से प्रशिक्षण महाविद्यालय को विशाल भवन मिला। महाविद्यालय की आवश्यकता और विस्तार के साथ ही यह कोल्हुआ में स्थानान्तरित हुआ। कुछ ही वर्षों में सेन्ट्रल हिन्दू कालेज की आवश्यकता के कारण यह संस्कृत महाविद्यालय में स्थानान्तरित हो गया। जुलाई १९६२ से कमच्छा में द्वितीय पंचवर्षीय योजना में निर्मित नये भवन में प्रशिक्षण का कार्य चल रहा है। अधिकारियों की विशेष कृपा से शिक्षा संकाय के लिए विश्वविद्यालय परिसर में केन्द्रीय कार्यालय के निकट छात्रावास का निर्माण हुआ है। एम०एड० की कक्षाएँ यहीं चल रही हैं। शिक्षा के लिए नये भवन की योजना प्रस्तावित है। शिक्षा संकाय में योग्य और अनुभवी शिक्षाविद हैं। संकाय में दो

प्रोफेसर, सात रीडर, पन्द्रह व्याख्याता और दो प्रशिक्षक कार्यरत हैं। प्रसार सेवा विभाग में एक पद संयोजक का है जो समय-समय पर ९ पूर्वी जिलों के माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों के प्रशिक्षण तथा शैक्षिक गोष्ठियों की व्यवस्था करते हैं।

शिक्षाशास्त्र संकाय

चौदह छात्राध्यापकों से प्रशिक्षण महाविद्यालय का प्रारंभ हुआ था। १९२२ में पहली बार एक महिला को प्रशिक्षण मिला। १९२८ में चार अध्यापकों ने चौंतीस छात्राध्यापकों को प्रशिक्षित किया। १९५२ में प्राध्यापकों की संख्या १६ हो गई। सौ छात्रों ने बी०एड० प्रशिक्षणार्थ प्रवेश लिया। एम०एड० की शिक्षा के लिए छब्बीस छात्रों को प्रवेश मिला। १९६५–६६ के वर्ष में २२ अध्यापक थे। बी०एड० में प्रवेशार्थियों की संख्या १०७ और एम०एड० में तेरह रह गई। पी-एच०डी० के लिए छः छात्र पंजीकृत हुए। १९७५–७६ में अध्यापकों की संख्या छब्बीस हो गई। बी०एड० में १५४ और एम०एड० में २३ छात्रों को प्रवेश मिला। संकाय में शोध कार्य प्रगति पर है। ग्यारह व्यक्तियों को अब तक पी-एच०डी० की उपाधि मिल चुकी है। सम्प्रति बारह छात्र विभिन्न विभागीयनिर्देशकों के अन्तर्गत शोधकार्य में रत हैं।

शिक्षा संकाय के कमच्छा स्थित भवन में ११६३७ पुस्तकों से सम्पन्न पुस्तकालय है। वाचनालय का समुचित प्रबंध है जिसमें तीन हिन्दी और अंग्रेजी के दैनिक पत्रों के अतिरिक्त इकतालीस पत्र-पत्रिकायें आती हैं। टेक्स्ट बुक बैंक की व्यवस्था पुस्तकालय में है जिससे निर्धन छात्रों को नियमित रूप से सहायता मिलती है।

अक्टूबर १९६९ में शैक्षिक समस्याओं के चिन्तक प्रख्यात शिक्षाविद् डा० कालूलाल श्रीमाली के कुलपति नियुक्त होते ही शिक्षा संकाय के विकास की आशा बढ़ी। डा० श्रीमाली ने शिक्षासंकायको शिक्षा संस्थान के रूप में विकसित करने की योजना का सुझाव दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से सम्पर्क स्थापित किया। आयोग ने सिद्धान्ततः इस योजना

पंर अपनी स्वीकृति दे दी। देश और समाज के साथ ही विश्वविद्यालयं की अनेक समस्याओं में उलझे रहने के बावजूद भी डा० श्रीमाली ने शिक्षा संकाय की आवश्यकताओं का ध्यान रखा है।

वर्तमान कुलपति डा० मोतीलाल धर एक सिद्धहस्त एवं प्रख्यात वैज्ञानिक हैं। क्रियात्मकता से गतिशील उनके कुशल नेतृत्व में यह संकाय शिक्षा संस्थान के रूप में परिवर्तित होकर शैक्षिक समस्याओं के अनुसन्धान एवं समाधान में तीव्रतर गति लायेगा ऐसा दृढ़ विश्वास है।

रीडर, शिक्षाशास्त्र संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

———

वाणिज्य एवं प्रबन्ध शास्त्र संकाय

राम अवध सिंह

विश्वविद्यालय के संस्थापक पूज्य पंडित मदनमोहन मालवीय विलक्षण दूरदर्शिता सम्पन्न मनीषी थे। विश्वविद्यालय की स्थापना से बहुत पहले ही देश के भावी विकास तथा उसके लिए आवश्यक शिक्षा व्यवस्था की एक स्पष्ट रूप रेखा की उन्होंने कल्पना कर ली थी। उनका यह दृढ़ मत था कि पौर्वात्य आध्यात्म के साथ-साथ पाश्चात्य ज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की शिक्षा के बिना एक शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण असम्भव है। फलस्वरूप उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी की अनेक नयी विधाओं के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था की जिनमें दीक्षित इस विश्वविद्यालय के स्नातक देश की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में आज जो महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं उससे सभी सुपरिचित हैं। किन्तु यह बहुत कम व्यक्तियों को ज्ञात है कि राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए वाणिज्य एवं प्रबंध की उच्चस्तरीय शिक्षा के महत्व का अनुमान भी देश में सम्भवतः सर्वप्रथम मालवीय जी ने ही किया था। विश्वविद्यालय के १९०४ ई० में प्रकाशित प्रास्पेक्ट्स में मालवीयजी ने "वाणिज्य एवं प्रशासन महाविद्यालय" की स्थापना को उच्च वरीयता प्रदान की थी। यह स्मरणीय है कि भारत में प्रथम वाणिज्य महाविद्यालय की स्थापना १९१३ में हुई तथा प्रशासन का अध्ययन-अध्यापन उपर्युक्त प्रास्पेक्टस के प्रकाशन के लगभग आधी शताब्दी बाद प्रारम्भ हो सका। इस प्रकार यदि मालवीयजी की योजना समय से कार्यान्वित हो पाती तो देश में वाणिज्य एवं प्रशासन की भी उच्चस्तरीय शिक्षा प्रारम्भ करने का श्रेय हिन्दू विश्वविद्यालय को ही मिला होता।

मालवीयजी की प्रबल इच्छा के बावजूद अर्थाभाव के कारण उनके कार्यकाल में वाणिज्य महाविद्यालय की स्थापना नहीं हो पायी। फिर भी उनके प्रयत्नों से वाणिज्य शिक्षा के लिए बम्बई के सेठ मथुरादासजी वासनजी खीमजी तथा सेठ मूंगालाल वांकेलाल से एक लाख उनहत्तर हजार रुपये का दान विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ और १९४० ई० में डा० राधाकृष्णन के कुलपतित्व में अर्थशास्त्र विभाग के एक अंग के रूप में वाणिज्य विभाग की स्थापना की गयी। १९५० ई० में इसे एक स्वतंत्र विभाग का पद प्राप्त हुआ तथा १९६५ ई० में इसको एक पृथक संकाय बना दिया गया। १९६८ ई० में संकाय में प्रबंध शिक्षा की व्यवस्था की गयी तथा १९७६ ई० में विश्वविद्यालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर इसे दो स्वतन्त्र विभागों-वाणिज्य विभाग तथा प्रबंध शास्त्र विभाग-में विभक्त कर दिया गया।

साधनों की कमी के बावजूद, जिसका उल्लेख हम बाद में करेंगे, इस संकाय ने पिछले साढ़े तीन दशकों में देश की बहुमूल्य सेवा की है। प्रारम्भ से ही अध्यक्ष के रूप में इसे क्रमशः डा० बाबूराम मिश्र, डा० ए० के० दास गुप्त, प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र नारायण दासगुप्त, डा० रमण लाल अग्रवाल, डा० श्रीकृष्ण राज भंडारी, प्रोफेसर श्याम मोहन तिवारी तथा श्री ए० के०

शाह सदृश मूर्धन्य विद्वानों की बहुमूल्य सेवाएँ प्राप्त रही हैं। इससे संकाय की यशः वृद्धि हुई है तथा देश के कोने-कोने से तथा नेपाल, थाइलैण्ड, मलेशिया, श्रीलंका, केनिया, प्रभृति देशों से भारी संख्या में छात्र यहां अध्ययनार्थ आते रहे हैं। इस संकाय के अनेक प्राचीन छात्र देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में वाणिज्य एवं प्रबंध शास्त्र विभागों के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। अनेक अन्य छात्र सरकारी विभागों तथा व्यावसायिक संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। अनेक के अपने स्वयं के अच्छे व्यवसाय हैं जिनका वे सफलता पूर्वक संचालन कर रहे हैं। संकाय को अपने प्राचीन छात्रों की सफलता पर हर्ष एवं गर्व है।

संकाय के अध्यापकों ने योजना आयोग तथा अन्य संस्थाओं द्वारा प्रवर्तित लगभग आधा दर्जन शोध परियोजनाओं का संचालन किया है जिनमें "वाराणसी तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में आय, बचत एवं विनियोग का ढांचा", "केन्द्रीय एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के १२ औद्योगिक उपक्रमों में औद्योगिक संबंध", तथा "उत्तर प्रदेश के इन्जीनियरिंग इकाइयों में क्षमता का उपयोग" प्रमुख हैं। उन्होंने शताधिक शोध प्रबंध भी प्रकाशित किये हैं। वाणिज्य में अबतक १९ एवं प्रबंध में एक शोध छात्र को पी-एच० डी० की उपाधि मिल चुकी है। संकाय के अनेक अध्यापकों ने विदेशों में जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त की है तथा देश के भीतर भी उच्च शिक्षा के अवसरों से वे अपने को लाभान्वित करते रहे हैं।

राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर औद्योगिक विकास एवं वाणिज्य शिक्षा के अनुसन्धान के लिए भी संकाय ने महत्वपूर्ण प्रयत्न किये हैं। एतदर्थ उसने समय-समय पर जिन सम्मेलनों तथा विचार-गोष्ठियों का आयोजन किया है उनमें से कुछ प्रमुख ये हैं :—अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन (१९५३), उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से "चतुर्थ योजनावधि में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के निमित्त वित्तीय व्यवस्था" तथा उत्तर प्रदेश के संदर्भ में औद्योगीकरण की रूप रेखा" पर विचार-गोष्ठियां (१९६४ तथा १९६५), श्रम सम्बन्धी राष्ट्रीय आयोग एवं अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के सहयोग से आयोजित विचार गोष्ठियां (१९६६ तथा १९६८), खादी ग्रामोद्योग आयोग के सहयोग से "ग्रामोद्योग तथा नवीन आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था (१९७३), पर आयोजित विचार गोष्ठी तथा प्रबंध विकास संबंधी भारतीय संघ एवं वाणिज्य शिक्षा एवं शोध संबंधी अन्तर्विश्वविद्यालयीय परिषद के सम्मेलन (१९७४) प्रमुख हैं।

छात्रों को उपयोगी शिक्षा प्रदान करने के प्रति भी संकाय सतत् जागरूक रहा है। एतदर्थ समय-समय पर पाठ्यक्रमों में आवश्यक संशोधन-परिवर्तन किये जाते रहे हैं। वाणिज्य शिक्षा को व्यावहारिक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रारम्भ से ही यह व्यवस्था की गयी है कि एम० काम० के छात्र अपने अध्ययन काल के दौरान किसी प्रमुख औद्योगिक अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठान में प्रशिक्षण प्राप्त करें। उनसे सांख्यिकीय सर्वेक्षण भी कराया जाता रहा है ताकि वास्तविक जगत की समस्याओं के विश्लेषण की प्रतिभा का उनमें विकास हो सके। समय-समय पर पाठ्यक्रमों में नए विषयों का भी समावेश किया जाता रहा है। इस दिशा में संकाय का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम १९६८-६९ में द्विवर्षीय एवं त्रिवर्षीय 'मास्टर आफ बिजनेस

मैनेजमेन्ट" एवं त्रिवर्षीय 'बैचलर आफ विजनेस मैनेजमेण्ट' पाठ्यक्रमों का आरम्भ करना रहा है। दुर्भाग्यवश संकाय के बी०बी०एम० पाठ्यक्रम को सरकार का संमर्थन न मिल सका और फलस्वरूप कुछ समय पश्चात यह पाठ्यक्रम बन्द कर देना पड़ा।

प्रारम्भ में प्रबन्ध पाठ्यक्रमों के लिए पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था न हो पायी। साथ-साथ संकाय को वाणिज्य पाठ्यक्रमों में छात्रों की संख्या में होने वाली असाधारण वृद्धि का भी सामना करना पड़ा। इस विकट स्थिति में अनेक वर्षों तक शैक्षणिक कार्य तीन पारियों में चलाना पड़ा। विभाग के लगभग सभी अध्यापकों को दो पारियों में तथा कुछ को तीनों पारियोंमें कार्य करना पड़ा। स्पष्ट है कि इससे संकाय में होने वाले शोध कार्यों तथा उसके विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। संकाय का अपना निजी भवन न होने के कारण विद्यार्थियों को भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा और उनमें से अधिकांश शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर से वंचित हो गये। इन प्रतिकूल परिस्थितियों का संकाय के छात्रों तथा अध्यापकों ने अच्छे भविष्य की आशा में धैर्यपूर्वक सामना किया। सौभाग्य से १९७५ ई० में प्रबंध शास्त्र विभाग के लिए एक नए भवन का निर्माण पूरा हो गया जिससे संकाय की स्थानाभाव संबंधी समस्या आंशिक रूप से हल हो गयी किन्तु वाणिज्य विभाग के लिए यह समस्या अभी तक बनी हुई है।

५ जनवरी, १९७६ से संकाय में दो स्वतंत्र विभाग कार्य कर रहे हैं। श्री अश्विनी कुमार शाह को प्रबंधशास्त्र विभाग एवं श्री राम अवध सिंह को वाणिज्य विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्री शाह ने संकाय प्रमुख का भी पद भार ग्रहण किया। जनवरी १९७७ से प्रबंध शास्त्र विभाग के अध्यक्ष एवं संकाय प्रमुख के पद पर प्रोफेसर श्याम मोहन तिवारी कार्य कर रहे हैं।

सम्प्रति प्रबंध शास्त्र विभाग में १० अध्यापक एवं लगभग १५० छात्र हैं। विभाग एम०बी०एम० पूर्णकालिक एवं अंश-कालिक दोनों ही पाठ्यक्रम चला रहा है। इस विभाग ने अपने वर्तमान पाठ्यक्रमों के सम्पूर्ण ढांचे को परिवर्तित करने की एक योजना बनाई है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष मे तीन ट्रेमेस्टर होंगे। नये पाठ्यक्रमों में लोकोद्योगों की समस्याओं पर विशेष महत्व दिया जायगा। विभाग व्यावसायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं परामर्श की योजनाओं पर भी विचार कर रहा है। ऐसा भी प्रस्ताव है कि प्रबंध शास्त्र एवं वाणिज्य विभागों को दो स्वतंत्र संकायों का रूप प्रदान कर दिया जाय एवं अवश्यक साधन उपलब्ध होने पर इन्हें स्कूल के रूप में परिवर्तित कर दिया जाय।

संकाय के वाणिज्य विभाग में इस समय लगभग ७५० छात्र-छात्रायें अध्ययन कर रही हैं तथा इसके अध्यापकों की स्वीकृत संख्या २५ है। जनवरी १९७६ में एक पृथक विभाग के रूप में संगठित होने के पश्चात से यह तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर है। जुलाई १९७६ में इसने अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन एवं एक अखिल भारतीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के हीरक जयन्ती वर्ष में विभाग ने अपने को एक "स्कूल आफ कामर्स", के रूप में संगठित करने की योजना बनायी। प्रस्तावित स्कूल में बी०काम०

तथा एम०काम पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त लेखाकर्म, अधिकोषण, बीमा, सहकारिता, औद्योगिक उद्यमशीलता, करावान, श्रम, कानून एवं औद्योगिक संबंध, स्टोर-कीपिंग, प्रभृति विषयों में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को चलाने की भी योजना है ताकि वाणिज्य शिक्षा की ओर उमड़ती हुई छात्रों की विशाल भीड़ को सार्थक शिक्षा प्रदान की जा सके। स्कूल में एक शोध केन्द्र एवं अध्यापक विकास केन्द्र की स्थापना की भी योजना विचाराधीन है। स्कूल की कल्पना को साकार करने के लिए विभाग के अध्यक्ष तथा अन्य अध्यापकों के अथक परिश्रम से उसे २० लाख रुपये से अधिक के दान का आश्वासन प्राप्त हो चुका है। विभाग के लिए नये भवन का शिलान्यास भी वसन्त पंचमी, दिनांक २४ जनवरी, १९७७ ई० को भूतपूर्व कुलपति डा० कालूलाल श्रीमाली के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हो चुका है। आशा है कि निकट भविष्य में यह विभाग देश में वाणिज्य शिक्षा का एक अग्रणी केन्द्र बन जायेगा।

रीडर एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

ग्रामीण विकास में अग्रसर कृषि संकाय

डॉ० गौरीशंकर लवानियाँ

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना पू० महामना पं० मदन मोहन मालवीय जीं ने राष्ट्र निर्माण तथा ग्रामीण विकास के उद्देश्य से प्रेरित होकर की थी। भारत के सुदूर गांवों में अज्ञान उन्मूलन एवं ज्ञान प्रसारण के महामना के स्वप्न को ध्यान म रखकर विश्वविद्यालय प्रांगण में अन्य शिक्षण संस्थाओं की भांति कृषि संकाय की स्थापना वर्ष १९३१ में तत्कालीन जोधपुर नरेश राजराजेश्वर श्री उम्मेद सिंह जी द्वारा प्रदत्त ४ लाख रूपये की धनराशि के परिणामस्वरुप 'कृषि अनुसधांन संस्थान' के रूप में हुई। इसी वर्ष से विज्ञान संकाय के सहयोग से स्नातकोत्तर स्तर पर मुख्य रूप से पादप कायिकी तथा गौण रूप से फसलों, अनुवंशन एवं पादप प्रजनन, कवक तथा पादप रोग विज्ञान में शिक्षण का श्रीगणेश हुआ। विश्वविद्यालय स्थित कृषि फार्म तथा दुग्धशाला को भी इसी संस्थान से सम्बद्ध कर दिया गया। उस समय तक यह संस्थान राष्ट्र के विभिन्न प्रदेशों के कृषि स्नातकों को कृषि प्रशिक्षण देने का कार्य करता रहा पर देश की अन्य शिक्षण संस्थाओं में कृषि स्नात्तकोत्तर कक्षाएं आरम्भ होने के साथ ही यहां भी पादप कयिकी पादप रोग विज्ञान, अनुवंशन एवं पादप प्रजनन, कृषि अर्थशास्त्र, सस्य विज्ञान, कृषि रसायन तथा उद्यान विज्ञान आदि विषयों में विश्वविद्यालय के अनुदान से विधिवत शिक्षण आरम्भ हो गया। वर्ष १९४५ में स्नातक कक्षाओं के आरम्भ होने के साथ ही इस संस्थान का नामकरण "कृषि महाविद्यालय" कर दिया गया।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात इस महाविद्यालय को प्रथम तथा द्वितीय योजनाओं में न के बराबर आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ परन्तु तीसरी योजना में दीवान कमेटी की संस्तुति के फलस्वरूप भवन निर्माण, प्रयोगशाला एवं पुस्तकों के लिए अनुदान मिला। इस संस्था के इतिहास में यह पहला अवसर था जब यहां प्रोफेसर, रीडर एवं प्रवक्ताओं के नये पदों की स्वीकृति प्राप्त हुई। सन् १९६३ में मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन तथा अनुवंशन एवं पादप प्रजनन में स्नातकोत्तर कक्षाओं का आरम्भ हुआ।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि मंत्रालय ने इस महाविद्यालय का आर्थिक उत्तरदायित्व अपने हाथों में लेना स्वीकार कर लिया और परिषद के तत्कालीन निदेशक डा० बी० पी० पाल के नेतृत्व में १९६३ में बनी एक कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर लगभग ११.५९ लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। कमेटी ने इस महाविद्यालय को कृषि विश्वविद्यालयों के समानान्तर विकसित करने की राय दी जिसे उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के कृषि विकास का उत्तरदायित्व सौंपा जा सके। सन् १९६३ में ही कृषि महाविद्यालय का स्तर जो पहले तकनीकी संकाय का ही एक भाग था, बढ़ाकर "कृषि संकाय" के रुप में कर दिया गया और जुलाई १९६९ में ६ विभागों-पादप कायिकी, सस्य विज्ञान अनुवंशन तथा पादप प्रजनन, मृदा विज्ञान तथा कृषि रसायन, पादप रोग एवं कृषि अर्थशास्त्र का गठन किया गया। दो अन्य विभाग—कृषि जंतु एवं कीट विज्ञान व उद्यान विज्ञान वर्ष १९७१ में प्रारम्भ कर दिये गये। इन्हीं वर्षों में कृषि संकाय के विकास हेतु एक विस्तृत योजना मा० कृ० अ० प० नई दिल्ली के समक्ष प्रस्तुत की गई और १९७२ में डा० गौतम कमेटी की संस्तुति पर इस संकाय

को २२ लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई परन्तु दुर्भाग्यवश २०० एकड़ फार्म की उपलब्धि के अभाव में इस अनुदान का अधिकांश भाग प्राप्त न हो सका।

भा० कृ० अ० प० की संस्तुतियों के आधार पर जुलाई १९७४ से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में क्रेडिट प्रणाली का शिक्षण प्रारम्भ किया गया और इन्हीं वर्षों में मिर्जापुर जनपद में स्थित २५०० एकड़ भूखण्ड का अधिग्रहण कृषि अनुसंधान को अधिक कारगर बनाने के उद्देश्य से किया गया। सन् १९७५ में दो विषयों—कृषि प्रसार तथा पशु पालन, दुग्ध विज्ञान एवं पशु रोग निदान में स्नातकोत्तर कक्षाओं का आरम्भ हुआ।

सम्प्रति स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध कक्षाओं का शिक्षण इस संकाय में स्थित आठ विभागों तथा तीन प्रभागों में कार्यरत लगभग ६० अध्यापकों के सहयोग से प्रतिपादित हो रहा है। स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए जैसा पहले कहा जा चुका है कृषि के मुख्य १० विषयों में शिक्षण की सुविधा है। इस संकाय में छात्रों की कुल संख्या लगभग ५०० है जिसमें करीब ३०० छात्र स्नातक कक्षाओं में, १२५ छात्र स्नातकोत्तर कक्षाओं में तथा ७५ छात्र शोध में कार्यरत हैं।

पठन-पाठन को गहन एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से लगभग सभी विद्यार्थियों को छात्रावास की सुविधा है। संकाय तथा विभागों में आधुनिकतम प्रयोगशालाएँ तथा पुस्तकालय हैं तथा क्षेत्र प्रशिक्षण के लिए २५०० एकड़ का पर्याप्त भूखण्ड विश्वविद्यालय परिसर के भीतर तथा वाहर स्थित है। इसके उपरान्त छात्रों को गांवों में जांकर कृषकों के साथ मिलकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा है और इस वात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि विद्यार्थियों को दिया जानेवाला शिक्षण एक व्यवसाय के रूप में ग्राह्य हो ताकि भविष्य में उन्हें आजीविका प्राप्त करने में सम्वन्धित शिक्षण का भरपूर लाभ मिल सके।

केन्द्रीय स्तर का विद्यालय होने से भारत के हर भाग से विद्यार्थी यहां आते हैं। कुलमिलाकर दक्षिण भारत से आए छात्रों की संख्या कुल छात्रों की एक तिहायी है। पिछली जानकारी में छात्रों के सामंजस्य तथा भाषा सम्वन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु प्रारंम्भिक कक्षाओं में हिन्दी-अंग्रेजी भाषाओं का अध्ययन आवश्यक प्रतीत हुआ। प्रत्येक सेमेस्टर में कुल मिलाकर ९ परीक्षायें होती हैं और प्रत्येक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएँ निरीक्षण के पश्चात् विद्यार्थियों को लौटाई जाती हैं, जिसमें वे अपने प्राप्तांकों तथा कापियों की सही जानकारी अन्य विद्यार्थियों की पुस्तिकाओं से मिलान करके प्राप्त कर सकें तथा उनमें सुधार कर सकें।

स्नातक कक्षाओं की भांति स्नातकोत्तर कक्षाओं में भी छात्र का अपने विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के विषयों का अध्ययन करना पड़ता है। संक्षेप में किसी दिशा में ज्ञानवर्धन के लिए आवश्यक सभी विषयों को पढ़ना प्रत्येक विद्यार्थी को अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में प्रत्येक छात्र के विषयों का चयन उसके लिए निर्मित एक कमेटी शुरु में ही कर लेती है। सम्बन्धित विषयों जैसे चिकित्सा विज्ञान, जीव विज्ञान, तकनीकी ज्ञान, भौतिकी आदि के यहां अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विभागों के कारण शिक्षण में विशेष सुविधा मिलती है। इसका उद्देश्य उस छात्र के भविष्य के लिए ज्ञानार्जन के लिए एक आधारशिला रखना है। पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर छात्रों के पठन सुविधा के लिए उपयुक्त पुस्तकों के लेखन में यहां के अध्यापकों ने महत्त्वपूर्ण

भूमिका निभायी है। गतवर्ष पशुपालन के क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर सर्वोत्कृष्ट मौलिक ग्रंथ लेखन हेतु डा० डी० एन० पाण्डेय को "डा० राजेन्द्र प्रसाद पुरस्कार" से सम्मानित होना इस क्षेत्र में एक उल्लेखनीय कदम है। डा० सन्त सिंह अध्यक्ष मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग के निर्देशन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता से इसी विषय से सम्बन्धित एक परियोजना चल रही है।

विद्यार्थियों द्वारा संचालित "कृषि परिषद" ने उनके शैक्षणिक तथा अन्य चारित्रिक एवं नैतिक, उत्थान में विशेष भूमिका निभाई है। देश के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों की व्याख्यान माला तथा वाद विवाद प्रतियोगिताओं का प्रबन्ध इस परिषद का मुख्य कार्य है।

इसी वर्ष गोविन्द वल्लभ पन्त कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय पन्तनगर में आयोजित अखिल भारतीय वाद विवाद प्रतियोगिता में हिन्दी तथा अंग्रेजी में इस संकाय के दो छात्रों—क्रमशः श्री पी० के० पांडेय एवं श्री वी० एस० जार्ज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चल शील्ड अर्जित किया है। गत कई वर्षों से वसन्त पंचमी पर आयोजित विश्वविद्यालय के सुप्रसिद्ध स्थापनोत्सव दिवस की झांकी प्रतियोगिता में इस संकाय को प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त होता रहा है। अपने कृषि सम्बन्धी ज्ञान एवं उपलब्धियों को कृषकों तक पहुँचाकर लाभान्वित करने हेतु प्रायः हर वर्ष किसान मेले का सफल आयोजन होता रहा है।

जहां इस संकाय ने अपनी उत्कृष्ट ज्ञान एवं विज्ञान की प्रतिभा का प्रदर्शन किया है वहीं खेलकूद में भी इस संकाय की उल्लेखनीय उपलब्धियां रही हैं। सम्पूर्ण विश्वविद्यालय के छात्रों के लगभग ४% छात्र इस संकाय में शिक्षा पाते हैं परन्तु इनकी रचनात्मक, सामाजिक, शैक्षणिक तथा खेलकूद सम्बन्धी उपलब्धियां अपने आपमें एक रिकार्ड हैं। इस वर्ष १९७६–७७ में वार्षिक प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय में संकाय ने १०२ अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

हिन्दू विश्वविद्यालय का स्पोर्टस मैडल जो कि शैक्षणिक उपलब्धियों एवं खेलकूद में उत्तम स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को मिलता है, इसी संकाय के श्री अनिल लवानियाँ ने प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त इस संकाय के बहुत से प्रतिभाशाली छात्रों एवं अध्यापकों ने विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियों से इसे गौरवान्वित किया है।

अंतर संकाय क्रीड़ा प्रतियोगिता :—

इस वर्ष इस संकाय को वास्केट बाल टीम न केवल जिला वास्केटबाल प्रतियोगिता में विजेता रही अपितु अन्तर संकाय वास्केट बाल प्रतियोगिता में भी सर्वजेता रही। हमारी कबड्डी टीम जो गत वर्ष उपजेता थी, अपने अथक प्रयास एवं अविरल अभ्यास से इस वर्ष विजेता स्थान प्राप्त करने में सफल रही।

अथलेटिक्स में इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्साह एवं अभ्यास के परिणाम स्वरूप उपजेता स्थान ग्रहण कर गौरव पाया। साथ ही श्री ज्ञानेश्वर सिंह ने व्यक्तिगत चैम्पियन शिप जीती है।

इस संकाय की ख्याति, यहां की शोध उपलब्धियों पर आधारित रही है। अध्यापकों, शोध छात्रों, एवं विशिष्ट परियोजनाओं में कार्यरत वैज्ञानिकों द्वारा मौलिक एवं यहां के

कृषकों के लिए प्रत्यक्ष रूप से लाभप्रद अन्वेषणों में इस संस्था का गौरवपूर्ण अतीत एवं वर्तमान है। लगभग चार दशक पूर्व इस संस्था ने अपने जीव विज्ञान सम्बन्धी अनुसंधान से भारत को ही नहीं वरन् सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित किया है, और देश में वैज्ञानिक कृषि की नींव रख इसे एक नई दिशा प्रदान की है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण १९३५ के लगभग संजोये एवं अब तक सुरक्षित कृषि संग्रहालय से मिलता है। यहां के शोध छात्रों एवं वैज्ञानिकों को भारत एवं विदेशों में नवीनतम शोधशालाओं में आसीन रहने का गौरव है।

ग्रामीण अंचल की कृषि सम्बन्धी समस्याओं से सम्बन्धित अनुसंधान का क्रम, जलवायु विशेष के लिए फसलों, सब्जियों, फलों की उन्नतिशील प्रजातियों की उत्पत्ति, उनको उगाने की वैज्ञानिक तकनीक, उत्पादन सम्बन्धी अवरोधों का निदान तथा उनके लागत एवं आय का आंकलन, फसलोत्पादन का आर्थिक विश्लेषण आदि प्रमुख क्षेत्रों के अनुसंधान उल्लेखनीय हैं फसलों की नवीन प्रजातियों का विकास कार्य भी प्रगति के पथ पर है। अन्य प्रयोगशालाओं से प्राप्त नई प्रजातियों का इस जलवायु में सम्भावित सफलता के लिए परीक्षण तथा अनुकूल परिणाम वाली प्रजातियों के सम्बर्धन कार्य भी इस संकाय के कार्यों के अभिन्न अंग हैं। मिट्टी में जल संरक्षण, शुष्क दशाओं में फसलोत्पादन, विभिन्न प्रजातियों के लिए तत्वों की आवश्यकता, भूमि के भौतिक एवं रासायनिक गुण इत्यादि में तथा रोगों के निदान में कृषकों को उचित सलाह देने में हम अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। फसलोत्पादन के मध्य अथवा बाद में रोग नियंत्रण नियमावलियां हैं जिनसे अनाज को खेतों, खलिहानों तथा भंडारों में सुरक्षित रखने में सहायता प्रदान की जाती है। इस सम्बन्ध में अनुसंधान भी चल रहे हैं।

फसलोत्पादन के अतिरिक्त पशु पालन एवं सम्बन्धित क्षेत्र में भी अपने अनुसन्धानों की उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं। जर्सी एवं फ्रीजर जाति के साड़ों से देशी गायों को गर्भाधान कराकर शंकर जातियों का विकास हाल के वर्षों में उल्लेखनीय रहा है। अपने सीमित साधनों से ही संकाय दुग्धशाला में दुग्धोत्पादन ४६३ लिटर से बढ़ कर ५२५ लिटर प्रतिदिन हुआ है जो अपने में एक रिकार्ड है। अपने मिर्जापुर स्थित कृषि फार्म पर भेड़ पालन की एक परियोजना की स्वीकृति मिल गई है।

हमारी शोध उपलब्धियों की कृषि जीवन में उपादेयता को देख कर प्रदेश सरकार ने वाराणसी मंडल के कृषि उत्पादन एवं प्रसार कार्य को पूर्णरूपेण इसीं संकाय को सौंपने का निर्णय किया है। इस क्रिया के प्रारम्भ होने पर यह संकाय कृषि विश्वविद्यालयों की भांति ही भूमिका निभा सकने में समर्थ होगा।

कृषि अनुसंधान एवं प्रसार के प्रोत्साहन हेतु गत वर्ष इस संकाय में, 'भारतीय कृषि एवं ग्राम्य विकास परिषद्' का उद्घाटन अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डा० एम० एस० स्वामीनाथन, सचिव कृषि मंत्रालय भारत सरकार एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने सम्पन्न किया। इस परिषद् के तत्वावधान में एक उच्च कोटि की पत्रिका के प्रकाशन की व्यवस्था लगभग पूर्ण है। इसके अतिरिक्त पहले से ही संकाय, कृषि सम्बन्धी विशिष्ट लेखों से युक्त 'वसुधा' पत्रिका का प्रकाशन हर वर्ष करता है।

शोध कार्यों के लिए साधनों की उपलब्धि महत्वपूर्ण होती है। यद्यपि संकाय के पास साधन सीमित हैं परन्तु विश्वविद्यालय में स्थित ख्याति प्राप्त विभागों का होना अभाव-पूर्ति करता है। महामना की इस ज्ञान की नगरी में अनेक संस्थानों, संकायों, विभागों, एवं प्रभागों के आपसी सहयोग एवं सानिध्य में जो साधन एकत्र हैं अन्यत्र असम्भव प्रतीत होते हैं। गांवों में जाकर उनकी समस्याओं का एकीकरण, उन पर अनुसंधान, विचार तथा उनका समाधान भी संकाय की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

शोध कार्यों में संलग्न इस संस्थान के पास यद्यपि साधनों का अभाव है। परन्तु हमारा प्रयोजन शोध का निरंतर प्रयास है। राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय तथा विदेशी संगठनों से विभिन्न परियोजनाओं की प्राप्ति में हम निरन्तर प्रयत्नशील रहते हैं ताकि हम इस क्षेत्र की कृषि सम्बन्धी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें। संकाय में कई विभागों में कई परियोजनाएँ, यूनेस्को, आई० सी० ए० आर०, प्रदेश सरकार, कृषि मंत्रालय, पी० एल० ४८०, आदि के सहयोग से चल रही हैं। जिनमें मुख्य हैं :

'अ' अनुवंशन एवं पादप प्रजनन विभाग—

१. दालों के विकास पर सघन अनुसंधान हेतु राष्ट्र स्तरीय परियोजना।
२. गेहूँ के विकास हेतु राष्ट्र स्तरीय परियोजना।
३. धान के विकास हेतु राट्र स्तरीय परियोजना।
४. मक्का के विकास हेतु राष्ट्र स्तरीय परियोजना।
५. वर्रे (कुसुम) के विकास पर परियोजना।
६. जैविक नभजन प्रस्थापन।
६. संकर बाजरा प्रजातियों के सन्दर्भ में सन्तुलित टर्शियरा ट्राइसोमिक्स।

'ब' कीट एवं कृषि जन्तु विज्ञान विभाग—

१. "कृषि में प्रयुक्त विषों का अवशेष तथा उनका इलाहाबाद से पटना के बीच गंगा नदी में मिट्टी, पानी तथा कुछ जीवों के विघटन' पर मनुष्य और जैविक वातावरण, राष्ट्रीय अनुसंधान परियोजना।
२. भिंडी, बैंगन व पातगोभी में प्रयुक्त कुछ कीटनाशक विषों का अवशेष निर्धारण पर परियोजना।
३. पूर्वी उत्तर प्रदेश में कीटों द्वारा क्षति एवं उसके आंकलन पर परियोजना।
४. गन्ने के कीटों के नियंत्रण पर परियोजना।
५. धान के कीटों पर परियोजना।

'स' सस्य विज्ञान विभाग—

१. शुष्क कृषि पर अनुसंधान हेतु राष्ट्रस्तरीय परियोजना।
२. सस्य विज्ञान सम्बन्धी राष्ट्र स्तरीय परियोजना।
३. विभिन्न फसलों पर शोध कार्य।

'द' मृदाविज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग—

१. वाराणसी की दोमट मिट्टी में यूरिया का दक्ष प्रयोग।

'य' उद्यान विज्ञान विभाग—

१. अलंकारिक पौधों पर अनुसंधान हेतु राष्ट्र स्तरीय परियोजना।

'र' कृषि अर्थशास्त्र विभाग—

इस विभाग द्वारा निम्न शोध एवं परियोजनाएँ सफलता पूर्वक पूर्ण हो चुकी हैं।

१. उत्तर प्रदेश में यांत्रिक खेती पर आर्थिक अध्ययन।
२. वाराणसी में ग्रामीण खान-पान (उपभोग) की रुचि का अध्ययन।
३. वाराणसी कृषि पर लघु सिंचाई कार्यों का आर्थिक प्रभाव।
४. देवरिया जनपद में प्रक्षेत्र प्रवन्ध का आर्थिक अध्ययन।
५. मिर्जापुर में मछली पालन का आर्थिक अध्ययन।

कृषि में पारिवारिक मानवीय श्रम का उपयोग एवं उत्पादकता का अध्ययन (डाक्टरेट शोध प्रवन्ध जो कि विश्वविद्यालय से प्रकाशित हुआ है।)

'ल' पादप कायिकी विभाग—

१. खरपतवार को रोकने वाले रासायनिक पदार्थों का पौधों की कार्यकी पर प्रभाव।
२. प्लान्ट-हारमोन, ग्रोथ-इनहीबिटर्स एवं ग्रोथ रिटार्डेन्ट्स का पौधों की वृद्धि एवं विकास पर प्रभाव।
३. धान्य-फसलों में परिपक्वता की कायिकी अध्ययन।
४. खनिज-लवणों का पौधों की कायिकी पर प्रभाव।
५. परोपजीवी पौधों की कायिकी अध्ययन।
६. फसलों में अधिक उत्पादन क्षमता एवं उनकी कायिकी में अन्तरसम्बन्ध।
७. शुष्क वातावरण में पौधों की वृद्धि एवं विकास से सम्वन्धित कायिकी अध्ययन।
८. फसलों में फोटोरेस्पिरेशन के कुप्रभाव।

प्रसार सेवा—

'क्रेडिट' शिक्षण प्रणाली का मुख्य उद्देश्य, शिक्षा, अनुसंधान तथा प्रसार में एकबद्धता है। कृषि विकास में संलग्न किसी संस्था की उपर्युक्त उपलब्धि इसके पास उपलब्ध साधनों पर निर्भर करती है ताकि प्रयोगालाओं का सम्वन्ध कृषकों से स्थापित किया जा सके। इसमें प्रसार सेवा मुख्य भूमिका निभाती है। यद्यपि प्रसार सम्बन्धी साधनों का हमारे पास अभाव है, वे हमारी आकांक्षाओं के लिए अपर्याप्त हैं फिर भी हमारी उपलब्धियाँ साधनों के अनुरूप हैं। प्रसार विशेषज्ञों द्वारा सफल प्रदर्शनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अध्यापकों एवं प्रसार छात्रों द्वारा परामर्श भी देने की व्यवस्था है। कृषकों के यहां फसलोत्पादन वढ़ाने, उनकी समस्याओं के समाधान में उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न सम्भावित प्रक्षेत्र योजनाओं सम्बन्धी परामर्श लाभदायक सिद्ध हुए हैं।

अपने संकाय में अपनी उपलब्धियों के प्रसारण तथा कृषकों को इसकी गहन जानकारी के उद्देश्य से प्रायः हर वर्ष संकाय में 'किसान मेला' का सफल आयोजन होता रहा है। इस मेले में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान, कृषक गोष्ठियों का

आयोजन, नई किस्मों के बीजों का विक्रय, शोध प्रदर्शन मुख्य रूप से आकर्षण के विषय होते हैं। किसानों को भूमि की परीक्षण सुविधा भी उपलब्ध रहती है ताकि किसानों को खादों की आवश्यकता पता लग सके।

पूर्वांचल के सुदूर गांवों में स्थित कृषकों को आधुनिकतम तकनीकों का ज्ञान कराने में इस संकाय के वैज्ञानिकों ने आकाशवाणी के वाराणसी केन्द्र के 'कृषि जगत' कार्यक्रम को विशिष्ट माध्यम बनाया है। हर विषय के विशेषज्ञ, आधुनिक उपलब्धियों के विकास के लिए तथा समस्याओं के समाधान के लिए सदा तत्पर रहते हैं।

गत कई वर्षों से प्रसार सम्बन्धी कार्यों को व्यापक रूप देने में हम सभी प्रयत्नशील हैं तथा इस सम्बन्ध में संकाय की ओर से एक व्यापक योजना भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् को प्रेषित की गई है। हमें आशा है कि अगले कुछ वर्षों में यह संकाय पूर्वांचल के विकास का उत्तरदायित्व अपने कन्धों पर ले सकेगा। मिर्जापुर जनपद में २५०० एकड़ के फार्म की प्राप्ति इस दिशा में एक ठोस कदम है।

साधनों के अनुरूप हमारी उपलब्धियां रही हैं तथा ग्राम्य विकास एवं कृषि उत्पादन में सहयोग देने में संकाय सदैव से एक साधन रहा है। संकाय ने शिक्षण तथा शोध क्षेत्रों में उल्लेखनीय स्थान राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किया है। प्रसार की सुविधाओं से हम ग्रामीण विकास में भी अग्रणी भुमिका निभा सकेंगे। इन सभी उपलब्धियों में अध्यापकों, छात्रों एवं कर्मचारियों का अविस्मरणीय एवं अटूट योगदान है। पू० महामना के स्वप्नों के अनुरूप कृषि संकाय को उत्कर्षोन्मुख करने में हम प्रयत्नशील हैं।

संकाय प्रमुख कृषि संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

विधि संकाय

अजय वर्मा

विधि संकाय विश्वविद्यालय परिसर की अनूठी इमारत है। इसे गर्व है अपने उन तमाम भूतपूर्व तथा वर्तमान छात्रों एवं अध्यापकों पर, जो आज जीवन के अनेकानेक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए समाज कल्याण तथा न्याय के मंदिर के निर्माण में रत हैं। प्रतिवर्ष लगभग २०० कानून के स्नातकों को तैयार करने, उन्हें न्याय की भावना से परिपूर्ण कर सुसंस्कृत नागरिक में परिणित करने का श्रेय है विधि संकाय को जो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर के दक्षिणी पूर्वी छोर के लगभग ४५ हजार वर्ग फुट के भूखण्ड पर शान से सिर ऊँचा किये खड़ा है।

इसका श्रेष्ठतम विधि ग्रंथालय २६ हजार से अधिक कानून संबंधी, पत्र-पत्रिकाओं तथा पुस्तकों से युक्त है। यह अपनी पांच अनोखी इमारतों के संकुल द्वारा विधि की आधुनिकतम शिक्षण प्रणाली के सम्प्रेषण में रत है। विधि महाविद्यालय में उच्च ख्याति लब्ध विधि वेत्ताओं द्वारा शिक्षण की व्यवस्था है। यह देश की प्रथम विधि शिक्षण संस्था है जहां एल-एल०बी०, त्रिवर्षीय सेमेस्टर पाठ्य प्रणाली अपनायी गयी तथा छात्रों को जीवन्त वादों के अध्ययन का अवसर प्रदान किया गया। महाविद्यालय की निरन्तर चेष्टा रही है कि यहां के छात्र चरित्रवान अधिवक्ता एवं विधिवेत्ता हों तथा अपने अधिकार तथा दायित्वों को भली प्रकार समझते हुए वे देश में सामाजिक सम्बन्धों को न्याय पर आधारित करने का प्रयास करें और विधि व्यवस्था को समाज की आवश्यकताओं के समानुकूल प्रेरित करते हुए उसके प्रति विश्वास और आस्था उत्पन्न करें।

परिचय :

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का विधि संकाय हमारे देश की उन गिनी-चुनी विधि शिक्षण संस्थाओं में अग्रणी है जहां कानून का अध्ययन सामाजिक यथार्थता के संदर्भ में करने का प्रयास किया जाता है। कानून के ज्ञान के साथ ही जीवन की सामाजिक आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने की क्षमता प्रदान करना यहां के शिक्षा की विशेषता रही है। बीसवीं सदी के दूसरे दशक में स्थापित यह विधि संकाय उन इने-गिने विधि शिक्षण केन्द्रों में से एक है जहां पूर्णकालिक शैक्षिक अधिवक्ताओं के महत्व को स्वीकार किया गया तथा जहां प्रारम्भ से ही अध्ययन का कार्य पूर्ण कालिक सुयोग्य अध्यापकों और लब्ध प्रतिष्ठित विधि वेत्ताओं के संरक्षण में होता रहा है। इसके साथ ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय के बार-एसोसिएशन के प्रमुख सदस्यों सहित क्षेत्रीय विधि वेत्ताओं की सेवायें भी यहां प्राप्त की गयी हैं। यहां विधि शिक्षा मात्र कानून की जानकारी तक सीमित न होकर मुख्यतः उसके व्यावहारिक पक्ष पर केन्द्रित है।

सर रास बिहारी घोष की अध्यक्षता में स्थापित विधि संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की चंद प्रारंभिक मूल संस्थाओं में से एक है। परन्तु विधि शिक्षण की वास्तविक व्यवस्था १९२३ में विधि महाविद्यालय की स्थापना के साथ ही संभव हो पायी। सर रास विहारी द्वारा स्थापित विधि संकाय सर तेज बहादुर सप्रू (१९१९–२१, १९२४–३९), विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मदन मोहन मालवीय (१९२१–२४), प्रोफेसर एल० आर० सुब्रह्मनियम (१९३९–४६), प्रोफेसर जी० वी० जोशी (१९४६–५८), प्रोफेसर आनन्द जी (१९५९–७३) एवं प्रोफेसर धर्म प्रताप (१९७३–७६) जैसे अनेक प्रतिभा सम्पन्न एवं प्रख्यात विधि वेत्ताओं के संरक्षण में निरन्तर प्रगति करता गया।

विधि संकाय के समस्त सुविधाओं युक्त वर्तमान भवन के निर्माण की योजना का श्रेय भूतपूर्व संकाय प्रमुख प्रोफेसर आनन्द जी को जाता है, जिनके अथक परिश्रम के फलस्वरूप संकाय को विधि शिक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। उनके प्रयासों से श्रेष्ठतम अध्यापकों और विद्यार्थियों को विधि संकाय ने आकृष्ट किया है।

शैक्षणिक समुदाय :—

संकाय में उच्च शिक्षा प्राप्त सुयोग्य विधि वेत्ताओं और विशेषज्ञों द्वारा शिक्षण कार्य की सुविधा उपलब्ध है। इस समय संकाय में ३ प्रोफेसर, ८ रीडर तथा १९ लेक्चरर शिक्षण कार्य में संलग्न हैं। शिक्षक वृन्द के १० सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। इनमें से ९ सदस्यों को विदेशों के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालयों से डाक्टरेट तथा एक सदस्य को लखनऊ विश्वविद्यालय से एल-एल०डी०की सम्मानित उपाधि प्राप्त हुई है। संकाय के चार सदस्य विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विदेश जा चुके हैं। संकाय के दो सदस्य इस समय आस्ट्रेलिया तथा अमेरिका में पी-एच०डी०उपाधि के लिए शोध कार्य में रत हैं। संकाय के प्रोफेसर धर्म प्रताप का शोध प्रबंध आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 'एडवाइजरी जूरिस्डिक्शन आफ इन्टरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस' नामक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया है। इसी प्रकार प्रोफेसर आर० पी० ढकोलिया का शोध प्रबंध मानचेस्टर विश्वविद्यालय से 'कोडिफिकेशन आफ इन्टरनेशनल ला' नामक पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुआ है। मातृ भाषा हिन्दी में लिखित विधि की पुस्तक 'भारतीय भागिता विधि का इतिहास' पर संकाय के श्री सुरेन्द्र नाथ को केन्द्र सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

संकाय में फोर्ड फाउण्डेशन योजना के अन्तर्गत सुविख्यात अमरीकी विश्वविद्यालयों के पांच प्रोफेसरों ने विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में शिक्षण कार्य किया है तथा डा० नगेन्द्र सिंह जो भारत के राष्ट्रपति के सचिव और अब अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश हैं, इस संकाय को विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में अलंकृत कर चुके हैं। राजस्थान के एडवोकेट जनरल और सुप्रीम कोर्ट के प्रख्यात एडवोकेट डा० लक्ष्मीमल सिंघवी ने नेहरू व्याख्यान माला के अंतर्गत प्रथम व्याख्यान दिया है जो विश्वविद्यालय प्रकाशित कर रहा है। विधि संकाय के सदस्यों के लगभग २५० विद्वतापूर्ण लेख, वाद-सर्वेक्षण आदि देश-विदेश की सम्मानित पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। संकाय के सदस्यों की विधि क्षेत्र में प्रशंसित अनेक पुस्तकें भी प्रकाशित हुई हैं और विभिन्न विश्वविद्यालयों में उन्हें व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जाता है।

शोध कार्य :—

विधि संकाय में सामाजिक समस्याओं के समाधान करने तथा परिवर्तन शील समाज की गतिविधियों से सामंजस्य रखने हेतु अनेकों शोध कार्य समय-समय पर किये जाते हैं। संकाय में शोध कार्य के लिए पांच शोध-सहायकों का भी प्रावधान है। वर्तमान में प्रोफेसर आर० पी० डकोलिया के निर्देशन में 'विधि निर्माण में उच्चतम न्यायालय का योगदान', 'विधि तथा शिक्षा जगत' पर शोध कार्य चल रहा है जिनके प्रकाशन की योजना है। इसके साथ ही विधि क्षेत्र में अपनी ख्याति के अनुरूप ही संकाय से वर्ष १९६५ से 'बनारस ला जनरल' प्रकाशित हो रहा है। राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय विधि जगत में हो रही गतिविधियों की समीक्षा करने वाले इस जनरल के प्रतिदान में विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों से प्रकाशित लब्ध प्रतिष्ठित जनरल विधि विद्यालय को प्राप्त होते हैं।

विधि पाठ्यक्रम —

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विधि संकाय को अपनी वास्तविक स्थापना के ५३ वर्षों में कई हजार कानून-स्नातकों के निर्माण का श्रेय जाता है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के शुभारंभ के २५ वर्षों के भीतर संकाय को ६० से अधिक एल-एल० एम० की उपाधियाँ प्रदान करने का भी श्रेय है। आज यहां के स्नातक समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों तथा व्यवसायों में उच्च शिखरों पर सुशोभित हो संकाय की गरिमा बढ़ा रहे हैं। संकाय में शिक्षण कार्य में रत ६ सुयोग्य अध्यापक अन्तर्राष्ट्रीय विधि, श्रम एवं औद्योगिक विधि, कराधान तथा व्यवसायिक

विधि संकाय

संगठन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध कर रहे हैं। विधि के पी-एच०डी०, एल-एल०एम० तथा एल-एल०बी० पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए क्रमशः ६०, ६० तथा ४५ प्रतिशत अंकों से प्रवेश के लिए अनिवार्य न्यूनतम उपाधि प्राप्त करना आवश्यक है। विधि शिक्षा के पाठ्यक्रमों को समाज के लिए और उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सन् १९६० में विस्तृत रूप से विचार विमर्श कर पाठ्यक्रम को अधिक व्यावहारिक बनाया गया। भगवती कमेटी की सिफारिश तथा विशिष्ट रूप से तत्कालीन संकाय प्रमुख प्रोफेसर आनन्द जी के सतत् प्रयासों से भारत में सबसे प्रथम

वार बी०एच०यू०, विधि संकाय ने ३ वर्षीय, ६ सत्रों के एल-एल०बी० तथा २ वर्षीय, ४ सत्रों के एल-एल०एम० पाठ्यक्रम को प्रारंभ करना स्वीकार किया और उसी वर्ष से इस प्रणाली को कार्यरूप दिया गया। इसके साथ ही छात्रों को विभिन्न वादों संबंधी निर्णय तथा सामग्री प्रदान करने की भी व्यवस्था की गयी। यहां विख्यात विधि वेत्ता, अधिवक्ता तथा न्यायाधीशों द्वारा छात्रों को क्रियात्मक ज्ञान प्रदान किये जाने का भी प्रबंध है।

सत्र १९७३-७४ में वर्तमान संकाय प्रमुख प्रोफेसर धर्म प्रताप के प्रयासों से विधि पाठ्यक्रम को पुनर गठित किया गया। इस समय विधि की स्नातक कक्षाओं में ५ स्किल पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त ३१ अन्य विषयों के शिक्षण की व्यवस्था है। प्रयास किया जा रहा है कि आवश्यक साधन प्राप्त कर सभी ऐच्छिक विषयों में शिक्षण सुविधा उपलब्ध की जाय। इसी प्रकार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी वर्ष १९७० में पूर्णतः पुनर्व्यवस्थित किये गये। एल-एल० एम० पाठ्यक्रम में १२ ऐच्छिक विषय समूह, २ अनिवार्य विषय तथा अनिवार्य लघु शोधप्रबन्ध (डिसरटेशन) की व्यवस्था है। विधि शिक्षण, व्यापारिक, राष्ट्रीय गतिविधियों के लिए विशेषज्ञों को तैयार करने के उद्देश्य से स्नातकोत्तर तथा विशेष पाठ्यक्रमों को और भी विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं तथा संकाय ने निर्णय किया है कि लाक्षणिक विधि शिक्षा को पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग बनाया जाय।

विधि शिक्षण की सुविधा :—

विधि संकाय में १९२१ से एल-एल० बी०, १९४० से एल-एल० एम० तथा १०६१ से पी-एच० डी० एवं एल-एल० डी० पाठ्यक्रमों की व्यवस्था की गयी। विधि शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पी-एच० डी० हेतु २५० रु० की ४ तथा एल एल०-एम० हेतु १०० रु० की ६ छात्रवृत्तियां योग्यताक्रम से प्रदान की जाती हैं। इसके साथही एल-एल० बी० पाठ्यक्रम में प्रतिवर्ष ७५ रु० की १२ छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। प्रवेश लेने वाले २० प्रतिशत योग्य छात्रों को पूर्ण शुल्क मुक्ति प्रदान की जाती है। पूर्ण शुल्क मुक्ति, समय-समय पर दो छात्रों के बीच अर्ध शुल्क मुक्ति के रूप में बांटी जा सकती है। भविष्य में पी-एच० डी० की छात्रवृत्ति को २५० रु० से बढ़ाकर ५०० रु० करने तथा एल-एल० एम० की छात्रवृत्ति को १०० रुपये से बढ़ाकर २०० रु० कर देने की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से सिफारिश की गयी है। इस प्रकार आर्थिक रूप से सहायता प्रदान कर छात्रों में रुचि जागृत कर उन्हें विधि शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वाराणसी शहर के बाहर से आने वाले छात्रों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय के सर आसुतोष मुखर्जी तथा भगवान दास छात्रावासों में लगभग ३०० छात्रों के ठहरने की व्यवस्था है।

विधि-शिक्षण की आगामी योजनाएँ :—

समाज की आवश्यकताओं को पूर्ति हेतु काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का विधि-संकाय, कानून की शिक्षा को और व्यवहारिक बनाने के लिए सतत् प्रयत्नशील रहा है। समाज में कानून की भूमिका के महत्व को देखते हुए नये पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने की योजना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष में विधि संकाय के तत्वावधान में "सामाजिक

परिवर्तन में कानून की भूमिका,'(Law as an instrument of charge indeveloping societies) विषयक एक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने का प्रस्ताव है। संगोष्ठी मे विधि निर्माण द्वारा समाज में आये तथा भविष्य में संभव परिवर्तनों की समीक्षा की जायेगी। वर्ष १९६९ में मानव अधिकार संबंधी कानून को राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर कार्यान्वित करने की संस्तुति की गयी थी। इसी संस्तुति के अनुरूप मानव अधिकार संबंधी कानून को विधि संकाय के पाठ्यक्रमों का अंग बनाया जा रहा है।

विधि संकाय में विश्वविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष से ही लाक्षणिक विधिशिक्षा के पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने की दिशा में भी प्रोफेसर आर० पी० ढकोलिया के संयोजकत्व में गठित समिति तेजी से कार्य कर रही है। लाक्षणिक विधि शिक्षा के अन्तर्गत छात्र जिले की विभिन्न अदालतों में चल रहे जीवन्तवादों का सुयोग्य अधिवक्ताओं तथा शिक्षकों की देख रेख में अध्ययन कर सकेगें। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत जनहित विधि परामर्श समिति जैसी संस्थाओं तथा विधि संकाय में भी छात्र विभिन्न मामलों पर अपनी राय व्यक्त कर सकेंगे। इससे छात्रों को व्यवहारिक रूप से अधिवक्ता के कार्य की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही समाज के दलित तथा गरीब वर्ग की सहायता कर अपने सामाजिक दायित्व को निभाने की भी प्रेरणा मिलेगी।

अन्तर्राष्ट्रीय मानचित्र के विकास पथ पर तेजी से उभरते हुए हमारे देश में अभी अनेकानेक समस्याएँ अपने समाधान का इन्तजार कर रही हैं। सबसे बड़ी समस्या सुसंस्कृत नागरिकों के निर्माण की है। जहां एक ओर सर्व विद्या की राजधानी, हमारा यह गौरवशाली विश्वविद्यालय राष्ट्रनिर्माण के कार्यों के साथ चरित्र निर्माण में रत हैं वहीं विश्वविद्यालय का विधि संकाय अपने योग्य छात्रों, अध्यापकों तथा हजारों भूतपूर्व छात्रों के माध्यम से व्यक्ति को सुसंस्कृत नागरिक बनाने में प्रयत्नशील है। अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए, विधि संकाय शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी विशिष्टगरिमा को अक्षुण रखे हुए है। आशा है, विश्वविद्यालय के शताब्दि समारोह तक विधि संकाय विधि शिक्षा के क्षेत्र में विश्व की गिनी चुनी संस्थाओं का प्रतिनिधित्व कर सकेगा।

शोध सहायक, विधि संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्रौद्योगिक संस्थान

डॉ० राम स्वरूप शर्मा एवं डॉ० लक्ष्मी शंकर शुक्ल

हिन्दू विश्वविद्यालय की हीरक जयन्ती के पुण्य पर्व पर इसके संस्थापक महामना पं० मदन मोहन मालवीय का श्रद्धा पूर्वक स्मरण अत्यन्त स्वाभाविक है, जो तकनीकी शिक्षा के महान शिल्पी भी रहे हैं। जिस समय में केवल 'सिविल इंजीनियरिंग' विषय को ही इंजीनियरिंग माना जाता था, उस समय सन् १९१९ में महामना मालवीय जी द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में मेकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ कराया गया। फिर उन्हीं के द्वारा सन् १९२६ ई० में इण्डस्ट्रियल केमेस्ट्री, जो अब केमिकल इंजीनियरिंग के नाम से ख्यात है, निर्मित हुआ। सन् १९२३ में माइनिंग एवं मेटलर्जी, सन् १९३६ में सिरेमिक एवं सन् १९३९ में फार्मास्यूटिक्स विभागों का क्रमशः विकास हुआ। इतने महान राष्ट्र-निर्माता, प्रबुद्ध शिक्षा शास्त्री को इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करना अपना पुनीत एवं सहज कर्तव्य है।

सन् १९६८ ई० में, इंजीनियरिंग महा विद्यालय, माइनिंग एवं मेटलर्जी महाविद्यालय एवं टेक्नालाजी महाविद्यालय के एकीकरण द्वारा प्रौद्योगिक संस्थान का निर्माण हुआ। इसकी औपचारिकता में नाना प्रकार के व्यवधान आये, परन्तु सौभाग्य से संस्थान के प्रथम निदेशक, केमिकल इंजीनियरिंग के लब्ध प्रतिष्ठित प्रोफेसर, डा० गोपाल त्रिपाठी, की प्रगाढ़ कुशलता एवं निरन्तर प्रयास से 'विजिटर' द्वारा मार्च, १९७१ में 'प्रौद्योगिक संस्थान' की वैधानिक पुष्टि हो पायी। वर्तमान समय में इस संस्थान में निम्नलिखित विभाग एवं अनुभाग हैं :—

विभाग	अनुभाग
१—सिरेमिक इंजीनियरिंग,	१—प्रयुक्त रसायन,
२—केमिकल इंजीनियरिंग एवं टेक्नालाजी,	२—प्रयुक्त गणित,
३—सिविल इंजीनियरिंग,	३—प्रयुक्त भौतिकी।
४—इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग,	
५—इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग,	
६—मेकेनिकल इंजीनियरिंग,	
७—मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग,	
८—माइनिंग इंजीनियरिंग,	
९—फार्मास्युटिक्स इंजीनियरिंग।	

इन सभी विभागों एवं अनुभागों में स्नातक कक्षा, स्नातकोत्तर कक्षा एवं शोध कार्यों के हेतु सभी प्रकार की उत्तम सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

संस्थान ने अब तक १०,००० स्नातक, ७५० स्नातकोत्तर एवं १३० पी-एच०डी० उपाधियां वितरित कर राष्ट्र के उत्थान में सहयोग देने का एक सुन्दर कीर्तिमान स्थापित किया है।

आज भारत में महान इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थानों के महत्वपूर्ण पदों का इस संस्थान द्वारा उपाधि प्राप्त शिक्षार्थी कुशलता पूर्वक संचालन कर रहे हैं ।

उदाहरणार्थ :—

डा० वाई० नायुडमा, प्रधान निदेशक, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद,
श्री के० एस० आर० चारी, सचिव, भारत सरकार, कोयला विभाग,
डा० पी० एल० अग्रवाल, जनरल मैनेजर, राउरकेला इस्पात उद्योग,
डा० पी० के० घोष, अध्यक्ष, कोयला परिषद,
डा० एस० आर० वलूरी, निदेशक, राष्ट्रीय वैमानकीय प्रयोगशाला,
डा० बी० अलटेकर, निदेशक, राष्ट्रीय धातुकर्म, प्रयोगशाला,
डा० एम० एन० दस्तूर, प्रबंधक निदेशक, दस्तूर एण्ड कंपनी,
श्री बी० एन० बालिगा, अध्यक्ष, उ० प्र० राजकीय विद्युत परिषद,
श्री० पी० जे० सिंह, विकास आयुक्त, पंजाब सरकार,
श्री एल० बी० तिवारी, सचिव, शक्ति विभाग, उ० प्र० ।

यहां के उपाधि प्राप्त शिक्षार्थियों की सूची इतनी अधिक है, जिसकी पूरी जानकारी 'कौन क्या है (who is who) देखने पर ही राष्ट्रीय स्तर पर विविध रूपों में पायी जा सकती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि महामना मालवीय के स्वप्नों को साकार रूप प्रदान करने का महान कार्य इस संस्थान द्वारा किया गया है ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा बनायी गई समिति एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा भारत के सभी तकनीकी संस्थाओं का उनके पिछले ५ वर्षों में प्रगति एवं शोध तथा विकास (Rasearch and Development) के आधार पर, चार श्रेणियों में विभाजन किया गया है । यह गौरव की बात है कि प्रौद्योगिक संस्थान को प्रथम श्रेणी म रखा गया है जो कि विश्वविद्यालय स्तर पर नहीं है, बल्कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का एक भाग है ।

सन् १९७२ ई० के पूर्व विद्यार्थियों का प्रवेश उनके अंतिम परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर होता था, जिसके कारण कुछ भागों से विद्यार्थी अधिक संख्या में आ जाते थे, धीरे-धीरे संस्थान का अखिल भारतीय स्वरूप क्षीण होने लगा था ।

सन् १९७२ ई० में डा० कालूलाल श्रीमाली जी के प्रयत्न से संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए इस संस्थान को अन्य भारतीय संस्थानों के साथ शामिल कर लिया गया । यह परीक्षा देश के २५० विभिन्न केन्द्रों पर ली जाती है । इस समय सभी स्नातकीय कक्षाओं में प्रतियोगिता द्वारा प्रवेश पाए हुए विद्यार्थी हैं । केवल फार्मास्युटिक्स विभाग में प्रवेश सीधा अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर किया जाता है, क्योंकि इस विभाग में प्रवेश पाने के लिए "जीव विज्ञान" आवश्यक विषय रखा गया है ।

प्रति वर्ष स्नातक कक्षाओं में ३१० शिक्षार्थी एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में १५५ शिक्षार्थी लिए जाते हैं ।

यह सर्व विदित है कि इस प्रकार से भरती हुए विद्यार्थी निश्चय ही अधिक प्रोत्साहित, अधिक अनुशासित एवं अधिक क्षमता वाले सिद्ध प्रतीत हो रहे हैं, जिसका अनुभव इस सत्र के अंत में औद्योगिक जगत में किया जायगा, जब इस प्रक्रिया से गुजरे विद्यार्थियों का पहला बैच निकलेगा।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा के द्वारा प्रवेश लेने के साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने स्नातक स्तर के २५% विद्यार्थियों को योग्यता एवं सुविधा (Merit Cum means) छात्रवृत्ति देना स्वीकार कर लिया। इस छात्रवृत्ति का मान १२५ रु० मासिक एवं पूर्ण शुल्क मुक्ति है। स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति का मान १९७४–७५ सत्र से २५० रु० मासिक से बढ़ा कर ४०० रु० मासिक कर दिया गया है। वर्तमान में इस प्रकार की छात्रवृत्तियों की संख्या ३०८ है, जो कि स्नातकोत्तर की प्रस्तावित संख्या बढ़ने पर ४९० हो जायेगी। विभिन्न विभागों में शोध-छात्रवृत्ति की कमी के कारण अनुसंधान कार्य में बाधाएँ थीं अतः २० शोध-छात्रवृत्तियां विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत की गई हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पांचवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष (१९७४–७५) में केवल ४ लाख रु० तथा योजना के द्वितीय वर्ष (१९७५–७६) में ५ लाख रु० ही मिलने से संस्थान में अत्यन्त कमी महसूस की गई। विजिटिंग कमेटी द्वारा हमारे विकास प्रस्तावों पर विचार करने के पूर्व ही सन् १९७६ ई० में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने संस्थान को पांचवीं योजना के अंतर्गत प्रथम अनुदान के रूप में ५०–५० लाख रुपये उपकरण एवं पुस्तकों के लिए प्रदान कर दिया है। जिससे प्राध्यापकों में कार्य के प्रति नए उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ है।

केमिकल टेकनॉलाजी विभाग (प्राद्यौगिक संस्थान)

पांचवीं योजना के अंतर्गत मौलिक अनुदान स्नातकोत्तर छात्र वृत्तियों के अतिरिक्त ४०० लाख रु० है। इसके अतिरिक्त ३ लाख रुपया प्रोटोटाइप डेवलपमेंट सेंटर के लिए मिला है तथा खनन अभियांत्रिकी के लिए ऊर्जा विभाग से ४० लाख रुपया मिला है। इस प्रकार कुल मिलाकर चतुर्थ योजना में १०६–५० लाख रुपया के मुकाबले पांचवीं योजना में ४४३ लाख रु० मिला है।

पांचवीं योजना के अंतर्गत संस्थान द्वारा निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किए गये हैं :—

(१) ऊँचे एवं महत्वपूर्ण स्तर के अनुसंधान तथा औद्योगिक प्रक्रियाओं में सहयोग देने वाले सुदृढ़ और सुप्रेरित संकाय का विकास।

(२) स्नातकोत्तर शिक्षा एवं अनुसंधान कार्यों पर अधिक बल।

(३) अन्तर-शैक्षिक अनुसंधान सुविधाओं का संस्थापन।

(४) समुचित तकनीक प्रयोगिक प्रयोजना (Alppropriate Technology Pilorprofect) का विकास।

(५) अन्तर संकाय एवं अन्तर शैक्षिक शिक्षण एवं अनुसंधान कार्यक्रम।

(६) उद्योगों के साथ घनिष्ठ सहयोग का संस्थापन।

(७) वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा सुरक्षा प्रयोगशालाओं के साथ घनिष्ठ सहयोग का संस्थापन।

प्रौद्योगिक संस्थान के विकास उद्देश्यों की पूर्ति हेतु, इस पांचवीं योजना में दृढ़ी भूत होने के अलावा विकास के कार्यक्रमों में सक्रियता लाने के निम्नलिखित प्रस्ताव रखे हैं :—

(अ) निम्नलिखित अन्तर्शैक्षिक विद्यालय/केन्द्रों का संस्थान

(१) समुचित तकनीकी एवं प्रक्तरथ (Proto type Development) केन्द्र।

(२) ऊर्जा-उच्च प्रशिक्षण केन्द्र।

(३) स्वचल यंत्रीकरण विद्यालय।

(४) वायु मण्डलीय अध्ययन केन्द्र।

(५) भू-यांत्रिकी केन्द्र।

(६) पदार्थ-तकनीकी विद्यालय।

(ब) निम्नलिखित प्रस्तावित एवं वर्तमान केन्द्रीय सुविधाओं का विकास एवं संस्थापन।

(१) निरंतर शिक्षा केन्द्र,

(२) कार्यकारी विकास केन्द्र,

(३) औद्योगिक परामर्श केन्द्र,

(४) पाठ्यक्रम विकास प्रकोष्ठ,

(५) फैकल्टी एक्सचेंज,

(६) केन्द्रीय उपकरण सेवा एवं निर्माण अनुभाग,

(७) तकनीकी संग्रहालय।

(स) निन्नलिखित अन्तर्संकाय/अन्तर्शैक्षिक पाठन एवं अनुसंधान कार्यक्रम भी प्रस्तावित किये गये हैं।

(१) जैविक अभियंत्रण,

(२) कृषि-अभियंत्रण।

औद्योगिक परामर्श का कार्य संस्थान के विभिन्न विभागों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, यद्यपि परामर्श नियमों की स्वीकृति अगस्त, १९७६ में हुई है। इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय

हैं कि कोल इंडिया लि० के लिए सिविल एवं माइनिंग विभागों द्वारा सिगरौली स्थित जयन्त तथा बीना कोयला क्षेत्र के बारे में कार्य प्रारंभ किया गया है। इस क्षेत्र का विकास रुसी सहायता द्वारा किया जा रहा है। कुछ समय पश्चात यह विश्व का सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र बन जायेगा।

भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि०, हैदराबाद के लिए Tusin Tripler Type Saturable Reactor के विकास सम्बन्धी परामर्श कार्य लेने हेतु शीघ्र ही कार्यवाही पूरी होने जा रही है।

प्रौद्योगिक संस्थान में २५० पूर्ण योग्य शिक्षक हैं जिनमें ३० प्रोफेसर, ७५ रीडर एवं १४५ लेक्चरर हैं। कुछ तो इनमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने- क्षेत्र-विशेष में पूर्ण रूप से अधिकृत विद्वान हैं। संस्थान के निदेशक, डा० सलूजा, राष्ट्रीय स्तर पर अनेक समितियों के सदस्य हैं, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में ये ही केवल एक तकनीकी सदस्य हैं, भारत अल्यूमिनियम कम्पनी में भी आप एक डाइरेक्टर के रूप में मनोनीत होकर कार्य कर रहे हैं। प्रोफेसर डा० टी० आर० अनन्तरमन, विभागाध्यक्ष, धातुकर्म (मेटलर्जी) विभाग को औद्योगिक एवं वैज्ञानि अनुसंधान परिषद द्वारा शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार, एफ०आई०सी०सी०आई० पुरस्कार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का होमी जे० भाभा पुरस्कार मिल चुका है। सरकार द्वारा भारतीय धातुकर्म दिवस पुरस्कार प्राप्त किये हुए कई लोग हैं। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षण द्वारा एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नेशनल असोसिएशनशिप पाए हुए कई लोग हैं। भारत सरकार द्वारा कुछ अध्यापक विदेशों में नियुक्त होकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। राष्ट्र भाषा को प्रोत्साहन देने के कार्य में भी संस्थान पीछे नहीं है। हिन्दी में तकनीकी पुस्तकें लिखने के अतिरिक्त उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि संस्थान के व्याख्याता डा० लक्ष्मी शंकर शुक्ल ने अपना (केमिकल इंजीनियरिंग, पी-एच०डी०) शोध प्रबंध हिन्दी में प्रस्तुत कर डिग्री प्राप्त की, जो इंजीनियरिंग एवं टेक्नालाजी के क्षेत्र में सर्वप्रथम प्रयास है।

संस्थान शिक्षकों की योग्यता वृद्धि के लिए सतत् प्रयास में रहता है। क्षमता अभिवृद्धि कार्यक्रम (Quality improvement programme) के अंतर्गत २० शिक्षक विदेश भेजे गए थे। कुछ उनमें से पी-एच०डी० लेकर वापस भी आ गये हैं, शेष इस सत्र के अंत तक वापस आ जायेंगे। इस प्रकार प्राध्यापक निश्चित ही शिक्षा एवं अनुसंधान के स्तर की वृद्धि में सहायक होंगे। इस संस्थान को भी क्षमता अभिवृद्धि में कार्यक्रम केन्द्र (Centre for Quality Improvement Programme) की मान्यता प्रदान करने हेतु शिक्षा मंत्रालय से बात-चीत चल रही है।

संस्थान में आधुनिक ढंग के अत्यन्त कुशल उपकरण अनुसंधान के लिए प्राप्य है, जैसे— फिलिप्स इ०एम०—३००, एलेक्ट्रान सूक्ष्मदर्शी यंत्र, फील्ड आयन सूक्ष्मदर्शी यंत्र, ईस्ट्रान यनिवर्सल परीक्षण यंत्र, एक्स-रे, विवर्तन उपकरण, टी०डी०सी० १२ डिजिटल कम्प्यूटर, एनालाग कम्प्यूटर, उच्च तापक्रम भट्ठियां, आधुनिक एवं स्थूल यांत्रिक परीक्षण उपकरण, प्रति रूप, भूमिगत खान जो २०० फीट गहरी है, मांस-बार-स्पेक्ट्रोमीटर, प्लाज्मा जेनरेशन उपकरण इत्यादि।

आधुनिक उपकरणों में स्कैनिंग एलेक्ट्रान, सूक्ष्मदर्शी यंत्रों का विकास कार्य, डीजल इंजनों के लिए विदेशों से मंगाए जाने वाले स्पीड-गवर्नर के बनाने एवं विकास करने का कार्य, हिन्दुस्तान स्टील के साथ विशेष इस्पातों का विकास कार्य, लाखों डिग्री तापक्रम प्रति सेकेंण्ड की शीत क्रिया द्वारा द्रव धातुकीय पदार्थों को शीघ्र ठोस में परिवर्तन करने का एक मौलक तकनीकी कार्य तथा सूर्य एवं वायु शक्ति को व्यवहारिक प्रयोग में शक्ति स्त्रोत में उपयोग करने के कार्य संस्थान में तीव्र गति से चल रहे हैं।

संस्थान ने अध्यापन एवं अनुसंधान के साथ ही साथ औद्योगिक सेवाओं पर विशेष महत्व दिया है। डीजल लोको-मोटिव वर्क्स, भारत एल्यूमीनियम कम्पनी, हिन्दुस्तान स्टील लि० कोल इण्डिया लि०, हिन्दुस्तान अल्यूमिनियम कारपोरेशन, रेणकूट, आदि अनेक उद्योगों में संस्थान ने विशेष सहयोग एवं सेवायें अर्पित की हैं।

जिस प्रकार मेडिकल कालेज में अस्पताल का कार्य रहता है, वैसा इंजीनियरिंग में भी क्लीनिक प्रोटोटाइप विकास केन्द्र खोल कर विद्यार्थियों को उसमें प्रशिक्षित करने की योजना विचाराधीन है।

इस संस्थान को विदेशों के दूसरे संस्थानों में सहयोगी-कार्य करने के लिए चुना जा चुका है। धातु कर्म विभाग द्वारा ऐसे दो कार्य विदेशों से लिए जा चुके हैं, अन्य विभागों द्वारा भी इस प्रकार का प्रयास चल रहा है।

धातुकर्म विभाग का चयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विशेष सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत उपकरणों को बढ़ाने एवं अनुसंधान को प्रगति में लाने के लिए, कर लिया गया है। आशा है कि भविष्य में अन्य विभाग भी इसी प्रकार आगे आने वाले हैं।

भारत सरकार के कोयला विभाग ने माइनिंग विभाग के विकास के लिए ४०-लाख रुपये का विशेष अनुदान देना स्वीकृत किया है। इस अनुदान से खनिज परिष्करण के लिए प्रयोगिक प्रयोजना द्वारा अध्ययन कर साधारण खनिजों से जिसमें कोयला भी है, लाभ उठाया जा जा सकता है।

विभिन्न उद्योग एवं संस्थानों, राजकीय एवं व्यक्तिगत—से प्रयास करके, अंतिम वर्ष के छात्रों का साक्षात्कार यहीं पर करवा कर उन्हें उद्योग में प्रतिष्ठित किया जा रहा है। कुछ राजकीय क्षेत्रों से स्नातक स्तर पर छात्रवृत्ति भी प्राप्त हो रही है, जिनमें कोल इण्डिया लि०, हिन्दुस्तान कापर लि० के नाम उल्लेखनीय है। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि० के साथ इस बात पर विचार चल रहा है कि वह उद्योग के लिए चतुर्थ वर्ष के छात्रों का साक्षात्कार कर चयन कर लें, तथा चयन किए छात्रों को ४००।५०० रु० प्रति माह छात्र वृत्ति देवें। ये छात्र वहां पर ट्रेनिंग लेंगे। इसी प्रकार दूसरे राजकीय उद्योग क्षेत्रों से भी प्रयास चल रहा है।

संस्थान के छात्रों को अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेने के लिए सदैव प्रोत्साहित किया जाता है। ताकि वे अपन जीवन में अधिक संतुलित मानव होकर व्यवहार करें।

आई० टी० सांस्कृतिक संघ का प्रारंभ १९७४ में हुआ। जिसमें संगीत, कला एवं ललित कलाओं में रुचि रखने वालों ने विशेष योगदान दिया। आई०आई०टी० खड़गपुर तथा आई०आई०टी० कानपुर द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय अनेक पुरस्कार इस संघ द्वारा प्राप्त किए गए हैं। इस वर्ष आई०आई०टी० कानपुर द्वारा आयोजित सांस्कृतिक उत्सव पर हमारे नाटक ने सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया। (Amateur Radio Club) की स्थापना १९७२–७३ ई० में हुई जिसके द्वारा उत्साही सदस्यों को तार-बेतार के संदेश प्राप्त करने तथा भेजने की प्रक्रिया में शिक्षित किया जाता है।

प्रौद्योगिक संस्थान द्वारा तीन बार सफलता पूर्वक प्रतिमा प्रदर्शनी (Model exhibition) का सफल आयोजन किया जा चुका है। संस्थान ने इसके ड्राइंग बोर्ड के कागज से आगे बढ़कर वास्तविक मशीन यंत्र बनाना विद्यार्थियों को सिखलाया है, जिससे वे आगे चल कर अपने स्वयं के उद्योग स्थापित करने का आतम विश्वास प्राप्त करेंगे जोकि अन्य लोगों को भी काम देने का माध्यम होगा।

खेलकूद के क्षेत्र में संस्थान के छात्रों ने अपना ऊँचा स्थान बनाए रखा है। मुक्का प्रतियोगिता ७४–७६ में विश्वविद्यालय एवं प्रदेश स्तर पर संस्थान की टीम ने चैम्पियनशिप प्राप्त की है। हमारे Judo exponents ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। आई०टी० की टेनिस टीम ने भी विश्वविद्यालय की तथा अन्य कई खुली प्रतियोगिताओं में चैम्पियनशिप जीती। नौका दौड़, एक नया कार्य जो पिछले वर्ष प्रारंभ किया गया, गति पकड़ रहा है तथा इस संस्थान की टीम ने इस वर्ष लखनऊ में आयोजित उ० प्र० रिगेटा में भाग लिया। हमारे चार विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्तर पर १९७६–७७ के लिए कैप्टेन मनोनीत किया गया है। आई०टी० मुक्केबाजी टुकड़ी के कैप्टेन ने प्रदेशीय जूनियर मुक्केबाजी टीम के कैप्टेन की हैसियत से पूना में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चैम्पियनशीप में भाग लिया। संस्थान के भविष्य के विकास कार्यक्रम में छात्रों के लिए जीमखाना खोलने का प्रस्ताव है। यदि यह स्वीकृत हो गया तो अथलेटिक असोसिएशन इस प्रकार की अतिरिक्त सुविधाएँ देने में समर्थ होगा, जैसे आच्छादित बैडमिण्टन कोर्ट, टेबिल टेनिस हाल और घिरे हुए टेनिस कोर्ट।

राष्ट्रीय सेवा योजना में भी संस्थान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस कार्य में दो सौ से अधिक छात्र एवं दो प्राध्यापक सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। इस योजना के अंतर्गत कैम्पस की सफाई, वृक्षा रोपण गांव के विभिन्न प्रकार के विकास के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां की जा रही हैं जो ग्रामीण जीवन में अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगीं।

आई०टी०, कैफेटेरिया के लिए १९६२ में अनुदान स्वीकृत हुआ था किन्तु निर्माण लागत अत्यधिक बढ़ जाने के कारण १९७२ तक काम आरंभ न हो सका। १९७२ में नीचली मंजिल तैयार हुई। अब यह प्रस्ताव है कि पहली मंजिल बनाई जाय। जिसमें संस्थान के परीक्षकों तथा मेहमानों के लिए अतिथि कक्ष हों।

काफी प्रयास के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को इस बात के लिए राजी किया गया है कि वह मेकेनिकल, केमिकल तथा मेटलर्जी विभाग के भवन विस्तार के लिए चतुर्थ योजना

के अंतर्गत मंजूर अवरुद्ध अनुदान मुक्त करदे। हाल में स्थापित इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग के विकास के लिए कुछ भाग का निर्माण पूरा किया जा चुका है।

इंजीनियरिंग कालेज का पुस्तकागार ही संस्थान के पुस्तकागार के रूप में बदल दिया गया था, किन्तु उसके फर्शी क्षेत्रफल तथा कर्मचारीगण में कोई वृद्धि नहीं की गई थी। प्रयोक्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि के कारण पुस्तकागार सेवा अपर्याप्त हो गई। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से पुस्तकागार के लिए अतिरिक्त पदों की मांग की गई जो स्वीकृत हो गई है किन्तु अभी बहुत कुछकरना बाकी है।

एन०सी०सी० को दी गई पुरानी इमारत का जीर्णोद्धार करके उसमें पुस्तकागार को स्थापित करने की योजना है। यह भवन छात्रावासों के अधिक समीप है और आशा है कि विद्यार्थीगण पुस्तकागार का और अच्छा प्रयोग कर सकेंगे। पांचवीं योजना के अंतर्गत पुस्तकागार के लिए ५० से ६० लाख रुपये के अनुदान की आशा है।

संगीत एवं ललितकला संकाय

ओम प्रकाश चौरसिया

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का संगीत एवं ललित कला संकाय सम्प्रति संगीत एवं कला के क्षेत्र में राष्ट्र के लिए एक गौरवपूर्ण संस्था है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इसका अपना विशिष्ट स्थान है। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की कल्पना-ज्योति का साकार रूप श्रीकला संगीत भारती (कालेज आफ म्यूजिक एण्ड फाइन आर्टस) के नाम से सन् १९५० में सामने आया जिसके संस्थापक प्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित ओंकार नाथ ठाकुर थे।

सन् १९६५–६६ में इस महाविद्यालय के दो प्रविभाग वन गये—१. संगीत प्रविभाग, २. ललित कला प्रविभाग। प्रत्येक प्रविभाग में ३–३ विभागों का सृजन हुआ। संगीत प्रविभाग के अंतर्गत—कण्ठ संगीत विभाग, वाद्य संगीत विभाग, संगीत शास्त्र विभाग तथा ललित कला प्रविभाग में चित्रकला विभाग, मूर्तिकला विभाग, व्यवहारिक कला विभाग हैं।

संगीत प्रविभाग

१. वाद्य संगीत विभाग—यह विभाग ख्यातिलब्ध 'विचित्र वीणा' के उपासक डा० लालमणि मिश्र के निर्देशन में प्रगति कर रहा है।

सम्प्रति डा० मिश्र ही इस विभाग के अध्यक्ष एवं संकाय प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त २ रीडर एवं ८ प्रवक्ता भी इस विभाग में सेवारत हैं।

साथ ही इस विभाग में ४ तवला संगतकार, एक लिटरेरी असिस्टेंट, एक हिन्दी टाइपिस्ट तथा एक वाद्य निर्माता एवं मरम्मतकर्ता भी कार्यरत हैं।

डा० लालमणि जी के निर्देशन में सामगान तथा भक्ति संगीत ध्वन्यंकन योजना के अंतर्गत एक शोध सहायक भी कार्यरत हैं। उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत के वाद्यों का समन्वय इस विभाग की विशेषता का परिचायक है।

इस विभाग में दो प्रकार की डाक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त करने की सुविधा है जिससे वहुत से विद्वान और छात्र लाभान्वित होते रहते हैं।

विभाग में विभिन्न प्रकार के प्राचीन एवं अर्वाचीन वाद्यों का एक संग्रहालय है जिसे देखने के लिए देश-विदेश के शोधकर्ता आते रहते हैं। विभाग के विद्वानों द्वारा उच्च कोटि के प्रकाशन कार्य एवं शोध प्रबंध संगीत जगत में प्रशंसित हुए हैं। जिनमें डा० लालमणि मिश्र का 'भारतीय संगीत वाद्य' अद्वितीय है। छात्रों एवं विद्वानों के सुविधार्थ प्रायः दो सहस्त्र पुस्तकों का संकलन वाद्य विभाग के विभागीय पुस्तकालय में विद्यमान हैं। विभिन्न सांगीतिक पत्रिकायें और कुछ पाण्डुलिपियाँ भी हैं।

इस प्रकार वाद्य संगीत विभाग वाद्य एवं संगीत के क्षेत्र में अध्ययन एवं शोध-प्रबन्ध के लिए उत्तमोत्तम सुविधा प्रस्तुत कर रहा है। विद्यार्थियों, छात्रवृत्तियों, आधुनिकतम समृद्ध पुस्तकालय एवं योग्यतम अध्यापकों से अलंकृत वाद्य विभाग संगीत जगत् की प्रोन्नति में तत्पर एवं सेवारत है।

२. कण्ठ संगीत विभाग—इस विभाग में २ रीडर एवं ६ प्रवक्ता कार्यरत हैं।

इसके अतिरिक्त इस विभाग में ४ तबला संगतकार भी हैं।

इस विभाग में भी दो प्रकार की डाक्टरेट की उपाधियां प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है—१. सिद्धान्त पक्ष (पी-एच०डी०), २. व्यवहार पक्ष (डी०म्यूज०)। विभागीय पुस्तकालय में संगीत संबंधी लगभग १५०० पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं आदि का संकलन है।

३. संगीत शास्त्र विभाग

वर्तमान संगीत शास्त्र विभाग पूर्ववर्त्ती श्री कला संगीत भारती (College of music and Fine Arts) के तीन भिन्न-भिन्न विभागों में (कण्ठ, वाद्य संगीत एवं संगीत शास्त्र विभाग) विभक्त होने के फलस्वरूप सन् १९६६ में अस्तित्व में आया।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ही वास्तव में भारत में सबसे पहला विश्वविद्यालय रहा है जिसमें संगीत शास्त्र के सिद्धान्प पक्ष को पढ़ने-पढ़ाने और अनुसंधान के क्षेत्र में उसकी महत्ता स्वीकारते हुए एक स्वतंत्र विभाग स्थापित किया गया। इस गौरवमयी कल्पना का श्रेय मूलतः संस्था के संस्थापक स्वर्गीय पं० ओंकार नाथ ठाकुर की दूरदर्शिता को दिया जा सकता है जिन्होंने संगीत के प्राचीन सिद्धान्त एवं आधुनिक प्रयोग में बढ़ती हुई विषमता को पहिचानते हुए श्री कला संगीत भारती के अभिन्न अंग के रूप में एक शोध कक्ष की योजना सन् १९५० ई० से ही प्रो० एलैन डैनेल्यू के सहयोग से बनायी जिन्होंने सन् १९५३ तक इस दिशा में कार्य किया।

इस विभाग के दो अंग हैं एक शैक्षणिक और दूसरा अशैक्षणिक। शैक्षणिक कार्य के लिये दो अध्यापिकायें हैं—

(i) संगीत सिद्धान्त और शोध में रीडर

(ii) संस्कृत अध्यापिका

इनके अतिरिक्त दो शोध-सहायक, एक विशेष सहायक एवं एक वरिष्ठ लिपिक हैं जो अशैक्षणिक अङ्ग के सदस्य हैं। यह विभाग पी-एच० डी० के अतिरिक्त दो पाठ्यक्रम प्रस्तुत करता है एक पूर्व स्नातक स्तर पर दूसरा उत्तर स्नातक स्तर का जो क्रमशः डिप्लोमा इन म्यूजिक एप्रीसिएशन (दो वर्ष) तथा एम० म्यूज इन म्यूजिकोलोजी (दो वर्ष) का है। इस प्रकार के पाठ्यक्रम भारत के किसी भी अन्य विश्वविद्यालयों में उपलब्ध नहीं हैं। भारत में संगीत शिक्षा के क्षेत्र में ये दोनों पाठ्यक्रम अपने मूल संस्कार एवं बौद्धिक अनुशासन में विलक्षण हैं।

उक्त डिप्लोमा कोर्स श्रोत्र-निर्दिष्ट पाठ्यक्रम है जो विश्व-विद्यालय के विभिन्न संकायों के अन्तर्गत विविध विषयों के अध्येताओं तथा विश्वविद्यालय के सभी कार्यकर्त्ताओं को शास्त्रीय संगीत को सुनने-समझने और उसके रसास्वादन का महत्व बोध कराने के लिए रचा गया है। म्यूजिकोलाजी का मास्टर्स कोर्स भारतीय संगीत के क्षेत्र में संगीत शास्त्रियों (musicologist) को उत्पन्न करने के लिए परिकल्पित है। यह एक विशिष्ट पाठ्यक्रम है जो छात्रों को रिसर्च स्तर के अध्ययन के लिए तैयार करता है।

इस समय इस विभाग में पांच शोध-कर्त्ता विभिन्न विषयों पर कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त एक पुस्तकालय (शोध सामग्री संकलन व अप्राप्य अप्रकाशित ग्रन्थों की पाण्डुलिपियों का संग्रह एवं इन्डैक्स आदि) का संग्रह भी है। भारत सरकार द्वारा उच्चस्तरीय पुस्तक लेखन योजना के अन्तर्गत श्री शार्ङ्गदेव के 'संगीत रत्नाकर' नामक ग्रन्थ का आलोचनात्मक टिप्पणी सहित अंग्रेजी अनुवाद का कार्य प्रगतिशील है और इसका प्रथम खण्ड मुद्रित हो रहा है। शोध कक्ष के नियन्त्रण में निम्नलिखित शोध प्रयत्न किये गये हैं :—

१—संगीत विषयक अप्रकाशित ग्रन्थों का संग्रह, उनका मूल ग्रन्थों से मिलान, शोध एवं प्रकाशन करना।

संगीत महाविद्यालय

२—संगीत के उच्च कोटि के मानक ग्रन्थों (Standard) का हिन्दी, अंग्रेजी तथा अन्य प्रान्तीय भाषाओं में अनुवाद।

३—शोध कार्यों के लिए प्रारम्भिक सामग्री संग्रह करना, विषय सूची, श्लोकानुक्रमणिका, शब्दानुक्रमणी (सन्दर्भिका Bibliography) इत्यादि आनुषंगिक कार्य तैयार करना।

इस विभाग के अन्तर्गत प्रकाशन कार्य—

१—शोधकक्ष में अब तक एक शोध पत्रिका नादरूप दो भागों में प्रकाशित हुई जिसका प्रथम भाग शोध कक्ष के शोध प्रयत्नों का परिचायक है, और दूसरा आंशिक रूप से।

२—इस विभाग का सबसे महत्वपूर्ण कार्य विभागाध्यक्षा डा० प्रेमलता शर्मा द्वारा सम्पादित महाराणा कुम्भकर्ण विरचित संगीतराज नामक उत्कृष्ट ग्रन्थ का प्रकाशन है जिसका प्रथम भाग प्रकाशित हो चुका है और दूसरा भाग यन्त्रस्थ है जो शीघ्र ही ग्रन्थ रूप में सामने आयेगा।

विभाग में शोध कर्त्ताओं को प्रेरणा देने के लिए इधर एक नवीन योजना प्रारम्भ की गयी है जिसमें नियमित रूप से शोध पत्र पढ़ने का एक कार्यक्रम रखा गया है। इसके अतिरिक्त प्रति वर्ष उज्जैन में होने वाले 'कालिदास समारोह' में सन् १९७३–७४ और १९७५–७६ में

आयोजकों द्वारा आमन्त्रित 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के दल के अङ्ग के रूप में इस विभाग के दल ने भाग लिया। प्रथम अवसर पर यह दल 'स्वर्ण कलश' से सम्मानित हुआ और १९७५-७६ के समारोह में 'मालविकाग्निमित्रम्' नामक नाटक का मंचन किया गया जिसको अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई और १९७७–७८ में संस्कृत अकादमी उत्तर प्रदेश के अनुरोध पर महाकवि भवभूति विरचित 'उत्तर रामचरितम् का वाराणसी और लखनऊ में सफल मंचन करने में विभाग का विशिष्ट योगदान रहा। प्राचीन संगीत शास्त्रीय विधानों को प्रयोगात्मक रूप से प्रत्यक्ष करने की दिशा में गीत-प्रवन्धों का निर्माण तथा सम्पूर्ण पूर्वरङ्ग का उद्धार विभाग की नवीन गतिविधि है।

अपने अस्तित्व के अल्प काल में ही विभाग ने एक समृद्ध पुस्तकालय का निर्माण कर लिया है जिसमें लगभग दो हजार महत्व पूर्ण पुस्तकें एवं १०० के लगभग अमुद्रित हस्तलिखित पाण्डुलिपियां संग्रहीत हैं। संगीत सम्वन्धी पुस्तकों का ऐसा व्यापक एवं सुव्यवस्थित संग्रह अन्यत्र दुर्लभ है।

समय-समय पर देश के विभिन्न भागों से एवं विदेशों से भी विद्वान् एवं शोधार्थी इस विभाग में मार्ग दर्शन के लिए आते रहते हैं और आज भी आ रहे हैं। इस प्रकार संगीत शास्त्र विभाग म्युजिकॉलौजी के क्षेत्र में अध्ययन एवं शोध के लिए अद्वितीय सुविधायें प्रस्तुत कर रहा है। अधिकारी विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त छात्र वृत्तियां, आधुनिकतम समृद्ध पुस्तकालय, योग्यतम अध्यापक एवं व्यवस्थित शोध-कक्ष से सुसज्जित यह विभाग संगीत जगत् की सेवा में तत्पर है।

ललितकला प्रविभाग—

ललित कला के विकास का वह प्रारंभिक स्वरूप याद आता है जब रूइया छात्रावास (का० हि० वि० वि०) के एक छोटे से कमरे में इसकी शिक्षा दी जाती थी। इसका श्रीगणेश श्री एलेन दन्यालू (उर्फ श्रीशिवशरण) जी ने जो एक फ्रांसीसी थे किया। दो-चार विद्यार्थियों से यह विद्यालय शिशु रूप में चलता रहा। इसका स्वरूप मात्र सायंकालीन विद्यालय का था। पं० ओंकारनाथ ठाकुर ने १९५० में इसे एक विद्यालय का रूप दिया। वे इसके प्रथम आचार्य थे। संगीत के पुजारी होने के नाते उनके कार्यकाल में संगीत विद्यालय का विकास हुआ परन्तु ललित कला महाविद्यालय उपेक्षित सा अपनी लघुता में सिमटा भविष्य का प्रतीक्षक वना रहा। इसी समय इसके इंचार्ज के रूप में श्री जे० एम० अहिवासी आये और उन्होंने कुछ लोगों की नियुक्तियां इन्स्ट्रक्टर के रूप में की। कला शिक्षण की स्थिति पुरानी विचार धाराओं से ही सम्वद्ध थी फिर भी विद्यार्थी संघर्षरत रहे। अहिवासी जी के प्रयास से कला भवन के अहाते में चार कमरों का शेड वनाया गया जिसमें विद्यालय ने स्वतंत्र रूप से स्वांस लेना शुरू किया। उस समय डिग्री के स्थान पर जूनियर डिप्लोमा एवं सीनियर डिप्लोमा (दो-दो वर्षों का) दिया जाता था। व्यवसायिक कला को छोड़कर सभी कलायें पढ़ायी जाती थीं। डिप्लोमा केवल चित्र कला में दिया जाता था। वाद में अहिवासी जी के प्रयास से मूर्तिकला में भी डिप्लोमा खुला इस समय तक व्यवसायिक कला की शिक्षा शुरू हो गई थी। इसके डिप्लोमा की कोई व्यवस्था नहीं थी। डिप्लोमा का अस्तित्व १९६२ तक चला।

विद्यालय के भाग्य ने करवट ली और वरदान के रूप में गवर्मेन्ट का एक कमीशन विद्यालय के उद्धार के लिए आया जिसके इन्चार्ज देश के महत्वपूर्ण कलाकार श्री वेन्द्र थे। उसमें दो प्रमुख कलाकार और भी थे जैसे श्री शंखो चौधरी और श्री बी० आर० अम्बेडकर, साथ ही सरकार का एक प्रतिनिधि था। इस प्रकार चार व्यक्तियों के इस कमीशन ने अपनी रिपोर्ट सरकार को दी। इसे आल इण्डिया टेक्निकल वोर्ड से जोड़ा गया और उससे अनुदान की सिफारिश की गई।

विद्यालय के लिए सन् १९६६ का वर्ष बड़ा महत्वपूर्ण रहा। टेक्निकल वोर्ड ने अनुदान प्रदान किया जो लिखित रूप से फाइलों के बीच सिमट कर रह गया। पं० ओंकार नाथ जी के वाद श्री देवधर जी प्राचार्य के स्थान पर आये, इन्हीं के समय में विद्यालय तीन विभागों वाला वन गया। जिसमें (अ) व्यवहारिक कला (अप्लाइड आर्ट) (व) चित्र कला (पेन्टिंग) (स) मूर्तिकला (स्कल्पचर) है। डिप्लोमा ने डिग्री का स्थान ग्रहण किया। श्री देवधर जी के समय में ही डिग्री का प्रथम वैच निकला। डिग्री में दो वर्षों तक तीनों विभागों में पढ़ना पड़ता है। तीसरे वर्ष में किसी एक विभाग का वरण करना पड़ता है और उसे तीन वर्षों तक स्पेशलाइजेशन करने के वाद डिग्री प्रदान की जाती है। देवधर जी की सेवा निवृत्ति के वाद संगीत एवं ललित कला के प्रशासनिक अधिकारी के रूप में श्री ज्योति भूषण गुप्त जी ने स्थान ग्रहण किया। इन्हीं के समय में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार प्रो० के० एस० कुलकर्णी चित्रकला विभाग में प्रो० के पद पर आये। दूसरे विभागों में भी नियुक्तियां हुई। प्रो० कुलकर्णी के ही समय में संगीत एवं ललित कला दोनों मिल कर संकाय (फैकल्टी) में वदल गये और प्रो० कुलकर्णी इस फैकल्टी के सर्वप्रथम संकाय प्रमुख हुए। अनुदान मिल चुका था लेकिन पैसा लैप्स होने के कगारं पर था। जरूरत थी एक विशिष्ट व्यक्तित्व वाले व्यक्ति की। कालेज भाग्यशाली था उसे ऐसा व्यक्ति मिल चुका था। ग्रान्ट लैप्स होने के पहले ही प्रो० कुलकर्णी के प्रयास से उसे वचा लिया गया। संगीत कालेज के वगल में वाटेनिकल गार्डेन में नींव पड़ चुकी थी परन्तु फिर से विचारवदल गया और सन् १९६८ में कला भवन के वगल में विद्यालय की नींव डलवायी गयी। भवन का निर्माण वड़ी तेजी में शुरू हुआ। प्रो० कुलकर्णी की कलात्मक अन्तर्दृष्टि विद्यालय के कण-कण में समायी हुई है। इस विद्यालय को वर्तमान स्वरूप देने में इन्होंने अथक परिश्रम किया है।

प्रो० कुलकर्णी का योगदान शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं योजनावद्ध रहा है। आपने ललित कला के विकास के हर पक्ष पर अपने अनुभव की छाप छोड़ी है। ललित कला महाविद्यालय में स्वस्थ्य परंपराओं का सूत्रपात किया है। आज यहां का विद्यार्थी उनके प्रयास के कारण दुनियां का कला संवंधी किसी भी प्रकार का ज्ञान प्राप्त कर सकता है एवं दुनियां के किसी भी विद्यालय से पास होने का लाभ ले सकता है। पांच वर्षों के कोर्स को इन्टीग्रेटेड कर उन्होंने डिग्री का और महत्व वढ़ा दिया है। अर्से से चले आ रहे पारंपरिक शिक्षण पद्धति में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया गया है। अक्सर अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की गोष्ठी बुलाना, कला शिक्षण पर विचार विनिमय करना, विद्यार्थियों को निर्भीक वनाना एवं उनके अन्दर छिपी कलात्मक शक्ति को जागृत कराने का प्रयास चलता रहता है।

ललित कला महाविद्यालय शिक्षण के दौड़ में पीछे न रहे यह बात संकाय प्रमुख, डा० लालमणि मिश्र के मन में सदैव विद्यमान रही है। चित्रकला में एम०एफ०ए० १९७३ म प्रारंभ हुआ और एम० एफ० ए० चित्रकला का प्रथम वैच १९७४ में निकला। चित्रकला की यह उपलब्धि बड़ी महत्वपूर्ण रही। श्री रवीन्द्रनाथ मिश्र को प्रथम नेशनल कल्चरल स्कालरशिप पेन्टिग में प्राप्त हुई जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। पूरे देश में इस प्रकार की ५ स्कालरशिप कलाकारों को प्राप्त हुई थी।

अन्य विभागों में एम०एफ०ए० किन्हीं कारणों बस दो वर्ष बाद खुला। इसके बीच में ही जब प्रो० कुलकर्णी विदेश मे थे अप्लाइड आर्ट में डेपुटेशन पर श्री ज्योतिष भट्टाचार्यजी तीन वर्षों के लिए प्रो० के पद पर आये जिनका विद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में श्री शंखी चौधरी आये और प्रो० कुलकर्णी के सहयोग से मूर्तिकला विभाग को एक दिशा दी। प्रो० कुलकर्णी के प्रयास से तीन विभागों में लगभग २०—२१ लोगों का समुदाय अध्यापन रत है। लगभग १५० विद्यार्थियों का यह विद्यालय प्रगति की ओर बढ़ रहा है। यहां प्रति वर्ष ३० रेगुलर एवं ३ कैजुअल विद्यार्थियों की भर्ती होती है। दो वर्षों तक विद्यार्थी हर विभागों में अध्ययन करता है और तीसरे वर्ष किसी एक विभाग का वरण करता है। इस प्रकार बी० एफ० ए० की डिग्री प्रदान होती है। तीसरे वर्ष में १२ स्थान चित्रकला विभाग मे जिसमे की विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ही चित्रकला से बी० ए० पास विद्यार्थियों की भर्ती होती है। १२ स्थान व्यवहारिक कला में एवं ६ स्थान मूर्तिकला विभाग में है। पोस्टग्रेजुएट कक्षाओं में हर विभाग में पांच विद्यार्थी लिए जाते हैं। लगभग ३ वर्षों तक सायंकालीन कक्षायें भी चालू की गयी थीं लेकिन अनुदान न मिलने से बन्द कर देनी पड़ी। इसका एक वैच भी निकल चुका है।

यहां के अध्यापक एवं विद्यार्थियों को देश तथा विदेशों के बहुत सारे महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हो चुके है और भविष्य में भी बहुत आशायें हैं। किसी भी ललित कला विद्यालय में जितने भी प्रकार की शिक्षा संबंधी सुविधायें हो सकती है यहां विद्यमान हैं। मूर्तिकला विभाग के लिए बड़ी-बड़ी मशीनरियां, व्यवहारिक कला विभाग के लिए आवश्यक यंत्र पूरे विद्यालय के लिए पेपर, रंग आदि की सुविधायें अपना महत्व रखती हैं। यहां से प्रो० कुलकर्णी के प्रयास के कारण विद्यार्थियों को कला सामग्रियां प्रदान की जाती है। प्राध्यापकों के लिए भी सामाग्रियां कक्षाओं में डिमान्स्ट्रेशन एवं शोधकार्य के लिए प्रदान की जाती है। दुनियां की कला संबंधी बहुत सारी पत्रिकायें मंगाई जाती हैं, कला संबंधी फिल्म्स का प्रदर्शन किया जाता है। देश तथा विदेशों के महत्वपूर्ण ललित कला के विद्वानों का प्रवचन एवं डिमान्स्ट्रेशन कराया जाता है।

विद्यालय में वर्ष के अन्त में आर्ट-फेयर का आयोजन होता है जिसमें विद्यार्थियों के कार्यों को तथा प्राध्यापकों की कृतियों को बिकने के लिए रखा जाता है। इस प्रकार एक तरह से कला वस्तुओं की बिक्री का अवसर मिलता है एवं आगे के लिए प्रेरणा मिलती है साथ ही जन रुचि पैदा करने का अभिप्राय मिलता है। इस मेला से प्राप्त धनराशि का सदुपयोग गरीब विद्यार्थियों के हित मे किया जाता है। फेयर से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलता है और

समाज में आर्ट के माध्यम से खड़े होने का साहस। रेखा-चित्र प्रदर्शिनयां भी लगाई जाती हैं जिसमें पुरस्कार के रूप में विजयी छात्रों को धनराशि की प्राप्ति होती ह और उन्हें प्रोत्साहन मिलता है।

ललित कला अकादमियाँ कलाकारों के लिए महत्व रखती हैं लेकिन बड़ी विडम्बना की बात है कि विद्यार्थियों को उसके संबंध में जानकारी नहीं रहती। फलस्वरूप वे उसके अधिकारिक लाभ से वंचित रह जाते हैं। प्रो० के० एस० कुलकर्णी ने ललित कला अकादमी (उ० प्र०) के अध्यक्ष होने के नाते अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करके अकादमी की वार्षिक प्रदर्शनी यहां लगवाई जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हुए एवं अधिक संख्या में देश के प्रदर्शिनियों में भाग लेने को प्रवृत्त हुए। आज यहां का कला के प्रति इमानदार विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बड़े साहस के साथ अपने कदमों पर खड़ा हो सकता है और कला के माध्यम से देश को लाभ पहुँचा सकता है। यह सब कुछ यहां के विशेष पद्धति का प्रतिफल है। यहां के उत्तीर्ण, विद्यार्थी अध्यापक से लेकर आर्ट विजुलाइजर, टेक्स्टाइल डिजाइनर, म्युरल पेन्टर एवं स्वतंत्र चित्रकार हैं और वह दिन दूर नहीं जब यहां के विद्यार्थी कला जगत में छा जायेंगे क्योंकि उन्हें कला के प्रति एक उचित दृष्टि दी जाती है।

इस प्रविभाग में विद्यार्थियों की सुविधाओं का बहुत ध्यान रखा जाता है जो अन्यत्र देखने में दुर्लभ है। एक वृहद् पुस्तकालय, प्रदर्शनी भवन, कामन रूम्स, खेलों की सुविधायें आदि उपलब्ध हैं।

संगीत एवं ललित कला संकाय इस विश्वविद्यालय का एक आकर्षण है। वर्ष भर जहां एक ओर संगीत के रंगारंग कार्यक्रम होते रहते हैं वहीं दूसरी ओर विभिन्न प्रकार की देश-विदेश की प्रदर्शनियां होती रहती हैं। इस संकाय के विद्यार्थी जहां एक ओर विद्यार्थी के रूप में शिक्षा अर्जित करते हैं वहीं दूसरी ओर व्यवसायिक स्तर पर भी संगीत एवं कला के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।

शोध सहायक
वाद्य संगीत विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

———

चिकित्सा विज्ञान संस्थान

राम आधारलाल

यदि कभी मनुष्य जाति को मानसिक, शारीरिक एवं नैतिक उत्थान द्वारा ऊपर उठाया गया तो वह कार्य चिकित्सा विज्ञान सम्पन्न करेगा।

—डेसकार्टेस

संक्षिप्त इतिहास

आज का चिकित्सा विज्ञान संस्थान शुरू में कालेज आफ मेडिकल साइन्सेज के नाम से प्रारम्भ हुआ। महामना मालवीय जी के स्वप्नों के अनुसार कालेज आफ मेडिकल साइन्सेज का यह आदर्श था कि भारतीय चिकित्सा विज्ञान को योरोपीय चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ पढ़ाया जाय ताकि भारतीय चिकित्सा पद्धति, आधुनिक चिकित्सा पद्धति एवं शल्य क्रिया से लाभान्वित हों।

प्रारम्भ में आयुर्वेदिक विभाग विश्वविद्यालय के प्राच्य विद्या एवं धर्म विज्ञान संकाय का एक अंग था। सन् १९२४-२५ में आयुर्वेद कालेज ने स्वतंत्र रूप से प्राच्य विद्या संकाय के अन्तर्गत कार्य आरम्भ किया। तत्पश्चात् सन् १९२८ से मेडिसीन एवं सर्जरी (आयुर्वेद) का विकास हुआ।

आयुर्वेद कालेज के स्नातक पाठ्यक्रम को समाप्त कर उसके स्थान पर कालेज आफ मेडिकल साइन्सेज का प्रारम्भ १९६० में हुआ। परिणामतः देश भर के आयुर्वेदिक कालेज के विद्यार्थियों ने अपने अधिकारों के लिए आन्दोलन प्रारम्भ किया। आधुनिक चिकित्सा शिक्षा के उत्तरोत्तर वृद्धि से देश भर में अधिक से अधिक मेडिकल कालेज खुलने लगे। आयुर्वेद स्नातकों के लिए क्षेत्र संकुचित हो गया। पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों के समावेश का पूर्व प्रयास और तत्पश्चात् आयुर्वेदाचार्य एवं बैचलर आफ मेडिसिन एवं सर्जरी की डिग्रीप्रदान किया जाना लाभदायक सिद्ध नहीं हुआ यद्यपि शैक्षणिक दृष्टि से उनका प्रशिक्षण उच्चस्तर का था। अतः इस दृष्टि को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने स्नातक स्तर पर आधुनिक चिकित्सा पद्धति के आधार पर शिक्षा प्रदान करने हेतु काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सर्वतोमुखी मेडिकल कालेज की स्थापना की। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जून सन् १९६० में इस विश्वविद्यालय में एक मेडिकल कालेज की स्थापना की अनुमति दी और सितम्बर १९६० में चिकित्सा विज्ञान कालेज की स्थापना हुई।

फिर भी स्नातकोत्तर स्तर पर भारतीय चिकित्सा पद्धति के अध्ययन हेतु लोगों के मन में विचार उत्पन्न हुआ। अतः स्नातकोत्तर चिकित्सा विज्ञान संस्थान के स्थापना के विचार को कार्यान्वित किया गया और १९६३ में स्नातकोत्तर चिकित्सा विज्ञान संस्थान की स्थापना हुई। साथ ही साथ आयुर्वेदिक मेडिसिन में स्नातकोत्तर कोर्स (डी० ए० वाई० एम०) को प्रारम्भ किया गया। शल्य शालक्य (सर्जरी), काय चिकित्सा (मेडिसिन), प्रसूति तंत्र (आब्स्टे-ट्रिक्स एवं गायनेकोलाजी), द्रव्यगुण (वानस्पतिक, भैषज्य अध्ययन) एवं मौलिक सिद्धान्त

ये पांच विभाग आरम्भ किये गये। स्नातकोत्तर संस्थान में मेडिसिनल केमेस्ट्री कक्ष को भी विभागीय स्तर पर रक्खा गया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की एक समिति की सिफारिस पर विश्वविद्यालय की कार्यकारणी समिति ने १९७१ में मेडिकल कालेज एवं आयुर्वेदिक मेडिसिन के समस्त विभागों को एक करके चिकित्सा विज्ञान संस्थान की स्थापना का निश्चय किया। स्नातकोत्तर आयुर्वेदीय संस्थान को समाप्त कर दिया गया एवं मेडिकल कालेज के प्रथम प्राचार्य डा० के० एन० उडुपा ने चिकित्सा विज्ञान संस्थान के प्रथम निदेशक के रूप में भार ग्रहण किया। विगत १५ वर्षों में कालेज (सम्प्रति संस्थान) की आशातीत उन्नति प्रो० के० एन० उडुपा के अथक परिश्रम का परिचायक है।

आवास

आरम्भ में आयुर्वेदिक कालेज के छोटे भवन में मेडिकल कालेज ने अपना कार्य आरम्भ किया। संस्कृत महाविद्यालय की पहली मंजिल में प्रशासनिक कार्यालय, पुस्तकालय, कला एवं छाया कक्ष तथा निवारक एवं सामाजिक मेडिसिन विभाग कार्य करता रहा। आयुर्वेदिक उद्यान के भवन के दो ब्लाकों में भैषज्य एवं शरीर क्रिया विभाग की स्थापना की गयी। लगे हुए समीपस्थ ब्लाक में शरीर रचना, बायोकेमेस्ट्री एवं बायोफिसिक्स और पैथालाजी विभाग रक्खे गये तथा क्लिनिकल विभागों को सर सुन्दर लाल चिकित्सालय में रक्खा गया। उस समय लेक्चर के लिए कमरे पर्याप्त न थे। शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों को एक जगह से दूसरी जगह दौड़ना पड़ता था। इन अभावों के बावजूद कालेज उत्तरोत्तर वृद्धि करता गया एवं इसे भारतीय मेडिकल काउन्सिल से मान्यता प्राप्त हुई। इसने अपने शैशव काल में ही ब्रिटिश मेडिकल काउन्सिल द्वारा मान्यता प्राप्त की। यह उपलब्धि कालेज के शिक्षक एवं विद्यार्थियों के अथक प्रयास का फल है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संस्थान को १·५० करोड़ रुपए का अनुदान भवन निर्माण, छात्रावास (लड़के एवं लड़कियों), शिक्षक आवास तथा औजार एवं पुस्तकों के क्रय करने के लिए स्वीकृत हुआ। कालेज का मुख्य भवन १९६७ में बनकर तैयार हुआ। १९६७ में वसंत पंचमी के अवसर पर कालेज पुस्तकालय के नए भवन में आ जाने से कालेज का कार्य शुरु हो गया। इसी वर्ष सबसे पहले नये भवन में बायोकेमेस्ट्री एवं बायोफिजिक्स विभाग आया और उसके अनन्तर अन्य विभाग आये। नवीन तीन मंजिले भवन में चार ब्लाक के अन्तर्गत संस्थान के सभी विभाग, विभिन्न प्रयोगशालाएं, अध्यापन कक्ष, अजायब घर और पुस्तकालय सम्मिलित हैं। दूसरे सहायक ब्लाक जैसे गैसहाउस, एनिमल हाउस, वर्कशाप बाद में बने। मुख्य भवन के समीप ही नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र, मेडिकल एनक्लेव (शिक्षक आवास) छात्र एवं छात्राओं हेतु छात्रावास, हाउस सर्जन एवं नर्स छात्रावास स्थित हैं। दूसरा मेडिकल एनक्लेव (शिक्षक आवास) विश्वविद्यालय परिसर से लगा हुआ बन कर तैयार हो गया है।

विभाग एवं कक्ष

विभाग—१ एनेसथिसियोलॉजी २ शरीर रचना ३ आयुर्वेद ४ मौलिक सिद्धान्त ५. बायोकेमेस्ट्री, ६. बायोफिजिक्स, ७. दन्त शल्य, ८. द्रव्य गुण, ९. कान, नाक

एवं गला, १०. फारेन्सिक मेडिसिन, ११. काय चिकित्सा, १२. मेडिसिनल केमेस्ट्री, १३. मेडिसिन, १४. माइक्रोवायोलाजी, १५. आब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलाजी, १६. आप्थलमोलाजी, १७. अस्थि, १८. पेडियाट्रिक्स, १९. पैथोलाजी, २०. फामकोलाजी, २१. शरीर क्रिया, २२. प्रसूति तंत्र, २३. प्रिवेन्टिव एवं शोसल मेडिसिन, २४. साइ-क्रियाट्री, २५. रेडियालॉजी, २६. रेडियो थेरापी एवं विकिरण, चिकित्सा केन्द्र २७. शल्य शालक्य, २८. सर्जरी।

कक्ष

१. कार्डियालाजी, २. कार्डियोथोरासिक सर्जरी, ३. इन्डोक्रिनोलाजी, ४. गैस्ट्रोएन्टेरोलाजी, ५. नेफ्रोलाजी, ६. न्यूरोलाजी, ७. न्यूरोसर्जरी, ८. पेडियाट्रिक सर्जरी, ९. प्लास्टिक सर्जरी, १०. चर्म, ११. ट्यूवरकुलोसिस एवं चेस्ट रोग, १२. यूरोलाजी।

पाठ्यक्रम

जैसा कि पहले कहा जा चुका है प्रारम्भ में संस्थान (उस समय कालेज) में एम०बी०बी० एस० (वेचलर आफ मेडिसिन एवं वैचलर आफ सर्जरी) का स्नातक प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों का प्रथम प्रवेमेंश १९६० हुआ एवं ४० विद्यार्थियों का वार्षिक प्रवेश स्थिर किया गया। १९६२ में आपात स्थिति के समय विद्यार्थियों का प्रवेश ६० कर दिया गया और इसे पुनः वढ़ा कर ७० कर दिया गया जो कि १९६८–६९ तक चलता रहा। जुलाई १९६९ से एक समिति की सिफारिश पर कि संस्थान अधिक से अधिक स्नातकोत्तर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान पर जोर दे इस कारण प्रवेश घटाकर ५० कर दिया गया। एम०वी०वी०एस० स्नातक विद्यार्थियों का प्रथम दल १९६५ में पास होकर निकला। अद्यावधि (अप्रैल १९७६ तक) एम०वी०वी०एस० के ६८१ स्नातक इस कालेज से उत्तीर्ण हो चुके हैं।

संस्थान (उस समय कालेज) ने १९६३–६४ से अपने 'सेवारत' अध्यापक वर्ग के लिए चुने हुए विशेषताओं में स्नातकोत्तर (एम०डी०/।एम०एस० पाठ्यक्रम) प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ किया। आने वाले वर्षों में अनेक स्पेसलिस्टों की सुविवा प्रदान की गई। साथ ही साथ कुछ स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किये गये। सितम्वर १९६८ में मेडिकल काउन्सिल आफ इंडिया के निरीक्षक ने स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए सुविधाओं के आंकलन हेतु कालेज का निरीक्षण किया। तदुपरान्त भारतीय चिकित्सा परिषद् (मेडिकल काउन्सिल आफ इंडिया) के निरीक्षक महोदय ने भारतीय चिकित्सा परिषद् कानून के अन्तर्गत १९६९ में अनेक स्नातकोत्तर परीक्षाओं का निरीक्षण किया एवं डिग्रियों की मान्यता प्रदान की।

सम्प्रति एनेसथिसियोलाजी, वायोकेमेस्ट्री, वायोफिजिक्स, डर्मेटोलाजी, फोरेन्सिक मेडिसिन, मेडिसिन, माइक्रोवायोलाजी, पेडियाट्रिक्स, पैथोलाजी, फार्मेकोलाजी, फिजियोलाजी, प्रिवेन्टिव एवं सोशल मेडिसिन, साइकियाट्रि, रेडियोलाजी, रेडियोथेरापी, एवं ट्यूवरकुलोसिस एवं रेस्पिरेटरी डिजीसेस में एम०डी० पाठ्यक्रम लागू किया गया। एनाटामी, आब्स्टेट्रिक्स एवं गायनोक्रोलाजी, आफथल्मोलाजीं, आर्थोपेडिक्स, आटोलैरिन्गोलाजी एवं सर्जरी में एम०एस० पाठ्यक्रम लागू किया गया। डेन्टल सर्जरी में एम०डी०सी० डिग्री का पाठ्यक्रम है। अभी तक इस संस्थान से (फरवरी १९७६ तक) ३६४ स्नातकोत्तर विद्यार्थी पास हो चुके हैं।

अधोलिखित स्पेशिलिटी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी उपलब्ध है। एनेसथिसियोलाजी, शिशु स्वास्थ्य, लैरिन्गोलाजी एवं ओटोलॉजी, मेडिकल रेडियो डायगनासिस, मेडिकल रेडियो-थेरापी आफथल्मिक मेडिसिन, आर्थोपेडिक्स एवं क्षय और चेस्ट डिजिसेस। अक्टूबर १९६५ तक ७९ विद्यार्थियों ने डिप्लोमा प्राप्त किया। सम्प्रति डिप्लोमा पाठ्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

चालू सत्र से निम्नलिखित पाठ्यक्रम लागू किये गए हैं :—कार्डियोवैसकुलर एवं थोरासिक सर्जरी, न्यूरोसर्जरी, पेडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी एवं यूरोलाजी में मेजिस्टर चिरुगिये (एम०सीएच०) की उपाधि एवं कार्डियोलाजी, इन्डोक्रिनोलाजी, गेस्ट्रोइन्टेरोलाजी एवं न्यूरोलाजी में डाक्टोरेट्स मेडिसिनस (डी०एम०) की उपाधि।

अनुसंधान क्रियाकलाप

आधुनिक एवं आयुर्वेदिक मेडिसिन में अनुसंधान कार्य को संस्थान में स्नातकोत्तर प्रशिक्षण का एक अंग माना गया है। स्नातकोत्तर स्तर पर विद्यार्थियों को उन्हीं विषयों पर अनुसंधान कार्य करना होता है जिसे विभाग ने पहले से ही मौलिक रचना हेतु अनुसंधान कार्य प्रारम्भ किया है। इसके अतिरिक्त लगभग सभी विभागों में पी-एच०डी० उपाधि के लिए अनुसंधान प्रशिक्षण संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

व्यक्तिगत रूप से भी संस्थान के अध्यापकगण अपने-अपने अनुसंधान कार्य में लगे हुए हैं। अनेक लोगों के पास अपनी-अपनी अनुसंधान योजनाएँ हैं जिन्हें वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, आणविक शक्ति विभाग एवं भारत सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग से आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। औषधि परीक्षण हेतु अनेक समस्याओं को हल करने के लिए औषधि निर्माण फर्म सहायता देती है।

आयुर्वेदिक मेडिसिन में निम्नलिखित क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य को लक्ष्य बानया गया है :—प्राचीन निदान एवं चिकित्सा पद्धति का विकास एवं जागृति, आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से आयुर्वेद के तथ्यों एवं विचारों का पुर्नमूल्यांकन एवं विश्लेषण, आयुर्वेदिक तथ्यों एवं विचारों का आधुनिक, वैज्ञानिक शब्दों से विश्लेषण ताकि विश्व के वैज्ञानिकों के लिए बोधगम्य हों एवं नवीन आयुर्वेदिक औषधि की खोज हो।

सर्जिकल रिसर्च लेबोरेटरी एवं योग अनुसंधान केन्द्र संस्थान के दो विशेष अनुसंधान कक्ष हैं। यहां एक विशिष्ट अनुसंधान फोरम है जो 'अनुसंधान क्लब के नाम से प्रसिद्ध है।

पुस्तकालयाध्यक्ष
चिकित्सा विज्ञान संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

महिला महाविद्यालय

विद्या गुप्त

स्वप्न तो सभी देखते हैं किंतु क्या सभी के स्वप्न साकार भी होते हैं ? नहीं। अनेक स्वप्नजीवी तो कल्पना-प्रसूत अपने सुनहले मनोरम चित्रों को मृग-मरीचिका के सदृश केवल माया-जाल सा बिखरता देख मौन रह जाते हैं। अपने स्वप्नों को मूर्त रूप देने की सजग साधना, जागरूक निष्ठा, सतत प्रयास, भविष्य-द्रष्टा की कल्याण कामना युक्त अविराम, एवं जागरूक दृष्टि का ही सुफल हो सकता है। एक ऐसा ही सुखद स्वप्न काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के रूप में मूर्तिमान है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सन् १९२७ तक सह-शिक्षा थी। भारतीय-समाज सदियों से कन्याओं की शिक्षा के प्रति उदासीन था। आर्य-समाज एवं ब्रह्म-समाज जैसी संस्थाओं के फलस्वरूप स्त्री-शिक्षा के प्रति जागरूकता तो आयी किंतु सह-शिक्षा सशंक दृष्टि से देखी जाती थी। अनेक शिक्षा प्रेमी माता-पिता भी अपनी कन्याओं को उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए सह-शिक्षा केन्द्रों में भेजने में झिझकते थे। अतः महिला विद्यालय की अनिवार्य आवश्यकता देश के शिक्षा-प्रेमियों के सम्मुख तीव्रतर होती गयी। महामना के सात्विक चरित्र, देशभक्ति, शिक्षानुराग और निस्पृह बलिदान से प्रभावित हो बम्बई के श्रेष्ठि कुल के उदार महानुभाव सेठ मूलराज खटाऊ एवं उनके भातृज त्रिकमदास गोवर्धनदास ने दो लाख चौरासी हजार के महत्वपूर्ण दान द्वारा इस अभाव की पूर्ति की और सन् १९२८ में महिला विद्यालय का सत्रारम्भ हुआ। कु० आशा अधिकारी इस विद्यालय की प्रथम प्राचार्या थीं। महात्मा गांधी के स्वातंत्र्य संग्राम सम्बन्धी योजनाओं में भाग लेने के लिए जब वे सन् १९३२ में पद-त्याग कर चली गयीं तो तत्कालीन अंग्रेजी की प्राध्यापिका श्रीमती कमला बाई तिलक ने विद्यालय के प्राचार्या पद को अपने सुदक्ष हाथों में लेकर १९३७ तक संभाला।

महिला छात्रावास के कुछ कक्षों में इण्टरमीडिएट कला की कक्षाएँ मात्र दो छात्राओं से आरम्भ हुई थीं। शिक्षिकाओं की निष्ठा, गंभीर अध्ययन, चारित्रिक गरिमा एवं सरल वेशभूषा ने अधिकाधिक छात्राओं को आकर्षित किया और १९२९ में ही छात्राओं की संख्या लगभग १५ तक पहुँच गयी। पाठ्य विषयों में संगीत एवं गार्हस्थ्य शास्त्र अभिभावकों एवं छात्राओं के विशिष्ट आकर्षण थे। यह पृथक शिक्षा के लाभ थे। संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी के अतिरिक्त अर्थशास्त्र, तर्कशास्त्र, नागरिक शास्त्र, इतिहास आदि के अध्ययन के लिए योग्यतम महिलाएँ अर्थ लाभ की दृष्टि से नहीं, एक महान उद्देश्य की पूर्ति की भावना से दूर-दूर से, देश के भिन्न-भिन्न कोनों से सहर्ष महामना के आवाहन पर आ गयीं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का महिला विद्यालय तीर्थवत् पवित्र भाव सौरभ से दिशाओं को सुगन्धित कर रहा था। इस सौरभ से छात्रा रूपी भ्रमरियां निरन्तर आकर्षित हो रही थीं। अभिभावक अपनी कन्याओं को यहां शिक्षा हेतु भेजकर पूर्णतः निश्चिन्त थे।

पृथक नारी शिक्षा के प्रति आग्रह बढ़ता गया और श्रीमती तिलक के निरीक्षण में १९३३-३४ के सत्र से बी०ए० की कक्षाएँ भी महिला विद्यालय में प्रारम्भ हो गयीं।

महिला विद्यालय में छात्राओं की प्रतिवर्ष बढ़ती संख्या ने छात्रावास में आवास की इच्छुक छात्राओं की समस्या को जटिल से जटिलतर कर दिया। महिला विद्यालय के स्वतंत्र भवन की आवश्यकता एक अनिवार्यता बन गयी। तिलोई की महारानी के उदार दान द्वारा महिला विद्यालय भवन का निर्माण-कार्य सरल हो गया और १९४० से महिला विद्यालय के स्वतन्त्र भवन में शिक्षण-कार्य होने लगा। श्रीमती तिलक १९३७– में पद-त्याग कर चुकी थीं और अब श्रीमती कमला वेंकटेश्वरन् प्राचार्या के पद पर थीं।

महिला विद्यालय में केवल चार शिक्षण कक्ष थे। एक प्राचार्या का कक्ष था, दो छोटे-छोटे कक्ष और थे जिनमें एक शिक्षिकाओं के लिए और एक कर्णिक के निमित्त था। केन्द्रीय कक्ष में विचार-सभाएँ और विद्वत्जनों के भाषण होते थे। इस समय तक विद्यालय में शिक्षिकाओं की संख्या लगभग १२ थी और छात्राओं की १०० के लगभग।

महिला महाविद्यालय की ख्याति बढ़ती गयी। सुदूर प्रान्तों से, आस-पास से आने वाली छात्राओं की संख्या अब इतनी बढ़ गयी थी कि छात्रावास के एक-एक कक्ष में तीन के स्थान पर चार-चार छात्राओं को स्थान देने पर भी अनेक को निराश होना पड़ता था। १९४८ में एक नया छात्रावास बन कर प्रस्तुत हुआ।

महिला विद्यालय में इस समय तक स्नातक परीक्षा के लिए अध्यापन विषयों में भी विस्तार हुआ। राजनीति, भूगोल, गणित जैसे विषयों का समावेश समय की मांग थी।

कला पक्ष के साथ ही विज्ञान की शिक्षा के लिए भी आग्रह बढ़ा। महिला विद्यालय में नए अध्यापन कक्ष बने। कर्णिकों की संख्या बढ़ी तो कर्णिक कक्ष भी बढ़े। विज्ञान की शिक्षा के लिए दूसरी मंजिल बनी और सन् १९४८ से इण्टरमीडिएट विज्ञान की कक्षाएँ प्रारम्भ हुईं। रसायन, जीव विज्ञान, भौतिकी एवं वनस्पति विज्ञान के अध्यापन की व्यवस्था हुई। महिला महाविद्यालय का महत्व बढ़ता गया।

सन् १९५७ में श्रीमती वेंकटेश्वरन् ने अवकाश ग्रहण किया और १९६० में डा० कु० पी० सी० धर्मा ने स्थायी रूप से प्राचार्या का पद भार संभाला। डा० पी० सी० धर्मा विद्यालय के पूर्णोत्कर्ष के लिए सतत प्रयासशील रहीं। अतः सन् १९६० से महलि विद्यालय में विज्ञान में भी बी०एस०सी० की कक्षाएँ आरम्भ हो गयीं जो शिक्षा-क्षेत्र में विशेष उपलब्धि थी।

महिला विद्यालय के पुस्तकालय के लिए भी अलग कक्ष बने। अब यह ग्रंथ समूह की दृष्टि से एवं छात्राओं के पढ़ने की सुविधा से बने विस्तार के कारण समृद्ध होते हुए भी अभी परिपूर्ण नहीं है एवं अधिक विस्तार की अपेक्षा रखता है।

विद्यालय के अन्य आकर्षणों में इसका जलपान-गृह भी है। छात्राओं के लिए तरह-तरह के खेल-कूदों की शिक्षा की सुविधा के साथ नृत्य-शिक्षा का भी प्रबन्ध है। अपने अवकाश के घंटों में विश्राम के लिए छात्रा-कक्ष (Common room) की सुविधा है।

अध्यापन विषयों में मनोविज्ञान, समाज शास्त्र, प्राचीन भारतीय संस्कृति और इतिहास आदि द्वारा जो शिक्षा-क्षेत्र का विकास हुआ है उसने महिला विद्यालय को 'महिला महाविद्यालय' में परिणत कर दिया। आज महिला महाविद्यालय में अध्यापन हेतु स्वीकृत वैकल्पिक विषयों की संख्या १९ है और भाषा ज्ञान के लिए १३ विषय स्वीकृत हैं जिनमें कुछ विदेशी भाषाएँ भी सम्मिलित हैं।

जहाँ शिक्षा-विस्तार के लिए देश के धनिक वर्ग ने धन की अंकुठित-वर्षा की थी वहां अर्थाभाव से किसी भी छात्रा की अध्ययन, की लालसा अतृप्त न रह जाये इस महत् उद्देश्य से अनेक छात्रवृत्तियें घोषित हुईं। ये वृत्तियें सम्पन्न महिलाओं द्वारा, संस्थाओं द्वारा एवं शासकीय छात्रवृत्तियों के द्वारा दी गयी जिनसे प्रतिवर्ष लगभग दस प्रतिशत छात्राएँ लाभान्वित होती हैं। इन वृत्तियों के अतिरिक्त २५% छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा मिलती है। कुछ वृत्ति योग्यता के आधार पर दी जाती हैं। ३५० रु० प्रतिमास की दो वृत्तियां केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित हैं।

शिक्षिकाओं के द्वारा विपन्न छात्राओं की आर्थिक सहायता का जो स्वतंत्र आयोजन था उसके बढ़ते विस्तार को देखकर डा० कु० पद्मा मिश्र ने इसे वैधानिक स्वरूप दिया। महिला महाविद्यालय की भूतपूर्व आचार्या स्व० कु० कोल्हटकर के नाम से परीक्षा शुल्क देने में असमर्थ अथवा अन्य किसी कष्ट से संत्रस्त छात्राओं की सहायता इस कोष के द्वारा की जाती है। इस कोष में अन्य सम्मानित व्यक्तियों एवं संस्थाओं द्वारा भी आर्थिक सहायता का योगदान है।

महिला महाविद्यालय अपने अध्यापन विषयों के विस्तार की दृष्टि से, छात्राओं की संख्या-विस्तार की दृष्टि से एवं सुदूर देशों जैसे सिक्किम, थाइलैंड, जापान, मारीशस, सोमाली लैण्ड आदि से आने वाली छात्राओं के कारण प्रान्त के महिला विद्यालयों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

सन् १९६९ में डा० कुमारी सरोजिनी वार्ष्णेय की प्राचार्या पद पर नियुक्ति हुई। वे इस विद्यालय के अधिकाधिक विस्तार एवं उन्नति के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। उनके प्रयत्न का ही फल है कि नृत्य शिक्षा के लिए उपाधि (Diploma) की योजना को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने स्वीकार कर लिया है। वे सचेष्ट हैं कि यहां स्नातकोत्तर परीक्षाओं की व्यवस्था हो सके, शिक्षाशास्त्र की कक्षाएँ प्रारम्भ की जावें और लिपिकीय विषय के अध्यापन की सुविधा हो।

इस वर्ष महिला वर्ष के उपलक्ष्य में जो अखिल भारतीय स्तर पर 'शिक्षा क्षेत्र में महिलाएँ और उनका पद' (Status and Education of Women in India) पर संगोष्ठी आयोजित हुई उसमें महिला महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्राओं श्रीमती सत्यवती शाह, डा० श्रीमती राजेन्द्र कुमारी बाजपेयी एवं श्रीमती सुमित्रा कुलकर्णी को विद्यालय की ओर से विशेष सम्मान (Alumni Award) द्वारा विभूषित किया गया।

इस प्रकार १९२८ में नारी शिक्षा का जो छोटा-सा क्षुप आरोपित हुआ था, आज वह एक विशाल वृक्ष के रूप में अपना समुन्नत शीश गर्व से उठाए हुए है। आशा है कि महिला विद्यालय जो अपने विकास क्रम में महिला महाविद्यालय का पद प्राप्त कर सका है, वह निकट भविष्य में महिला विश्वविद्यालय की ख्याति प्राप्त कर सकेगा एवं महामना के स्त्री-शिक्षा के स्वप्न को सार्थक करेगा।

रीडर, हिन्दी विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

———

सान्ध्य महाविद्यालय

जगदीश प्रसाद बाजपेयी

१—विद्या की राजधानी काशी के नागरिक जीवन में सांध्य महाविद्यालय का समारंभ ऐतिहासिक घटना है। इससे पहले दैनिक परिश्रम के उपरान्त सायंकाल ज्ञानांर्जन की सुविधा की व्यवस्था काशी के अतीत में नहीं पाई जाती। इसका शुभारंभ २९ नवम्बर १९७१ को हुआ। उस समय सांध्य महाविद्यालय के पास प्राचार्य सहित छः अध्यापक और एक क्लर्क सुलभ थे। एक सप्ताह के भीतर अध्यापकों की नियुक्ति, छात्रों का प्रवेश, विषय चयन, समय सारणी, विद्युत व्यवस्था, स्थान व्यवस्था आदि पूरी की गई और ६ दिसम्बर १९७१ से अध्ययन कार्य प्रारंम्भ हो गया।

२—तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए सांध्य महाविद्यालय कमच्छा स्थित पुरातन सेन्ट्रल हिन्दू कालेज (अधुना सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल) भवन में प्रारंम्भ हुआ। नगर के हृदय में चालीस एकड़ भूमि में विस्तृत यह स्थान रमणीय और महत्वपूर्ण (कम्=अच्छा) है। यह भूखंड और यह भवन दोनों ऐतिहासिक हैं। प्राचीन वास्तु कला का यह जीवंत नमूना किसी समय काशी नरेश का प्रासाद था। उन्होंने इसे भारतीयता अनुरागी विदुषी ऐनी वेसेन्ट के आग्रह पर एक आदर्श विद्यालय स्थापित करने के लिए उदारतापूर्वक दान कर दिया था। उस समय मालवीय जी अपनी महान कल्पना को मूर्त बनाने के लिए साधनों का अन्वेषण कर रहे थे। ब्रिटिश सरकार ने उनकी योजना को हास्यापद बताकर लगभग अस्वीकार कर दिया था। साथ ही यह व्यंग किया कि जिसके पास एक विद्यालय या महाविद्यालय तक नहीं है, वह विश्वविद्यालय निर्माण का स्वप्न कैसे देखता है। मालवीय जी की व्यथा ऐनी वेसेन्ट को ज्ञात हुई। उन्होंने अवि-लम्ब इस भूमि भवन को मालवीय जी को सौंप दिया। उनकी इच्छा थी कि यहाँ की प्रतिभा के सुमन से ज्ञान का सौरभ संसार के देशों में फैले, उसकी गन्ध तथा पुष्टि से दुनिया के प्रबुद्ध मनीषियों के मानसिक परमाणु अधिक सक्रिय हों। महामना ने अपनी हिकमत से इस क्षेत्र की पार्श्व भूमि प्राप्त कर स्थान का विस्तार किया। भूमि प्राप्त करने की उनकी युक्ति आज कल्पनातीत लगती है। यह बड़े गौरव और प्रेरणा की बात है कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्मारक जन्म भूमि पर सांध्य महाविद्यालय खड़ा है।

देश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए विद्या के क्षेत्र में यह दूसरा महत्वपूर्ण चरण है। गत पचीस वर्षों से इस महानगरी में कोई नया महाविद्यालय नहीं जुड़ा। बढ़ती हुई शिक्षार्थी संख्या के सामने यह स्थिति असंतोषजनक रही। छात्रों ने इस समस्या की ओर विश्वविद्यालय प्राधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने इस प्रश्न पर गंभीरतापूर्वक विचार कर सांध्य महाविद्यालय प्रारंम्भ करने का निश्चय किया। इसके शुभारंभ के साथ ही श्रम के उपासक असंख्य लोगों के भाग्य कपाट खुल गये। दिन की मेहनत के बाद दिवसावसान में ज्ञानार्जन के इच्छुक छात्रों की अभिलाषा पूरी हुई। वय की दृष्टि से प्रौढ़ तथा वयस्क इन दो प्रकार के छात्रों के समन्वय से शिक्षा के क्षेत्र में इस नवीन प्रयोग का श्री गणेश हुआ। कोई विद्या केन्द्र ईट-पत्थरों से महान नहीं होता। वह अपने कर्म तन्तुओं द्वारा अपनी प्रतिभा के बल पर शेष जगत में अपना विस्तार करता है। महाविद्यालय के पास न भूमि है, न भवन। केवल वह अतिरिक्त

समय में उपलब्ध साधनों का सदुपयोग करता है, स्थान को सीमित मान कर काल के आयाम में मानवता की सेवा करता है।

३—इस महाविद्यालय के संस्थापक डॉ० के० एल० श्रीमाली के विषय में दो शब्द असंगत न होंगे। आप का पूरा जीवन देश सेवा तथा शिक्षण-संस्थाओं के निर्माण में घुला-मिला है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय तथा अमेरीका से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के वाद कर्म-क्षेत्र में उतरने के साथही आपके कर्म और प्रतिभा की किरण उदयपुर विद्या संस्थान में फैली। धीरे-धीरे दिल्ली से लेकर मैसूर और काशी तक आपका कर्म-सौंदर्य दिग्व्याप्त हुआ। सांध्य महाविद्यालय आपकी कल्पना तथा योग का नया पौधा है। इसे आप ने सींचा-संवारा है। दूसरे वार्षिकोत्सव के अवसर पर आपका अध्यक्षीय भाषण सांध्य महाविद्यालय की आपकी परिकल्पना को स्पष्ट करता है।

"सांध्य महाविद्यालय हमारी भावी योजना के अनुकूल है। मनुष्य की शिक्षा उसके जन्म से लेकर उसकी मृत्यु तक चलती है। इसका क्रम अविछिन्न होता है और कभी समाप्त नहीं होता। जो व्यक्ति आर्थिक कठिनाइयों में पड़े हुए हैं और उन कठिनाइयों के बावजूद अपनी शिक्षा शृंखला को वनाए रखना चाहते हैं, ऐसे व्यक्तियों की शिक्षा को गति देने के लिए यह सांध्य महाविद्यालय बनाया गया है। जो व्यक्ति दिन में काम करते हैं और शिक्षा क्रम बनाये रखना चाहते हैं उनके लिए यह सांध्य महाविद्यालय विशेष अनुकूल सिद्ध हुआ है। अन्य देशों के सांध्य महाविद्यालयों में तकनीकी विषय भी पाठ्य क्रम में होते हैं। जो कार्य वे करते हैं, उस कार्य में और विशेषता प्राप्त करने के लिए वहाँ सांध्य महाविद्यालयों में विशेष योजनाएँ बनाई जाती हैं और तदनुसार पाठ्य क्रम का निर्धारण किया जाता है। सांध्य महाविद्यालय का तात्पर्य यह नहीं कि वहाँ केवल आर्टस् का पाठ्यक्रम हो, बल्कि उन सभी विषयों का प्रवन्ध हो, जो वहां पढ़ने वालों के कार्यों में सहायक हो सकें। अभी तो इसका बीज डाला गया है। काल-गति में इसकी सब शाखाओं की विशेष उन्नति होगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

"सांध्य महाविद्यालय का दूसरा प्रयोजन यह है कि समाज से हमारा संबंध दृढ़ हो सके। विश्वविद्यालय में समाज-निर्माण का कार्य होता है। छात्र उन आदर्शों, मूल्यों तथा आस्थाओं को ग्रहण करते हैं, जिससे वे समाज का स्तर उत्तरोत्तर ऊपर उठा सकें। यही विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य है। सत्य का अन्वेषण कर नए समाज की रचना छात्र करते हैं। हम अपने देश के समाज के स्तर को उठाना चाहते हैं। हमारे देश में लाखों-करोड़ों निवासी अभी भी अशिक्षित हैं। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र जब विश्वविद्यालय से निकलें, तो ज्ञान और सत्य की तेजस्वी ज्योति से समाज को आलोकित कर दें। जब किसी फैक्टरी आदि में काम करने वालों का संबंध विश्वविद्यालय से होता है, तो वे अपनी फैक्टरी में ज्ञान के नूतन आविष्कारों का उपयोग कर उसे उन्नत बनाते हैं।

"समाज में स्वच्छता और सच्चाई तभी आयेगी, जब छात्र मानव मूल्यों से मंडित हो। जैसे एक दीपक अंधेरे कमरे को आलोकित कर देता है, वैसे ही एक शिक्षित व्यक्ति समाज को अपने सद् प्रयत्नों द्वारा उन्नत बनाने में समर्थ होता है। इस दृष्टि से सांध्य महाविद्यालय एक प्रत्यक्ष उदाहरण है जो कार्य से शिक्षा को जोड़ता है। ज्ञान के आदान-प्रदान से समाज

का स्तर ऊपर उठता है। लोकतंत्र को ऊपर उठाने के लिए यह आवश्यक है कि हमारे समाज की संरचना आदर्शों और मूल्यों की भित्तियों पर हो।

"मैं आशा करता हूँ कि सांध्य महाविद्यालय का प्रभाव हमारे समाज और विश्वविद्यालय दोनों पर पड़ेगा। आप सबको जीवन में सफलता मिले यही मेरी आकांक्षा है।"

४. सम्प्रति महाविद्यालय में स्नातक स्तर तक हिन्दी, अंग्रेजी, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र तथा इतिहास विषयों का अध्यापन होता है। प्राचार्य सहित कुल १४ अध्यापक हैं तथा ११ शिक्षणेत्तर कर्मचारी कार्य रत हैं। छः अध्यापक डाक्टरेट उपाधि प्राप्त कर चुके हैं, शेष अपने शोध-प्रबंध की तैयारी में लगे हैं। ग्रंथ लेखन तथा शोध पत्र प्रकाशन में इस महाविद्यालय के अध्यापक पर्याप्त रुचि लेते हैं। महाविद्यालय में अध्यापन के साथ वे शोध निर्देशन भी करते हैं और महाविद्यालय के सांस्कृतिक तथा प्रबन्ध-कार्यों में यथाभाग सहायता करते हैं। वे अपने विषय की कांग्रेसों, अधिवेशनों तथा संगोष्ठियों में प्रतिनिधित्व करते हैं। इस वर्ष अपने विषय से संबंधित अखिल भारतीय संगोष्ठी में हमारे हिन्दी तथा अंग्रेजी के प्राध्यापकों ने भाग लिया।

महाविद्यालय के पास अपना स्वतंत्र ग्रंथालय है जिसमें लगभग पांच हजार पुस्तकें हैं। ग्रंथालय तदर्थ अनुदान पर चल रहा है - पुस्तकालय जड़ तत्व नहीं होता है। वह एक चिन्तन प्रवाह है। उसे गतिशील बनाए रखने के लिए आवर्तक अनुदान अत्यन्त वांछित है। महाविद्यालय के पुस्तक बैंक में एक हजार से अधिक ग्रंथ सुलभ हैं। पुस्तकालय की कार्य प्रणाली का संचालन एक प्रोफेशनल असिस्टेन्ट, एक सेमिप्रोफेसनल असिस्टेन्ट तथा एक बुक अटेन्डेन्ट मिल कर करते हैं।

५. सांध्य महाविद्यालय में प्रवेश की स्थिति निम्न प्रकार रही है :

सत्र	कुल प्रविष्ट छात्र		कर्मचारी छात्रों का प्रतिशत
	बी०ए० भाग २	बी०ए० भाग ३	(बी०ए० भाग २)
१९७१–७२	३३१	——	——
१९७२–७३	३२५	३०९	१७ प्रतिशत
१९७३–७४	३२३	२४४	५० प्रतिशत
१९७४–७५	३३१	२६२	६३ प्रतिशत
१९७५–७६	३०४	२३७	५९ प्रतिशत
१९७६–७७	१६६	२८४	५१.८ प्रतिशत

प्रवेश का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि इस महाविद्यालय में अधिभार प्राप्त छात्रों के अतिरिक्त प्रथम श्रेणी तथा द्वितीय श्रेणी के छात्र प्रवेश पाते हैं। इन छात्रों की प्रवृत्ति का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि वे ऐसे परिश्रमी स्वावलम्बी छात्र हैं या होने की कामना रखते हैं जो दिन में अपनी जीविका के लिए श्रम करके सायंकाल अध्ययनरत होना चाहते हैं। बहुत से अभिभावक इसी प्रेरणा से अपने प्रतिपाल्यों को दाखिल कराते हैं। इस भावना का बहुत बड़ा प्रभाव महाविद्यालय के अनुशासन पर पड़ा है। श्रम के प्रति रुचि उत्पन्न होने से अनुशासनबद्ध चरित्र का विकास होने लगा है। इस उत्साह को देखते हुए महाविद्यालय ने सैद्धांतिक विषयों के साथ कम से कम एक व्यवसायिक विषय प्रारंभ करने की योजना बनाई है।

इतने अल्प समय में महाविद्यालय की महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि क्या हो सकती है। तथापि इस तथ्य को स्वीकार किया जा सकता है कि सामान्यतः इस महाविद्यालय के छात्र अपनी अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण कर स्नातकोत्तर कक्षाओं की प्रवेश प्रतियोगिता में पर्याप्त मात्रा में सफल हुए। हमारे कुछ छात्रों ने बी०ए० खण्ड तीन में प्रथम श्रेणी प्राप्त की तथा विषयवार सम्पूर्ण बी०ए० परीक्षार्थियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह तथ्य महाविद्यालय के गुणात्मक कार्य को प्रकट करता है। आशा है कर्तव्य निष्ठ अध्यापक तथा जिज्ञासु छात्र इस दिशा में और महत्वपूर्ण कार्य करेंगे।

कर्मचारी-छात्रों में अधिकतर बी०एच०यू०, केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी, कारपोरेशन, बैंक, रेलवे, शिक्षण तथा प्रतिष्ठानों के कर्मचारी होते हैं। बी०ए० पास करते ही कर्मचारियों की उन्नति के मार्ग प्रशस्त हो जाते हैं तथा वे वेतन वृद्धि से लाभान्वित होते हैं।

६. महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की शृंखला चलती है। इस दिशा में परम्परा के साथ कुछ नवीनता का समावेश करने का प्रयास हुआ। हर व्यक्ति अपने मानसिक संगठन के अनुसार भिन्न-भिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों को अपनाता है। इन क्षेत्रों में प्रतिभा का अन्वेषण और पुरस्करण नितान्त आवश्यक है। इस दृष्टि से वाद-विवाद, निबंध, कहानी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ संगीत प्रतियोगिता, वाद्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हम काव्य प्रतियोगिता तथा व्यंग विनोद प्रतियोगिता भी करना चाहते हैं क्योंकि स्वस्थ जीवन के लिए इनकी परम आवश्यकता है। इस वर्ष की मालवीय जयंती समारोह में हमारे महाविद्यालय के छात्र राकेश कुमार दीक्षित तथा जगदीश ने सम्पूर्ण विश्वविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

७. क्रीड़ा क्षेत्र में इस महाविद्यालय के छात्र बड़े उत्साहित दिखाई पड़े। सी०एच०-सी० एथलेटिक एसोसिएशन की कबड्डी प्रतियोगिता में सांध्य महाविद्यालय की टीम सर्वजेता रही। महाविद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में क्रीड़ा का स्तर संतोषजनक पाया गया। विश्वविद्यालय की विविध क्रीड़ा टीमों में महाविद्यालय के छात्र चुने गये हैं। श्री लल्लन प्रसाद विश्वविद्यालय वालीवाल टीम के तथा श्री विनोद कुमार विश्वकर्मा फुटबाल टीम के सदस्य चुने गए थे।

८. समाजसेवा के कार्यों में महाविद्यालय के छात्रों ने बड़ी अभिरुचि दिखाई। छात्रों के अलग-अलग दलों ने प्रौढ़ शिक्षा तथा वृक्षारोपण को दिशा में महत्वपूर्ण योग दिया। इस महाविद्यालय के अधिकतर छात्र कर्मचारी हैं, दिन भर श्रम के बाद ज्ञानार्जन कर समाज सेवा में यथाशक्ति योग देने का प्रयास करते हैं, इस दृष्टि से उनका स्वल्प कार्य भी उत्साह सूचक है। कुछ समाजसेवी छात्रों ने बी०ए० खण्ड ३ के छात्र विनोद कुमार सिंह की प्रेरणा से रोटरेक्ट क्लब की स्थापना की है। क्लब यथाशक्ति महाविद्यालय के निर्धन छात्रों की सहायता करता है तथा अन्य छात्रों को समाज सेवा के कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। महाविद्यालय के छात्रों को टेक्स्ट बुक बैंक से पुस्तकीय सहायता प्रदान की जाती है।

९. हमारा विश्वविद्यालय महान अश्वत्थ वृक्ष है जिसमें ज्ञान विज्ञान की नित्य नई शाखाएँ-प्रशाखाएँ फूटती और पल्लवित होती रहती हैं। सांध्य महाविद्यालय ऐसी ही एक शाखा है। आज हम शिक्षा को श्रम के साथ जोड़ना चाहते हैं। शिक्षा के साथ श्रम का ठीक योग बैठाकर ही नई परम्पराओं का विकास किया जा सकता है। इस धारणा से पाँचवीं पंच वर्षीय योजना की विजिटिंग कमेटी के सामने कुछ योजनाएँ प्रस्तुत की गईं। इसमें सुझाया गया था कि बी०ए० के तीन विषयों में कम से कम एक विषय व्यावसायिक हो ताकि बी०ए० पास करने के बाद छात्र स्वावलंबी हो सकें। विजिटिंग कमेटी ने इसे पर्याप्त महत्व दिया और स्वीकार किया है कि ऐसी योजना दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रचलित है। उक्त विश्वविद्यालय से परामर्श कर इस योजना का व्यापक अध्ययन किया जाए। दूसरी योजना है बी०ए० में अन्य विषयों के शुभारंभ हों ताकि छात्रों को अपने रुचि के अनुसार अन्य विषय लेने की सुविधा रहे, तथा श्रेणी सुधार की सम्भावना बढ़े। समिति ने केवल उर्दू के लिए एक व्याख्याता पद स्वीकार कर उर्दू विषय प्रारंभ करने की सिफारिश की है। तीसरी योजना है स्नातकोत्तर कक्षाएँ प्रारंभ करने की। कर्मचारी छात्र दिन को स्नातकोत्तर कक्षाओं से लाभ नहीं उठा पाते, यह उनकी विवशता है, इसलिए वे स्नातकोत्तर कक्षाओं के शुभारंभ के लिए सदा लालायित रहते हैं। अभी इस कार्य के लिए साधन सुलभ नहीं हो पाये हैं। परन्तु इस महत्वपूर्ण समस्या की ओर विश्वविद्यालय प्राधिकारियों का ध्यान अवश्य ही जाएगा।

प्राचार्य
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान संकाय

कृष्णदत्त द्विवेदी

बहुत दिनों से कला संकाय के अन्तर्गत कार्यरत सामाजिक विज्ञानों (इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान तथा समाज विज्ञान) के पृथक संकाय कायम किये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस सम्बन्ध में सामाजिक विज्ञानों के वरिष्ठ प्रोफेसर तथा विचारक विशेष रूप से प्रयत्नशील थे। अन्ततः सन् १९७१ ई० में प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर एम० एम० सिन्हा तथा प्रो० हीरालाल सिंह आदि के सक्रिय प्रयास द्वारा इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजविज्ञान तथा मनोविज्ञान को मिला कर पृथक सामाजिक विज्ञान संकाय का गठन किया गया। इसके प्रथम संकाय प्रमुख (डीन) मनोविज्ञान विभाग के निवर्तमान अध्यक्ष प्रो० एम० एम० सिन्हा हुए। यह विश्वविद्यालय का सबसे नवीन संकाय है। प्रो० सिन्हा के बाद क्रमशः प्रो० हीरालाल सिंह (अध्यक्ष, इतिहास विभाग) प्रो० बी० कानूनगो (अध्यक्ष, इतिहास विभाग) तथा सम्प्रति प्रो० सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (अध्यक्ष, समाज विज्ञान विभाग) इस संकाय के चतुर्थ प्रमुख हैं। इस संकाय में गोष्ठी कक्ष तथा पुस्तकालय की स्थापना का श्रेय आपको ही है। अबतक कई बार विभिन्न सामाजिक विज्ञानों की अन्तर्विभागीय विचारगोष्ठियों के आयोजन कराये जा चुके हैं। इन गोष्ठियों द्वारा विचार विनिमय की नवीन परंपरा का शुभारंभ हुआ है। इस संकाय के विभागों का विवरण निम्नलिखित है :—

समाजशास्त्र विभाग :—

सर्वप्रथम १० सितम्बर १९५५ ई० की विद्वत परिषद् ने समाजशास्त्र विभाग की स्थापना के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। सन् १९६२ ई० में तृतीय पंचवर्षीय योजना के मध्य विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वीक्षक समिति (विजिटिंग कमेटी) की संस्तुति पर समाज विज्ञान की स्नातकोत्तर कक्षाओं का अध्यापन कार्य आरम्भ हुआ।

३० अप्रैल १९६६ ई० को प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के प्रयास से समाज विज्ञान विभाग को राजनीति विभाग से पृथक एक स्वतन्त्र विभाग के रूप में स्थापित किया गया और डॉ० श्रीवास्तव ही इसके प्रथम विभागाध्यक्ष नियुक्त हुए।

वर्तमान काल में समाज विज्ञान विभाग में एक प्रोफेसर, तीन रीडर तथा सात व्याख्याता अध्यापन रत हैं।

समाज विज्ञान विभाग में अबतक अनेक गवेषकों को पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की जा चुकी है।

विभाग के दो सदस्यों -- डा० सत्येन्द्र त्रिपाठी एवं श्रीमती सुरेन्द्र जेटली को पाश्चात्य अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान की गईं। डा० सत्येन्द्र त्रिपाठी को संयुक्त राष्ट्र की फेलोशिप योजना में यूरोप, अमेरिका तथा दक्षिणी पूर्व एशिया के विश्वविद्यालयों में व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया और उन्हें अमेरिका की सरकार ने 'सर्टिफिकेट आफ मेरिट इन सोसल वेलफेयर एडमिनिस्ट्रेशन' भी प्रदान किया।

१९६९ ई० में हिन्दी माध्यम के अध्यापकों, गवेषकों तथा छात्रों की कठिनाइयों को देखते हुए समाज विज्ञान विभाग कीओर से प्रो० सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने प्रथम हिन्दी शोध पत्रिका "भारतीय समाज विज्ञान समीक्षा" का प्रकाशन कार्य आरम्भ कराया, जिसके अब तक कुल ९ अंक प्रकाशित हो चुके हैं तथा अंक १० एवं ११ प्रेस में हैं।

विभागीय हिन्दी माध्यम व्यवस्था में छात्रों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुये डॉ० श्रीवास्तव ने समाजशास्त्र में उच्च कोटि की पुस्तकों के लेखन की योजना बनायी, जिसके अन्तर्गत विभागीय सदस्यों के सहयोग से "समाज विज्ञान के मूल विचारक" पुस्तक की पाण्डुलिपि तैयार की गयी और प्रकाशन हेतु उ० प्र० हिन्दी ग्रन्थ अकादमी से अनुबन्ध किया गया। इसके साथ ही "समाज विज्ञान के आधुनिक विचारक" शीर्षक पुस्तक की पाण्डुलिपि भी लगभग तैयार हो गयी है। उक्त दोनों ही पुस्तकें समाज विज्ञान के क्षेत्र में हिन्दी माध्यम के छात्रों तथा गवेषकों के लिये अतीव उपयोगी सिद्ध होंगी। समाज विज्ञान विभाग इस बात के लिए कटिबद्ध है कि केवल हिन्दी माध्यम से अध्यापन कार्य आरम्भ कर देने से ही समस्या का सही निदान नहीं होगा, अपितु इसके लिए उच्चकोटि का विषय से सम्बद्ध साहित्य भी सुलभ किया जाना चाहिए। इस विभाग का उपर्युक्त कार्य इन्हीं विकासोन्मुख परम्पराओं का द्योतक है।

इतिहास विभाग

विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही इतिहास विभाग को यह सौभाग्य था कि भारतीय इतिहासज्ञों में वरिष्ठ डा० यदुनाथ सरकार इसके विभागाध्यक्ष हुये। इनके बाद, क्रमशः प्रो० तैलंग और प्रो० एस० वी० पुणताम्बेकर ने इस पद को सुशोभित किया। प्रो० पुणताम्बेकर के बीस वर्षीय कार्यकाल के दौरान इतिहास के अध्ययन में विभाग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। आगे भी डा० जी० सी० गांगुली, डा० परमात्माशरण और डा० राजबली पाण्डेय प्रभृति विद्वान इतिहासकारों ने भारतीय इतिास की विभिन्न शाखाओं का दायित्व भली प्रकार सम्पन्न किया।

सन् १९४६ ई० में प्रो० पुणताम्बेकर के जाने के पश्चात् डा० आर० एस० त्रिपाठी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर आसीन हुए और सन् १९६३ तक उनके कार्यकाल के दौरान प्रो० के० भट्टाचार्य, डा० ए० वी० पाण्डेय और डा० एच० एल० सिंह ने विभाग में महत्त्वपूर्ण योगदान किया। डॉ० त्रिपाठी को सेन्ट्रल हिन्दू कालेज के प्राचार्य पद को सुशोभित करने का गौरव भी प्राप्त हुआ था। उनकी असामयिक मृत्यु से विभाग को गहरा धक्का लगा क्योंकि इससे विभाग के अनुसंधान आदि क्षेत्र प्रभावित हुए।

डा० त्रिपाठी के कार्यों का अनुशीलन प्रोफेसर हीरालाल सिंह ने किया। डा० हीरालाल सिंह को इस विभाग का विद्यार्थी होने का गौरव भी प्राप्त था। डा० सिंह ११ वर्षों तक इस विभाग के अध्यक्ष रहे। अपने कार्यकाल में डा० सिंह ने इस विभाग का न केवल शैक्षणिक अपितु विविध क्षेत्रों में सर्वतोमुखी विकास किया। सम्प्रति इस विभाग में ५ के स्थान पर १३ अध्यापक कार्यरत हैं। डा० हीरालाल सिंह १९७४ में सामाजिक

विज्ञान संकाय के प्रमुख नियुक्त हुए थे। उनके पाश्चात् विभाग के वरिष्ठ व्याख्याता प्रोफेसर बी० कानूनगो इतिहास विभाग के अध्यक्ष नियुक्त किये गये, जिन्होंने प्रोफेसर सिंह द्वारा संस्थापित विभागीय परम्पराओं को कायम रखते हुए अपने सक्रिय योगदान द्वारा इसे और भी उत्कर्षोन्मुख किया है।

मनोविज्ञान विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के साथ मनोविज्ञान का अध्यापन कार्य सन् १९४९ ई० में आरम्भ किया गया। उसी वर्ष स्नातकोत्तर स्तर पर प्रयोगिक मनोविज्ञान की शिक्षा की व्यवस्था भी की गयी। सन् ६० तक मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र के साथ सम्मिलित रूप से एक ही विभाग के अधीन चलता रहा। इसके पश्चात् विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मनोविज्ञान के पृथक अध्यापकों के पद की अपनी स्वीकृति प्रदान की। तदनुसार एक रीडर और तीन व्याख्याता नियुक्त किये गये। सन् १९६२ में इस विभाग को दर्शनशास्त्र से पृथक किया गया और एक प्रोफेसर, दो रीडर तथा ५ व्याख्याताओं की नियुक्ति की गयी। इसी वर्ष मनोविज्ञान विभाग पूर्णतया स्वतंत्र विभाग बन गया।

इस विभाग को इस बात का गौरव है कि डा० आत्रेय के अध्यक्ष काल सन् १९५१-५२ में विभाग के अन्तर्गत डिप्लोमा इन क्लिनिकल साइकोलाजी की ट्रेनिग आरम्भ की गयी जो सन् १९५४-५५ तक चलती रही। पश्चात् विभाग में अध्यापकों की कमी के कारण उपर्युक्त ट्रेनिंग बन्द करनी पड़ी।

वर्तमान समय में इस विभाग में तीन प्रयोगशालाएँ हैं, जिनमें अनुसंधान सुविधाएँ तथा स्नातकोत्तर शिक्षा की व्यवस्था हैं। यथा—सामान्य प्रयोगात्मक प्रयोगशाला, क्लिनिकल मनोविज्ञान प्रयोगशाला तथा पशु मनोविज्ञान की प्रयोगशाला। अनुसन्धान के मुख्य क्षेत्र हैं—चिकित्सा मनोविज्ञान, तुलनात्मक मनोविज्ञान, प्रयोगिक मनोविज्ञान और औद्योगिक मनोविज्ञान।

पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में विभाग द्वारा ३२ अनुसंधान प्रपत्र प्रकाशित किये गये तथा ४ अनुसंधान परियोजनाएँ भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा इण्डियन कौंसिल आफ मेडिकल रिसर्च के योगदान से चलायी गयीं। इस विभाग ने २५ मानसिक परीक्षण भी तैयार किए हैं।

इस विभाग से २२ छात्रों को पी-एच० डी० डिग्री प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त सन् १९७५ में विभाग द्वारा षष्टम अखिल भारतीय चिकित्सा मनोवैज्ञानिकों के सम्मेलन का आयोजन भी किया गया तथा एक अनुसंधान स्मारिका प्रकाशित की गयी। विभाग के अध्यापकों को देश विदेशों में भाषण आदि के लिए आमंत्रित किया गया।

राजनीति विज्ञान विभाग

भारत के विश्वविद्यालयों में राजनीति विज्ञान का अध्ययन एक स्वतन्त्र विषय के रूप में कुछ ही समय पूर्व आरम्भ हुआ। प्रारम्भ में यह विषय अर्थशास्त्र या इतिहास

अथवा दोनों ही विषयों के अन्तर्गत पढ़ाया जाता था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में १९१७ में राजनीतिक-अर्थशास्त्र एवं राजनीतिक-दर्शन शास्त्र का एक संयुक्त विभाग खोला गया। १९२९ में राजनीत-विज्ञान विभाग एक स्वतंत्र विभाग के रूप में स्थापित हुआ। प्रोफेसर गुरमुख निहाल सिंह, जिन्होंने तत्पश्चात् कई महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, इसके प्रथम अध्यक्ष थे।

प्रोफेसर गुरुमुखनिहाल सिंह के पश्चात् क्रमशः प्रोफेसर मुकुट बिहारी लाल, प्रोफेसर कन्हैयालाल वर्मा, श्री डी० एन० वोहरा, प्रोफेसर के० वी० राव, प्रोफेसर गणेश प्रसाद उनियाल और डा० आर० एच० शरण विभाग के अध्यक्ष रहे। जुजाई १९७४ से प्रोफेसर मनोरंजन झा राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष हैं।

इस विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने आरम्भ से ही भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिंतन, भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन, समाजवादी विचारधारा का इतिहास और समाजशास्त्रीय सिद्धान्तों के इतिहास के अध्ययन पर बल दिया। इन विषयों के साथ विभाग ने राजनीनिक-दर्शन, अन्तर्राष्ट्रीय संबन्ध एवं आधुनिक संविधानों के अध्ययन को भी प्रोत्साहित किया। विभाग, राजनीति विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में निरंतर विकासोन्मुख रहते हुए, पाठ्यक्रम के आधुनिकीकरण का भी प्रयास करता रहा है। उदाहरण के लिए अब पाठ्यक्रम में इन विषयों का समावेश है—राजनीतिक समाजशास्त्र, भारत का राजनीतिक समाजशास्त्र, आधुनिक शासन प्रणाली-सिद्धान्त और व्यवहार, भारतीय राज्यों की राजनीति एवं शासन प्रणाली, ग्राम्य-भारत की राजनीति एवं शासन प्रणाली, लोक-प्रशासन, सामाजिक एवं आर्थिक प्रशासन, शोध-विधि एवं राजनीतिक विश्लेषण, अन्तर्राष्ट्रीय संगठन और दक्षिण-पूर्व एशिया की राजनीति।

प्रारम्भ में विभाग ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए हिन्दी में पाठ्य-पुस्तकें लिखने पर विशेष ध्यान दिया। तत्पश्चात् शोध कार्य के साथ-साथ अध्यापन एवं पाठ्य-क्रम के आधुनिकीकरण पर बल दिया गया। विभाग में शोध के प्रमुख क्षेत्र हैं—राजनीतिक सिद्धान्त एवं चिंतन, लोक-प्रशासन, संविधान एवं शासन प्रणाली, भारतीय राजनीति और शासन, भारत के राज्यों में राजनीति, अन्तर्राष्ट्रीय संबन्ध और राष्ट्रीय आन्दोलन। १९६३-७६ की अवधि में विभाग के सदस्यों द्वारा १५ पुस्तकें एवं लेख तथा ६० शोध-लेख प्रकाशित किए गये, एवं आई० सी० एच० आर०, आई० सी० एस० एस० आर० आदि के अन्तर्गत ७ शोध-योजनायें ली गईं, तथा १८ डाक्टरेट की उपाधियाँ वितरित की गईं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने चतुर्थ पंच-वर्षीय योजना के अंतर्गत विभाग को 'राज्य सरकार अध्ययन केन्द्र' स्थापित करने की अनुमति प्रदान की। 'अध्ययन केन्द्र' के लिए दो 'सीनियर रिसर्च फेलो', 'दो जूनियर रिसर्च फेलो', एक 'इनवेस्टिगेटर' और एक 'स्टेनोग्राफर-कम-आफिस असिस्टेन्ट' स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त -'फील्ड कार्य के लिए कुछ स्थिर-अनुदान भी दिया गया। 'केन्द्र' के तत्वावधान में भारतीय राज्यों की शासन-पद्धति एवं राजनीति से संबन्धित विभिन्न विषयों पर अनेक अध्ययन किए गये.

जैसे—राजनीतिक प्रक्रिया, निर्वाचन एवं निर्वाचन-आचरण, नेतृत्व पद्धति, स्थानीय संस्थाओं की राजनीति, केन्द्र-राज्य संबन्ध, अन्तर्राज्यिक सीमा विवाद, संविद सरकारें, पुलिस प्रशासन इत्यादि। इनमें से कुछ अध्ययन लेख के रुप में प्रकाशित हो चुके हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 'विजिटिंग टीम' ने पंचम पंच-वर्षीय योजना के लिए 'केन्द्र' के कार्यों का मूल्यांकन किया और कहा कि केन्द्र ने अच्छा कार्य किया है उसे वर्तमान योजना की अवधि में जारी रखना चाहिए।

विश्वविद्यालय अनुसंधान आयोग को "क्षेत्रीय-अध्ययन योजना" के अन्तर्गत विभाग में 'नेपाल अध्ययन केन्द्र' की स्थापना की गई है। 'केन्द्र' का उद्देश्य नेपाल के विभिन्न सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पहलुओं पर अन्तर्विषयी दृष्टिकोण से गहन अध्ययन एवं शोध-कार्य करना है। 'केन्द्र' का एक प्रमुख उद्देश्य नेपाल पर हुए सभी प्रकार के अध्ययनों का संग्रहीकरण करना तथा सम्बन्धित ग्रन्थ-सूची का नियमित प्रकाशन है।

विभाग के तत्त्वावधान में अनेक गोष्ठियाँ, व्याख्यान-मालाएँ एवं वाद-विवाद आयोजित किये जा चुके हैं। १९७५ में राजनीति-विज्ञान के पाठ्य-क्रम में आवश्यक संशोधन हेतु एक क्षेत्रीय 'वर्कशाप' का आयोजन भी हुआ। इसी वर्ष (१९७५) विभाग की मंत्रणा पर लीसेस्टर यूनीवर्सिटी के प्रोफेसर कान्स सोपर ने "न्यू डाइरेक्शन्स इन डिप्लोमेसी" और "इन्टरनशनल इन्स्टाट्यूशन्स् एण्ड बैलेन्स आफ पावर" तथा आस्ट्रेलियन नेशनल यूनीवर्सिटी के प्रोफेसर हडले बुल ने "द न्यू बैलेन्स आफ पावर इन एशिया एण्ड द पेसफिक, द किसिन्जर माडेल" और "न्यू डाइरेक्शन्स इन द थ्योरी आफ इण्टरनेशनल रिलेशन्स" में विचार-गोष्ठियों का शुभारम्भ किया। इसके अतिरिक्त दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर रणधीर सिंह ने "रीसेंट ट्रेन्डस् इन पालिटिकल थ्योरी," इन्स्टीट्यूट आफ एडवान्स्ड स्टडीस, शिमला के विजिटिंग फेलो, प्रोफेसर आशा राम ने "गान्धीस्म एण्ड माओइस्म," श्री इन्द्रदीप सिन्हा, एम० पी०, ने "पोलिटिकल इनस्टेबिलिटी इन विहार," एवं मास्को के लुमुम्बा यूनीवर्सिटी के वाइस-रेक्टर प्रोफेसर मोजोलिन ने "इन्डो-सोवियट रिलेशन्स" पर व्याख्यान दिए।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हीरक-जयन्ती के अवसर पर विभाग ने १९७६ में 'धर्म-निरपेक्षता, समाजवाद एवं प्रजातन्त्र' के संदर्भ में 'भारतीय-संविधान में संशोधन-प्रक्रिया' पर व्याख्यान-माला का आयोजन किया।

भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति की २५वीं वर्षगाँठ के अवसर पर विभाग के वर्तमान अध्यक्ष डा० मनोरंजन झा को भारत सरकार (शिक्षा मन्त्रालय) और इंडियन कौंसिल फार हिस्टारिकल रिसर्च ने "रोल आफ सेन्ट्रल लेजिसलेचर्स् इन द फ्रीडम स्ट्रगल" पर एक पुस्तक लिखने के लिए आमंत्रित किया। भारत के राष्ट्रपति ने १५ अगस्त १९७२ को इस पुस्तक का विमोचन किया। तत्पश्चात् डाक्टर झा, आई० सी० एच० आर०, नई दिल्ली के तत्त्वावधान में एक प्रोजेक्ट "फ्रीडम स्ट्रगल थ्रू स्टेट लेजिसलेचर्स" के डाइरेक्टर नियुक्त किए गए। वह इस संगठन के कुछ समय तक सेक्रेटरी भी रहे। डाक्टर एच० एन०

त्रिपाठी, जो इस समय विभाग में रीडर हैं को उनकी पुस्तक "प्राचीन भारत में राज्य और न्याय-पालिका" के लिए गोविन्द-बल्लभ पंत पुरस्कार तथा "संघवादी" के लिए मोतीलाल नेहरू-पुरस्कार मिले।

विभाग में बी० ए०, बी० ए० (आनर्स), एम० ए० और पी-एच० डी० डिग्रियों के लिए शिक्षा दी जाती है।

शिक्षकों की संख्या इस प्रकार है :—प्रोफेसर : १ रीडर : ५ लेक्चरर : ८।

पंचम पंच-वर्षीय योजना के अंतर्गत विभाग को एक रीडर और प्रदान किया गया है।

अर्थशास्त्र विभाग

प्रारम्भ में अर्थशास्त्र और इतिहास एक ही विभाग था एवं इसके संयुक्त अध्यक्ष प्रो० गुरुमुख निहाल सिंह थे। सन् १९०७ में इतिहास विभाग की अलग स्थापना हुई। इस विभाग से आर्थिक विचार, आर्थिक भूगोल, सार्वजनिक प्रशासन ओर राजनीति शास्त्र पढ़ाया जाता था। विभाग में प्रो० एच० एल० चबलानी, डा० ज्ञानचन्द्र और डा० आर० एन० जे० शाह जैसे माने जाने विद्वान थे सन् १९२९ में एक अलग विभाग के रूप में राजनीतिशास्त्र की स्थापना हुई। अर्थशास्त्र विभाग में उस ससय डा० हंसराज सोनी, प्रो० बी० पी० अडारकर और प्रो० के० बी० रंगास्वामी जैसे अर्थशास्त्री थे।

सन् १९२४ में विभाग ने वाणिज्य कोर्स की एक योजना तैयार की थी किन्तु अर्थाभाव में यह कोर्स प्रारम्भ नहीं किया जा सका। सन् १९४० में कामर्स की कक्षायें प्रारम्भ की गयी। जुलाई सन् १९४० में इन्टरमीडिएट कक्षायें, १९४२ में स्नातक कक्षायें एवं सन् १९४४ में स्नातकोत्तर कक्षायें प्रारम्भ की गयीं। सन् १९४० से १९५१ तक अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य एक ही विभाग थे जिसके अध्यक्ष क्रमशः डा० बी० आर० मिश्रा और डा० ए० के० दास गुप्ता थे।

सन् १९५१ में कामर्स विभाग अर्थशास्त्र से अलग हो गया। इसी बीच डा० दास गुप्ता 'अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष' के पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख होकर वाशिंगटन चले गये और श्री टी० एन० रामास्वामी अर्थशास्त्र विभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष हुए। वापस आने पर डा० दासगुप्ता १९५८ तक अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष रहे। तदुपरान्त डा० ए० एस० रतूरी सन् १९६२ तक विभागाध्यक्ष रहे। इसी वर्ष डा० आर० एन० भार्गव, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हो गये एवं कुछ ही महीनों बाद एक वर्ष के लिये (सन् १९६३-६४) अमेरिका के कोलोरेडो विश्वविद्यालय, बोल्डर मे विजिटिंग प्रोफेसर होकर चले गये। उनके बाद डा० उमेश प्रसाद कार्यवाहक विभागाध्यक्ष के पद पर कार्य करते रहे। सन् १९६४ में प्रो० आर० एन० भार्गव ने पुनः विभागाध्यक्ष का कार्यभार सम्भाला एवं सन् १९६४ से सितम्बर १९७४ तक विभागाध्यक्ष रहे। सन् १९७२ में कला संकाय दो संकायों अर्थात्—कला संकाय एवं सामाजिक विज्ञान संकाय में विभाजित हो गया और अर्थशास्त्र विभाग सामाजिक विज्ञान संकाय के पाँच विभागों में से एक विभाग के रूप में कार्य करने लगा।

सितम्बर सन् १९७४ में विभाग की रीडर डा० (श्रीमती) राधारानी चौधरी ने विभागाध्यक्ष का पद ग्रहण किया एवं ३ सितम्बर १९७६ तक विभागाध्यक्ष बनी रहीं।

सम्प्रति विभाग के अध्यापकों की संख्या इस प्रकार हैं—प्रोफेसर दो—(रिक्त) रीडर पांच तथा प्रवक्ता नौ।

विभाग में दो लिपिक एव दो चपरासी भी कार्यरत हैं।

अध्यापकों द्वारा विदेश भ्रमण

विभाग के रीडर डा० ए० एस० रतूरी दो सत्र हेतु (१९५३-५५) के लिए अमेरिका (हार्वर्ड यूनिवर्सिटी) गये थे।

सन् १९६५-६६ में एक सत्र के लिए विभाग की रीडर डा० (श्रीमती) राधारानी चौधरी, अमेरिकन विश्वविद्यालय, वाशिंगटन, डी० सी० में भ्रमणकारी प्रोफेसर होकर गयीं।

सन् १९७०-७१ में एक सत्र के लिए विभाग के रीडर डा० उमेश प्रसाद, जनांककीय केन्द्र (पापुलेशन सेन्टर) शिकागो विश्वविद्यालय में भ्रमणकारी प्रोफेसर होकर गये।

प्रशासकीय सेवा

विभाग के रीडर डा० ए० एस० रतूरी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डीन आफ स्टूडेन्ट, चीफ प्राक्टर तथा रजिस्ट्रार रहे एवं वर्तमान में रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के कुलपति पद पर सुशोभित हैं।

विभाग के रीडर डा० उमेश प्रसाद वर्तमान में विश्वविद्यालय के छात्र अधिष्ठाता (डीन आफ स्टूडेन्ट) के पद कर कार्यरत हैं तथा विभाग के भूतपूर्व प्रवक्ता श्री जे० पी० वाजपेयी, वर्तमान में सान्ध्य महाविद्यालय (कमच्छा), के प्राचार्य पद पर सुशोभित हैं।

विभाग के विद्यार्थी

विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों ही वर्गों के विद्यार्थियों का अध्यापन होता है। विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष स्नातकोत्तर कक्षा के एम० ए० (प्रथम वर्ष) में कुल निर्धारित ६० संस्थागत छात्रों का चयन किया जाता है।

शोध कार्य

विभाग के विभिन्न अध्यापकों की देख-रेख में अनेक छात्र शोध कार्य करते रहे हैं एवं वर्तमान में भी कार्य कर रहे हैं। अभी तक के शोध छात्रों का विवरण निम्न है :— डी० लिट् एवं पी-एच० डी० प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या :—डी० लिट्—३ एवं

पी० एच० डी०—३२ तथा वर्तमान शोध कार्यरत् छात्रों की संख्या ६२ है। इसमें दो वर्ष की शोध अवधि के ऊपर वाले छात्र भी सम्मिलित हैं।

शोध परियोजनायें

विभाग के गणमान्य अध्यापकों द्वारा अर्थशास्त्र विषयक भिन्न-भिन्न शोध परियोजनाओं का भी संचालन किया गया है।

सन् १९६६-६७ में प्रो० आर० एन० भार्गव के निदेशन में 'मोबिलाइजेशन आफ रिसेर्सिज थ्रू टेक्सेशन इन यू० पी० ड्यूरिंग फोर्थ प्लान' नामक परियोजना का संचालन किया गया जिसके उप-निदेशक डा० अयोध्या सिंह, रीडर अर्थशास्त्र, थे। यह परियोजना भारत सरकार के वित्त मन्त्रालय द्वारा संचालित की गयी थी।

सन् १९७१-७२ में विभाग के रीडर डा० अयोध्या सिंह के निदेशन में 'माडल ग्रोथ सेन्टर इन वाराणसी डिस्ट्रिक्ट १९७२' नामक परियोजना पूरी हुई। इस परियोजना का संचालन भारत सरकार के औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार एवं कम्पनी अफेयर्स मन्त्रालय द्वारा किया गया।

सितम्बर १९७२ से जून १९७६ तक डा० अयोध्या सिंह के ही निदेशन में 'मार्केटेबुल सरप्लस आफ मेजर फूड ग्रेन्स इन सेलेक्टेड रीजन्स आफ वाराणसी डिस्ट्रिक्ट' नामक परियोजना पूरी हुई। इस परियोजना का संचालन इण्डियन काउन्सिल आफ एग्रिकल्चरल रिसर्च, नई दिल्ली द्वारा किया गया।

प्रकाशन

विभाग के गणमान्य अध्यापकों द्वारा समय-समय पर देशी एवं विदेशी पत्र-पत्रिकाओं में अर्थशास्त्र के विभिन्न विषयों एवं समस्याओं से सम्बन्धित लेख प्रकाशित होते रहे हैं।

विभाग के अध्यापकों द्वारा अर्थशास्त्र विषयक बहुत सी पुस्तकों का भी प्रकाशन किया गया है जिससे स्नातक एवं स्नातकोत्त कक्षाओ के छात्रों को अध्ययन में अत्यधिक सहायता मिली है।

विभाग के शोध छात्रों द्वारा भी समय-समय पर देशी पत्र-पत्रिकाओं में अर्थशास्त्र विषयक लेख प्रकाशित होते रहे हैं।

सेमिनार का आयोजन

विभाग के स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्रों एवं शोध छात्रों को अर्थशास्त्र विषयक विभिन्न समस्याओं एवं भारत वर्ष की अन्य आर्थिक समस्याओं से भली-भाँति अवगत कराने हेतु विभाग में प्रत्येक महीने के प्रथम एवं तृतीय सप्ताह में सेमिनार आदि का आयोजन किया जाता है जिसमें छात्र अथवा अध्यापक अपनी इच्छानुसार अर्थशास्त्र

विषयक व्याख्यान देते हैं। विभागीय सेमिनार में स्नातकोत्तर कक्षा (अर्थशास्त्र) के समस्त छात्र, शोधछात्र एवं अध्यापक उपस्थित रहते हैं। इसके अतिरिक्त समय-समय पर देश और विदेश से आये विद्वानों का भी व्याख्यान विभाग में आयोजित किया जाता है जिससे देश एवं विदेश की आर्थिक नीतियों एवं आर्थिक स्थितियों का पूर्ण ज्ञान छात्रों को होता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का संचालन

सन् १९७३-७४ व १९७४-७५ में विभाग के रीडर ड० अयोध्या सिंह एवं सन् १९७५-७६ में विभाग के ही प्रवक्ता श्री आर० सुब्राह्मण्यम ने सामाजिक विज्ञान संकाय की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना का संचालन अत्यधिक कुशलता से सम्पन्न किया जिसमें छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय में एवं अन्य स्थानों पर सेवा कार्य सम्पन्न हुआ।

समाजशास्त्र विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

अन्य महत्त्वपूर्ण विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ग्रन्थालय तंत्र

हरिदेव शर्मा

ग्रन्थालय का कार्य

आज मनुष्य का ज्ञान इस द्रुत गति से बढ़ रहा है कि मानव बुद्धि को उसके साथ निरन्तर चल पाना असंभव हो गया है। मेधावी से मेधावी विद्वानों को भी अपने विषय का ज्ञान अद्युनातन रखने के लिए नित्य बढ़ती हुई बृहद् ज्ञान राशि को एकत्रित कर संजोना एवं आवश्यकता पड़ने पर पाठकों को मुहैया करना अपने आप में एक जटिल कार्य हो गया है। इस विपुल ज्ञानराशि के संग्रहण, सज्जीकरण एवं उपयोगार्थ ग्रन्थालयों का उदय हुआ। समग्र ज्ञान राशि का अनवरत रूप से निरीक्षण, चयन, संग्रहण, भंडारण एवं उपयोगार्थ प्रस्तुतीकरण करते रहना ग्रन्थालय का अनवरत कार्य है।

आज की शिक्षा अथवा प्रशिक्षण कल पुराने पड़ जाते हैं। इन्हें अद्युनातन रखने के लिए जीवन भर अपने विषय से सम्बद्ध नित्य नवीन साहित्य पढ़ते रहना होता है। अब शिक्षा केवल स्कूल, कालेज व विश्वविद्यालयों की कक्षाओं की चार दीवारी में ही सीमित नहीं रह गई है, वरन् उसने ये सारी सीमाएँ तोड़ दी हैं। अब शिक्षा जीवन को सतत सँवारने, निखारने एवं समृद्ध बनाने की ऐसी प्रक्रिया हो गई है जो जीवन भर चलती रहती है। अतः शिक्षा को अविराम बढ़ाते रहने के लिए सारे अनौपचारिक साधन काम में लाए जा रहे हैं। आज हर आयु के व्यक्ति को हर विषय की शिक्षा हर समय सहज प्राप्त है। ग्रन्थालय इस दुरूह कार्य को अपनी बहुविध सेवाओं द्वारा सुचारू रूप से सरअंजाम देने में सदा प्रयत्नशील रहता है।

शिक्षा ज्ञान-वर्द्धन एवं विवेक, तर्क तथा निर्णायक बुद्धि का विकास करने वाली प्रक्रिया है। साधारणतया स्कूल, कालेज एवं विश्वविद्यालय की कक्षाओं को ही शिक्षा का साधन माना जाता रहा है। परंतु कक्षाओं में जो शिक्षा दी जाती है, वह बहुत ही परिमित एवं औपचारिक है। कक्षाओं की शिक्षा आयु, देश-काल एवं विभिन्न स्तरों की सीमाओं में बंधी है। यह शिक्षा हर आयु के व्यक्ति को हर स्थान पर, हर समय नहीं प्राप्त हो सकती। अतः कक्षाओं की सीमित शिक्षा समग्र शिक्षा का एक अंश मात्र है। ज्ञान की अपार राशि ग्रंथालयों में संग्रहीत है। वहां आयु-देश-काल की सीमा नगण्य के बराबर है। कक्षाओं में दी गई शिक्षा को ठीक परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए ग्रन्थालयों में वांछित विषय के ज्ञान का सर्वेक्षण करना होता है। कहना न होगा कि ग्रन्थालय में भंडारित ग्रन्थ-राशि में समाहित ज्ञान निर्जीव है। दूसरी ओर पाठकगण वांछित ज्ञान पाने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं—परन्तु उन्हें उस ग्रन्थ राशि से उनकी अभीसिप्त सामग्री पाने के लिए ऐसी वैयक्तिक सहायता दरकार है जो पाठक को अभीप्सिप्त सामग्री से मिला दे। दूसरे शब्दों में ग्रन्थालयों में भंडारित ग्रन्थ-राशि में प्राण-प्रतिष्ठाकर उसको पाठकों से मिला दे। यह काम ग्रन्थालय-कर्मी करते हैं। इस पेचीदा कार्य को सरअंजाम देने के लिए ग्रन्थालय-कर्मियों को पहले तो अपने ग्रन्थालय को जानना होता है। दूसरे अपने पाठकों एवं उनकी आवश्यकताओं को जानना होता है। तब कहीं तीसरी

सयाजीराव गायकवाड़ ग्रन्थालय

विश्वविद्यालय का सिंह द्वार

प्रक्रिया पुस्तक से पाठक से मिलन की सम्पन्न होती है। इस प्रकार ग्रन्थालय-कर्मी केवल पाठकों का ही नहीं, ग्रन्थों का भी पथ-निर्देश करते हैं। निर्जीव ग्रन्थों में प्राण-प्रतिष्ठा करके उन्हें खोज रहे पाठकों से मिलाने में ग्रन्थालय कर्मियों की कुशलता ही व्यावसायिक विशेषज्ञता की जननी है। वहीं उन्हें पथ प्रदर्शक का दर्जा प्रदान करती है। कहना न होगा कि ग्रन्थालय-कर्मी पथदर्शन का यह कार्य छात्रों, शोधार्थियों एवं अध्यापकों को समान रूप से करते हैं। इस प्रकार ग्रन्थालय में विश्वविद्यालय का मूर्त रूप प्रत्यक्ष होता है जो गणतंत्रात्मक भावना का सच्चा प्रतीक है।

संग्रह

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ग्रन्थालय तंत्र भारत का वृहत्तम विश्वविद्यालय ग्रन्थालय तंत्र है। इसकी समृद्धि में देश के मुख्य गण्यमान व्यक्तियों ने योगदान दिया है। मोतीलाल नेहरू, भगवान दास, लाला श्रीराम, गोयनका एवं अन्य विद्वानों ने अपने-अपने पुस्तक संकलन इस ग्रंथालय को दान देकर, इसके संग्रह को बढ़ाया। इस समय इसमें ६,५०,००० से ऊपर पुस्तकें हैं। इस वृहत् संग्रह में सभी भारतीय भाषाओं एवं कुछ विदेशी भाषाओं के अमूल्य ग्रन्थ रत्न हैं। क्योंकि कतिपय विद्वानों ने अपने जीवन भर के संग्रहीत संकलन यहां दान दे दिए हैं, इनमें बहुत से अलभ्य एवं दुर्लभ ग्रन्थ भी सम्मिलित हैं। इन ग्रन्थों की विषय-व्यापकता इतनी विस्तीर्ण है कि ज्ञान क्षेत्र के किसी भी पहलू पर यहां प्रचुर मात्रा में सामग्री मिल जाती है। यही कारण है कि यहां देश भर के ही नहीं, अपितु विदेश के भी विश्वविद्यालयों से शोधार्थी आते रहते हैं।

पाण्डुलिपियाँ

यहां पाण्डुलिपियों का भी एक अच्छा संग्रह है। लगभग १०,००० पाण्डुलिपियां हैं। इन पाण्डुलिपियों की मुख्य भाषा संस्कृत है। इसके अलावा फारसी, अरबी, उर्दू, हिन्दी व बंगला भाषा की पाण्डुलिपियां भी यहां हैं। संस्कृत की बहुत सी पाण्डुलिपियां शारदा लिपि अथवा ग्रन्थ लिपि में हैं। इनमें से कई पाण्डुलिपियां अन्यत्र दुर्लभ हैं। यहां तिब्बती पवित्र ग्रन्थ तन्जूर-खंजूर का पूरा सेट विद्यमान है। इसकी फोटो कापी का भी एक पूरा सेट संरक्षित है।

दुर्लभ ग्रन्थ विभाग

यह ग्रन्थालय पुराना है। इसे कई मनीषियों ने अपने जीवन भर के संकलन दान कर दिये हैं। अतः दुर्लभ ग्रन्थों की संख्या पर्याप्त है। ऐसे सद्ग्रन्थों को अलग से सावधानी से सजा कर रखा गया है। इस कक्ष तथा पाण्डुलिपि कक्ष को वातानुकूलित होना चाहिए। आशा है नए भवन में ऐसा हो पाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय के शोध प्रबन्ध भी सन्दर्भार्थ उपलब्ध कराये जाते हैं। बहुत से शोधार्थी इस संग्रह का उपयोग करते हैं।

पत्र-पत्रिकाएँ

इस ग्रन्थालय में सामयिक पत्र-पत्रिकाओं का विशाल संग्रह है। इन सामयिकों के पूरे सेट यहां विद्यमान हैं। इनमें से कई ऐसे सेट हैं जो अन्यत्र दुर्लभ हैं। स्वतंत्रतापूर्व के कई सामयिकों के सेट शोध कर्ताओं के लिए बहुत सहायक सिद्ध होते हैं। कई पुराने पत्र-

पत्रिकाओं की माइक्रोफिल्में मंगाई जा रही हैं। इन सामयिकों के लिए अन्यत्र के शोधार्थियों से भी तद्‌तद् ग्रन्थालयों के माध्यम से प्रार्थना आती रहती है।

इसके अतिरिक्त लगभग २,५०० सामयिक चन्दे पर नियमित रूप से आते रहते हैं। साथ ही बहुत से सामयिक विनिमय व्यवस्था के अन्तर्गत भी आते हैं। इनमें से बहुत से सामयिक उपहार स्वरूप भी आते हैं। इन सामयिकों में सारे विषय सम्मिलित हैं। इनमें से कई विदेशी सामयिक हवाई डाक सें आते हैं। कई सामयिक विभिन्न विदेशी भाषाओं के हैं। इस प्रकार यह सामयिक संग्रह अतीत से लेकर अद्यतन ज्ञान की अजस्र धारा को दर्शाता है।

समाचार पत्र कटिंग

यहां १९२७ से १९६१ तक के कुछ प्रमुख समाचारत्रों की कटिंग रजिस्टरों में चिपकी है। इन कटिंगों की निर्देशी है। शोधार्थियों को ये कटिंग कई बार उस समय पूर्ण सूचना देती हैं जब कहीं भी सामग्री नहीं मिलती। ये कटिंग इस तैंतीस वर्ष की अवधि के लिए दर्पण के समान हैं। इनमें भारत की उन दिनों की तस्वीर प्रत्यक्ष सी लगती है।

माइक्रोफिल्म संग्रह

देश-विदेश के दुर्लभ ग्रन्थों एवं समाचार पत्रों के महत्त्वपूर्ण माइक्रोफिलम सेटों का संग्रहण किया जा रहा है। अभी लीडर १९०९ से १९५०, नेशनल हेराल्ड १९३८–६०, अमृत बाजार पत्रिका १९०५–४० एवं हिन्दुस्तान टाइम्स १९२८–६५ के माइक्रोफिल्म इस संग्रह की प्रमुख निधि है। जीर्ण-शीर्ण पाण्डुलिपियों एवं दुर्लभ ग्रन्थों को भी माइक्रोफिल्म किया जा रहा है।

संघ सूचियाँ

इस ग्रन्थालय में अमरीकी नेशनल केटलाग, एवं ब्रिटिश म्यूजियम केटलाग संग्रहीत हैं। लायब्रेरी आफ कांग्रेस का केटलाग भी है। नेशनल लायब्रेरी कलकत्ता की सूची भी प्राप्य है। इस प्रकार किसी भी पुस्तक की सूच्यात्मक सूचना यहां से प्राप्त हो सकती है।

अपने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं संस्थानों में प्राप्त पुस्तकों की संघ-सूची निर्माणाधीन है। इससे विश्वविद्यालय के किसी भी विभाग में प्राप्य पुस्तक का पता चल सकेगा।

पुस्तकों एवं पाण्डुलिपियों का संरक्षण

पुस्तकों एवं पाण्डुलिपियों का कागज जीर्ण-शीर्ण होता रहता है। तरह-तरह के कीट, व मौसम कागज पर अपना खराब असर डालते रहते हैं। अतः दुर्लभ ग्रन्थों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयत्न करने होते हैं। अधुनातन पुस्तक संरक्षण विधियों का प्रशिक्षण लेने के लिए स्टाफ को बाहर भेजा जाता है। कुछ ही दिनों में ग्रन्थ संग्रह संरक्षण अनुभाग सुचारु रूप से कार्य करने लगेगा।

पाठ्यपुस्तक कक्ष

छात्रों के पाठ्यक्रम की पुस्तकों पर पूरा ध्यान दिया जाता है। उनके सारे पाठ्यक्रम में निर्धारित व सहायक पुस्तकों का संग्रहण निरन्तर किया जाता है। पाठ्य पुस्तक कक्ष हर

समय इन पुस्तकों को उपलब्ध कराता है। किसी भी छात्र को पाठ्यक्रम अथवा सहायक पुस्तकों के अभाव के कारण अध्ययन में व्यवधान न पड़े, इस बात का सदैव ध्यान रखा जाता है। किसी पाठ्य पुस्तक का अभाव ज्ञात होते ही उसकी पूर्ति की जाती है। पाठ्य पुस्तकों के नवीनतम संस्करणों को खरीदकर इस कक्ष को अधुनातम रखा जाता है। इस कक्ष की पुस्तकों का उपयोग परिचय-पत्र दिखा कर करने दिया जाता है।

उपयोक्ता

इस ग्रन्थालय के १५,००० से ऊपर सदस्य हैं। उन्हें प्रतिदिन १००० से ऊपर पुस्तकें निर्गत की जाती हैं। इनमें विश्वविद्यालय के छात्र, अध्यापक एवं अन्य कर्मचारी हैं। अवकाश प्राप्त कर्मचारीगण, यहां के स्नातक एवं बहुत से अन्य विद्यार्थी भी यहां के सदस्य हैं। ग्रन्थालय का उपयोग यहां के सदस्यों के अतिरिक्त विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोधार्थी भी करते हैं। उनके शोध कार्य में भी यहां यथाशक्ति योगदान दिया जाता है।

शोध कक्ष

शोधार्थियों की आवश्यकताएँ स्नातकों से अलग प्रकार की होती हैं। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए शोधार्थियों के लिए अलग से चार शोध कक्ष रखे हैं। इन कक्षों में शोधार्थियों के अध्ययन में किसी प्रकार की बाधा न पड़े, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है। इनमें से एक कक्ष शोध छात्राओं के लिए है। दो कक्ष शोध छात्रों के लिए है। चौथा शोध कक्ष अध्यापकों के लिए है। इन कक्षों में अपने-अपने स्थान पर शोधार्थी अपने अपने संदर्भ के ग्रन्थ एकत्रित कर लेते हैं। इन ग्रन्थों को प्रायः यहां से इधर-उधर नहीं किया जाता। इस तरह शोधार्थी लम्बे अर्से तक इनका लाभ उठा सकते हैं।

सन्दर्भ विभाग

उपयोक्ताओं की सेवा एवं सहायता के लिए सन्दर्भ कार्य में प्रशिक्षित कार्यकर्तागण हर समय तत्पर रहते हैं। नए छात्रों एवं उपयोक्ताओं को ग्रन्थालय का उपयोग करने के लिए सभी सेवाओं से अवगत कराया जाता है। छोटे-छोटे समूहों में ये छात्र आते हैं। उन्हें ग्रन्थालय से लाभान्वित होने के लिए दिशा निर्देश दिये जाते हैं। जो सामग्री या पुस्तक तत्काल प्राप्त नहीं होती है, उसके लिए आरक्षण-पत्रक भर कर उसके मिलने पर उपयोक्ताओं को डाक द्वारा सूचित किया जाता है कि अमुक पुस्तक आपके लिए अमुक तारीख तक आरक्षित रहेगी।

अन्तर-ग्रन्थालय उद्धार

शोधार्थियों के लिए देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से वांछित पुस्तकें मंगाई जाती हैं। शोधार्थी जब अपना काम खत्म कर लेते हैं. ये पुस्तकें वापस कर दी जाती हैं। इन पुस्तकों के आने-जाने का डाक-खर्च ग्रन्थालय वहन करता है। शोधार्थी को एतदर्थ एक प्रपत्र भर कर उस पर गाइड की सिफारिश करवानी होती है। शेष सारा कार्य ग्रन्थालय करता है। बहुत से शोधार्थी एवं अध्यापकगण इस सुविधा का लाभ उठाते हैं। इस प्रकार हमारे शोधार्थियों एवं अध्यापकों को देश भर के ग्रन्थालयों की उपलब्ध ग्रन्थराशि अपनी शोध के लिए प्राप्त हो जाती है।

संयुक्त राष्ट्र एवं सरकारी प्रकाशन विभाग

यह ग्रन्थालय संयुक्त राष्ट्र संघ का डिपाजिटरी ग्रन्थालय है। एतदर्थ संयुक्त राष्ट्र

संघ के प्रकाशन यहां संग्रहीत हैं। इन प्रकाशनों का संग्रह बहुत बड़ा है। इसी प्रकार भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकारों के प्रकाशन भी यहां आते हैं। यह कक्ष शोधार्थियों को आधारभूत सामग्री जुटाता है।

प्रतिकरण विभाग

पुराने ग्रन्थों अथवा सामयिकों के अभीप्सित अंशों के प्रतिकरण की सुचारु व्यवस्था है। हमारे इस विभाग में माइक्रोफिल्मिंग व फोटो प्रतिकरण कार्य होता है। यहां माइक्रो-फिल्म पढ़ने के दो रीडर भी हैं। इस प्रकार यह विभाग बहुत कम शुल्क पर शोधार्थियों को दुर्लभ सामग्री की प्रतिलिपि यहां देकर उनकी सहायता करता है।

विभागीय ग्रन्थालय

विश्वविद्यालय विस्तृत क्षेत्र में है। अतः विभिन्न विभागों एवं संकायों के सुविधार्थ यहां भी विभागीय ग्रन्थालय हैं। परिसर में विभिन्न आकार प्रकार के ४० से ऊपर ग्रन्थालय हैं। इनमें से चिकित्सा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, विधि, महिला महाविद्यालय के ग्रन्थालय प्रमुख हैं। कुछ अन्य विभागों के ग्रन्थालय भी सामग्री-संग्रह के लिहाज से काफी बड़े हैं। अन्यत्र अधिकतर विभागों में भी पुस्तक संग्रह एकत्र हैं। परन्तु स्थानाभाव एवं कर्मचारियों के अभाव में उन ग्रन्थालयों का पूरा उपयोग नहीं हो पाता। इन सब ग्रन्थालयों को एक श्रृंखला में लाकर इनकी सेवाओं को अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रज्ञाचक्षुओं की सेवाएं

अपने प्रज्ञाचक्षु छात्रों को ग्रन्थालय सेवा से लाभान्वित करने के लिए ब्रेल पुस्तकों एवं टेप रिकार्ड पर पुस्तकों की व्यवस्था की गई है। ग्रन्थालय इन छात्रों के सहायतार्थ इनके लिए पुस्तकों के पठन की भी व्यवस्था करता है। इनके लिए दूसरों से अधिक पुस्तकें दी जाती हैं। इन सुविधाओं के अतिरिक्त भी इनकी सहायता का हर समय विशेष ध्यान रखा जाता है।

प्रौढ़ शिक्षा

ग्रन्थालय का मुख्य कार्य है ज्ञान का प्रसार। इसके लिए पढ़ना-लिखना अनिवार्य है। इसी बात को ध्यान में रखकर ग्रन्थालय में प्रौढ़ शिक्षा का प्रबन्ध किया गया है। ग्रन्थालय की प्रौढ़ शिक्षा की कक्षाएं सायं ४–३० से लगती हैं। हिन्दी, अंग्रेजी व संस्कृत के पढ़ाने के लिए पृथक्-पृथक् प्रबन्ध है। इन कक्षाओं में आकर प्रौढ़गण ज्ञानार्जन करते हैं। ग्रन्थालय की ओर से इन्हें निःशुल्क पुस्तकें दी जाती हैं।

यूनेस्को क्लब

ज्ञान स्वयं में सीमाहीन है। आज के समय में भौगोलिक दूरी निरन्तर घटती जा रही है। इस भौगोलिक दूरी के घटने के साथ-साथ मानसिक दूरी भी सतत घटती रहे और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की युक्ति चरितार्थ हो, इसके लिए ग्रन्थालय में यूनेस्को क्लब की स्थापना

की गई है। यह क्लब मानवीय एकता एवं सौहार्द्र बढ़ाने के लिए नित्य प्रयत्नशील रहता है। सारा संसार एक परिवार है, इस भावना को चरितार्थ करने के लिए इस क्लब की ओर से 'विश्व एक परिवार व्याख्यानमाला' चल रही है। इसमें हर विषय के विद्वान् 'विश्व एक परिवार' के आदर्श को समीप लाने के लिए भाषण देते हैं।

इस व्याख्यानमाला का श्रीगणेश श्री गिरजा कुमार, ग्रन्थालयी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के भाषण से हुआ। प्रमुख व्याख्याताओं में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रो० एम० एस० कानूनगो, प्रो० के० एन० उडुपा, प्रो० वी० वी० नार्लीकर, प्रो० अलैक्स वेमेन, प्रो० जीन० ए० कारपैन्ती, एवं प्रो० एस० एस० वारलिंगें हैं।

हर वर्ष मानवाधिकार दिवस पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। यह वाद-विवाद प्रतियोगिता नित्य जनप्रिय होती जा रही है। यह प्रतियोगिता अपने तीन सफल वर्ष बिता चुकी है। इसमें सारे देश के विश्वविद्यालयों के छात्र आकर अपनी-अपनी वक्तृत्व कला का परिचय देते हैं। विजेता विश्वविद्यालय को चल वैजयन्ती दी जाती है। व्यक्तिगत पुरस्कार तीन होते हैं। प्रथम पुरस्कार ३०० रु०, द्वितीय पुरस्कार १५० रु० व तृतीय पुरस्कार ५० रु० का। विजेताओं को उपर्युक्त राशियों के उत्कृष्ट ग्रन्थ भेंट किए जाते हैं।

कैण्टीन

पाठकों को पढ़ने में थकान होने पर स्वल्पाहार की दरकार होती है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ग्रन्थालय के कर्मचारियों के अंशदान से एक सहकारी कैण्टीन भी चल रही है। यह कैण्टीन अपनी सेवा के पांच सफल वर्ष पूरे कर चुकी है। इसमें लाभ उद्देश्य न होकर के सात्विक सेवा भाव ही प्रधान है। यह सेवा भावना ही इसकी सफलता का राज है। आस-पास के कालेजों के छात्र, अध्यापक व कर्मचारी यहां आकर इस कैण्टीन को गौरवान्वित करते हैं।

कल्याण कोष

ग्रन्थालय के कर्मचारियों को आवश्यकता पड़ने पर उनकी सहायतार्थ एक कल्याण कोष है। इसमें ग्रन्थालय कर्मचारी अपना-अपना योगदान देते हैं। यह स्वयं-सहायता का एक अच्छा उदाहरण है। कर्मचारीगण इस कल्याण कोष से आवश्यकतानुसार, जब-तब लाभ उठाते रहते हैं।

बौद्धिक विकास

यह ध्यान रखा जाता है कि कर्मचारियों का नित्य बौद्धिक एवं व्यवसायिक विकास हो। इसके लिए उन्हें पढ़ने को प्रोत्साहन दिया जाता है एवं प्रशिक्षार्थ भेजा जाता है। बाहर के ग्रन्थालयों की कार्य विधि निरीक्षणार्थ भी समय-समय पर कर्मचारियों को भेजा जाता है। समय-समय पर मुख्य समस्याओं पर आपस में चर्चा एवं विचार-विमर्श भी होता रहता है।

बहुमुखी प्रगति

पिछले पचास वर्षों में विश्वविद्यालय निरन्तर बढ़ता रहा है। छात्र बढ़ते रहे हैं, अध्यापक एवं विभाग बढ़ते रहे हैं। विश्वविद्यालय के इन अवयवों के विकास के अनुपात में ग्रन्थालय में नगण्य वृद्धि हुई है। अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस कमी को पहचान लिया है। ग्रन्थालय के लिए नये भवन के निर्माण एवं इसके सर्वांगीण विकास के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। नये भवन में स्नातकोत्तर व शोध विभाग चले जायेंगे। स्नातक कक्षाओं की सेवाओं का प्रबन्ध यहीं से होगा। इस प्रकार विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय सेवा में एकता एवं समानरूपता लाकर इस ग्रन्थालय तंत्र को इस विश्वविद्यालय के अनुरूप बनाया जा सकेगा।

पुस्तकालयाध्यक्ष
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

सरसुन्दरलाल चिकित्सालय

राम आधारलाल

"जो चिकित्सा में न तो लाभ के लिये और न तो इन्द्रियों के सुख के लिये बल्कि सर्वभूतदया से लगे हुए हैं वे सबसे उच्च हैं।"

चरक चिकित्सा

संक्षिप्त इतिहास

विश्वविद्यालय चिकित्सालय का शिलान्यास काशी नरेश सर प्रभु नारायण सिंह ने १९ जनवरी सन् १९२४ को किया था। विश्वविद्यालय के प्रथम उप-कुलपति की स्मृति में इसका नाम सरसुन्दरलाल चिकित्सालय रखा गया। इसमें अंतरंग रोगियों के लिए १०० शैय्याओं तथा वहिरंग विभाग में लगभग ३०० मरीजों के उपचार एवं १५०० मरीजों की प्रतिवर्ष शल्य क्रिया की व्यवस्था थी।

चिकित्सालय का वास्तविक विकास १९६० में मेडिकल कालेज की स्थापना के साथ ही हुआ। भारतीय चिकित्सा परिषद ने १९६४ में सर सुन्दरलाल चिकित्सालय को शैक्षणिक चिकित्सालय की मान्यता प्रदान की। चिकित्सालय भवन का निर्माण इस प्रकार हुआ कि आयुनिक एवं साथ ही साथ आयुर्वेदिक मेडिसिन के विद्यार्थियों की भी प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहे। शनैः-शनैः शैय्या की संख्या ७०० पहुँच गई। चिकित्सालय में कई नये ब्लाक बनें एवं प्राचीन बहिरंग विभाग ने १९७५ से कार्य आरम्भ किया। नवीन ५५० शैय्या वाला भव्य चिकित्सालय लगभग तैयार हो चुका है। विश्वास है इसके उपयोग के पश्चात् अंतरंग रोगियों की चिकित्सा व्यवस्था एवं देखभाल में पर्याप्त सुधार संभव हो जाएगा।

भवन

शुरू में केवल १०० शैय्या का एक ही भवन था। प्राचीन चिकित्सालय के कई विस्तार हुए और शनैः शनैः ७०० शैय्या हो गईं। निम्नलिखित नवीन भवनों का निर्माण हुआ।

१. नवीन मेडिकल वार्ड (२४ शैय्या वाला) १९६१–६२

२. ट्राउमेटिक सर्जरी ब्लाक १९६२

३. क्लिनीकल ब्लाक १९६३–६४

४. नेत्र चिकित्सालय १९६४

५. वाल चिकित्सालय १९६५

६. मैटर्नीटी वार्ड का विस्तार १९६६

७. ट्राउमेटिक वार्ड का विस्तार १९६७

८. आइसोलेशन वार्ड १९६७

९. रेडियोथैरापी एवं विकिरण केन्द्र १९६८

१०. स्पेशल वार्ड का विस्तार १९७५

पूर्व में चिकित्सालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, स्वास्थ्य मंत्रालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार से आर्थिक सहायता मिलती थी, चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत चिकित्सालय की देख भाल का भार भारत सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से अपने ऊपर ले लिया। इस निमित्त २ करोड़ रुपये स्वीकृत हुए जिसमें—

१. नवीन चिकित्सालय भवन का निर्माण,

२. नवीन बहिरंग विभाग का निर्माण,

३. डाक्टरों एवं रेसीडेन्ट्स के लिए छात्रावास,

४. उपकरणों का क्रय भी सम्मिलित हैं।

इस नवीन योजना के अन्तर्गत बहिरंग विभाग बन कर पूर्ण हो चुका है और अक्टूबर १९७५ से उसका उपयोग किया जा रहा है। इस प्रकार प्राचीन भवन में जो संकीर्णता थी वह समाप्त हो गई है। ५५० शैय्या वाला चिकित्सालय (छः मंजिलाभवन) प्रायः बनकर तैयार है और आशा है कि चालू सत्र के अन्त तक यह कार्य करने लगेगा। बहिरंग विभाग एवं नवीन चिकित्सालय भवन को जोड़ने वाले सर्विस ब्लाक का भी निर्माण हो रहा है। इन सारे निर्माण की पूर्णता के साथ ही रोगयों की सुख-सुविधा की असीमित वृद्धि संभव हो पाएगी।

निम्नलिखित यूनिट एवं विशेष सेवाएँ चिकित्सालय का अंग है—

१. सेन्ट्रल स्टेरीलाइजेशन सप्लाई विभाग

२. केन्द्रीय गैस एवं आक्सीजन पूर्ति यूनिट

३. चिकित्सालय मारचुअरी एवं इंसीनरेटर

४. रसोई घर

५. लान्ड्री

६. इन्टेन्सिव केयर यूनिट

७. कोरोनरी केयर यूनिट

८. वार्ड लेबोरेटरीज

९. चिकित्सालय फार्मेसी

१०. कैजुअल्टी यूनिट

११. कैनवलसेन्स वार्ड

कर्मचारीगण

चिकित्सालय प्रशासन, मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट के अधीन है। मेजर जनरल प्रो० एल० के० अनन्तनारायणन् मेडिकल अधीक्षक के योग्य प्रशासन में चिकित्सालय बहुत द्रुत गति

से आगे वढ़ रहा है। दो मेडिकल उप-अधीक्षक, सभी विभागाध्यक्ष तथा अनेक चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएँ मेडिकल अधीक्षक के सहायतार्थ उपलब्ध हैं। एक समिति जिसमें अधीक्षक, दो उप-अधीक्षक एवं विभिन्न कक्षों के प्रशासनाध्यक्ष सम्मिलित हैं जिनके ऊपर चिकित्सालय प्रशासन संबंधी समस्त निर्णय लेने का भार है।

प्रशासन संबंधी मामलों में मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट को प्रशासनिक अधिकारी की सेवाएँ उपलब्ध हैं। ७०० चिकित्सालय कर्मचारियों के स्थापन संबंधी कार्यों के वे प्रशासनाध्यक्ष भी हैं। नर्सिंग की देखभाल मैट्रन करती हैं।

सांख्यिकी

अंतरंग एवं वहिरंग विभाग के मरीजों का विवरण चिकित्सालय का मेडिकल रेकार्ड सेक्शन रखता है। विभिन्न वहिरंग विभागों में १९७५ में ४,२९,३३० मरीजों की चिकित्सा हुई। इनमे से अनुमानतः $\frac{1}{3}$ स्त्रियाँ थीं। गत वर्ष चिकित्सालय में १६१८ वच्चे पैदा हुए। १९७५ में अंतरंग विभाग में १६४०५ मरीज भर्ती हुए जिनमें से १३१९ मरीजों की मृत्यु हुई। मरीजों के दिनों की संख्या २,३४,८८७ थी एवं चिकित्सालय में औसत ठहरने के १४.३१ दिन थे।

पुस्तकालयाध्यक्ष
चिकित्सा विज्ञान संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

भारत कला भवन-एक परिचय

सुरेन्द्र कुमार

भारतीय संग्रहालयों का इतिहास यद्यपि एक शताब्दी पुराना है किन्तु स्वतंत्रता से पूर्व संग्रहालयों ने शिक्षा के प्रचार में बहुत ही नगण्य भूमिका निभाई है। १९वीं शताब्दी में तो भारतीय संग्रहालयों की स्थिति कीमती गोदामों से अधिक न थी जिनमें नाना प्रकार की पुरातात्विक एवं प्रकृति विज्ञान की वस्तुओं का संग्रह किया जाता था। इन सामग्रियों के संग्रह करने में संग्रहालयों को न तो अधिक श्रम करना पड़ता था और न प्रदर्शन को अधिक प्रभावकारी बनाने के हेतु वैज्ञानिक विधियों का ही उपयोग किया जाता था। अधिकतर इन संग्रहालयों में पुरातत्व सम्बन्धी वस्तुयें संग्रहीत थीं जो मुख्य रूप से सरकारी पुरातत्व विभाग से प्राप्त की जाती थी। उस समय संग्रहालयों में चित्र, वसन तथा अन्य साज-सज्जा की वस्तुओं को शायद ही कभी स्थान दिया जाता था। यह अपने आपमें एक बड़ी कमी थी जिसको दूर करने की श्री राय कृष्णदास जी की हार्दिक इच्छा थी। संयोग से सन् १९१० में भारतीय कला इतिहास के मूर्धन्य विद्वान डा० आनन्द कुमार स्वामी ने प्रयाग में भारतीय चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया। राय साहब प्रदर्शनी से इतना अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने कला वस्तुओं को संग्रह करने का निश्चय किया। परन्तु इस समय अर्थाभाव एवं अन्य कठिनाइयों के कारण यह संग्रह बहुत मंथर गति से आगे बढ़ा। फिर भी उसकी प्रगति में बाधा नहीं पड़ी और जैसे-जैसे समय व्यतीत होता गया वैसे-वैसे राय साहब का प्रेम कला वस्तुओं के प्रति गाढ़ा होता गया और संग्रह की अभिवृद्धि होती गई।

इस संग्रह की पृष्ठभूमि में राय कृष्ण दास जी का एक मात्र उद्देश्य था कि उक्त संग्रह राष्ट्रीय सम्पत्ति का रूप धारण करे। इसी भावना से प्रेरित होकर आज से ५८ वर्ष पूर्व राष्ट्र की कला चेतना को उद्‌बुद्ध करने एवं कला के संरक्षण, प्रदर्शन, रसास्वादन, अध्ययन और और प्रचार के ध्येय को सामने रखकर उन्होंने अपने अथक प्रयास से भारत कला भवन काशी की स्थापना भारत कला परिषद के नाम से १ जनवरी १९२० को की। कवीन्द्र रवीन्द्र नाथ टैगोर और विख्यात कलागुरू आचार्य अवनीन्द्र नाथ टैगोर क्रमशः इसके सभापति और उपसभापति हुए। प्रारम्भिक वर्षों में संग्रहालय के साथ-साथ कला भवन में संगीत विभाग भी था, जिसमें संगीत शिक्षण, प्राचीन स्वर लिपियों के संग्रह और प्रकाशन का कार्य होता था। साथ ही, एक चित्र-शिक्षालय भी संचालित किया गया किन्तु, आगे चलकर गुरु रवीन्द्र नाथ के परामर्श पर कला भवन ने अपनी सारी शक्ति संग्रहालय की अभिवृद्धि में केन्द्रित कर दी और शेष विभाग बन्द कर दिए गए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने यहां के संग्रह को तीन-तीन बार प्रेक्षण करके संग्रहालय को जो गौरव प्रदान किया है वह सम्भवतः कम ही संग्रहालयों को प्राप्त होगा। सुभाष चन्द्र बोस तथा अन्य कई नेताओं ने भी इस संग्रह की सराहना की है। सन् १९२९ में

गांधी जी ने 'यंग इन्डिया' में कला भवन की अपील के लिए स्थान दिया था और टिप्पणी भी लिखी थी।

यद्यपि कला भवन के संग्रह की सराहना चारो ओर हो रही थी किन्तु उसकी कठिनाईयां अभी तक दूर नहीं हो सकी थी। आरम्भ में कला भवन एक किराए के मकान में था जहाँ पर स्थान का अभाव सदैव खलता था। इस अभाव को दूर करने को दृष्टि से सन् १९२९ में कला भवन काशी नागरी प्रचारिणी सभा में प्रदर्शित कर दिया गया। यद्यपि कला भवन की गतिविधि सभा में आकर काफी वढ़ गई, परन्तु आर्थिक समस्या और भी जटिल हो गई और ऐसा प्रतीत होने लगा कि शायद कला भवन की इति श्री हो जाय। किन्तु राय साहव के धैर्य से कला भवन ने उन कठिन क्षणों को पार कर लिया।

१९५० ई० में (स्व०) श्री ज्योतिभूषण गुप्त ने राय साहव को कला भवन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में ले चलने की सलाह दी जहां पर संग्रहालय अपने कार्य कलापों को सुचारु रूप से चलाकर समाज के एक विस्तृत भाग की आवश्यकता पूर्ति क र सकता था। इसी वर्ष आषाढ़ मास में रथयात्रा के दिन (स्व०) पं० जवाहर लाल जी नेहरू के कर-कमलों द्वारा वर्तमान संग्रहालय भवन की आधारशिला रखी गई और उन्हीं के द्वारा सन् १९६२ में भवन का उद्घाटन भी हुआ। तव से भारत कला भवन काशी हिंन्दू विश्वविद्यालय का एक अभिन्न अंग वन गया। आरम्भ में यह विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में स्थित था परन्तु शीघ्र ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों की कृपा से वर्तमान भवन का वीच वाला भाग तैयार हो गया। कुछ दिनों पश्चात् सांस्कृतिक विभाग मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कृपा से इसका पार्श्व भाग भी वन कर तैयार हो गया। वाद में आल इंडिया हैन्डी क्राफ्ट वोर्ड के अनुदान से दो कक्ष ऊपर की मंजिल में भी तैयार कर दिय गए। इसका अर्थ यह नहीं है कि कला भवन में स्थान की समस्या का अन्त हो गया। अभी भी सम्पूर्ण सामग्री को ठीक से प्रदर्शित और उन्हें रखन के लिए समुचित कक्षों और गोदाम की आवश्यकता है।

आज के युग में संग्रहालय की उपादेयता इस वात म निहित है कि वह समाज के विभिन्न वर्गों को कितना अधिक शिक्षित कर पाता है। राय साहव ने इस दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर प्रारम्भ से ही कला भवन के हेतु ऐसे विषयों से सम्वन्धित सामग्री का संकलन किया जिससे समाज के सभी स्तर के लोग प्राचीन तथा अर्वाचीन भारतीय कला, इतिहास एवं संस्कृति के वारे में ज्ञान प्राप् त कर सकें। इस आदर्श को सामने रखकर उन्होंने चित्र, मुद्रा, पुरातत्व, प्रागैतिहासिक सामग्री, साहित्य, वसन, व्यवहारिक कला, अस्त्र-शस्त्र आदि से सम्वन्धित अनेक वस्तुओं का संग्रह किया जो इतिहास और सौन्दर्य की दृष्टि से वेजोड़ है।

भारत कला भवन का चित्रकला विभाग विश्व प्रसिद्ध है जिसमें भारत में प्रचलित प्रायः सभी शैलियों के चित्रों का संकलन किया गया है। बंगाल के पाल राजाओं के समय में तालपत्रों पर बने चित्र तथा पश्चिम भारत के जैन धर्म सम्वन्धी चित्र तो अत्यन्त प्राचीन और दुर्लभ हैं। मुगल कालीन चित्रों का भी यहां पर सुन्दर संग्रह है जिसमें हम्ज़ानामा

और अनवार-ए-सुहेली के चित्र अत्यन्त महत्व पूर्ण हैं। जहांगीर काल के उल्लेखनीय चित्रों में सन्त शेख फूल और प्रभु ईसा के चित्रों की कलम बहुत ही बारीक और अनुपम है। इसी प्रकार शाहजहां कालीन चित्रों में 'शाही दरबार' और 'मुलाकात' चित्र अपने समय के बहुत ही बहुमूल्य उदाहरण हैं।

राजस्थानी चित्रों का संग्रह भी बहुत विशिष्ट है। राजस्थान में बुंदी, कोटा, जयपुर मेवाड़, किशनगढ़, बीकानेर, नाथद्वारा आदि कई ऐसे केन्द्र थे जहां पर चित्रों का निर्माण किया जाता था। यहां के चित्रों का मुख्य विषय कृष्ण लीला है। १८वीं शती के उत्तरार्द्ध में जब मुगल साम्राज्य की नींव खोखली हो चली थी तब कलाकारों ने पहाड़ी रियासतों में आश्रय लिया और वहां पर एक नई शैली का जन्म हुआ जो पहाड़ी शैली के नाम से प्रसिद्ध है। कला भवन में इस शैली के कई-बेजोड़ चित्र संग्रहीत हैं।

इन सब शैलियों के अतिरिक्त यहां पर कम्पनी शैली के चित्र तथा लगभग सभी प्रमुख आधुनिक कलाकारों की कृतियां भी सुरक्षित है।

अत्यन्त विकसित होते हुए भी मुद्रा विभाग अपूर्ण है। भारत के प्राचीनतम आहत सिक्कों का यहां अच्छा संग्रह है। यहां के गुप्तकालीन सोने के सिक्के काफी प्रमुख हैं। मुगल कालीन ताम्र और रजत मुद्राओं का भी यहां अच्छा संग्रह है। इनमें अकबर का राम सीता की मूर्ति वाला चांदी का सिक्का संसार में अद्वितीय है। जहांगीर की शबीह तथा राशि वाले सिक्के भी बड़े दुर्लभ और सुन्दर हैं। इस विभाग के पूरक रूप भारतीय डाक टिकटों का संग्रह भी यहां किया जाता है।

यद्यपि पुरातत्व संग्रह चित्र और मुद्रा विभाग की भांति विशाल नहीं है किन्तु यहां पर उक्त विषयक जो सामग्री एकत्र की गई है वह उच्च कोटि की है और विभिन्न युगों की तक्षण कला पर सुन्दर प्रकाश डालती हैं। मौर्य कालीन ओपदार लाल चकियां एवं अन्य मूर्ति खण्ड तथा शुंग कालीन भरहुत से प्राप्त यक्षी मूर्ति और वेदिका खण्ड अपने आप में गौरवमय इतिहास हैं। इसी प्रकार कुषाण काल की प्रसाधिका और गुप्तकालीन कार्तिकेय, इन्द्राणी तथा विशाल गोवर्धनधारी कृष्ण की मूर्तियां तक्षण कला के सुन्दर उदाहरण हैं।

सन् १९३४ में कला भवन में मृणमूर्तियों का संग्रह प्रारम्भ किया गया। संयोगवश इसी समय राजघाट बनारस में रेलवे लाइन के लिए खुदाई हुई जिसमें बहुत बड़ी संख्या में गुप्त कालीन मृणमूर्तियां और मोहरें प्राप्त हुई। राय साहब ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया जिसके फलस्वरूप कला भवन को गुप्तकालीन मृणमूर्तियों के सुन्दर उदाहरण प्राप्त हो गये। इस समय इस विभाग में सिन्धु घाटी से लेकर मध्ययुग तक की विभिन्न उत्तरी क्षेत्रों से प्राप्त मृणमूर्तियों का संग्रह है जिसमें राजघाट के रंगीन खिलौने के उदाहरण तथा कौशाम्बी और मथुरा की मृणमूर्तियां विशेष दर्शनीय हैं।

संग्रहालय का प्रागैतिहासिक विभाग यद्यपि काफी छोटा है किन्तु संग्रह की ताम्र युगीन आकृतियां, हथियार और मोहनजोदड़ो की वस्तुएं अत्यन्त दुर्लभ हैं।

कला भवन का साहित्य विभाग काफी समृद्धिशाली है। प्रत्येक वर्ष यहां पर शोध छात्र साहित्यिक सामग्रियों का उपयोग करने आते हैं। इस विभाग में १७२१ वि० की रामचरित मानस की एक अत्यन्त प्रामाणिक और अलभ्य हस्तलिखित प्रति है। मधुमालती और मृगावती की भी प्रामाणिक प्रतियां यहां संग्रहीत हैं। इनके अतिरिक्त स्वामी दयानन्द सरस्वती, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, बालकृष्ण भट्ट, प्रताप नारायण मिश्र, बाल मुकुन्द गुप्त, आ० महावीर प्रसाद द्विवेदी, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचन्द, मैथिलीशरण गुप्त, महादेवी वर्मा आदि साहित्यिकों की पाण्डुलिपियां एवं पत्र सुरक्षित है। संग्रहालय ने सैकड़ों सामयिक पत्र पत्रिकाओं का भी संकलन किया है। इस विभाग में भारतेन्दु काल से आजतक के हिन्दी विकास की सुन्दर झांकी मिलती है।

मध्यकाल में भारतीय वस्त्र उद्योग काफी विकसित था। विभिन्न प्रकार के रेशमी, सूती और ऊनी वस्त्रों का प्रचलन था। अभाग्य से बहुत से प्राचीन वस्त्र लोगों की अज्ञानतावश और लालचवश जला डाले गए। भारत कला भवन ने प्राचीन वस्त्रों के सुन्दर उदाहरणों को संग्रहीत करने का सफल प्रयास किया है और इस समय यहां का वसन विभाग अपने विशाल संग्रह के लिए देश प्रसिद्ध है। इस संग्रह में जरी के तथा बहुरंगी बेल-बूटेदार महीन काम के बुने हुए कश्मीरी शाल हैं। रेशमी वस्त्रों में भांति-भांति के किमखाब, हेमरू, फूदलार साटन, कारचोबी, कामदानी तथा फूलकारी के वस्त्र विशेष उल्लेख्य हैं। इनके अतिरिक्त बंगाल की बालूचर, गुजराती पटोला, चिकन एवं जामदानी आदि के उदाहरण भी उल्लेखनीय हैं।

व्यवहारिक कला की भी कई महत्वपूर्ण वस्तुएँ यहां सुरक्षित हैं। इस विभाग में कौशाम्बी से प्राप्त विभिन्न पशु आकृतियों वाले मनके उल्लेखनीय हैं। राजघाट से प्राप्त शुंग कालीन स्फटिक मानव मुख अतीव सुन्दर है। १९वीं शताब्दी में बनारस अपने गुलाबी मीने के काम के लिए प्रसिद्ध था जिसके कुछ उदाहरण यहां संग्रहीत हैं। यशब की मूठें, जहांगीर की प्यालियां तथा उसके अंगुस्ताने किसी भी संग्रहालय के लिए गौरव की वस्तुएँ हो सकती हैं। इनके अतिरिक्त शुंग कालीन हाथी दांत की कंघी, सोने की यक्ष मर्ति तथा मुगलकालीन ज्योतिष यंत्र भी उल्लेखनीय हैं। मुगलकालीन कांच के वर्तन, फरमान और बीदरी के सामान भी सग्रहालय की दर्शनीय वस्तुएँ हैं।

उपरोक्त संग्रह का उपयोग देश-विदेश के विभिन्न विद्वान, शोध छात्र एवं कला विभाग के छात्र एवं छात्राएँ करते हैं। कला भवन समय-समय पर प्रदर्शिनियों का भी आयोजन करता है जिससे विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राएँ तथा अन्य लोग उनका अवलोकन कर ज्ञान प्राप्त कर सकें। अवसर मिलने पर यहां के कर्मचारी विभिन्न संस्थाओं में जाकर व्याख्यानों के माध्यम से कला भवन के संग्रह एवं उसके महत्व के बारे में भी जानकारी कराते हैं। इसके अतिरिक्त संग्रहालय शोध निबन्धों और प्रकाशित पुस्तकों के माध्यम से लोगों में जागृति उत्पन्न करने का प्रयाय करता है। हाल ही में 'छवि' नामक एक विशाल ग्रन्थ का प्रकाशन हुआ है जिसमें देश और विदेश के बहुत से विद्वानों ने शोध-निबन्ध लिखे हैं। कुछ समय पूर्व कला भवन से 'कला-निधि' नामक एक पत्रिका भी प्रकाशित की जाती थी, किन्तु अर्थाभाव के

कारण उसका प्रकाशन बन्द हो गया है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। संग्रहालय की उपादेयता के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने यहां संग्रहीत वस्तुओं का अधिक से अधिक प्रकाशन और प्रचार करें।

संग्रहालय को सुचारु रूप से चलाने के लिए यह आवश्यक है कि उसके कर्मचारी संग्रहालय के कार्यों में प्रशिक्षित हों। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर सन् १९६८ में भारत कला भवन ने संग्रहालय शास्त्र में प्रशिक्षित करने का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया है। इस दो वर्षीय प्रशिक्षण में छात्र संग्रहालय की विभिन्न कार्य विधियों और कला इतिहास की पूर्ण जानकारी प्राप्त करता है जो संग्रहालय के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

भारत कला भवन अपने वैभवशाली संग्रह के लिए देश के कुछ बड़े संग्रहालयों में अपना स्थान रखता है। किन्तु संग्रहालय अभी भी विपन्न स्थिति से गुजर रहा है। स्थान और आवश्यक साज सामान का अभाव, संरक्षण और प्रकाशन की कमी तथा समुचित अर्थ व्यवस्था सुलभ न होने के कारण कला भवन की प्रगति अभी भी धीमी है।

प्रवक्ता, भारत कला भवन
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

हिन्दी प्रकाशन समिति

डॉ० नन्दलाल सिंह

हिन्दी-प्रकाशन-समिति की स्थापना मालवीय जी ने सन् १९३० ई० में की थी। राष्ट्र-भाषा हिन्दी के महत्व तथा अभिनव राष्ट्र के नवनिर्माण में इसके योगदान की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए महामना ने इस समिति की स्थापना विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में उच्च कोटि के ग्रंथों की रचना तथा अन्य भाषाओं के मानक ग्रंथों के हिन्दी-भाषान्तर के प्रकाशन के लिए की थी। इस समिति ने अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ प्रकाशित किए। पारिभाषिक शब्दों के संकलन के संबंध में भी इस समिति ने उल्लेखनीय कार्य आरम्भ किया था। इसके क्रिया-कलापों से प्रेरित होकर कुछ हिन्दी-प्रेमी प्राध्यापकों ने हिन्दी-माध्यम से विज्ञान की शिक्षा देने का कार्य भी आरंभ किया था। कालान्तर में, महामना के दिवंगत हो जाने के बाद यह समिति अनाथ सी हो गई और धीरे-धीरे इसके क्रिया-कलाप लगभग बन्द हो गए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश में राष्ट्र-भाषा के प्रति जनजीवन में एक नई चेतना आने लगी। शिक्षाविदों, समाज-सेवियों और राजनीतिज्ञों ने यह महसूस किया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शिक्षा मातृभाषा में दी जानी चाहिए। किन्तु इस दिशा में सबसे बड़ी कठिनाई यह थी कि राष्ट्र-भाषा में विज्ञान की पुस्तकें उपलब्ध नहीं थीं, कुछ थोड़ी गिनी-चुनी पुस्तकें थीं भी तो उनमें पारिभाषिक शब्दों की एकरूपता नहीं थी।

अतएव राष्ट्र के सम्मुख माध्यम-परिवर्तन के लिए दो तात्कालिक समस्याएँ उपस्थित थीं: पहली यह कि सारे देश में एक स्तर पर एक समान पारिभाषिक शब्दावली तैयार कराई जाय और दूसरी यह कि विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के विद्वानों से हिन्दी एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्य पुस्तकें लिखवाई जायें। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने "केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय" तथा "वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग" की स्थापना की। आयोग ने मौलिक विज्ञानों की एक प्राथमिक शब्दावली देश के गण्यमान विद्वानों, शिक्षा शास्त्रियों एवं भाषाविदों की सहायता से तैयार करवाई किन्तु पुस्तकें लिखवाने में उसे सफलता नहीं मिली। हमारे हिन्दी भाषी क्षेत्र के विद्वान अँगरेजी का मोह नहीं छोड़ सके। अनेक विद्वानों को यह कार्य सौंपा गया, किन्तु कई वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भी विज्ञान के उच्चस्तरीय ग्रंथ नहीं लिखवाए जा सके, जबकि इसी बीच उत्तर भारत के चार पांच हिन्दी भाषी राज्यों में इंटरमीडिएट कक्षाओं तक विज्ञान की पढ़ाई पूर्ण रूपेण हिन्दी माध्यम से होने लगी और इस स्तर की पुस्तकें भी "प्राईवेट सेक्टर" में प्रचुरता से मिलने लगीं।

अंततः भारत सरकार को ग्रंथ-निर्माण के लिए अलग से योजना बनानी पड़ी। केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय एवं शब्दावली आयोग की ओर से पूरे उत्तर भारत में, विज्ञान के विभिन्न विषयों में विश्वविद्यालय-स्तर का साहित्य तैयार करने के लिए लगभग २२ सेल खोले गए। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय की योजना ("Production of Scientific Literature

in Hindi and Regional Languages for use as madia of instruction at the University stage") के अंतर्गत सन् १९६०–६१ में आरंभ हुआ।

सन् १९६३ ई० में भारत सरकार की उपर्युक्त योजना के कार्यान्वयन के अंतर्गत काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हिन्दी-प्रकाशन-समिति का पुनर्गठन किया गया और हिन्दी भाषा में उच्च स्तरीय साहित्य तैयार करने के लिए समिति के अधीन तीन योजनाएँ स्वीकृत की गईं। ये योजनाएँ शिक्षा मंत्रालय द्वारा वैज्ञानिक एवम् तकनीकी शब्दावली आयोग के माध्यम से संचालित की गई :—

(१) भौतिकी कक्ष की स्थापना :—भौतिक विज्ञान की विश्वविद्यालय स्तर की मौलिक पुस्तकें लिखवाने तथा इस विषय की मानक पुस्तकों का अनुवाद कराने के लिए भौतिकी कक्ष की स्थापना हुई जिसमें एक निदेशक, दो उप-निदेशक (रीडर) चार सहायक निदेशक (लेक्चरर), एक भाषाविद्, एक प्रकाशन-सहायक, ड्राफ्ट्समैन, लिपिक तथा दो चपरासी नियुक्त किए गए। यह पूर्णकालिक कक्ष था, जिसका संपूर्ण व्यय शिक्षा मंत्रालय ने वहन करना स्वीकार किया।

(२) भौतिक विज्ञान के अतिरिक्त विज्ञान के अन्य विषयों का मौलिक एवं अनूदित साहित्य निर्मित कराने के लिए एक अन्य योजना स्वीकृत हुई जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के अनुभवी प्राध्यापकों से पुस्तकें लिखवाने की व्यवस्था थी। पुस्तकों के प्रकाशन एवं पारिश्रमिक का शत-प्रतिशत व्यय शिक्षा मंत्रालय ने वहन करना स्वीकार किया।

(३) विज्ञानेतर विषयों में उच्चस्तरीय ग्रंथों की रचना के लिए एक तीसरी योजना भी स्वीकार हुई जिसका ५० प्रतिशत व्यय शिक्षा मंत्रालय ने तथा ५० प्रतिशत व्यय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने वहन करना स्वीकार किया।

विश्वविद्यालय की ओर से भौतिकी कक्ष के कार्यालय एवं भंडार के लिए निःशुल्क स्थान प्रदान किया गया।

समिति में कुल १४ सदस्य होते हैं, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय इस समिति के अध्यक्ष हैं। विश्वविद्यालय के उप-कुलपति (या कुलपति के सलाहकार), कुल सचिव (प्रशासन), कुल-सचिव (विकास), वित्त-अधिकारी, विज्ञान-संकाय-प्रमुख, कला-संकाय प्रमुख, अध्यक्ष हिन्दी विभाग इसके सदस्य हैं। केन्द्रीय हिन्दी-निदेशालय के अध्यक्ष एवं उन्हीं द्वारा चुने गए दो अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस समिति के सदस्य होते हैं। इन सदस्यों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के विधि-संकाय, चिकित्सा-विज्ञान-संस्थान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान से भी एक-एक सदस्य लिए जाते हैं। समिति की बैठक वर्ष में कम-से-कम दो बार अवश्य होती हैं जिसमें अनुवाद एवं मौलिक लेखन संबंधी विषयों पर विचार किया जाता है तथा भौतिकी-कक्ष की प्रगति की समीक्षा की जाती है और अन्य प्रशासनिक कठिनाइयों को भी सुलझाने का प्रयास किया जाता है।

हिन्दी-प्रकाशन-समिति के भौतिकी कक्ष की स्थापना के १४ वर्ष बीत चुके हैं। आरंभ के पाँच वर्षों में कक्ष द्वारा स्नातक स्तर की मौलिक पुस्तकें लिखी गई थीं। इस स्तर की भौतिक विज्ञान की वे सभी पुस्तकें प्रकाशित की गईं जिनकी बी०-एस०सी० के विद्यार्थियों को

आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, पशु आयुर्विज्ञान, भैषजिक रसायन, चिकित्सा शास्त्र तथा विधि की अनेक पुस्तकों के अनुवाद भी प्रकाशित किए गए। आरभ में लेखकों की संख्या ६ थी तथा विश्वविद्यालय के कुछ अधिकारी विद्वानों द्वारा भी इस योजना में योगदान किया गया, अतः वहुत-सी पुस्तकें प्रकाशित हुईं।

सन् १९७० के लगभग तीन लेखक कम हो गए और पूर्णकालिक लेखकों के अतिरिक्त अन्य विद्वानों द्वारा पुस्तकें लिखवाने या अनूदित कराने की योजना समाप्त हो गई अतः प्रकाशन का कार्य कुछ मंद गति से चलने लगा। इतना ही नहीं, १९७३–७५ में भौतिकी कक्ष के जिम्मे केवल लेखन एवं पाण्डुलिपि तैयार करने का ही काम शेष रह गया था, प्रकाशन का काम प्रांतीय हिन्दी ग्रंथ अकादमियों को दे दिया गया, जिनकी प्रकाशन-गति वहुत ही मंद थी। फिर भी भौतिकी कक्ष द्वारा तैयार की गई कई विशिष्ट पुस्तकों का प्रकाशन हुआ।

सन् १९७६ में समिति को अपनी पाण्डुलिपियाँ प्रकाशित करने की स्वीकृति पुनः प्राप्त हो गई। इसी समय राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने हमारी चार उत्कृष्ट पुस्तकों को अपनी "सवसिडी" योजना में प्रकाशित करने के लिए चुना और उनके प्रकाशन का अधिकांश व्यय भी वहन किया। ये पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

अव तक समिति ने कुल ४३ पुस्तकें तैयार की हैं। इनमें से ३९ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और शेष मुद्रणाधीन हैं। इनमें से ७ भौतिकी की, २ गणित की तथा एक चिकित्सा विज्ञान की पुस्तकें मौलिक हैं। अन्य पुस्तकें अंगरेजी या रूसी भाषा की मानक पुस्तकों के हिंदी अनुवाद हैं। इनमें १५ पुस्तकें भौतिक विज्ञान की, २ रसायन शास्त्र की, २ गणित की, एक पशु आयुविज्ञान की तथा शेष राजनीति विज्ञान की हैं।

भौतिकी कक्ष की स्थापना का मूल उद्देश्य भौतिक विज्ञान की पुस्तकें प्रकाशित करना है। इस उद्देश्य में हम कितने सफल रहे हैं इस विषय में केवल यही कह सकते हैं कि यदि बी०एस-सी० स्तर तक भौतिकी का माध्यम हिंदी कर दिया जाय तो कक्ष द्वारा प्रकाशित पुस्तकें अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु कम नहीं पाई जायँगी।

अव तक भौतिकी कक्ष को पुस्तकों के अनुवाद एवं लेखन का कार्य केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा सौंपा जाता रहा है। शिक्षा-नीति के भविष्य को ध्यान में रखते हुए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को इस संबंध में ध्यान देना चाहिए ताकि कक्ष और समिति की सेवाएँ इस विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं की भी पूर्ति में अपना सहयोग दे सकें तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों के हिन्दी प्रेमी विद्वानों की सेवाओं का भी लाभ उठाया जा सके। यह निवेदन करना भी सामयिक एवं आवश्यक होगा कि समिति ने जो वैज्ञानिक साहित्य तैयार किया है उसे छात्रों एवं अध्यापकों के समक्ष प्रस्तुत करने का कार्य आवश्यक है, ताकि शब्दावली एवं वैज्ञानिक हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार तेजी से हो सके।

अवैतनिक निदेशक, हिन्दी प्रकाशन समिति
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय सेवायोजना सूचना एवं मन्त्रणा केन्द्र

नरसिंह लाल

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सेवायोजन सूचना एवं मन्त्रणा केन्द्र की स्थापना जून १९५९ में की गई थी। "छात्रों को शिक्षा तथा व्यवसाय सम्बन्धी सभी आवश्यक सूचना, सहायता तथा परामर्श सेवाएँ प्रांगण में ही उपलब्ध की जा सके" इस उद्देश्य के साथ इस केन्द्र का आविर्भाव हुआ। अपने इन विहित उद्देश्यों की पूर्ति में यह केन्द्र सतत् प्रयत्नशील रहा है। लगभग १७ वर्षों की सेवा अवधि में केन्द्र के विविध कार्यकलापों में उल्लेखनीय विकास हुआ है। व्यावसायिक मार्ग निर्देशन सेवाओं के क्षेत्र में केन्द्र का एक विशिष्ट स्थान है। देश में यह केन्द्र एक आदर्श संस्था (माडल व्यूरो) के नाम से ख्याति प्राप्त कर चुका है।

केन्द्र की सेवायें

केन्द्र मुख्यतया निम्नलिखित सेवाएँ उपलब्ध करता है :—

क—व्यावसायिक मार्ग दर्शन एवं सेवायोजना मन्त्रणा :—

१—प्रार्थियों की रुचि, अभिरुचि, शारीरिक योग्यता, आर्थिक स्थिति आदि को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त विषयों, पाठ्यक्रमों एवं व्यवसाय के चुनाव में सहायता प्रदान करना।

२—व्यावसायिक एवं शैक्षणिक जानकारी उपलब्ध करने हेतु शिक्षा तथा कार्य जगत के विषय में सूचना एकत्रित एवं सन्दर्शित करना।

३—छात्रों में व्यावसायिक योजना वनाने की भावना को प्रेरित तथा उत्साहित करना।

४—विभिन्न पाठ्य विषयों में देश तथा विदेश में उच्चशिक्षा, प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति अनुवृत्ति एवं आजीविका सम्वन्धी सूचना प्रदान करना।

ख—सेवायोजन सम्बन्धी सहायता :—

१—समस्त स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक स्नातकों का पंजियन करना।

२—विश्वविद्यालय के ऐसे छात्रों को, जो स्नातक अथवा उत्तर स्नातक कक्षाओं मे पढ़ रहे हैं, पंजियन में सहायता प्रदान करना।

३—केन्द्रीय सेवा योजना कार्यालय, नई दिल्ली तथा वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिक शोध परिषद, नई दिल्ली द्वारा संचालित राष्ट्रीय पंजिका मे योग्य अभ्यर्थियों के पंजियन मे सहायता प्रदान करना।

४—नियोजकों एवं विशिष्ट व्यक्तियों को आमन्त्रित कर केन्द्र मे पंजीकृत अभ्यर्थियों के सात्क्षात्कार एवं चुनाव की व्यवस्था करना तथा केन्द्र की सेवाओं से अवगत कराना।

ग शोध, अध्ययन, सर्वेक्षण तथा व्यावसायिक साहित्य का प्रकाशन :—

१—शिक्षा एवं सेवायोजना के प्रयोजन से छात्रोपयोगी व्यवसाय योजना, विषय विज्ञान एवं व्यावसायिक मार्ग निर्देशन मूलक साहित्य का संकलन, सम्पादन एवं प्रकाशन करना।

२—छात्रों के प्राजिविकात्मक, पाठ्य विषय के चुनाव एवं शिक्षणोपरान्त सेवायोजन स्थिति से सम्बन्धित सर्वेक्षण का आयोजन करना।

३—शिक्षा, व्यवसाय, प्रशिक्षण छात्रवृत्ति आदि सम्बन्धी सूचनाएँ एकत्रित करना तथा वैज्ञानिक ढ़ंग से वर्गीकरण एवं सन्दर्शन करना।

४—शिक्षित बेरोजगारों को स्वयं उपयुक्त व्यवसाय ढ़ूढ़ने की दिशा में प्रेरित करना तथा अवसरों की जानकारी प्रदान करना।

सांख्यकीय विवरण

वर्ष १९७४ व १९७५ तथा जनवरी से जून, १९७६ के अर्न्तगत केन्द्र द्वारा किये गये विविध कार्यकलापों का सांख्यकीय विवरण निम्नलिखित है :—

कार्य विवरण	१९७४	१९७५	१९७६ (जनवरी से जून तक)
सेवायोजन सहायता :—			
१—पंजियन	७४६	८४४	५१०
२—सम्प्रेषण	११७८	१२५५	११४१
३—नियुक्तियां	४४	१५	१४
४—जीवित पंजिका	७२३	९५६	९२९
व्यावसायिक मार्ग निर्देशन :—			
१—सूचना कक्ष के आगन्तुक	८६०६	९६३०	५२१२
२—व्यक्तिगत सूचना			
(अ) काउन्टर से	१८२७	२१५९	१०९४
(ब) डाक माध्यम से	१२७४	१०३६	३१५
३—पंजियन के समय निर्देशन	७४६	८४४	४८१
४—सूचना साहित्य का एकत्रीकरण	२४५५	१७६१	५५६
५—आवेदन पत्र का वितरण	५८७	९०६	३७७
६—अतिरिक्त सूचना के लिये सम्पर्क किये गये स्थान	३२४	२९४	२५१
७—विशिष्ट आगन्तुक	३२	३५	४
८—व्यक्तिगत मार्ग निर्देशन	१७	२२	१६

व्यावसायिक सूचना कक्ष :—

व्यावसायिक मार्ग निर्देशन सेवाओं को अधिक से अधिक प्रभावशाली ढ़ंग से छात्रों तथा अभ्यर्थियों तक पहुँचाने के लिये विशेष कार्य क्रम बनाया गया है। केन्द्र मे एक व्यावसायिक सूचना कक्ष की स्थापना की गई है जिसमे कुल २० विभिन्न अनुभाग हैं। जिनम विदेश शिक्षा, यात्रा एवं पर्यटन, राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्म रोजगार, लोक सेवा आयोग, अनुसूचित एवं पिछड़ी समुदाय, महिला, कला विज्ञान, कृषि, अभियांत्रिकी, चिकित्सा-

विज्ञान आदि उल्लेखनीय अनुभाग हैं। प्रत्येक अनुभागों मे शिक्षा, रोजगार, छात्रवृत्ति, प्रशिक्षण तथा सामान्य रुचि की सूचनाएँ विभिन्न पत्रावलियों के माध्यम से सन्दर्शित की गई हैं। जिनसे छात्र अभ्यर्थी तथा अभिभावक लाभान्वित होते हैं। केन्द्र का एक अपना पुस्तकालय भी है जिसमें उपयोगी साहित्य एकत्र किये गये हैं।

विदेश शिक्षा-सेवा :—

विदेशों मे उच्चशिक्षा और रोजगार के इच्छुक छात्रों तथा अभ्यर्थियों की सहायता करना हमारी सेवाओं का प्रमुख अंग है। सूचना कक्ष में ४ विभिन्न अनुभागों में आवश्यक सूचना सामग्री सन्दर्शित की गई है। अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जापान, रूस, जर्मनी, कनाडा, आष्ट्रेलिया आदि देशों के विषय में शिक्षा, छात्रवृत्ति अधिवृत्ति, रोजगार सम्बन्धी जानकारी प्रस्तुत की गई है। विश्वविद्यालयों में प्रवेश, ऋण, छात्रवृत्ति, यात्रा-अनुदान आदि के लिये आवेदन पत्र भी उपलब्ध किये जातेहैं। पुस्तकालय में महत्वपूर्ण विश्वविद्यालयों की नियमावलियां तथा सन्दर्भ साहित्य भी उपलब्ध हैं। एयर इन्डिया, वी०ओ०ए०सी०,एयर फ्रांस आदि हवाई कम्पनियों के यात्रा सम्बन्धी साहित्य उपलब्ध हैं। साथ ही विदेशी विनिमय, पारपत्र तथा वीसा आदि के विषय में अद्यावधिक जानकारी उपलब्ध की जाती है।

साहित्य का प्रकाशन :—

अब तक केन्द्र ने विभिन्न प्रकाशन मालाओं के अन्तर्गत प्रकाशन का कार्य भी किया है। प्रकाशन का कार्य नियमित रूप से चल रहा है। विषय ज्ञानमाला के ५, व्यावसाय नियोजन माला के २३ एवं व्यवसाय निर्देशन माला के १७ ग्रंथों का प्रकाशन किया गया है।

पाक्षिक पत्रिका :—

केन्द्र 'दी स्टूडेन्ट वोकेशनल गाइड' नामक एक पाक्षिक पत्रिका भी प्रकाशित करता है जो माह के १० वीं तथा २५वीं तारीख को प्रकाशित होती है। इसमें शिक्षा, रोजगार, छात्र-वृत्ति, प्रशिक्षण आदि से सम्बन्धित अद्यावधिक सूचनायें प्रस्तुत की जाती हैं। यह छात्रों में बहुत लोक प्रियता प्राप्त कर चुकी है।

पुस्तकालय :—

केन्द्र का अपना एक पुस्तकालय भी है जिसमें छात्रो तथा रोजगार के इच्छुक अभ्यार्थियों के लाभार्थ विभिन्न प्रकार के साहित्य एकत्रित किये गये हैं। देश तथा विदेश के अभ्यर्थियों के महत्वपूर्ण शिक्षा संस्थाओं के पाठ्यक्रम, नियमावलियाँ, आत्मविकास, तकनीकी शिक्षा, स्वतः रोजगार, मार्ग निर्देशन, रोजगार मार्ग निर्देशन, प्रतियोगितात्मक परीक्षायें आदि सम्बन्धी उपयोगी सन्दर्भ साहित्य उपलब्ध किया गया है जिसका छात्र नियमित रूप से उपयोग करते ह।

केन्द्र अपने विविध कार्यकलापों के माध्यम से लक्ष्यहीन छात्रों तथा रोजगार की तलाश करने वाले शिक्षित नवयुवकों की सहायता कर सही मार्ग प्रस्तुत करने की दिशा मे क्रियाशील है।

विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड

नारायण सिंह

भारतीय सांस्कृतिक चेतना के अविनाशी केन्द्र काशी में विश्वविद्यालय की हीरक जयंती के शुभ अवसर पर यह बड़ा समयोचित है कि हम अपने कार्यो का हिसावलोकन करें, आत्म साक्षातकार करें और स्थापित उद्धेश्यों के प्रति अपने को अधिकाधिक ढ़ाललें। इस विश्वविद्यालय को स्थापित करने में युगद्रष्ट्रा संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय जी के दो स्पष्ट उद्धेश्य थे।

(१) भारत को अंग्रेजों की आधीनता से छुटकारा दिलाना तथा (२) भावी भारत का निर्माण करना।

चूँकि इन दोनों ही उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राष्ट्र के युवा बर्ग को सबल और सुशिक्षित बनाना परम आवश्यक था अतः युग द्रष्ट्रा स्वयं युग स्रष्ट्रा भी बन गये। बाधाओं को मार्ग छोड़ना पड़ा और इस पुनीत विद्या मन्दिर की स्थापना हो गई। ज्ञान की ओलंपिक मशाल जल उठी। एक व्यक्ति के व्यक्तित्व और कृतृत्व पर लोक मंत्रमुग्ध था। देश के कोने कोने से मूर्धन्य विद्वान अपनी-अपनी समिधा लिए इस महायज्ञ में शामिल हो गये। आरम्भ हो गया अध्ययन अध्यापन का एक सिलसिला। एक ऐसा सिलसिला जिसमें पूर्ण व्यक्तित्व—सामाजिक शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक— का विकास होता है। विश्व के तमाम शिक्षा शास्त्रियों प्लेटो, रूसो, पेस्टालाजी फ्रबेल, हरबर्ट स्पेंशर इत्यादि ने एक स्वर से केवल यही नहीं स्वीकार किया है कि शिक्षा में क्रीड़ा और व्यायाम का एक विशेष महत्व है बल्कि यह भी कि क्रीड़ा और व्यायाम का एक शैक्षणिक उद्देश्य भी हुआ करता है।

भारतीय जीवनादर्श से आश्वस्त और पश्चिमी ज्ञान विज्ञान से सुपरिचित गुणग्राही मालवीय जी, सचमुच में महामना और प्रारंम्भ से ही समन्वयवादी थे। एक सम्यक समन्वय चाहते थे—आदर्श और यथार्थ में, पूर्व और पश्चिम में, शरीर-मन, व्यक्ति-समाज और राष्ट्र तथा विश्व प्रेम में। सूत्र और प्रतीकों की भाषा में अमूल्य ज्ञान का अथाह भंडार भरा पड़ा है परन्तु व्यक्ति जितना ऊँचा उठता जाता है उसकी वाणी उतनी ही सरलीकृत रूप में फूटने लगती है। विद्यार्थियों को उनका उपदेश होता था

"दूध पियो कसरत करो, और जपो हरि नाम
मन लगाय विद्या पढ़ो, पूरेंगें सब काम"

उस दिन सचमुच में यह एक बड़ी मनोरंजक घटना घटी कि बिड़ला छात्रावास के सामने के मैदान में एक नीम के पेड़ के नीचे स्वयं भू की तरह एक अखाड़े का जन्म हो गया। चन्द्रमा की कला की तरह यह अखाड़ा दिनो दिन बढ़ता गया, विकास पाता गया। कभी किसी सरकस के कलाकार नंदलाल मास्टर साहब भी पता नहीं कब कहां से कैसे स्वयं उद्भूत, जुड़ गये इस नीम के नीचे के व्यायाम शाले से। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में व्यायाम के प्रथम आचार्य श्री नंद लाल मास्टर साहब ही थे। एंड़ी से एक बित्ता ऊँचा उठा हुआ पैजामा और खाकी कपड़े की दोनों तरफ जेब वाली, टीन के बटन से सुशोभित कमीज। विद्यार्थी गण प्रसन्न थे, क्योंकि

अब एक पैरललवार, एक हॉरिजेन्टलवांर तथा पेड़ से लटकता हुआ एक रोमन रिंग भी उन्हें प्राप्त हो गया था। मालवीय जी के सामने केले के खंभे पर मलखम का प्रदर्शन करके इस व्यायाम शाले की शोभा वढ़ाने वाले द्वितीय अध्यापक श्री गणपत शास्त्री पटवर्धन जी हैं। घुटने तक की धोती, लम्वा कुर्ता, शिर पर पगड़ी और हांथ में एक लम्वा लट्ठा, दिव्य मुख पर भव्य महवीरी टीका, व्यायाम शाला चलती रही। १९३५ में वंगाल के विश्व प्रसिद्ध शारीरिक शिक्षक श्री विष्णु घोष जी का एक दल काशी आया। विश्वविद्यालय में इस दल के व्यायाम प्रदर्शन से एक सनसनी फैल गई। दल के एक सदस्य श्री मोनी राय जी के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित हो कर मालवीय जी ने उन्हें विश्वविद्यालय के लिए उपलव्ध करना चाहा। आदरणीय श्री सुखदेव पाण्डेय जी ने तालमेल मिलाया और श्री युगल किशोर विड़ला जी सहर्ष आर्थिक सहायता देने के लिए तैयार हो गये। विद्यार्थियों की प्रसन्नता का ठिकाना न रहा। श्री मोनीराय जी उन्हें उपलव्ध थे। कुछ दिनों पश्चात् कुश्ती के प्रशिक्षण के लिए प्रसिद्ध मल्ल श्री राम सेवक जी नियुक्त कर लिए गये। १९३७ में श्री अतीन दास गुप्ता जी भी व्यायाम शिक्षक के रूप में विश्वविद्यालय में आ चुके थे योगासन प्रशिक्षक के रूप में श्री एम० वी देवनालकर जी वाद में आये। व्यायाम साधना चलती रही।

यहीं पर तीन वातें जान लेने योग्य हैं।

(१) अथलेटिक अशोसियेसन की स्थापना हो चुकी थीं।

(२) महाराज कोल्हापुर के २५०००) रू० के दान से निर्मित वर्तमान शिवाजी हाल वन चुका था जिसमें „चिल्ड्रेन स्कूल „ चलता था।

(३) श्रीजुगुल किशोर विड़ला जी आवश्यक रकम मालवीय जी को वर्तमान केन्द्रीय विद्यालय के पुराने भवन को वनाने के लिए दे चुके थे जिसमें चिल्ड्रेन स्कूल को स्थानान्तरित कर शिवाजी हाल को व्यायाम शाला के उपयोग के लिए खाली करना था।

श्री सुखदेव जी पाण्डेय तथा श्री जुगुल किशोर विड़ला तथा श्री मोनीराय जी के सत्प्रयत्नों से, कुछ विलंव से ही सही, परन्तु अन्ततोगत्वा शिवाजी हाल एक व्यायामशाला के उपयोग के लिए प्राप्त हो गया। अव विद्यार्थी साल भर अवाध रूप से व्यायाम कर सकते थे। व्यायाम करने के कई नये उपकरण भी उन्हें श्री जुगुल किशोर विड़ला जी द्वारा प्राप्त हो गये। श्री हनुमान जी तथा मालवीय जी के तैल चित्र जो आज भी शिवाजी हाल में लगे हुए हैं कलकत्ते के श्री वी० के० पोद्दार जी की भेंट है। समय-समय पर स्वयं मालवीय जी शिवाजी हाल में पधारते थे और विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया करते थे। श्री जुगुल किशोर विड़ला जी प्रायः शिवाजी हाल में घुस जाया करते थे और दो चार सौ रुपया वांट दिया करते थे। प्रसिद्ध राममूर्ती जी ने शिवाजी हाल में विद्यार्थियों को व्यायाम का अभ्यास कराया थां। प्रसिद्ध मल्ल श्री शान्ति स्वरूप आत्रेय (महात्मा) जी फिजिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट के रूप में कई वर्षों तक शिवाजी हाल में व्यायाम साधना म लीन रहे। विश्व प्रसिद्ध गामा तथा मथुरा के वलदेव चौबे का यहां पदार्पण भी एक उल्लेखनीय घटना है। विश्वनाथ मन्दिर के वगल में वने, स्वींमिंग पूल में संतरण का कार्य होता था। वर्ष भर कुस्ती अवाध चले इसके लिए शिवाजी हाल के अन्दर ही एक विशाल अखाड़ा वना हुआ था।

इस प्रकार जहां एक ओर शिवाजी हाल उन्नति करता जा रहा था दूसरी ओर हाकी फुटवाल, क्रिकेट, वाक्सिंग, स्विमिंग इत्यादि के क्रिया कलाप बढ़ते जा रहे थे। इनकी देख रेख के लिए अथलेटिक अशोसियेसन का एक मानित मंत्री होता था जिसके अन्तर्गत कई चेयर मैन अपने अपने खेलों की देख रेख करते थे। प्रारंभ में मंत्री का घर ही उसका आफिस भी होता था परन्तु कालान्तर में शिवाजी हाल के बगल में अथलेटिक असोसियेशन का एक आफिस बना। इस असोसियेशन के मानित मंत्री के पद को सुशोभित करने वालों में श्री सुखदेव पाण्डेय, मेजर चन्द्रवल, प्रो० गैरोला, श्री भी० एल० पवार, श्री जी० पी० सिंह, श्री त्रिलोचन पंत, डा० आइ० सी० पाण्डेय, डा० जी० के० दास तथा डा० महेशचन्द्र विजावत आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। श्री विजावत जी के समय में ही अथलेटिक आफिस शिवाजी हाल के बगल के छोटे से कमरे से हट कर एम्फीथियेटर मैदान में स्थित वर्तमान भवन में आ पाया था।

अथलेटिक असोसियेशन के इतिहास में उपर्युक्त मानित मंत्रियों का काल कई दृष्टियों से बड़े महत्व का रहा है। इसका वर्तमान रूप और रंग इन्हीं के अथक परिश्रम का फल है। १९४८ में प्रथम अन्तर विश्वविद्यालय कुस्ती प्रतियोगिता यहीं हुई थी। चलित विजय चिन्ह बी० एच० यू० द्वारा प्रदत्त है। इन्हीं के काल में मन्मथ मिश्र, श्री शिव मूरत पाण्डेय, रामजनम, राधेश्याम मिश्र, दाऊ जी तिवारी, घनश्याम दास तथा अनंत राम भार्गव (ओलंपिक खिलाड़ी) जैसे कुस्ती गीर, नायडू ब्रदर्स जैसे चमत्कारिक खेलों के खिलाड़ी, आर० मुगम०, वाई० डी० काने, पोहनकर, केटकर जैसे जिमनास्ट; श्री घांडेकर, नारायण सिंह, अमरनाथ सेठ जैसे मलखम के खिलाड़ी; फंसालकर, गुर्दाचार्य, आइ० एम० गुप्त जैसे क्रिकेट के खिलाड़ी; मि० विमान जैसा भारोत्तोलक; डा० पी०जे० देश पान्डे, सैन्डिस जैसे वाक्सिग के खिलाड़ी; रामप्रताप सिंह, मन्मथ मिश्र जैसे शरीर सौष्ठव के प्रतीक; रवि किचलू जैसा सर्वतोमुखी खिलाड़ी; निर्मल सेन जैसा शाट पट का खिलाड़ी; श्री गोपाल जी तथा अरुण प्रसाद जैसा हाकी खिलाड़ी; जौहरी हमन जैसा फुटवाल का खिलाड़ी और आनंद चन्दोला जैसा बैडमिन्टन खिलाड़ी इस विश्वविद्यालय में पैदा हुए।

उपर्युक्त विद्यार्थियों तथा और अन्य विद्यार्थियों को अनेकानेक विधियों से प्रारंभ से ही विश्वविद्यालय ने समय समय पर पुरस्कृत, प्रोत्साहित और सम्मानित किया है। श्री जुगुल किशोर विड़ला जी प्राय: खिलाड़ियों को नगद रूपया बांटा करते थे तथा स्वर्ण पदक प्रदान किया करते थे। श्री निर्मल सेन को एकबार १२००) रू० का पुरस्कार प्राप्त हुआ था। श्री सेन को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया गया था। श्री राम प्रताप सिंह को श्री ज्योतिभूषण जी ने स्वर्ण पदक प्रदान किया था। श्री अर्जुन सिंह तथा श्री नारायण सिंह को जिम्नास्टिकस में स्वर्ण पदक प्रदान किया गया था। उदीयमान खिलाड़ियों की फीस सदा से ही माफ होती रही है। अच्छे खिलाड़ियों को 'कलर' तथा ब्लू, (विश्वविद्यालय ब्लू से भिन्न) प्रदान किया जाता रहा है।

खेल कूद में विश्वविद्यालय का सर्वोच्च सम्मान 'विश्वविद्यालय ब्लू' पाने वाले महानुभाव मेजर चन्द्रवल जी, प्रो० गैरोला, मि० फंसालकर, मि० भी० एल० पवार, मि० रवि किचलू तथा महाराज कुमार विजयानगरम्, आनंद चंदोला तथा अनंतराम भार्गव आदि हैं।

सत्र ६५-६६ से इस विश्वविद्यालय में कला संकाय के अन्तरर्गत डिप्लोमा इन फिसिकल एजूकेशन की पढ़ाई भी आरंभ कर दी गई। १६ फरवरी १९७० को रीडर के पद पर भारत के प्रसिद्ध अथलेटिक प्रशिक्षक श्री कर्ण सिंह जी की नियुक्ति हुई और कालान्तर में अथलेटिक असोसियेशन के मानित मंत्री का भार भी आपके ही कंधों पर विश्वविद्यालय ने रख दिया। इस विद्या मन्दिर में खेल कूद तथा व्यायाम के समस्त क्रिया कलापों को एक सुसंगठित, सुनियोजित और सुसंबद्ध रूप देने के उद्देश्य से ही संभवतः आपको कालान्तर में शारीरिक शिक्षा निदेशक के रूप में भी कार्य करने का आदेश दिया गया। क्रीड़ा नीति में एक नया परिवर्तन आया। संविधान में आवश्यक संशोधन किया गया और नई नीति को प्रभावकारी ढ़ंग से क्रियान्वित करने के लिए स्वयं कुलपति जी ने क्रीड़ा-संघ के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया।

विश्वविद्यालय में "स्पोर्टस् बोर्ड" खेल कूद तथा व्यायाम की एक सर्वोच्च समिति है। कुलपति जी ने इसके अध्यक्ष पद को स्वीकार करने की महती कृपा की है। स्पोर्टस् बोर्ड के अन्तर्गत् एक "स्टैंडिंग कमेटी" भी है। क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में अन्तर विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त प्रत्येक खेल के लिए एक चेयर मैन (अध्यापक) के अंतर्गत एक उपसमिति है। क्रीड़ा संघ का मानित मंत्री वर्ष भर के क्रिया कलापों का उचित तालमेल बैठाता है तदनुरूप ही प्रत्येक संकाय में भी व्यायाम का एक संगठन है।

विश्वविद्यालय में एक चयन समिति है जो अन्तर विश्वविद्यालय खेलों के लिए स्तर को ध्यान में रख कर टीमों का चयन करती है।

विश्वविद्यालय में एक "एवार्ड कमेटी" भी है जो विभिन्न खेल समितियों द्वारा अग्रसारित अच्छे खिलाड़ियों को कलर, मेडल, स्कालरशिप तथा ब्लू आदि प्रदान करने के प्रश्न पर विचार करती है।

अपने गौरवमय अतीत के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर विकासोन्मुख क्रीड़ा संघ सुनिश्चित एवं स्थायी प्रभाव वाले नियोजित क्रियाकलापों के मध्य द्विगुणित उत्साह से विश्व-विद्यालय के हीरक जयंती वर्ष (७६–७७) में अपने विशेष कार्यक्रमों के साथ प्रवेश कर रहा है। अन्तर विश्वविद्यालय के चारो क्षेत्रों की चार चैम्पियन फुटवाल टीमों का शानदार मुकावला नवम्बर के दूसरे सप्ताह में यहीं आयोजित है। यहीं अखिल भारतीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता भी आपको दिसम्बर माह में देखने को मिलेगी। दिसम्बर के चौथे सप्ताह में अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय अथलेटिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमे विभिन्न विश्वविद्यालयों के करीब १००० खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इन प्रदर्शनों तथा कार्यक्रमों के माध्यम से जहां हम अपने विद्यार्थियों में नया जोश और नव जागरण भरने का प्रयत्न कर रहे हैं वहीं उनके उपयोग, उपभोग के लिए आवश्यक सुविधाओं को वृद्धिमान बनाये हुए हैं।

भारतीय विश्वविद्यालयों के सर्वोत्तमों में से एक सिन्डर ट्रैक सदुपयोग के लिए अब खि-लाड़ियों को प्राप्त है। तरण ताल और स्क्वैश रैकट हाल जिसके लिए अन्य अनक लोग तरसते रह जाते हैं इस विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के लिए सुलभ है। लकड़ी के फर्श वाला बैंड मिन्टन हाल तथा प्रदेश का सर्वोत्तम समझा जाने वाला पूर्ण प्रकाशित बास्केट बाल कोर्ट उन्हे

उपलब्ध हैं। हाकी तथा फुटवाल की पूर्ण और समुचित व्यवस्था है। टेनिस और लान टेनिस जो जब चाहे खेल सकता है। क्रिकेट के लिए कई मैदान उपलब्ध हैं। शिवाजी हाल व्यायाम शाला को आधुनिक बनाया जा रहा है जहां कुश्ती जिम्नास्टिक्स, मलखम आसन तथा भारोत्तोलन के लिए अलग अलग प्रशिक्षक नियुक्त हैं। स्विमिंग, वालीवाल, फुटवाल आदि के लिए भी प्रशिक्षकों की समुचित व्यवस्था है। कुछ और भी प्रशिक्षकों के नियुक्त होने की पूर्ण सम्भावना है। यही नहीं कि यहां प्रशिक्षकों और उपकरणों की सुविधायें प्राप्त हैं वल्कि हम विभिन्न तरीकों से विद्यार्थियों के प्रति उनके उत्तम खेल के लिए सम्मान भी प्रदर्शित कर रहे हैं। १० सर्वोत्तम खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष ७५०।– रु० की स्कालरशिप दी जा रही है, करीव १२५ खिलाड़ियों की फीस प्रतिवर्ष माफ रहती है। प्रादेशिक राष्ट्रीय तथा अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में टीमों को भेजा जाता है। प्रतिवर्ष विशेष प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिनमें उनके खाने पीने इत्यादि की पूर्ण व्यवस्था की जा रही है। नयी कक्षाओं में प्रवेश के समय खिलाड़ियों को प्राथमिकता दिये जाने की भी व्यवस्था है। टीम के खिलाड़ियों को उनकी आवश्यक वेष भूषा भी प्रदान की जाती है। जन्माष्टमी के दिन पुरष्कार वितरण द्वारा खिलाड़ियों की सहायता की जाती है। अच्छे खिलाड़ियों को कलर, स्वर्ण पदक तथा विश्वविद्यालय ब्लू प्रदान किया जाता है। यहां तक कि हम खिलाड़ियों को ओलिंपिक में भी भेजने की वात को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हैं और भेजते हैं। बालकिसुन इसी योजना के अंतर्गत मलखम प्रदर्शन करने म्यूनिख गया था।

उपर्युक्त सुविधाओं के प्रकाश में यह वड़ा स्वाभाविक है कि हम अपने खिलाड़ियों से भी कुछ उम्मीद करें, उनसे कुछ आशा रखें। हम यह नहीं कहते कि हम विकास नहीं कर रहे हैं परन्तु आज के प्रतियोगितात्मक युग में हमें अपने विकास की गति को उत्तरोत्तर वढाते जाना है तभी हम क्रियात्मक रूप से यह कह सकेंगे कि क्रीड़ा संघ हमारी साझा सपत्ति है और हम उसके प्रति सह दायित्व रखते हैं।

——०——

नगर छात्र निकाय

डॉ० त्रिभुवन सिंह

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से विशेष संबन्ध न रखने वालों के लिए निःसंदेह 'नगर छात्र निकाय' शब्द कुछ नया-नया होगा, परन्तु जिनका इस विश्वविद्यालय से निकट का लगाव है, उनके लिए छात्र निकाय भी छात्र संघ की तरह चिर परिचित है। छात्रों का लगाव जितना निकाय से रहता है उतना छात्र संघ से नहीं है। इसका कारण है इस संस्था का नगर से संबन्धित होना। नगर छात्र निकाय ने अभिभावकों एवं छात्रों के संबन्ध को निकटस्थ एवं दृढ़ बनाया है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय यद्यपि अवासीय विश्वविद्यालय ह तथापि यहां पर्याप्त संख्या में छात्रावास नहीं है तथा वाराणसी नगर की जन संख्या अधिक होने के कारण नगर वासी छात्रों की संख्या लगभग ८००० है। इतने छात्रों की देखरेख एवं उनपर अनुशासन रखने के लिए यह अनुभव किया गया कि एक संस्था होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से नगर छात्र निकाय की स्थापना हुई। तकनीकी, मेडिकल संस्थानों को छोड़ कर सभी संस्थान के आधे से अधिक छात्र नगर में रहते हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का छात्र छात्रावास में न रहने के कारण कुछ सुविधाओं से वंचित रह जाता है जैसे क्रीड़ा, पुस्तकालय, व्यायाम एवं चिकित्सा।

नगर छात्र निकाय की स्थापना सन् १९३३ ई० में हुयी थी। उस समय उसके चेयरमैन श्री मुकुट विहारी लाल जी थे। इन्होंने इसकी शुरूआत की। इसके पश्चात् डा० सुबोध चन्द्र दास गुप्त के संरक्षण में यह नगर छात्र निकेतन के रूप में परिणित हो गया। छात्रों की संख्या ज्यों-ज्यों बढ़ती गई इसका रूप बदलता गया। १९६१ में श्री राम अवध सिंह के संरक्षण में इसने नगर छात्र निकाय का वर्तमान रूप ले लिया और अनावासीय छात्रों को वे सभी सुविधायें प्राप्त होने लगीं जिनसे वे अभी तक वंचित थे। इसके बाद वरिष्ट संरक्षक पद का कार्यभार डा० भोलाशंकर व्यास ने संभाला, उस समय नगर छात्र निकाय चार भागों में चल रहा था, नगर को चार भागों—पूर्वी निकाय, पश्चिमी निकाय, उत्तरी निकाय एवं दक्षिणी निकाय में बांटा गया। कुछ वर्षों तक इसी प्रकार चलने के बाद डा० त्रिभुवन सिंह ने कार्यभार संभाला और आज तक वे वरिष्ठ संरक्षक पद पर नगर छात्र निकाय को उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर लेकर चल रहे हैं। इस समय नगर छात्र निकाय ६ भागों में विभक्त है, पूर्वी निकाय, पश्चिमी निकाय, उत्तरी निकाय, दक्षिणी निकाय, राम नगर निकाय एवं मडुवाडीह निकाय। इन ६ निकायों के लिए ५ संरक्षक हैं सर्वश्री डा० विन्ध्यवासिनी प्रसाद (पूर्वी निकाय), डा० कमलिनी मेंहता (पश्चिमी निकाय), डा० झारखण्डे चौबे (उत्तरी निकाय), डा० रवीन्द्र कुमार बैनर्जी (दक्षिणी निकाय) एवं डा० रवीन्द्र बहादुर सिंह (मडुवाडीह एवं रामनगर निकाय)। जिनके संरक्षण में ये ६ निकाय अपने कार्य कर रहे हैं। इन कार्यों में संरक्षक गण को सहायता करने के लिए हर निकायों के अलग-अलग छात्र पदाधिकारी हैं।

नगर छात्र निकाय के अन्तर्गत नगर के हर निकाय में क्रीड़ा केन्द्र खोले गये हैं जहां छात्र लाभ उठाते हैं एवं उन केन्द्रों पर समाचार-पत्र एवं पत्रिकाओं की भी सुविधा दी जाती है। इस

समय चार निकायों में अध्ययन केन्द्र खोले गये हैं जहां पाठ्य पुस्तकें छात्रों के अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। अन्य दो निकायों के हेतु अध्ययन केन्द्र के लिए विश्वविद्यालय से मांग की गई है जो विचाराधीन है। नगर छात्र निकाय समय-समय पर क्रीड़ा प्रतियोगिताएँ, साहित्यिक प्रतियोगिताएँ कराता रहता है एवं पुरस्कार भी वितरित होते हैं जिससे छात्रों के अन्दर प्रतिभा का विकास होता है। नगर छात्र निकाय विना विशेष सहायता एवं कर्मचारियों के हर वर्ष 'निकाय' पत्रिका सम्पादित करता है जिससे नगर वासी छात्रों के भीतर छिपी हुयी प्रतिभा विकसित हो सके। इस वर्ष निकाय पत्रिका का भारतेन्दु अंक प्रकाशित हुआ है। इसके पहले नगर छात्र निकाय ने काफी वड़े पैमाने पर मानस चतुश्शती समारोह मनाया था जिसमें देश के वड़े-वड़े विद्वनगण एकत्र हुए थे, इसी उपलक्ष में एक मानस चतुश्शती अंक भी निकाला गया था। मानस चतुश्शती समारोह का समापन राम नवमी के अवसर पर तुलसी शोध संस्थान की स्थापना के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्य क्रम के संरक्षक डा० कालूलाल श्री माली तथा अध्यक्ष डा० रामलोचन सिंह थे। विश्वविद्यालय के निकाय एवं छात्र संघ के पदाधिकारीगण इसकी कार्यकारिणी के सदस्य थे।

इस वर्ष नगर छात्र निकाय ने व्यापक पैमाने पर प्रतियोगिता का संचालन किया, पहले हर निकायों को अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुई, फिर अन्तर्निकाय प्रतियोगिताएं हुई। इन प्रतियोगिताओं में काफी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अच्छे पुरस्कार का वितरण हुआ।

निकाय के पदाधिकारियों के प्रयास से नगरवासी छात्रों को सस्ते दर पर खाद्य सामग्री दिलवाने की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की गयी जिसका संचालन डा० उमेश प्रसाद, छात्र अधिष्ठाता करते हैं। इससे लाजों में रहने वाले छात्रों को विशेष सुविधा हुयी। अगले सत्र में नगर छात्र निकाय की योजना "काशी ६० वर्ष के आइने में", हीरक जयंती अंक सम्पादित करने की है।

नगरवासी छात्रों का सम्पर्क हमेंशा नगर छात्र निकाय से वना रहता है एवं निकाय द्वारा उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास किया जाता है पर साधन सीमित होने के कारण कुछ कार्य हम नहीं कर पाते हैं और समस्याएँ वनी हुयी हैं—जैसे दो अध्ययन केन्द्र और चिकित्सालय, क्रीड़ा स्थल एवं व्यायामशाला में प्रशिक्षक की नियुक्ति एवं लाजों में रहने वाले छात्रों के लिए सहकारी संघ जहां से वे सस्ते दामों में आवश्यक सामान ले सकें। सबसे प्रमुख एवं पुरानी समस्या चिकित्सालय की रही है जो आज तक नहीं हल हो पायी फिर भी नगर निकाय का प्रयास इस ओर है। आशा है सभी समस्याओं का हल भविष्य में हो जायेगा।

इस प्रकार नगर छात्र निकाय नगरवासी छात्रों का मार्ग प्रदर्शित करते हुए उन्हें संरक्षण प्रदान करता है जिससे वे अपने भीतर छिपी प्रतिभा को विकसित कर सकें।

वरिष्ट संरक्षक नगर छात्र निकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

विश्वनाथ मंदिर

ख़ेलाड़ी पाठक

आदि काल से सुख-शान्ति की खोज मानव की मौलिक अभिलाषा रही है। देश-काल-पात्र के अनुसार ऋषि-मुनि, तत्त्वदर्शी, विचारक, महापुरुष सुख-शान्ति की उपलब्धि के लिए मार्गदर्शन करते रहे हैं। इसी खोज के परिणाम स्वरूप विभिन्न पौर्वात्य-पाश्चात्य, आस्तिक-नास्तिक दर्शनों की उत्पत्ति-अन्त्येष्टि हुआ करती है। यह प्रपञ्चात्मक विश्व गतिमान परिवर्तनशील तथा त्रिगुणात्मक है। विश्व का केन्द्र विन्दु परमात्मा ही एकमात्र अनादि, अनन्त, चिरन्तन शाश्वत तत्त्व है। परमात्मा के सिवा किसी अन्य वस्तु अथवा तत्त्व को अनन्तत्त्व प्रदान करने की चेष्टा बालू की भीत बनाना है।

अणु चालित इस वैज्ञानिक युग में कल्पनातीत भौतिक उपलब्धियों के बावजूद आज का समृद्धिशाली मानव अपने को सुख-शान्ति की परिधि के बाहर पाकर तड़प रहा है, बिलख रहा है। "धर्म संस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे" के अनुसार जन-जन का कल्याण करने के लिए, विज्ञान को ब्रह्मज्ञान से मिलने के लिए, अखिल विश्व को एक इकाई में परिवर्तित करने के लिए, दुःख से पीड़ित प्राणियों का कष्ट दूर करने के लिए शिव और कृष्ण की परम्परा में महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय ने महासंभूति के रूप में प्रकट होकर मानव-मानव को शाश्वत सुख-शान्ति प्रदान करने के लिए 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' की संस्थापना की है।

आज के इस जर्जर, अशान्त व पीड़ित संसार की आध्यात्मिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभी मानवीय समस्याओं का समाधान एक मात्र 'वैदिक सनातनधर्म' और 'महामना का जीवन-दर्शन' ही है।

पूँजीवाद कालातीत हो चुका है, साम्यवाद निष्प्राण हो रहा है क्योंकि आध्यात्म रहित भौतिकवाद को ही वह सर्वस्व समझता है। धार्मिक ठेकेदारी अपते अन्तिम दिन गिन रही है। आस्तिकता समाप्त प्राय हो रही है और उसका स्थान ग्रहण करने में नैतिकता अपने को असमर्थ पा रही है। महापुरुष भी इन समस्याओं का समाधान करने में एक के बाद एक असफल होते जा रहे हैं। इसीलिए व्यक्तिगत तथा विश्वगत सुख-शान्ति की चाह रखने वालों को 'वैदिक सनातन-धर्म' और 'महामना के जीवन-दर्शन' के कल्याण-पथ पर अग्रसर होने की आवश्यकता है। "आत्मक्षार्थं जगत् हिताय च" वैदिक धर्म साधना का मूलमंत्र है। आध्यात्मवाद और भौतिकवाद का सुखद सामञ्जस्य वैदिक-धर्म का लक्ष्य है। ज्ञान-विज्ञान तथा आत्मज्ञान का सुन्दर समन्वय वैदिक मार्ग की अलौकिक देन है। "मानव-मानव एक हैं" वैदिक मार्ग का उद्घोष है। तार्किकता, मनोवैज्ञानिकता तथा वैज्ञानिकता वैदिक धर्म के योग-साधना की विलक्षणता है।

अखिल जगत् की सर्वसाधारण जनता के एवं मुख्यतः हिन्दुओं के कल्याण के लिए, हिन्दू-शास्त्र तथा संस्कृत साहित्य की शिक्षा का प्रसार कर प्राचीन भारत की संस्कृति और उसके विचार-रत्नों की रक्षा के लिए, प्राचीन भारत की सभ्यता में जो कुछ महान् तथा गौरवपूर्ण था,

उसके निदर्शन के लिए, कला तथा विज्ञान की समस्त शाखाओं में शिक्षा तथा अन्वेषण के कार्य की सर्वतोमुखी उन्नति के लिए, भारतीय घरेलू धन्धों की उन्नति और भारत की द्रव्य-संपदा के विकास में सहायक आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान से युक्त वैज्ञानिक, तकनीकी तथा व्यावसायिक शिल्प कलादि संबंधी ज्ञान का प्रचार और प्रसार करने के लिए, धर्म तथा नीति को शिक्षा का आवश्यक अंग मानकर नवयुवकों में सुन्दर चरित्र का गठन करन के लिए 'महामना' द्वारा 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' की स्थापना की गई है।

यदि काशी नगरी भगवान् शङ्कर के त्रिशूल पर बसी है तो 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' उनके हृदय पर बसा है। यदि काशी में देह त्यागने पर मुक्ति मिलती है तो विश्वविद्यालय में सदेह मुक्ति और भुक्ति मिलती है। इसी कारण देश के कोने-कोने से लोग यहाँ आकर रहने लगते हैं। यहाँ प्रत्येक प्रदेश के निवासी हैं। यह शिक्षा का केन्द्र है। यहाँ सभी सम्प्रदाय के लोग रहते हैं। काशी में शंकर का विश्वनाथ नामक ज्योतिर्लिङ्ग है। मन्दिरों की यहाँ गिनती ही नहीं की जा सकती, गली-गली में मन्दिर हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के केन्द्र में स्थित दो सौ बावन फीट ऊँचा 'श्री विश्वनाथ-मन्दिर' भारत की सबसे विशाल एवं भव्य इमारत है। जो कि अपने धवल, उन्नत मस्तक को उठाये अपनी कीर्ति-कौमुदी का आध्यात्मिक प्रसारण कर रहा है। यह विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना पण्डित मदनमोहन मालवीय की हार्दिक इच्छा की पूर्ति है।

'महामना' ने कहा था—"..........यूरोप में मैंने जो देखा और जिस पर आश्चर्य किया वह मेरे हृदय की तंत्री को न छू सके, केवल भवन मुझे आकर्षित न कर सके मेरी आत्मा किसी और गंभीर वस्तु को ढूंढ रही थी। वह गम्भीर वस्तु वास्तव में आदर्श और सुन्दर थी। यहाँ प्राचीन काशी में पुनीत गंगा के तट पर मुझे आन्तरिक तृप्ति मिली। गम्भीर आनन्द और दैवी उल्लास प्राप्त हुआ। यहां पर अपनी जाति के इतिहास और परम्परागत विश्वास की अभिव्यक्ति वह इच्छित वस्तु मिल गई। यह कला, यह शिल्प और यह स्वरुप इतना भावमय और इतना पवित्र था कि इसने मेरी आत्मा को प्रसन्न कर दिया। यहां मैं आनन्द में स्नान करता हूँ। इस हिन्दू उत्साह के पीछे मुझे एक दृश्य दिखाई पड़ता है। मैं एक कार्यक्रम, एक दैवी उद्देश्य देखता हूँ। शुभ सूर्यालोकित गुम्बजों से सुशोभित ये सुन्दर भवन ऐसे प्रतीत होते हैं मानों चुनार को शिलाओं में सुन्दर छोटी-छोटी कविताएँ लिखी गयी हों। कहीं है सम्पूर्ण एशिया और योरोप में विद्यार्थियों के योग्य ऐसा सुन्दर स्थान? कहाँ है ऐसा उदार धनुपाकार नीलाकाश? कहाँ है वह दिव्य स्थल जहां मनुष्य पवित्र गंगा की मधुर कोमल कल-कल निनाद निरन्तर सुनता रहे? क्या संसार में संस्कृति का कोई ऐसा केन्द्र है जिसके साथ इतना प्राचीन इतिहास लगा हो। जिसके साथ अक्षय स्मृतियां—बुद्ध, शंकर, रामानुज, तुलसीदास और कबीर आदि की लगी हुई हों? हिन्दू विश्वविद्यालय को गौरवमय भूमि में भक्तिमय विचारों की एक धारा है, एक अखण्ड राग है। समय के परिवर्तन की ओर देखो, सभ्यता की उषा की ओर देखो और संसार के प्रातःकाल की ओर देखो। वहाँ प्राचीन ऋषियों के स्वर सुनाई पड़ते मालूम होंगे। पृथ्वी भले ही उपजाऊ स्थलों, हरियाली भूमि, घनी प्रदेशों का गर्व करे किन्तु जैसा रमणीय स्थल यहाँ है ऐसा अमूल्य, ऐसा पवित्र और ऐसा दिव्य प्रदेश कहीं ढूंढ़े नहीं मिलेगा। यहाँ सुपुष्पित फलवती और पक्षीकूजित कुंजों के बीच से भव्य भवन

निकलते चले आ रहे हैं। उन कुंजों से प्रसन्नता, आशा और अमरत्व की हँसी फूट रही है। अनन्त काल के लिए यही संसार की संस्कृति का केन्द्र है। यही मेरी मातृभूमि की पिटारी है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय संसार में एक विशेष उद्देश्य और निश्चित कार्यक्रम लेकर उत्पन्न हुआ है। अपने मन्दिर के ज्ञानमय स्तम्भों से अंधकार में पड़े हुए संसार को प्रकाश देने और मनुष्यमात्र को परम ज्योतिर्मय परमेश्वर की झाँकी दिखाने के लिए यह पैदा हुआ है"

सादगी, त्याग, देशभक्ति, उदारता और विश्व व्यापी प्रेम तथा तीर्थ स्वरूप मालवीय जी का एक ओर १२ नवम्बर सन् १९४६ को पार्थिव शरीरावसान हुआ था और दूसरी ओर अपने अवसान को भी निर्माण का रूप देकर 'श्री विश्वनाथ मंदिर' का निर्माण किया था। मानो यह उन 'महात्मा' का ही नूतन जन्म हुआ हो। इसीलिए मैं इस मन्दिर को जड़ नहीं सजीव-चेतन समझता हूँ। मंदिर के विशाल विग्रह में भी भूतभावन भगवान् शिव और महामना मदन मोहन का एक ही रूप में साक्षात् दर्शन करता हूँ।

यह मंदिर लगभग सत्तर लाख रूपयों से, जो कि सम्पूर्ण भारत के विभिन्न स्रोतों से प्राप्त हुआ, निर्मित हुआ है। इसका निर्माण-कार्य सन् १९४६ में प्रारम्भ कर सन् १९६६ में समाप्त किया गया जिसमें कुल बीस वर्षों का समय लगा।

भगवान् विश्वनाथ की स्थापना सन् १९५८ में, श्री पंचमुखी महादेव, गणेश-अम्बिका एवं हनुमान जी की मूर्तियों के साथ, निचले हिस्से में हुई थी। दो साल बाद ऊपर (द्वितीय मंजिल) की मूर्तियां लक्ष्मी-नारायण, योगिराज महादेव तथा महामाया स्थापित हुयीं।

यह देवालय समस्त जाति, धर्म, हिन्दू, मुस्लिम तथा इसाइयों के लिए उन्मुक्त रहता है। जिसके कारण प्रतिदिन लगभग दस हजार दर्शनार्थी आते हैं, जिनमें लगभग एक हजार विदेशी भक्त भी होते हैं।

मंदिर प्रातः चार बजे से रात्रि नव बजे तक अर्थात् सोलह घंटे प्रत्येक दिन सम्पूर्ण वर्ष खुला रहता है। दिन के दोपहर में बारह बजे से एक बजे तक बन्द रहता है। यह मंदिर घंट-घड़ियालों से दिशा-विदिशा को निनादित करता हुआ, अपने पवित्र सौरभ से धरती-आकाश को सुरभित करता हुआ, स्तुति परक वेद-मन्त्रों से जड़-चेतन में आध्यात्मिक-स्फूर्ति पैदा करता मधुर, सुगन्धित, दिव्य-ज्योति-प्रकाश से मानव जगत् का बाह्य एवं आभ्यान्तर आलोकित करता प्रातः की 'आरती' के साथ खुलता है तथा प्रातः का पूरा पाठ दुहराता हुआ रात्रि की आरती के बाद बन्द हो जाता है।

मैं काशी विश्वनाथ मंदिर को मंदिर नहीं बल्कि पतित-पावन, भूत-भावन भगवान आशुतोष का गगनचुम्बी श्वेत-धवल कैलाश पर्वत मानता हूँ जहाँ जगज्जननी भवानी और भोलेनाथ सदैव विराजमान रहते हैं। अथवा इसे मंदिर नहीं बल्कि मंदिर के समूचे विग्रह को ही चन्द्रशेखर का साक्षात् विग्रह मानता हूँ। श्री विश्वनाथ मंदिर की दीवारें जड़ नहीं सजीव-चेतन हैं। यहाँ के कण-कण में अमर-स्पन्दन एवं दिव्य-ज्योति और आध्यात्मिक गूँज है जिसे शान्त एवं समाहित मन से देखा और सुना जा सकता है। इसका एक कारण यह भी है कि महामना' की चैतन्य आत्मा की प्रखर ऊर्जाशक्ति कण-कण में गहराई हुई है।